3 राजधानी
परचून की दुकान में हुआ विस्फोट, नौकर की मौत

6 अभिमत
पाकिस्तान में निशाने पर सेना

10 स्पोर्ट्स
सनराइजर्स ने दिल्ली को 88 रनों से हराया

11 विदेश
पाकिस्तान में बम विस्फोट, सात मरे



RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 11
लखनऊ, बुधवार, 28 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





हसीन दिलरुबा के लिए तापसी ने घुंघराले बाल किए सीधे
विविध-12


# गरीबों का जीवन सुधारने में कसर नहीं छोड़ेंगे: मोदी

● प्रदेश के रेहड़ी पटरी व्यवसायियों से प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल संवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम गरीबों के नाम पर राजनीति नहीं करते। हम इनकी सेवा, इनके उत्थान, इनकी आत्मसम्मान की रक्षा के लिए संकल्पित हैं। वर्तमान सरकार की नीतियों के केंद्र में यही कमजोर वर्ग है। कोरोना का संकटकाल हो या इसके पूर्व की स्थिति, हमने सतत सेवाभाव से अंत्योदय के लक्ष्य को पाने के लिए कोशिश की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार गरीब के जीवन और कारोबार को बेहतर बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों से वर्चुअल संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस कार्यक्रम में वर्चुअली भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों की खुशी मुझे संतोष देती है। इससे हमें और काम करने की प्रेरणा मिलती है। आपका आत्मविश्वास, कारोबार और परिवार को लेकर चिंता, प्रबंधन, नियोजन और तकनीक के प्रति प्रेम काबिले तारीफ है। यह औरों के लिए भी सीख है। आपकी यही सकारात्मक सोच हमारी ताकत है। ऐसे ही प्रयासों से देश आगे बढ़ता है और आत्म निर्भर भारत का सपना साकार होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के शुरुआत में कई लोगों ने इससे निबटने के लिए भारत की क्षमताओं पर आशंका जताई। इस दौरान सरकार ने अपने सभी योजनाओं के केंद्र में लॉकडाउन से सर्वाधिक प्रभावित गरीबों को ही केंद्र में रखा। कोरोना में जब जीवन तकरीबन ठहर गया था उस दौरान इन योजनाओं के प्रगति की गति काबिले तारीफ रही। आजादी के बाद पहली बार लोगों ने ऐसा होता देखा। पूरा देश अपनी पूरी ताकत और संसाधनों के साथ गरीबों के साथ खड़ा रहा। इस दौरान आपके श्रम को सम्मान और आपके काम को पहचान भी मिली। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का पूरा प्रयास रहा है कि योजनाओं का लाभ पाने में गरीब को कोई दिक्कत न हो। पारदर्शिता और तेजी के लिए अधिकतम तकनीक का प्रयोग हो। ऐसा हुआ भी। इसमें जनधन खातों की बड़ी भूमिका रही। यह वही खाते हैं जिनके खुलने पर कुछ लोगों को बड़ी पीड़ा हुई थी। यह वही लोग हैं जो खुद तो आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हैं। गरीबों के नाम पर राजनीति करते हैं, पर बेईमानी का सारा ठीकरा गरीबों पर ही फोड़ देते हैं। पर इस योजना से लाभ पाने के बाद ऋण चुकाना शुरू कर गरीबों ने ऐसी सोच वालों को बताया कि गरीब ईमानदार होता है। वह स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं करता। आप लोग अधिकतम लोगों को इस योजना के बारे में बताएं ताकि वह भी ऋण लेकर आपकी ही तरह अपने जीवन को बेहतर कर सकें। स्ट्रीट वेंडर्स से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आप लोग विषम हालातों में कोरोना से जिस तरह लड़े उसकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है। यकीनन शीघ्र ही कोराना हारेगा, पर पर्व त्यौहारों के इस मौसम में कहीं से कतई कोई लापरवाही न करें। दो गज दूरी और मास्क जरूरी के मूल मंत्र को खुद याद रखें और लोगों को भी याद दिलाते रहें। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी टीम की तारीफ की और कहा कि उत्तर प्रदेश ने केंद्र सरकार की योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करने में सर्वोत्तम प्रयास किया है। पटरी कारोबारियों को ऋण देने के मामले में भी नंबर वन रहा। देश में अब तक इस योजना के तहत हुए 25 लाख पंजीकरण में से करीब 7 लाख पंजीकरण सिर्फ उप्र से हुए हैं। यही नहीं ऋण लेने में लगने वाले स्टैंप ड्यूटी को भी उप्र सरकार ने भी माफ कर दिया है। कोराना के असाधारण संकट के दौरान हर जरूरतमंद को भरण-पोषण भत्ता, राहत, हर पात्र को अग्रिम पेंशन देकर गरीबों की चिंता कर उप्र सरकार ने सराहनीय काम किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतने कम समय में इतने लोगों को बिना किसी औपचारिकता के घर लाभार्थियों के घर जाकर कर्ज देना बिना बैंकर्स की मदद से संभव नहीं था। गरीबों का जीवन बेहतर करने के लिए आपके इस काम के बदले वह जरूर आपको आशीर्वाद देंगे।

## हर पटरी व्यवसायी को देंगे योजना का लाभ: मुख्यमंत्री




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपने** संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर पटरी व्यवसाई जो ऋण के लिए आवेदन देगा उनको इस योजना से संतृप्त किया जाएगा। अब तक करीब 7 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है। 6.53 लाख लोगों ने ऋण के लिए आवेदन किए हैं।

इनमें से करीब पौने चार लाख लोगों को ऋण मंजूर किया जा चुका है। करीब 2.74 लाख लाख लोगों को ऋण मिल भी चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रदेश के पटरी कारोबारियों से मुखातिब होना, हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। यह समाज का सबसे वंचित वर्ग है। इनमें से अधिकांश रोज महंगे ब्याज पर कर्ज लेकर अपना कारोबार करते हैं। योजना के तहत मिले लाभ से अब वह अपने पैसे से कारोबार कर अपने जीवन को पटरी पर ला सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सबसे जरूरतमंद तबके के लिए यह बेहतरीन योजना है। यकीनन पर्व त्योहार के इस मौसम के दौरान मिली इस मदद से उनके और परिवार के जीवन में नई खुशियां आएंगी। मुख्यमंत्री ने कोराना के प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री की तारीफ की। यह भी कहा कि आपके ही ( शेष पेज 9 )

# एलएसी पर तनावः अमेरिका पूरी तरह भारत के साथ



अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ और अमेरिकी रक्षा सचिव मार्क एस्पर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद रहे।

● दोनों देशों के रक्षा-विदेश मंत्रियों की टू प्लस टू वार्ता में प्रमुखता से उठा मुद्दा, चीन को कड़ा संदेश-संप्रुभता और कानून का करे पालन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** और अमेरिका ने मंगलवार को चीन पर जमकर हमला बोला। दोनों देशों ने उसकी विस्तारवादी नीति और आक्रामक व्यवहार के मद्देनजर कहा कि बीजिंग को कानून के नियमों और सार्वभौमिकता का सम्मान करना चाहिए। लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी गतिरोध के संबंध में अमेरिका ने हर तरह की मदद देने का भरोसा दिलाया।

दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों की टू प्लस टू वार्ता के बाद यह कड़ा और स्पष्ट संदेश दिया गया। राजनाथ सिंह और एस जयशंकर ने अपने समकक्ष मार्क एस्पर और माइक पोम्पिओ के साथ रणनीतिक मुद्दों के सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। एलएसी पर हालात तथा भारत-प्रशांत ( शेष पेज 9 )

## रक्षा संबंधों को नई ऊंचाई देने वाले बीका करार पर हस्ताक्षर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** और अमेरिका ने एक महत्वपूर्ण रक्षा समझौते, बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बीईसीए, बीका), पर हस्ताक्षर किया जिसमें अत्याधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकी, उपग्रह के गोपनीय डाटा और दोनों देशों की सेनाओं के बीच अहम सूचना साझा करने की अनुमति होगी। दोनों देशों के बीच मंगलवार को यहां हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में यह समझौता हुआ और इसके साथ ही उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा संबंधों और रणनीतिक सहयोग को और बढ़ाने का फैसला किया जहां चीन अपना आर्थिक और सैन्य दबदबा बनाने की कोशिश में है। विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ और रक्षा मंत्री मार्क टी एस्पर के साथ टू प्लस टू वार्ता के तीससे चरण के तहत बातचीत की। दोनों पक्षों के शीर्ष सैन्य और रक्षा अधिकारियों ने इसमें सहयोग दिया। उच्चस्तरीय ( शेष पेज 9 )

## रणनीतिक साझेदारी पर पीएम ने जताया संतोष

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ और रक्षा मंत्री मार्क टी एस्पर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें बताया कि अमेरिकी सरकार दोनों देशों को रिश्तों को मजबूत करने के लिए लगातार मिलकर काम कर रही है। इस दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और भारत में अमेरिका के राजदूत केन जस्टर भी इस दौरान उपस्थित थे। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि इस मुलाकात के दौरान अतिथि देशों के नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति का अभिवादन प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचाया। बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री ने भी फरवरी 2020 में अमेरिकी राष्ट्रपति की सफल भारत यात्रा को याद करते हुए, अपना अभिवादन अमेरिकी राष्ट्रपति को अमेरिकी प्रतिनिधियों से देने को कहा है। बयान में कहा गया कि पोम्पिओ और एस्पर ने मोदी को दोनों देशों के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक और तीसरी टूटू वार्ता के बारे में भी जानकारी दी। बयान के मुताबिक, पोम्पिओ और एस्पर ने कहा कि अमेरिकी सरकार लगातार रिश्तों को मजबूत करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम कर रही है। जिससे कि दोनों देश अपने विजन और लक्ष्य को हकीकत में बदल सकें। प्रधानमंत्री ने भी टूटू वार्ता के तीसरे सफल आयोजन की प्रशंसा करते हुए हाल के वर्षों में दोनों देश के बीच विकास के लिए बढ़ रही वैश्विक रणनीतिक साझेदारी पर काफी संतोष जताया।

हाथरस मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# हाईकोर्ट करेगा सीबीआई जांच की निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/लखनऊ

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले की एक दलित लड़की के साथ कथित सामूहिक बलात्कार और फिर उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत के मामले की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो करेगा और इलाहाबाद उच्च न्यायालय इसकी निगरानी करेगा। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा है कि हाथरस प्रकरण में पहले से चल रही सीबीआई जांच अनवरत जारी रहेगी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार हाथरस के प्रकरण में सम्पूर्ण घटनाक्रम सामने लाने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय पीड़ित परिवार के सदस्यों और गवाहों को सुरक्षा प्रदान करने और इसकी सीबीआई जांच की निगरानी सहित सभी पहलुओं पर विचार करेगा। पीठ ने कहा कि इस मामले की सुनवाई उत्तर प्रदेश से बाहर कराने के मुद्दे पर सीबीआई की जांच पूरी होने के बाद ही विचार किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने हाथरस की घटना को लेकर गैर सरकारी संगठन, अधिवक्ताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा दायर कई याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया। इन याचिकाओं में दावा किया गया था कि उप्र में इस मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनवाई संभव नहीं है क्योंकि जांच को पहले ही कुंद कर दिया गया है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि सीबीआई अपनी जांच की प्रगति रिपोर्ट उच्च न्यायालय में पेश करेगी। पीठ ने उप्र सरकार के अनुरोध पर विचार किया और उच्च न्यायालय से कहा कि वह लंबित जनहित याचिका में दिए गए अपने आदेशों में से एक से पीड़ित का नाम हटाए। न्यायालय ने 15 अक्टूबर को इस मामले की सुनवाई पूरी ( शेष पेज 9 )

# धर्म बदलने से मना करने पर हरियाणा में छात्रा की गोली मारकर हत्या

● पिता ने लगाया आरोप, साथ पढ़ने वाले तौसीफ ने रेहान के साथ मिल कर मार डाला, दोनों गिरफ्तार

● सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना, विभिन्न संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



निकिता की फाइल फोटो

**राजधानी** दिल्ली के पास हरियाणा के बल्लभगढ़ में कॉलेज से परीक्षा देकर घर लौट रही छात्रा की अपहरण में नाकाम रहने पर गोली मार कर हत्या कर दी गई। परिजनों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी तौसीफ उनकी बेटी पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाल रहा था, इनकार करने पर मार डाला। पुलिस तौसीफ और हत्याकांड में उसके सहयोगी रेहान को नूंह से गिरफ्तार कर लिया है।

अदालत ने दोनों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा। इससे पहले मंगलवार को आरोपियों को सख्त सजा दिलाने की मांग को लेकर परिजनों और विभिन्न संगठनों के लोगों ने जमकर हंगामा किया और बल्लभगढ़-सोहना हाइवे पर जाम लगा दिया। वे मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और दोषियों को फांसी की मांग कर रहे थे। एसीपी मुख्यालय आदर्शदीप समेत तमाम आला अफसरों ने बामुश्किल उन्हें समझाया और 24 घंटे बाद शाम पांच बजे किसी तरह शव को भारी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार के लिए भिजवाया। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा है कि घटना में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है। मामले की जांच एसीपी क्राइम अनिल कुमार की अध्यक्षता में गठित एसआईटी करेगी। मुख्य आरोपी तौसीफ के दादा कबीर अहमद विधायक रह चुके हैं जबकि चाचा खुर्शीद अहमद हरियाणा के पूर्व मंत्री रहे हैं। नूंह विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद तौसीफ के चचेरे भाई हैं। फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ में सोमवार को अग्रवाल कॉलेज के बाहर बीकॉम फाइनल ईयर की ( शेष पेज 9 )

## राज्यसभा का चुनाव हुआ रोचक, सपा ने निर्दलीय प्रत्याशी को दिया समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यसभा** का चुनाव अब और दिलचस्प हो गया है। सपा ने समर्थन देकर एक प्रत्याशी प्रकाश बजाज को उतार दिया है। इससे बसपा का खेल बिगड़ सकता है। राज्यसभा चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन कुल नौ प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें बीजेपी के आठ और एक निर्दलीय प्रत्याशी है जो कि सपा समर्थित है। बीजेपी के सभी आठ प्रत्याशियों ने सुबह साढ़े ग्यारह बजे नामांकन किया। विधान भवन स्थिति राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, डिप्टी सीएम केशव मौर्य, डॉ. दिनेश शर्मा सहित कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी व राज्य सरकार के मंत्रीगण उपस्थित रहे। नामांकन करने वालों में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, अरुण सिंह, हरिद्वार दूबे, बृजलाल, नीरज शेखर, गीता शाक्य, बीएल वर्मा व सीमा द्विवेदी हैं। दूसरी ओर करीब पौने तीन बजे प्रकाश बजाज सपा विधायकों के साथ अपना नामांकन करने पहुंचे। ( विस्तृत पेज 2 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 40,522 | ↑ 376 | |
| निफ्टी | 11,889 | ↑ 121 | |
| सोना | 51,108 | ↓ 137 | /10g |
| चांदी | 62,648 | ↑ 475 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अब रात 10 बजे तक खुलेंगी शराब व बीयर की दुकानें

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने पूरे प्रदेश में कंटेनमेंट जोन के बाहर सभी स्थानों पर स्थित अंग्रेजी व देसी शराब की फुटकर दुकानों, माडल शाप और बीयर शाप को सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक खोले जाने की अनुमति प्रदान कर दी है। इस संबंध में मंगलवार को आबकारी विभाग के अपर आयुक्त हरीशचन्द्र की ओर से शासनादेश जारी कर दिया गया। अभी तक शराब की दुकानें सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक ही खुल रही थीं। शराब विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रदेश में शराब की दुकानों के बंद होने की समय अवधि 10 बजे रात तक किए जाने का का स्वागत किया है। एसोसिएशन के महामंत्री कन्हैयालाल मौर्या ने बताया प्रदेश के हजारों लाइसेंसियों ने आबकारी विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग पत्र देकर दुकानों के समय अवधि बढ़ाने की मांग थी।

# कोरोना मामले तीन महीने में पहली बार 40 हजार के नीचे



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोरोना के मामलों में अलग तरह का ट्रेंड दिख रहा है। यहां एक तरफ पिछले पांच हफ्तों में कोविड-19 से मृत्यु दर में लगातार गिरावट हो रही है और पिछले 24 घंटों में तीन महीनों में पहली बार 40,000 से कम नए केस आए हैं।

दूसरी ओर केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली जैसे राज्यों में कोरोना के नए मरीज तेजी से बढ़े हैं। केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि यह महामारी की दूसरी लहर है। केंद्र ने यह भी आशंका जताई कि सर्दी बढ़ने, त्यौहारों की चहल-पहल और धीमी पड़ रहीं कंटेनमेंट रणनीतियों के कारण केस बढ़ सकते हैं। कोविड-19 पर ( शेष पेज 9 )

## बच्चे बन सकते हैं कोविड-19 वायरस के सुपर वाहक : केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● नवंबर में स्कूल खोलने की योजना बना रहे राज्यों को झटका

**केंद्र** सरकार ने मंगलवार को चेताया है कि बच्चे कोरोना के स्प्रेडर या सुपर स्प्रेडर या सुपर वाहक बन सकते हैं। यह आकलन मिजोरम में कम से कम 315 बच्चों में कोरोना के लक्षण मिलने के बाद जारी किया गया है। पूर्वोत्तर के इस राज्य ने फौरन सभी स्कूल बंद कर दिए हैं। इससे अब दीवाली के बाद स्कूल खोलने की योजना बना रहे अन्य राज्यों को भी झटका लगा है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. बलराम भार्गव ने नई दिल्ली में मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ऐसा माना जा रहा ( शेष पेज 9 )

# बाहरी भी खरीद सकेंगे जम्मू-कश्मीर में जमीन

● केंद्र ने भूमि कानूनों में किए अहम बदलाव, अब केंद्र शासित प्रदेश में भूमि खरीदने को डोमिसाइल या स्थानीय निवासी प्रमाणपत्र नहीं होगा जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर/नई दिल्ली



श्रीनगर में पत्रकारों को संबोधित करते उप राज्यपाल मनोज सिन्हा

**जम्मू-कश्मीर** में संवैधानिक अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने लगभग एक साल बाद मंगलवार को केंद्र सरकार ने वहां बाहरी लोगों के जमीन खरीदने का रास्ता भी खोल दिया है।

भूमि कानूनों में संशोधन के जरिये किए गए बड़े सुधार के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अब भूमि खरीदने के लिए न तो डोमिसाइल की जरूरत होगी और न ही स्थानीय निवासी होने के प्रमाणपत्र की। हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में जारी गजट अधिसूचना में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सार्वजनिक कार्यों के लिए कृषि भूमि के इस्तेमाल की अनुमति देने समेत भूमि कानूनों में किए गए बदलावों की जानकारी दी है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण संशोधन केंद्र शासित प्रदेश में जमीन आवंटन से संबंधित जम्मू-कश्मीर विकास अधिनियम में किया गया है। इस संशोधत के जरिये केंद्र ने कानून की धारा 17 से राज्य का स्थानीय निवासी, शब्द हटा दिया है।

पिछले साल अगस्त में अनुच्छेद 370 और 35 ए को समाप्त करने से पहले कोई ऐसा व्यक्ति जो राज्य का निवासी नहीं हो, जम्मू कश्मीर में अचल संपत्ति नहीं खरीद सकता था। कानून में किए गए ताजा बदलाव से उनके लिए भी यहां भूमि क्रय करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि ये संशोधन गैर किसानों को कृषि भूमि खरीदने की अनुमति नहीं देते हैं यानी कृषि भूमि की खरीद सिर्फ किसान ही कर सकेंगे। हालांकि कानून में कई छूट दी गई हैं जिसके तहत शैक्षणिक या स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की स्थापना जैसे गैर-कृषि उद्देश्यों के लिए कृषि भूमि दी जा सकती है।

पूर्व महाधिवक्ता मोहम्मद इसहाक कादरी ने कहा कि इन संशोधनों से जम्मू-कश्मीर में बाहर के लोगों की बाढ़ सी आ जाएगी क्योंकि, उनके यहां जमीन खरीदने पर कोई कानूनी रोक नहीं रही। जम्मू-कश्मीर में सक्रिय सात राजनीतिक दलों के गठबंधन पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर घोषणा ने भूमि कानूनों में बदलावों की निंदा की है। साथ ही प्रत्येक मोर्चे पर इनके खिलाफ लड़ाई लड़ने का ( शेष पेज 9 )

# राज्यसभा चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन नौ लोगों ने भरे पर्चे

## ● बीजेपी के आठ और एक निर्दलीय ने किया नामांकन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्यसभा** चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन मंगलवार को बीजेपी समेत कुल नौ प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें बीजेप के आठ और एक निर्दलीय प्रत्याशी है जो कि सपा समर्थित है। बीजेपी के सभी आठ प्रत्याशियों ने सुबह साढ़े ग्यारह बजे नामांकन किया। विधान भवन स्थिति राजर्षि पुरूषोत्तमदास टंडन हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डा. दिनेश शर्मा सहित कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी व राज्य सरकार के मंत्रीगण उपस्थित रहे। नामांकन करने वालों में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, अरूण सिंह, हरिद्वार दूबे, बृजलाल, नीरज शेखर, गीता शाक्य, बीएल वर्मा व सीमा द्विवेदी हैं। इससे पहले बीजेपी के सभी प्रत्याशी सुबह लगभग 10:30 बजे पार्टी के राज्य मुख्यालय के कुशाभाऊ ठाकरे हाल में एकत्रित हुए। इसके बाद यहां से स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में सभी प्रत्याशी भाजपा विधानमण्डल दल कार्यालय के लिए निकले। बाद में पार्टी के विधानमण्डल दल कार्यालय से योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्यसभा चुनाव के लिए सभी प्रत्याशी नामांकन करने पहुंचे। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, ब्रज बहादुर भारद्वाज, प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर, गोविन्द नारायण शुक्ला, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, आशुतोष टण्डन गोपाल, रमापति शास्त्री, राज्यमंत्री बलदेव ओलख सहित कई अन्य वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी व वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। इसके बाद काफी देर तक इस बात का हल्ला था कि अलका दास भी पर्चा भरेंगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। करीब पौने तीन बजे प्रकाश बजाज सपा विधायकों के साथ अपना नामांकन करने पहुंचे और सपा समर्थित प्रत्याशी के रूप में उन्होंने अपना पर्चा दाखिल किया।

## सपा ने बसपा का खेल बिगाड़ने का किया इंतजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यसभा** का चुनाव अब और दिलचस्प हो गया है। सपा ने समर्थन देकर एक प्रत्याशी प्रकाश बजाज को उतार दिया है। इससे जहां बसपा का खेल बिगड़ सकता है वहीं बीजीपी को भी अपने विधायकों को बांधे रखना चुनौती होगी। सपा के प्रोफेसर राम गोपाल यादव तो अधिकृत प्रत्याशी हैं लेकिन बजाज को भी सपा का समर्थन मिल गया है। ऐसे में बसपा को जो अभी तक अपनी जीत के काफी करीब दिखाई पड़ रही थी अब गणित उलझ गई है। अब जहां इस चुनाव में वोटिंग होगी तो वहीं क्रास वोटिंग की भी संभावना बढ़ गई है।

सपा और बसपा दोनों के ही पास इतना संख्या बल नहीं है कि वह अपने सभी प्रत्याशियो को जीता पाए। सपा का एक प्रत्याशी तो जीत जाएगा जबकि दूसरे समर्थित प्रत्याशी के लिए क्रास वोटिंग और जोड़-तोड़ तय है। प्रकाश बजाज के पिता प्रदीप बजाज वाराणसी से विधायक रह चुके हैं। मूल रूप से देवरिया के निवासी हैं। सपा से पुराना नाता रहा है। वोटिंग होने से निर्दलीय और छोटे दलों की हैसियत बढ़ जाएगी। सुहेलदेव भासपा पार्टी के चार विधायक हैं। उन पर सभी दल डोरे डालेंगे। भासपा योगी सरकार में सहयोगी दल रहा है लेकिन अब रिश्ते खराब हो चुके हैं। ऐसे ही निर्दलीय तीन विधायक हैं। उन पर भी सब की निगाह हैं। उधर बसपा को अपने प्रत्याशी राम जी गौतम को जिताने के लिए दूसरे दलों के विधायकों का सहारा है। सबसे बड़ी बात यह है कि उसे बीजेपी की बी टीम की छवि से उबरना भी है। इसलिए उसने अपना प्रत्याशी खड़ा किया ताकि विपक्ष एकजुटता दिखाए और बसपा के प्रत्याशी को विजयी बनाए। दरअसल विधान सभा के कुल विधायकों की संख्या के आधार पर ही यह तय होता है कि एक सीट पर कितने विधायकों का वोट चाहिए होगा। मौजूदा समय सात विधान सभा सीटों पर उप चुनाव हो रहे हैं। इन विधायकों के शपथ दिलाए जाने के बाद वह भी वोट डालने के हकदार हो जाएंगे। संख्याबल के आधार पर बीजेपी की आठ सीट तो क्लीयर हो रही हैं जबकि एक सीट के लिए बीजेपी अभी कोई रिस्क नहीं लेना चाह रही है। इसलिए बीजेपी ने अपना नौंवा प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतारा है। उसके पीछे मुख्य वजह यह है कि अभी उप चुनाव चल रहा है। मंत्री-विधायक सभी उसमें जुटे हुए हैं। ऐसे में भाजपा नहीं चाहती है कि नौवे प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतार कर वह उप चुनाव की समीकरण को बिगाड़े, इसलिए इस बार उसने संख्याबल के आधार पर ही आठ प्रत्याशी घोषित किए हैं।

# भ्रष्टाचार मामला: यूपीसीडा के सीजेएम गिरफ्तार

## ● अदालत ने नौ नवंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

**लखनऊ/कानपुर (पीएनएस)।** कानपुर पुलिस ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीएसआईडीए) के पूर्व मुख्य अभियंता व वर्तमान में यूपीसीडा के सीजीएम अरुण कुमार मिश्रा को 2.11 करोड़ रुपए के 8 वर्ष पुराने भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया है। चकेरी क्षेत्र के सहायक पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि मिश्रा को चकेरी इलाके में रामादेवी से गिरफ्तार किया गया है। एएसपी ने बताया कि मिश्रा 2.11 करोड़ रुपए के घोटाले के आरोपी हैं। वहीं वर्ष 2012 के दौरान सड़क निर्माण में करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने के मामले में गिरफ्तार यूपीसीडा के चीफ इंजीनियर अरुण मिश्रा को अदालत ने नौ नवंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। एसीजेएम पीयूष त्रिपाठी ने न्यायिक रिमांड मंजूर करते हुए मुल्जिम को नौ नवंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

एएसपी ने बताया कि मिश्रा के कार्यकाल के दौरान चकेरी-पाली सड़क का निर्माण केवल कागजों पर दिखाया गया था। गुप्ता ने कहा कि 10 दिन पहले राज्य सरकार ने तत्कालीन सहायक अभियंता नागेंद्र सिंह और कनिष्ठ अभियंता एसके वर्मा सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र प्रस्तुत करने के लिए अभियोजन स्वीकृति दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि 2009 में यूपीएसआईडीए जिसे पहले यूपीएसआईडीसी के नाम से जाना जाता था, ने प्रयागराज नेशनल हाइवे से चकेरी औद्योगिक क्षेत्र तक तीन किलोमीटर सड़क का निर्माण किया था। इसके आगे 1940 मीटर की सड़क लोकनिर्माण विभाग द्वारा बनाई गई थी लेकिन पूर्व मुख्य अभियंता सहित अधिकारियों ने पीडब्लूडी के हिस्से को भी अपनी निर्माण परियोजना में दिखाया था। यूपीएसआईडीए के तत्कालीन कार्यकारी अभियंता अजीत सिंह, सहायक अभियंता नागेंद्र सिंह और कनिष्ठ अभियंता एसके वर्मा ने जनवरी 2009 में सड़क के निर्माण के लिए मेसर्स कार्तिक इंटरप्राइजेज फर्म को 2.11 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया जबकि सड़क लोक निर्माण विभाग ने बनाई थी। यह धनराशि यूपीएसआईडीए से दो किश्तों में भुगतान की गई थी। जब वर्ष 2012 में यूपीएसआईडीए के तत्कालीन प्रबंधन निदेशक मोहम्मद इफ्तिखारुद्दीन की जानकारी में यह मामला आया तो उन्होंने कार्तिक एंटरप्राइजेज, पूर्व मुख्य अभियंता मिश्रा और अन्य अभियंताओं के खिलाफ चकेरी पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

# विपक्ष को अपनी आंखों पर पड़े पर्दे को हटाकर सच्चाई देखने की जरूरत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जो विपक्षी दल केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकारों पर पिछले तीन वर्षों में कुछ न कर पाने का आरोप लगा रहे है उनको अपनी आंखों पर पड़े पर्दें हटाकर सच्चाई देखने की जरूरत है। मोदी-योगी के नेतृत्व की सरकारें लगातार किसानों, महिलाओं व गरीबों के प्रति संवेदनशील होकर काम कर रही है। उनकी मूलभूत सुविधाओं व उनकी उन्नति के लिए भरपूर प्रयास कर रही है। भाजपा सरकार गरीब व छोटे दुकानदारों की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण पीएम मोदी द्वारा यूपी के साढ़े तीन लाख से ज्यादा रेहड़ी वाले, खोमचें वाले, पटरी दुकानदारों का प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लोन वितरित किया जाना है। भाजपा सरकार कोरोना के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित समाज के तबके की समस्याओं को हल करने का लगातार काम कर रही है। पीएम ने स्वनिधि योजना के तहत गरीबों और छोटे दुकानदारों के कल्याण के लिए जो सपना देखा उसे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार धरातल पर उतारने का काम कर रही है। इस बात का उदाहरण है कि स्वनिधि योजना के तहत ऋण बांटने में पूरे देश में उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान मिला है। इससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार के लिये गरीब और मेहनतकश राजनीति का नहीं राष्ट्रनीति का हिस्सा है जिसके समग्र विकास के लिये मोदी-योगी सरकार प्रतिबद्ध है।

# भाजपा सरकार बताए धरातल पर क्या काम हुए: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता में भाजपा सरकार के प्रति गहरा आक्रोश है। इसकी नीतियों से विकास अवरुद्ध है और मंहगाई, बेकारी में वृद्धि हुई है। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानों की लूट हो रही है। धान किसान परेशान हैं। नौजवानों के पास रोजगार नहीं है। भाजपा सरकार बताए कि दो बार भूमि पूजन के अलावा जो चार लाख करोड़ का एमओयू हुआ था उससे जमीन पर क्या काम हुआ। भाजपा सरकार सभी मोर्चों पर विफल है। प्रदेश में हो रहे विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत से वर्ष 2022 के चुनावों का भविष्य भी तय होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रति जनता का भरोसा बढ़ा है और इसमें शामिल होने के लिए बड़े नेता भी उत्सुक हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यह बात सपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। श्री यादव ने कहा कि आज पूरी दुनिया कोरोना संक्रमण से लड़ रही है। हमने शुरू में ही ज्यादा टेस्टिंग के लिए कहा था ताकि पता चले कि इसका संक्रमण कितना फैला है। इस वायरस से कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों सहित पत्रकारो की भी मौतें हुई है। लेकिन उसके बाद भी सरकार आंकड़े छुपा रही है और झूठ बोल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न तो कोरोना बीमारी से लड़ रही है और न ही अस्पतालों में इलाज की सही व्यवस्था है। भाजपा सरकार अब कह रही है कि इस कोरोना वायरस के साथ हमें रहने की आदत डालनी होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है।

# अखिलेश के बयान बेबुनियाद व तथ्यों से परे: सिद्धार्थनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा राज्य सरकार के कामकाज पर की गई टिप्पणी को बेबुनियाद और तथ्यों से परे बताया है।

सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ऐसा चश्मा पहन रखा है कि उन्हें राज्य सरकार के कार्य दिखायी नहीं पड़ते। जमीनी हकीकत से दूर हुए लोगों को वास्तविकता की जानकारी नहीं होती। अखिलेश यादव की ताजा बयानबाजी भी इसी बात का जीता-जागता उदाहरण है। प्रदेश सरकार ने किसानों का 36 हजार करोड़ रुपए का ऋण माफ किया। सपा की सरकार के मुकाबले उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार ने किसानों से एमएसपी पर 8 गुना अधिक उपज की खरीद की। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार हुए हैं लेकिन अखिलेश यादव को यह दिखायी नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य को लेकर अत्यन्त संवेदनशील है। कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में उत्तर प्रदेश अव्वल नम्बर पर है।

राज्य में प्रतिदिन लगभग डेढ़ लाख टेस्ट हो रहे हैं, जिससे कोरोना की रोकथाम सम्भव हो पा रही है लेकिन यह भी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को नहीं दिखायी देता। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के लिए एमओयू हुए थे। इसमें से 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश जमीन पर उतारा गया है। 1 लाख करोड़ रुपए के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए कार्य हो रहा है।

# अब बीईओ को सप्ताह में एक बार केजीबीवी का निरीक्षण करना अनिवार्य होगा

**लखनऊ।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में क्वालिटी आफ एजुकेशन व सुरक्षा को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी बीईओ को सप्ताह में एक बार इन स्कूलों का निरीक्षण करना अनिवार्य कर दिया है। निरीक्षण के दौरान बीईओ एजुकेशन से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित रिपोर्ट तैयार कर भेजेंगे। इस बावत राज्य परियोजना निदेशक ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का संचालन ब्लाक स्तर पर होता है। ऐसे में इन विद्यालयों के नोडल अफसर खंड शिक्षा अधिकारी होते हैं। ऐसे में इन विद्यालयों में क्वालिटी आफ एजुकेशन के निर्धारण को लेकर दायित्व भी बीईओ की होती है। ऐसे में इन विद्यालयों में छात्राओं के सुरक्षा की जिम्मेदारी के साथ पढ़ाई सुनिश्चित किये जाने को लेकर राज्य परियोजना निदेशक विजय किरन आनंद ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को सप्ताह में एक बार निरीक्षण के निर्देश दिए है।

## उपचुनाव वाले सात जिलों में मतदान व मतगणना के दिन रहेगा ड्राई डे

**लखनऊ।** प्रदेश के सात जिलों के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए अमरोहा, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, उन्नाव, कानपुर नगर, देवरिया तथा जौनपुर में मतदान तथा मतगणना के दिन ड्राई डे घोषित किया गया है। अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि विधान सभा उपनिर्वाचन क्षेत्रों के लिए नियत मतदान 3 नवंबर को और मतगणना 10 नवम्बर को होगी। इस संबंध में संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। तीन नवम्बर को मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व और मतगणना दिवस 10 नवम्बर को आबकारी दुकानों की बंदी और मादक वस्तुओं का उपभोग पर रोक रहेगी।

# स्मार्ट मीटर भार जंपिंग की रिपोर्ट दबाने की होगी जांच: ऊर्जा मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**यूपी** में स्मार्ट मीटर भार जंपिंग की रिपोर्ट दबाने की सूचना मिलने पर ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने पावर कारपोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन को निर्देश दिए हैं कि इस मामले की गहन जांच कर 15 दिन के अंदर दोषी अधिकारियों और स्मार्ट मीटर निर्माता कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस कार्रवाई से उन्हें अवगत भी कराया जाए।

विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मंगलवार को ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के समक्ष एक साल पहले लखनऊ में स्मार्ट मीटर के 30 गुना तेज गति से चलते पाए जाने के मामले का खुलासा किया है। इस खुलासे से संबंधित साक्ष्य भी उन्हें दिए हैं। स्मार्ट मीटर भार जंपिंग मामले में रिपोर्ट दबाए जाने की सूचना को ऊर्जा मंत्री ने गंभीरता से लिया है। दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। अवधेश कुमार वर्मा ने प्रत्यावेदन को देने के साथ ही ऊर्जा मंत्री को अवगत कराया कि भार जंपिंग का खुलासा इसलिए नहीं हो सका क्योंकि विभागीय उच्चाधकारी मीटर निर्माता कंपनी की वकालत करने में जुटे रहे। 2019 में ही लखनऊ में ही दो बार स्मार्ट मीटरों की जांच हुई और दोनों बार मीटरों को तेज गति से चलता हुआ पाया गया। उपभोक्ता का मीटर बदलकर अधिकारियों ने मामले को रफा-दफा कर दिया था। एक साल बाद यह दबी रिपोर्ट उपभोक्ता परिषद के हाथ लग गई जिसके बाद यह पूरा प्रकरण मंत्री के संज्ञान में ले जाया गया।

## प्रियंका ने महंगाई को लेकर सरकार पर साधा निशाना



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने अब राज्य में सब्जियों के आसमान छूते दामों को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। प्रियंका ने मंगलवार को कहा कि पूरे उप्र में त्यौहारों के मौसम में महंगाई आम लोगों पर कहर बनकर टूट पड़ी है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। काम धंधे पहले से ठप पड़े हैं लेकिन करोड़ों रुपए झूठे प्रचार में खर्च करने वाली भाजपा सरकार जनता की परेशानियों पर चुप है। एक अन्य ट्वीट में प्रियंका ने पीएम के यूपी के कुछ रेहड़ी-पटरी दुकानदारों से बात करने पर कहा कि पूरे लॉकडॉउन में रेहड़ी-पटरी वालों, छोटे दुकानदारों पर भयंकर मार पड़ी। घर चलाना मुश्किल हो गया, रोजी-रोटी उजड़ गई। रेहड़ी-पटरी वालों, दुकानदारों, छोटे व्यापारियों को आज लोन नहीं एक स्पेशल सहायता पैकेज की जरूरत है।

# बीते सप्ताह 26594 लीटर अवैध शराब बरामद

## ● बिहार चुनाव के मद्देनजर आबकारी विभाग ने राज्य की सीमा पर बनाए 33 चेकपोस्ट

## 1050 मुकदमे दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने कहा है कि प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा विगत सप्ताह प्रदेश भर में कुल 1050 मामले पकड़े गए, जिसमें 26,594 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी तथा मदिरा निर्माण में प्रयुक्त होने वाले 1,03,347 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट किया गया। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 349 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 12 वाहनों को जब्त किया गया। वहीं हरियाणा राज्य की सीमा पर वाहनों की चेकिंग हेतु 16 चेकपोस्ट स्थापित किये गये हैं, जिनपर चौबीस घण्टे आबकारी स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे कि हरियाणा राज्य से तस्करी होकर मदिरा बिहार राज्य भेजी न जा सके । इसके अतिरिक्त बिहार राज्य की सीमा पर 17 चेकपोस्टों का गठन करते हुए वहां पर भी आबकारी स्टाफ चौबीस घण्टे तैनात किये गये हैं । अपर मुख्य सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि बिहार विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2020 तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा उप निर्वाचन तथा मध्य प्रदेश राज्य के उप निर्वाचन को भी देखते हुए आबकारी विभाग द्वारा लगातार प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही हैं। इस क्रम में जनपद प्रयागराज में 240 ली स्प्रिट एवं नकली शराब बनाने के उपरकरणों के साथ एक कार बरामद किया गया और 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । एक अन्य कार्रवाई में नकली सेनेटाइजर बनाने की एक अवैध फैक्ट्री पकड़ी गई जिसमें 400 शीशी नकली सेनेटाइजर के साथ इससे सम्बन्धित अन्य उपकरण बरामद किया गया। मौके से गिरफ्तार व्यक्ति के साथ-साथ फैक्ट्री के मालिक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज करायी गयी। जनपद बागपत में ईस्टर्न पैरीफेरल एक्सप्रेसवे पर रोड चेकिंग के दौरान एक कार से हरियाणा राज्य की 400 पौव्वा नकली देशी शराब बरामद करते हुए 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त एक बोलेरो पिकअप से हरियाणा राज्य की 139 पेटी अवैध विदेशी मदिरा जब्त की गयी तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जनपद गौतमबुद्धनगर में वाहनों की चेकिंग के दौरान एक कार से 284 पौवे विदेशी मदिरा एवं 48 कैन बीयर बरामद किया गया। जनपद बरेली में एक कार से हरियाणा राज्य की 128 बोतल अवैध विदेशी मदिरा बरामद की गयी तथा 2 व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार किया गया।

**महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा सदस्य नामित: लखनऊ।** चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत निजी क्षेत्र के मेडिकल एवं डेन्टल पाठ्क्रमों के शुल्क निर्धारण हेतु गठित समिति में पूर्व में सदस्य सचिव के रूप में नामित निदेशक एसजीपीजीआई लखनऊ के स्थान पर महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उप्र लखनऊ को नामित करते हुए समिति का पुनर्गठन किया गया है। मंगलवार को यह जानकारी अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डॉ रजनीश दूबे ने दी है।

DHFL
Changing Rules Changing Lives
दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड
राष्ट्रीय कार्यालय पता : एचडीआईएल टावर्स, बी-विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, स्टेशन रोड, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
शाखा कार्यालय : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा
शुद्धिपत्र
पायनियर उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्करण में 10 जुलाई, 2020 को प्रकाशित मांग सूचना के संदर्भ में मुंशीलाल कर्जदार मोहिनी देवी सह-कर्जदार निम्नलिखित ऋण खाता गलत मुद्रित हुआ है

| गलत एलसी नंबर | सही एलसी नंबर |
|---|---|
| एलसी नंबर 00041286 | एलसी नंबर 00041826 |

पायनियर वर्गीकृत

सूचना
मेरा नाम LIC पालिसी सं. 311213857 में शुभ दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम Suryash Gupta है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाये। Suryash Gupta 13/19, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, प्रयागराज।

सूचना
मेरा नाम LIC पालिसी सं. 310847555 में आयुष केसरवानी दर्ज है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम Agrasar Kesarwani है। भविष्य में मेरा नाम अग्रसर केसरवानी से जाना पहचाना जाये। अग्रसर केसरवानी, 112ए/5, बाई का बाग, प्रयागराज।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में मेरा नाम राजमणि देवी दर्ज है। तथा मेरी जन्मतिथि 01/01/1964 है। जो सत्य है। जबकि मेरे पति के एनटीपीसी सेवा अभिलेखों में मेरा नाम राजमणि दर्ज है। और जन्मतिथि 01/01/1966 दर्ज है, जो असत्य व अपूर्ण है। अतः मुझे राजमणि देवी के नाम से जाना व समझा जाए। राजमणि देवी पत्नी भरत शर्मा निवासी-टाईप 2-491 एनटीपीसी कालोनी ऊंचाहार- रायबरेली।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री समेत कई नेता सपा में शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में सपा मुख्यालय में बदायूं से कांग्रेस के पांच बार सांसद रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलीम शेरवानी, अम्बेडकरनगर से बसपा के पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त समेत विभिन्न दलों के कई नेता मंगलवार को समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

इसक साथ ही समाजवादी पार्टी में जिला पंचायत अध्यक्ष महाराजगंज प्रभु दयाल चौहान, हरदोई के शाहाबाद से बसपा विधायक रहे आसिफ उर्फ बब्बू खां, हापुड़ की धौलाना सीट से बसपा विधायक असलम चौधरी की पत्नी नसीम बेगम तथा भाजपा छोड़कर कैप्टन इंदर सिंह पाल पुत्र स्वर्गीय मथुरा पाल ने आज समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इनके अतिरिक्त विधानसभा सिकन्दराबाद बसपा प्रत्याशी सलीम अख्तर बुलन्दशहर, हरदोई की नसरीन बानो अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शाहाबाद, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरपालपुर हरदोई कमलेश पाठक, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष लोधी समाज महासभा लोधी राकेश राजपूत, मुरादाबाद के सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी बीके सैनी, जिला संयोजक बसपा वेद प्रकाश सैनी, सैनी महासभा अध्यक्ष अशोक सैनी तथा ठाकुरद्वारा तहसील अध्यक्ष शिवराम सैनी, करन सिंह सैनी तहसील अध्यक्ष सैनी महासभा शिवराम सिंह सैनी तथा ब्लाक प्रमुख रामपुर कारखाना, देवरिया राजाराम चौहान भी आज समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए।

# बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ी: अनिल दुबे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा है कि जनविरोधी प्रदेश सरकार ने किसानों मजदूरों व युवाओं के बाद आम आदमी की थाली और रसोई पर सीधा हमला किया है। उन्होंने आलू व प्याज समेत सब्जियों और दालो के दामों में भारी बढ़ोत्तरी के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि सुरसा की तरह बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है।

दुबे ने कहा कि कोरोना काल में समाज का हर तबका भयंकर आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा हैए एक-एक पैसे जुटाने उस पर भारी पड़ रहे हैं, ऐसे में सरकार के गलत फैसलों के चलते जरूरी चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अभी जो 3 नए कानून पूँजीपतियों और बिचैलियों को फायदा पहुँचाने के लिए बनवाए गए हैं उसका असर आम जनता पर पड़ना शुरू हो गया है। आवश्यक वस्तु अधिनियम की सूची से खाद्य पदार्थ और अनाज, तेल, दलहन, आलू प्याज जैसी आवश्यक जरुरत की वस्तुओं बाहर करने से काला बाजारी शुरू हो गयी है। परिणाम स्वरुप इन वस्तुओं के दाम आसमान छूने लगे हैं और आम आदमी की पहुँच से बाहर हो चुके हैं। सारी दालें 120 से 150 रुपये में बिक रही हैं। खाद्य तेल के दाम भी आम आदमी की पहुँच से बाहर और पहले के मुकाबले 40 से 50 रुपया अधिक है। प्याज 80 से 100 रुपये किलो की दर से मिला रहा है। आलू 40 से 50 रुपये प्रति किलो की दर से मिल रहा है।

कर्नाटका बैंक लिमिटेड
सम्पूर्ण भारत में, आपका पारिवारिक बैंक
प्रधान कार्यालय : मंगलुरु - 575 002 CIN : L85110KA1924PLC001128
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा 8-बी, प्रथम तल, राजेंद्र पार्क, पूसा रोड, नई दिल्ली -110060 फोनः 011-25813466, मो.: 9319891680
ई-मेल : delhiarm@ktkbank.com, वेब : www.karnatakabank.com

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने कर्नाटक बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 01-10-2019 जारी की थी, जिसमें कर्जदार/बंधकदाता/गारंटरों : (1) मैसर्स मोडेन्ज़ा डिजाइन्स एलएलपी, इसके पार्टनर्स : (प) श्री दीपक रस्तोगी, (पप) श्री करन रस्तोगी, पताः खसरा नंबर 55, गणेशपुर-रहमानपुर, हिम सिटी पार्ट-1 के सामने, देवा रोड, चिन्हट, लखनऊ-227105 (उत्तर प्रदेश), अन्य पता : 27/18, राजा राम मोहन राय मार्ग, लखनऊ-226001 (2) श्री दीपक रस्तोगी पुत्र स्व. श्री नरेन्द्र कुमार रस्तोगी, तथा (3) श्री करन रस्तोगी पुत्र श्री पंकज रस्तोगी (2) एवं (3) दोनों का पता : 14/1, जोपलिंग रोड लखनऊ-226001, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रतिनिधित्वकृत से सूचना में वर्णितानुसार पीएस - टर्म लोन खाता नंबर 4537001800004901 के तहत कुल बकाया राशि रू. 10,49,572.00 (रूपए दस लाख उन्चास हंजार पांच सौ बहत्तर मात्र) का भुगतान दिनांक 01-09-2019 से भावी ब्याज के साथ उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
चूंकि कर्जदार, बंधकदाता तथा गारंटर बकाया राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतः कर्जदार, बंधककर्ताओं तथा गारंटरों तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा 23 अक्टूबर, 2020 को प्राप्त कर लिया है। एतद्द्वारा, विशेष रूप से कर्जदार, बंधककर्ताओं तथा गारंटरों को और जनसाधारण को सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करें तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्नाटक बैंक लिमिटेड, लखनऊ शाखा की पीएस - टर्म लोन खाता नंबर 4537001800004901 के तहत कुल बकाया राशि रू. 8,46,888.00 + 30-09-2020 से भावी ब्याज एवं लागतों का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है। [कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।]

अचल सम्पत्ति का वर्णनः
व्यावसायिक सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री दीपक रस्तोगी के साथ संबंधित 10, राणा प्रताप मार्ग, विक्रमादित्य परगना, लखनऊ जिला में स्थित आर. एस. ट्राडेन्ट नामक बिल्डिंग में द्वितीय तल पर यूनिट नंबर 414-ए, परिमाप 93.21 वर्ग मीटर।
चौहद्दी : पूरब : यूनिट नंबर 401, पश्चिम : यूनिट नंबर 414, उत्तर : आट्रियम/कॉरीडोर, दक्षिण : खुला आकाश

स्थान : लखनऊ
तिथि : 23-10-2020
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते कर्नाटक बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

## प्रधानमंत्री ने चौक में भेलपूरी का ठेला लगाने वाले खुशीराम से पूछा

# नई पीढ़ी के बच्चे लाई-चना खाते हैं क्या

### मोदी ने किया पीएम स्वनिधि योजना से लाभ लेने वाले फल, मोमोज तथा लय्या-चना वालों से संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पीएम स्वनिधि योजना से लाभ लेने वालों के साथ संवाद किया। इस दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पीएम ने आगरा की फल विक्रेता प्रीति, बनारस के मोमोज-कॉफी दुकानदार अरविंद मौर्य और लखनऊ के लय्या चना मटर बेचने वाले विजय बहादुर(खुशीराम) से बात की। सीएम योगी आदित्यनाथ भी अपने सरकारी आवास में इस संवाद के दौरान मौजूद थे। इस वर्चुअल संवाद में प्रदेश के 75 जिलों के 651 नगरीय निकायों के पटरी दुकानदार शामिल थे।

पीएम मोदी ने संवाद की शुरुआत आगरा की फल बेचने वाली प्रीति से की। ताजगंज निवासी प्रीति फल और नारियल पानी विक्रेता हैं। वह ताजगंज में अपनी रेहड़ी लगाती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रीति से उनके व्यवसाय के बारे में पूछा। इस पर प्रीति ने कहा कि वह पहले सब्जी बेचती थीं लेकिन लॉकडाउन में काम बंद हो गया था। इसके बाद पीएम स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार रुपये का लाभ मिला और दोबारा फल बेचने का काम शुरू कर दिया। संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने प्रीति को डिजिटल पेमेंट के फायदे बताए। कहा कि डिजिटल पेमेंट करने से कैश बैक मिलता है, इसका फायदा जरूर लीजिए। इससे योजना पर मिलने वाले लोन के ब्याज को भी कम कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपके फल खाकर लोगों की सेहत अच्छी होती है। शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपका व्यापार खूब बढ़े।

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रीति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बहुत कम पढ़ी-लिखी बहन प्रीति कितने आत्मविश्वास के साथ आधुनिक तकनीकी को सीख रही हैं। अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के प्रयास कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने फल विक्रेता प्रीति से शिक्षा और उनके परिवार को लेकर भी सवाल किए। इस पर प्रीति ने कहा कि वह आठवीं कक्षा तक पढ़ी हैं। उनकी तीन बेटियां हैं और एक बेटा है। हादसे में पति के पैर में चोट लग गई है। इससे वह काम नहीं कर सकते हैं। प्रीति ने प्रधानमंत्री से पति के इलाज के लिए मदद मांगी। इस पर उन्होंने कहा कि अधिकारी आपकी मदद करेंगे।

लखनऊ के चौक चौराहे से कुछ कदम आगे ठेले पर भेलपुरी बेचने वाले विजय बहादुर खुशीराम के नाम से मशहूर हैं। आज पीएम मोदी से बातचीत से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। उन्होंने पीएम मोदी को बताया कि 10 हजार का लोन लेकर अपने कारोबार में लगाया है। पहले बार बार बाजार जाना होता था। अब पैसा मिलने से एक हफ्ते में एक बार ही बाजार जाना होता है। पीएम ने पूछा कि नई पीढ़ी के बच्चे लाई चना खाते हैं क्या, इस पर विजय बहादुर ने बताया कि चना कम खाते हैं लेकिन लाई के साथ बनाकर देने पर चाव से खाते हैं। खुशीराम ने यह भी बताया कि उनके जानने वाले सैकड़ों लोगों को यह लोन मिला है। पीएम ने खुशीराम से बातचीत के बाद कहा कि पैसा आता है तो कैसे कोई गरीब अपने आप को बदलता है, आपने यह आज सभी को बताया है। पीएम ने खुशीराम को बधाइयां और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि आपकी दुकान एक ब्रांड के रूप में मशहूर हो जाए।

वहीं वाराणसी के कबीरनगर में मोमोज और काफी की दुकान चलाने वाले अरविंद मौर्य से पीएम मोदी ने सबसे पहले मोमोज बनाने का तरीका पूछा। अरविंद ने बताया कि अलसुबह उठने के बाद सबसे पहले सब्जियां खरीदने जाते हैं। स्वनिधि योजना उनके बिजनेस में कैसे मदद कर रही है इस पर भी अरविंद ने विस्तार से बताया। अरविंद ने बताया कि केवल आधार कार्ड जमा करने पर अपने आप लोन मिल गया। अरविंद ने बताया कि स्वनिधि योजना से मिले लोन के कारण ही उनका बिजनेस अब बढ़ गया है। स्विगी से भी करार हो गया है। इससे आनलाइन आर्डर मिल रहे हैं। अंत में अरविंद ने ऐसी बात कह दी जिसने पीएम मोदी को बेहद आकर्षित कर दिया। अरविंद ने बताया कि सोशल डिस्टेंसिंग और कोरोना नियमों का लोगों से पालन कराने के लिए उन्होंने एक स्कीम निकाली हुई है। जो भी व्यक्ति सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए और मास्क लगाकर उनके यहां मोमोज लेने आता है उसे एक मोमोज अपनी तरफ से मुफ्त देते हैं। अरविंद की यह बात सुन पीएम ने उनकी खूब तारीफ की।

## लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र



**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के 81 लाभार्थियों को ऋण प्रदान किए जाने का प्रमाण पत्र दिया गया। ऋण का प्रमाण पत्र मिलने और पीएम से वेंडर की बातचीत से वेंडर्स काफी प्रसन्न दिखे। महापौर द्वारा मीटिंग अपने संबोधन में कहा गया कि शीघ्र ही शेष बचे हुए पथ विक्रेताओं को समायोजित करने की कार्यवाही की जायेगी।

**13441 ऑनलाइन आवेदन दर्ज किए गए:** विशेष टीमों में नगर निगम के कर्मचारियों को इस कार्य के लिए विभिन्न क्षेत्रों में भेजा गया था। 8 जोनो के बाजारों में कैंप लगाकर पंजीकरण कराये गये। बीते माह में पथ विक्रेताओं के 13441 ऑनलाइन आवेदन हुए थे, जिसमें 2535 स्वीकृत और 265 ऋण अवमुक्त हुए थे। समीक्षा बाद 41476 आवेदन जिनमें से 20142 को स्वीकृति प्रदान की गयी। कुल 15692 को ऋण अवमुक्त किया गया। ऐसे में एक माह में नये 15427 ऋण अवमुक्त कराये गये।

# परचून की दुकान में तेज विस्फोट, नौकर की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**दुकान मालिक जहां सिलेंडर फटने से हादसा बता रहा है, वहीं मृतक के परिजन व आसपास के लोग दुकान में अवैध पटाखा भंडारण होने के चलते विस्फोट की बात कह रहे हैं।**

**पारा** थाना क्षेत्र के आलमनगर में रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे एक जनरल मर्चेंट दुकान में मंगलवार सुबह संदिग्ध हालात तेज धमका हुआ। धमाका इतना तेज था कि दो मंजिल के मकान में स्थित शॉप के साथ-साथ घर की दीवारें व छत तक ढह गई। वहीं आसपास के मकान की दीवारों में भी दरारें पड़ गई। विस्फोट से दुकान में काम करने वाले नौकर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं दुकान मालिक के साथ एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुकान मालिक जहां सिलेंडर में विस्फोट से हादसा बता रहा है। वहीं मृतक के परिजन व आसपास के लोग दुकान में अवैध पटाखा भंडारण होने के चलते विस्फोट होने की बात कह रहे हैं। पुलिस दोनों ही बिंदुओं पर मामले की जांच कर रही है।

पारा के आलमनगर रेलवे ओवर ब्रिज मोहन रोड स्थित विजय गुप्ता की विजय ट्रेडर्स नाम से दुकान हैं। वहीं उसके बगल में उनके भाई बबलू गुप्ता की मानवी जनरल स्टोर नाम से दुकान हैं। मंगलवार सुबह विजय की दुकान पर वह और उनका नौकर सुशील मौजूद था। सुबह करीब 10.35 बजे अचानक दुकान में तेज आवाज के साथ धमका हो गया। धमाके साथ दुकान की छत व दीवारें ढह गई, जिसके मलबे के नीचे दबकर बुद्धेश्वर निवासी 40 वर्षीय नौकर सुशील गुप्ता की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में विजय गुप्ता घायल के साथ ही काउंटर के पास खड़ा एक ग्राहक भी घायल हो गया।

बताया जा रहा है कि विजय की दुकान पर हुए धमाके से कई मकानों के कांच व प्लास्टर तक टूट गए। यहां तक दुकान के अंदर काम कर रहे नौकर सुशील का शव भी मलबे से निकाला गया तो उसके शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं मिला और धमाके में उसके दोनो पैर भी उड़ गए।

वहीं विस्फोट की सूचना पर पहुंची पारा पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मलबे से सुशील के शव को बाहर निकाला। घायल विजय व ग्राहक को इलाज के लिए पास के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। विस्फोट के बाद मलबे के नीचे लोगों के दबे होने की सूचना पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने दो जेसीबी की मदद से मलबा हटाने का काम शुरू किया।

दुकान मालिक विजय और उसके भाई का कहना है कि सिलेंडर फटने से विस्फोट हुआ था। जबकि स्थानीय लोगों के साथ साथ नौकर सुशील के परिजनों का कहना है कि दुकान में अवैध रुप से पटाखे रखे थेए जिसके चलते धमाका हुआ और सुशील की मौत हो गई। पुलिस विस्फोट के कारण की जांच करने के लिए करीब चार घंटे तक मलबे में सबूत जुटाने में लगी रही। एडीसीपी सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में विस्फोट सिलेंडर से होने की बात सामने आ रही है, फारेसिंक रिपोर्ट व साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## दूसरे दिन दलालों के चंगुल में फंसी टोकन व्यवस्था

**लखनऊ।** आरटीओ ऑफिस में शुरू हुई टोकन व्यवस्था को दूसरे दिन ही दलालों ने अपने कब्जे में ले लिया। पहले ही टाइम स्लॉट में दलालों ने आवेदकों के लिए धनराशि देकर टोकन लेना शुरू कर दिए। जब इस बात की जानकारी आरटीओ को मिली तो वह खुद ही मौके पर पहुंचे और उन्होंने अपने सामने टोकन वितरित करवाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो आवेदक खुद प्रपत्रों की जांच कराने के लिए आएं सिर्फ उन्हें ही टोकन दिया जाए। साथ ही तीन टाइम स्लॉट में अलग-अलग टोकन दिए जाएंगे। तीसरे टाइम स्लॉट के टोकन सुबह नहीं दिए जाएंगे। यदि ऐसा मिला तो टोकन देने पर एक्शन लिया जाएगा।

सारथी भवन में तीन टाइम स्लॉट में आवेदकों के कार्य पूरे किए जाते हैं। दस से बारहए साढ़े बारह से ढाई और तीन से पांच के समय ही आवेदकों को सारथी भवन में एंट्री दी जाती है। लेकिन सुबह यहां पर आवेदकों के काम कराने पहुंचे दलालों ने पहले ही टोकन ले लिए। आलम यह रहा कि तीसरे टाइम स्लॉट के लिए भी सुबह ही टोकन ले लिए। तीसरे टाइम स्लॉट के आवेदक भी सुबह ही यहां पहुंच गए। जब सारथी भवन में चल रहे इस खेल की जानकारी आरटीओ रामफेर द्विवेदी को मिली तो वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी आवेदकों को बाहर करवा दिया। उसके बाद जिनका टाइम स्लॉट था, सिर्फ उन्हें ही एंट्री दी। फिर सभी को नए सिरे से टोकन दिलवाए। उन्होंने कहा कि आवेदकों को उनके टाइम स्लॉट से पहले ही नंबर दें।

# कोरोना की घटी रफ्तार, सूबे में मिले 2018 नए मरीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जाड़े** के मौसम में विशेषज्ञ भले ही एक बार फिर से कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलने की आशंका जता रहे हैए पर उत्तरप्रदेश में लगातार घट रहे संक्रमण के मामले इसके समापन को बयां कर रहे हैं। मंगलवार को सूबे में 2018 कोरोना के नए केस सामने आए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 186 केस सामने आए हैं। जबकि सूबे में 26267 केस एक्टिव हैं। वहीं राजधानी में यह आंकड़ा 3240 है। अभी तक प्रदेश में 6940 व राजधानी में 870 मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है।

विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 474054 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2326 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 440874 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। वही राजधानी में अभी तक 61,376 कोरोना संक्रमित मरीज मिल चुके हैं। इनमे आज 353 को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 58136 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 6022 लोगो के सैम्पल लिये गये। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 25, गोमती नगर 15, रायबरेली रोड 17, मडियांव 10, आलमबाग 10, चौक 11, महानगर 10 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। लखनऊ में आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 69 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से 69 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 43 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 26 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

## आवास विकास ने निकाली अवध विहार के 83 भूखंडों की लॉटरी



**लखनऊ ( पीएनएस )।** आवास एवं विकास परिषद द्वारा मंगलवार को अवध बिहार योजना के भूखंडों की लाटरी निकाली गयी। संयुक्त आवास आयुक्त की अध्यक्षता में 83 भूखंडों की सार्वजनिक लाटरी हुई। लाटरी का परिणाम आवंटी परिषद की वेबसाइट में भी देख सकते हैं। लाटरी की शुरुआत महिला आवेदक से की गयी। मंगलवार को संयुक्त आवास आयुक्त अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में सुल्तानपुर रोड स्थित परिषद की अवध बिहार योजना के भूखंडों की लाटरी निकाली गयी। अवध बिहार के सेक्टर 7 सी में 121.89 वर्ग मीटर के 83 भूखंडों की लाटरी हुई। लाटरी के दौरान पूरी पारदर्शिता का ध्यान रखा गया। शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति के तहत महिला आवेदिका से भूखंड की लाटरी की शुरुआत की गयी। एससी, एसटी व ओबीसी 415 आवेदक थे, जिनमें 41 आवेदकों को भूखंड दिए गए हैं। एक सितंबर से 30 सितंबर तक पंजीकरण खोला गया था। सोमवार और मंगलवार को लाटरी प्रक्रिया पूरी की गयी। आवंटी परिषद की आधिकारिक वेबवाइट पर परिणाम देख सकते हैं। भूखंड पाने वाले आवेदकों को स्मृति चिन्ह के साथ तुलसी का पौधा भी दिया गया।

## प्रवेश परीक्षा में गलत सवाल पूछने पर छात्रों ने दर्ज कराई शिकायत, कमेटी का गठन

**लखनऊ।** एलएलएम में दाखिले को लेकर सम्पन्न कराई गई प्रवेश परीक्षा में गलत सवाल पूछे जाने पर छात्रों ने डॉ भीमराव अम्बेडर सेंट्रल यूनिवर्सिटी को ईमेल भेजकर शिकायत दर्ज कराई है। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा में सात गलत सवाल पूछे गए थे। ऐसे में इन प्रश्नों को मूल्यांकन के दायरे से बाहर रखा जाय या फिर इनके एवज में उन्हें बोनस अंक दिए जाएं। छात्रों की आपत्ति पर विवि प्रशासन ने आनन फानन में आरोपों की जांच के लिए कमेटी बना दी है। एलएलएम की प्रवेश परीक्षा में सोमवार को कराई गई थी। स्टूडेंट्स ने ई-मेल में 7 प्रश्नों का हवाला देते हुए लिखा है कि कुछ प्रश्नों के उत्तर एक जैसे ही हैं तो किसी प्रश्न में उत्तर ही गलत दिया गया है। जिस वजह से प्रश्नों के उत्तर देते समय सही उत्तर का चुनाव नहीं कर सकें हैं। वही पूरे मामले पर विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. कुशेन्द्र मिश्रा का कहना है कि इस संबंध में स्टूडेंट्स की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है। जिस पर एक कमेटी बना दी गई है। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर उचित निर्णय लिया जाएगा।

## अशासकीय जूनियर हाईस्कूलों में की गई शिक्षकों की नियुक्तियों के जांच के आदेश

**लखनऊ।** वर्ष 2019 में प्रबंधतंत्र द्वारा अशासकीय जूनियर हाईस्कूलों में मानकों को दरकिनार कर की गई शिक्षकों की भर्तियां निरस्त होगी। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर बेसिक शिक्षा निदेशक ने मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशकों को जांच के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2019 में अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में प्रबंधतंत्र द्वारा शिक्षकों की भर्तियां की गई थी। इन भर्तियों में मानक के पूरा न होने के आरोप लगे थे। ऐसे में इसकी शिकायत मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर की गई थी। शिकायत में इन भर्तियों को निरस्त करने की मांग की गई है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर हुई शिकायत को देखते हुए बेसिक शिक्षा निदेशक ने सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशकों को प्रकरण की जांच कराने को कहा है।

# झगड़े के बाद पत्नी ने खाया जहर, पति ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के सिद्धपुरा गांव में सोमवार को देर रात पति के शराब पीने को लेकर आए दिन हो रहे झगड़े के कारण पत्नी ने जहर खाकर जान दे दी। वहीं पति ने भी झगड़े के बाद पत्नी की साड़ी के सहारे घर के बाहर लगे बबूल ले पेड़ से लटक कर जान दे दी। घर के बाहर पेड़ से लटके शव को देखकर पड़ोस के रहने वाले दिलीप ने घटना की सूचना गोसाईंगंज पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं पत्नी का शव घर के अंदर पाया गया। पुलिस के मुताबिक महिला की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई है।

इंस्पेक्टर गोसाईंगंज धीरेन्द्र कुशवाहा के मुताबिक सिद्धपुरा निवासी 40 वर्षीय मंसाराम उर्फ पप्पू शराब का आदी था वह शराब पीकर आये दिन अपनी पत्नी रेनू के साथ झगड़ा करता था जिसे लेकर उसकी पत्नी रेनू ने बीते 22 अक्टूबर को कांच पीस कर पी लिया था। लेकिन समय से इलाज मिल जाने से वह बच गई थी। जिसके बाद बीते 26 अक्टूबर की शाम मंसाराम ने शराब के नशे में अपनी पत्नी रेनू के साथ झगड़ा व मारपीट की। पुलिस का मानना है कि झगड़े से परेशान होकर महिला रेनू ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली उसी गुस्से में शराब के नशे में धुत पति ने घर के बाहर लगे बबूल के पेड़ से पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

### सिंचाई विभाग के जेई का फंदे से लटकता मिला शव

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली इलाके में सिंचाई विभाग के जेई का शव घर के अन्दर फंदे से लटकता मिला। पुलिस इसे खुदकुशी बता रही। मृतक के पास से सुसाइड नोट बरामद नहीं हो सका है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टर्माटम के लिए भेज दिया गया है और आगे की काररवाई की जा रह ही। इंस्पेक्टर पीजीआई के मुताबिक गंगा सिंचाईपुरम कॉलोनी निवासी 36 वर्षीय अमित सिंह पुत्र स्व. विनोद कुमार सिंह सिंचाई विभाग में जेई के पद पर तैनात थे। यहां वह सपरिवार रहते थे। इसके जीजा विपुल खण्ड गोमतीनगर निवासी राहुल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके साले अमित ने घर के अन्दर कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुसाइड नोट नहीं मिलने से मौत के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है और आगे की जांच पड़ताल करने में लगी है।

### गोमती में उतराता मिला महिला का शव

लखनऊ। राजधानी के वजीरगंज इलाके में उस समय हड़कम्प मच गया जब इलाके में स्थित गोमती नदी से एक सप्ताह पुरानी महिला की लाश उतराती मिली। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकलवा कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर वजीरगंज श्याम बाबू शुक्ला का कहना है कि लोगों को बुलाकर शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी।

# पहले चरण में 33656 छात्रों ने लिए दाखिले

**यूपीएसईई-2020**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** एसईई के तहत बीटेक सहित अन्य कोर्सेस में दाखिले को लेकर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी की तरफ से कराई जा रही पहले चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया मंगलवार को समाप्त हो गई। पहले चरण में बीटेक, एमबीए, एमसीए, बीआर्क, बीफार्मा समेत अन्य कोर्सों में 33656 छात्रों ने दाखिला लिया। सबसे अधिक बीटेक में 22056 छात्रों ने प्रवेश लिया है। दूसरे चरण की काउंसलिंग 30 अक्टूबर से शुरू होगी।

एकेटीयू के प्रवक्ता आशीष मिश्र के मुताबिक प्रदेश के तकनीकी एवं प्रबंधन संस्थानों में दाखिले के पहले चरण की काउंसलिंग के लिए 54878 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। जिसमें 48251 छात्रों ने फीस जमा कराई थी। काउंसलिंग में 46305 छात्रों ने अपने पसंद का कॉलेज व विषय का विकल्प भरा था। इसमें मंगलवार तक 33656 छात्रों को सीटें एलॉट कर दी गई है। सीट आवंटित होने के बाद 21 नवम्बर से छात्र कॉलेज में जाकर रिपोर्ट कर सकेंगे।

### बीफार्मा में ज्यादा रुझान

पहले चरण की काउंसलिंग में छात्रों का रुझान सबसे ज्यादा बीफार्मा कोर्स में देखने को मिला। बीफार्मा कोर्स में 21050 छात्रों ने दाखिले के लिए आवेदन किया था। पहले चरण में 4060 छात्रों ने अपनी सीट पक्की कर ली है। हालांकि बैचलर ऑफ वोकेशनल कोर्सों में सिर्फ सात छात्रों ने ही दाखिले की प्रक्रिया पूरी की है।

### एलयू की 92 फीसदी सीटों पर दाखिले

यूपीएसईई की प्रथम काउंसलिंग में ही लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय की 92 प्रतिशत सीटो का अलॉटमेंट हो गया है। काउंसलिंग के दौरान यूपीएसईई-2020 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की अभिरुचि लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय मे प्राथमिकता पर रही। प्रथम काउंसलिंग में ही कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की 132 में 125 सीटें, सिविल इंजीनियरिंग की 66 में 57 सीटें, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की 66 में 61 सीटें, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की 66 में 60 सीटें, मैकेनिकल इंजीनियरिंग की 66 में 60 सीटें और एमसीए की 33 में 31 सीटों का अलॉटमेंट हो गया है।

## माध्यमिक शिक्षकों की तैनाती के लिए वेबसाइट आज खुलेगी

**लखनऊ।** माध्यमिक स्कूलों में लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 24 पुरुष व 114 महिला शिक्षकों के ऑनलाइन तैनाती के लिए वेबसाइट बुधवार को खोली जाएगी। इनके पदस्थापन के लिए 29 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक वेबसाइट खोली जाएगी। एलटी ग्रेड के चयनित 3317 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री नियुक्ति पत्र दे चुके हैं। निदेशक माध्यमिक शिक्षा विनय कुमार पांडे ने बताया कि अभ्यर्थी ने लोक सेवा आयोग में आवेदन करते समय जिस मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी का इस्तेमाल किया था उसी मोबाइल नंबर व ईमेल आई डी का उपयोग ऑनलाइन तैनाती के लिए किया जाएगा। आवेदन पत्र ऑनलाइन ही सबमिट होगा।

## विश्वविद्यालयों में समान पाठ्यक्रम लागू करने के लिए कमेटी गठित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नई** शिक्षा नीति 2020 के तहत सूबे के सभी विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्सेज में न्यूनतम एक समान पाठ्यक्रम नए शैक्षिक सत्र 2021-22 से लागू किया जाएगा। इसके लिए चार कुलपतियों की एक हाईपावर कमेटी का गठन किया गया है। साथ ही प्रत्येक संकाय के लिए पांच सदस्यीय सुपरवाइजरी कमेटी अलग से गठित की गई हैं।

नई शिक्षा नीति के अनुसार बदलाव करते हुए न्यूनतम एक समान पाठ्यक्रम लागू हो इसके लिए कमेटियों में आपसी सामंजस्य और मानीटरिंग के लिए अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग की अध्यक्षता में एक चार सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। बता दें कि प्रदेश भर में विश्वविद्यालयों व डिग्री कॉलेजों में अभी अलग अलग पाठ्यक्रम यूजी व पीजी में पढ़ाया जाता है। लेकिन नई शिक्षा नीति के तहत अब एक समान कोर्स होगा। इसके लिए जिन चार कुलपतियों की कमेटी इसे तय करेगी उसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के कुलपति प्रो. जेवी वैशंपायन, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के कुलपति प्रो. एनके तनेजा और सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. सुरेंद्र दुबे शामिल हैं। गठित समिति इस बात पर अपनी रिपोर्ट देगी कि विश्वविद्यालयों में पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रम में कितना हिस्सा एक समान रखा जाए और कितना हिस्सा वह अपनी जरूरत के अनुसार पढ़ा सकते हैं। यही नहीं कोर्स एक समान होने से विद्यार्थियों को एक शहर से दूसरे शहर जाने पर दूसरे विश्वविद्यालय में ट्रांसफर होने पर कठिनाई नहीं होगी। जबकि नई शिक्षा नीति के अनुसार बदलाव कर न्यूनतम एक समान पाठ्यक्रम तैयार करने में मदद व समय से उसे तैयार कराने के लिए बनीं चार सदस्यीय राज्य स्तरीय कमेटी में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग के अलावा लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. पूनम टंडन, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. हरे कृष्ण और नोएडा के मायावती राजकीय पीजी कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डा. दिनेश चंद्र शर्मा को शामिल किया गया है।

## भाजपा का दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**बख्शी का तालाब।** भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। बीकेटी मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह चौहान की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण सत्र को 5 विभिन्न सत्रों द्वारा क्षेत्र और जिले के वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। इस कार्यक्रम को वक्ता के तौर पर क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता,क्षेत्रीय महामंत्री दिनेश तिवारी,सुशील लोधी,योगेश शुक्ला,विकास सिंह ने संबोधित किया। वहीं सह मीडिया प्रभारी विवेक सिंह, जिला महामंत्री किसान मोर्चा रवि तिवारी सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सैनिक स्कूल के भवन का वास्तु सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बने

● सीएम के समक्ष किया गया गोरखपुर के प्रस्तावित सैनिक स्कूल की स्थापना का प्रस्तुतिकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के समक्ष आज गोरखपुर के प्रस्तावित नवीन सैनिक स्कूल की स्थापना हेतु अनावासीय तथा आवासीय भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भवनों का निर्माण भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत किया जाए। भवनों को वर्टिकल रूप से निर्मित किये जाने पर विचार किया जाए, जिससे खेल मैदानों की उपलब्धता आवश्यकतानुसार सुनिश्चित की जा सके। आडिटोरियम की क्षमता में वृद्धि किये जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि निर्माण की प्रक्रिया चरणबद्ध व समयबद्ध ढंग से तेजी के साथ पूर्ण की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक स्कूल के भवन का वास्तु भारतीयता और यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बने। इसका स्वरूप भारतीय परम्परा और संस्कृति को दर्शाए। भवनों और स्कूल के निर्माण में भारतीय महापुरुषों, वीरांगनाओं और स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के शौर्य और पराक्रम की गौरव गाथा को प्रदर्शित किया जाए। इसकी शैली उत्कृष्ट और जीवन्त हो। उन्होंने निर्माण में प्राचीन भारतीय विरासत के साथ-साथ आधुनिकता का समन्वय करते हुए तकनीक, डिजाइन और सुविधाओं का समावेश किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि प्रस्तावित सैनिक स्कूल में मल्टीपरपज हॉल, ऑडिटोरियम, सोलर लाइटिंग सिस्टम एवं सीसीटीवी, बागवानी व जैविक खेती, गौशाला, ध्यानकेन्द्र, शूटिंग रेंज, घुड़सवारी, स्विमिंग पूल आदि सम्बन्धी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। आवासीय-अनावासीय भवनों सहित इनके निर्माण की चरणबद्ध योजना बनायी गयी है।

### आकांक्षा सिंह को सम्मानित करेंगे सीएम

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ कल नीट 2020 परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली आकांक्षा सिंह को सम्मानित करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जनपद कुशीनगर निवासी आकांक्षा सिंह ने नीट की 720 अंकों की परीक्षा में पूरे 720 अंक प्राप्त किए हैं। इस परीक्षा में पूर्णांक प्राप्त करने वाले एक अन्य अभ्यर्थी से आयु कम होने के कारण कुमारी आकांक्षा सिंह को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

## राज्यपाल ने किया योगी आदित्यनाथः राजपथ पर एक सच्चा संन्यासी पुस्तक का विमोचन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन में दो पुस्तकों योगी आदित्यनाथः राजपथ पर एक संन्यासी तथा एक बूंद मिले सागर से का विमोचन किया। डा आदित्य पी त्रिपाठी द्वारा लिखित पुस्तक योगी आदित्यनाथः राजपथ पर एक सन्यासी में नाथ संप्रदाय की गौरवमयी परंपरा के वाहक एवं गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ के यशस्वी व्यक्तित्व की विशालता का उल्लेख किया गया है। दीपेंद्र बहादुर सिंह द्वारा रचित पुस्तक एक बूंद मिले सागर से कविताओं का संग्रह है, जिसमें साहित्यिक, सामाजिक एवं दार्शनिक दृष्टिकोण की झलक मिलती है।

## सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु पर सीएम ने जताया शोक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा के बलदेव थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस वे पर दो सड़क दुर्घटनाओं में पीआरवी पर तैनात पुलिस हेड कांस्टेबल सहित 3 लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उन्हें समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

## राष्ट्रध्वज के अपमान पर प्रसपा ने दी तहरीर

**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया की ओर से बौद्धिक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक मिश्र ने मंगलवार को हजरतगंज कोतवाली में जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती व तीन अन्य नेताओं के विरुद्ध राष्ट्रध्वज तिरंगा के अपमान का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। श्री मिश्र ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भी तिरंगे के अपमान के लिए पीडीपी जितना ही दोषी है। बीजेपी व पीडीपी मिलकर साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का कुत्सित खेल खेल रही हैं। केंद्र में भाजपा की प्रत्यक्ष और उपराज्यपाल के माध्यम से जम्म-कश्मीर में परोक्ष सरकार हैए फिर भी महबूबा मुफ्ती के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सर्वविदित है कि मुफ़्ती भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना चुकी हैं । तिरंगे के अपमान पर कोई कार्रवाई न होना और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का रहस्यमयी तरीके से चुप रहना दोनों की आंतरिक मिली भगत को उजागर करता है।

## रेलवे के गेट कीपर की संदिग्ध मौत

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फसिटी इलाके के हसनपुर खेवली गांव के पास रेलवे लाइन पर तैनात गेट कीपर राजकुमार 40 की मंगलवार की सुबह आचनक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज धीरेन्द्र कुशवाहा के मुताबिक साथी कर्मचारियों ने राजकुमार की हालत बिगड़ने पर सीएचसी गोसाईंगंज पर भर्ती कराया जहां डक्टरों के उसे मृत घोषित कर दिया। डक्टरों के मुताबिक उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा गया गया।

## बारावफात के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों पर की जाए प्रभावी पेट्रोलिंगः डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आगामी** बारावफात त्यौहार के मद्देनजर डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने प्रदेश में सुरक्षा के समुचित इंतजाम किए जाने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों एवं अन्य स्थानों पर भी और प्रभावी पुलिस पेट्रोलिंग कराए जाने के लिए डीजीपी ने निर्देश दिए हैं। सभी जिलों के पुलिस कप्तानों और जोन व रेंज के पुलिस अधिकारियों को दिए गए निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि बारावफात के अवसर पर कोविड के दृष्टिगत गृह मंत्रालय भारत सरकार व उप्र शासन द्वारा जारी एसओपी -गाइड लाइन में निहित निर्देशों के अनुरूप पर्व को मनाए जाने के लिए जनमानस को जागरूक किए जाने के विस्तृत दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। मसलन त्यौहार रजिस्टर में विगत वर्षों की प्रविष्टियों का अध्ययन करके पुराने एवं सम्भावित प्रकरणों का सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान कराना सुनिश्चित करें।

सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर सर्तक दृष्टि रखी जाए। आपत्तिजनक पोस्ट, अफवाहों का तत्काल सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेते हुए वैधानिक कार्रवाई की जाए । असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनकी समीक्षा कर वैधानिक कार्रवाई की जाए। अभिसूचना तंत्र को और सक्रिय किया जाए। पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर सभ्रान्त नागरिकों ,शान्ति समितियों, नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों आदि का सक्रिय सहयोग लिया जाए।

## एडीएम सप्लाई ने किया धान खरीद केंद्रों का दौरा



**संवाददाता।** बख्शी का तालाब

**एडीएम** सप्लाई ने मंगलवार को बीकेटी क्षेत्र में धान खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को खरीद भंडारण के निर्देश दिये। वहीं उनके द्वारा किसानों से खरीद की समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयीं। एडीएम सप्लाई आरडी पांडे मंगलवार को बीकेटी क्षेत्र में धान खरीद केंद्रों का निरीक्षण करने पंहुचे । उनके साथ उपजिलाधिकारी नवीन चंद्र के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे। तहसील क्षेत्र में धान खरीद केंद्र सीतापुर रोड, सिंघामऊ व पहाड़पुर में खुले हैं। जहां किसानों की उपज खरीदी जा रही है। एडीएम ने तीनों केंद्रों का दौरा किया। वहीं धान खरीद में किसानों की शत प्रतिशत फसल लेने के निर्देश केंद्र प्रभारी को दिये। इसके अलावा किसानों के पंजीकरण भंडारण सहित जो भी समस्याएं हो उन्हें उपजिलाधिकारी द्वारा त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर आये किसानों से खरीद में हो रही समस्याओं की जानकारी के आधार पर आवश्यक निर्देश दिये है।

## मतदाता सूची बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश वाटर सेक्टर रीस्ट्रक्चरिंग प्रोजेक्ट के अधीन कार्यरत वाल्मी संस्थान द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पिम विषयक प्रशिक्षण दिये जाने के का कार्यक्रम मंगलवार से परियोजना के बाहर क्षेत्रों में जल उपभोक्ता समिति के गठन हेतु मतदाता सूची तैयार करने का प्रशिक्षण शुरू हुआ। यह जानकारी भूमि प्रबन्धक संस्थान (वाल्मी) के विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षक राजेश शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण खंडों पर दिया जा रहा है। करोना-19 बीमारी को देखते हुए प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र में मात्र 20 प्रति भागियों को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया है। इसके साथ ही सोशल डिस्टेसिंग व प्रोटोकाल का पूरी तरह पालन कराया जा रहा है।

### सेवानिवृत पुलिसकर्मी के घर लाखों की चोरी

**लखनऊ।** राजधानी के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मी के बंद मकान में घुसे चोर नगदी समेत जेवरात उठा ले गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। उसके बाद पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर आगे कार्रवाई कर रही है। प्रभारी निरीक्षक कृष्णा नगर डीके उपाध्याय ने बताया कि बजरंग मुहल्ला सिटी पंडित खेड़ा निवासी सुरेंद्र नाथ दीक्षित अपने मूल निवास ग्राम सिकंदरपुर जनपद हरदोई गए हुए थे । घर पर ताला बंद था। जब वह घर वापस आए तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा हुआ था। यह देखकर वह दंग रह गए। जब उन्होंने घर में अलमारी चेक की तो पता चला कि उसमें रखा लाखों रुपए के जेवरात व नकद 65000 रुपए गायब थे। यह देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफमुकदमा दर्ज आगे की कार्रवाई कर रही है।

### मामूली विवाद में दो पक्ष भिड़े, कई चोटिल

लखनऊ। जानकीपुरम में मंगलवार को मामूली विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में दोनों पक्षों से कई लोग चोटिल हो गए। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है जबकि दूसरे पक्ष ने पुलिस पर सत्ता पक्ष के एक विधायक के दवाब में एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाया है। जानकीपुरम थाना के कार्यवाहक प्रभारी शिव नारायण सिंह ने बताया कि नौंवा खेड़ा निवासी मुकेश रावत का आरोप है कि वह मंगलवार की शाम अपने घर के बाहर बैठे थे। इसी बीच गांव के प्रिंस यादव अपने कई किराएदार के साथ वहां पहुंच गए और उनकी पिटाई कर दी। बचाव में आये रिंकू रावत व राजकुमारी के साथ भी मारपीट की। आरोपियों ने जाति सूचक गालियां दी। वही प्रिंस का आरोप है कि मुकेश रावत, रिंकू रावत ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की है। कार्यवाहक प्रभारी ने बताया कि मारपीट में दोनों पक्षों को चोंट आई है। मुकेश की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियो को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

### नृत्य प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र नगद पुरस्कार से सम्मानित



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-11 के प्रतिभाशाली छात्र अरूणव दत्त चौधरी को एकल नृत्य प्रतियोगिता 'डान्स दिल से' में शानदार प्रदर्शन हेतु 2 लाख रूपये के नगद पुरस्कार से नवाजा गया है, साथ ही, ट्राफी व प्रशस्ति प्रत्र प्रदान कर पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया है। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजित निखिल मुलय, मुंबई के तत्वावधान में ऑनलाइन किया गया, जिसमें देश भर के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी नृत्य व संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अलीगंज (प्रथम कैम्पस) के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपने मनभावन नृत्य एवं हावभाव द्वारा अपनी कलात्मक प्रतिभा का परचम लहराया तथापि गीत-संगीत के ज्ञान एवं सुमधुर नृत्य प्रदर्शन द्वारा निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बीकेटीः 150 पटरी दुकानदारों को मिली आत्मनिर्भर निधि

बख्शी का तालाब लखनऊ। नगर पंचायत द्वारा में पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि के प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया । अधिशासी अधिकारी श्रीश मिश्रा ने बताया कि नगर पंचायत में कुल 650 आवेदन ऑनलाइन मिले थे। जिसमें 150 की निधि स्वीकृति की गयी है। मंगलवार को बड़ी बाजार में कार्यक्रम में सभी लाभर्थियों को अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये । एलसीडी के माध्यम से प्रधानमंत्री के अभिभाषण को सभी द्वारा सुना गया।

## बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए आगे आएं उद्यमीः चौधरी

**सरोजनीनगर।** सहायक उपायुक्त (उद्योग) वीडी चौधरी ने कहा कि प्रदेश में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित हो इसके लिए सरकार दर्जनों ऋण योजनाएं संचालित कर रही है। उद्यमियों को चाहिए कि वह सरकार की इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने व्यवसाय को गति दें और अधिक से अधिक बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार प्रदान करें। श्री चौधरी मंगलवार को सरोजनीनगर के देवलोक कालोनी स्थित सहयोग परिवार परिसर में उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा आयोजित छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान उद्यमियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान करने के बाद उन्हें सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पादक योजना के तहत राजधानी के दो दर्जन से अधिक उद्यमियों को बैंक द्वारा ऋण उपलब्ध कराया गया है। उद्यमी अपना व्यवसाय अच्छी तरह से चला सकें इसके लिए उन्हें उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा छह दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाता है।

## सौतेले पिता पर 10 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर आरोपी पिता के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में दर्ज किया मामला

**चिनहट** इलाके से मंगलवार सुबह रिश्ते को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि सब्जी विक्रेता सौतेले पिता ने ना सिर्फबेटी के साथ दुष्कर्म किया बल्कि शिकायतकर्ता और उसकी बेटी लगातार प्रताड़ित कर रहा था। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय के अनुसार आरोपी केशव पत्नी और 10 वर्षीय बेटी के साथ स्थानीय कस्बा इलाके में रहता है। साथ ही सब्जी बेचकर गुजर बसर कर रहा था। सोमवार देर रात एक महिला 10 वर्षीय बेटी के साथ कस्बा चौकी पहुंची। साथ ही बेटी के साथ हैवानियत की आपबीती सुनाई। महिला ने पुलिस को बताया कि पहले पति की मौत के बाद करीब आठ वर्ष पूर्व स्थानीय निवासी केशव नाम के युवक से शादी की थी। साथ ही पूर्व पति से एक 10 वर्षीय बेटी भी है। वह स्थानीय स्तर पर कक्षा तीन की छात्रा है। आरोप है कि सौतेला पिता केशव ना बेटी को लगातार प्रताड़ित कर रहा था बल्कि शक होने पर पति की हरकतों पर लगातार नजर रख रही थी। ऐसे में गत दिनों से आरोपी लगातार बेटी से दुष्कर्म करने का प्रयास कर रहा था। इतना ही नहीं पुलिस में शिकायत करने पर पत्नी और बेटी को लगातार जान से मारने की धमकियां भी दे रहा था। सोमवार को एक करीबी की मदद से महिला बेटी को लेकर स्थानीय पुलिस को आपबीती सुनाई थी। डीसीपी चारू निगम ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही पुलिस टीमें रवाना की गई। साथ ही मिली तहरीर के आधार पर दुष्कर्म और पास्को एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वहीं विभिन्न पहलुओं की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

## 180 लाभार्थियों का ऋण स्वीकृत

**लखनऊ।** नगर पंचायत कार्यालय सभागार में पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि के अंतर्गत आयोजित ऋण वितरण समारोह में 180 लाभार्थियों का ऋण स्वीकृत किया गया जिसमें विभिन्न बैंको द्वारा 110 लाभार्थियों के खाते में धनराशि भी हस्तांतरित कर दी गयी। उपजिलाधिकारी नवीन चन्द्र ने लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया। ऋण वितरण समारोह को संबोधित करते हुए नवीन चन्द्र उपजिलाधिकारी बक्शी का तालाब ने कहा कि पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि बहुत ही लाभदायक है इसका सदुपयोग करके लाभार्थी अपने जीवन स्तर को ऊपर उठा सकते हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्ट्रीट वेंडरो के लिए पीएम स्वनिधि योजना प्रारम्भ करके बहुत ही अच्छा कार्य किया है। उन्होंने सभी लाभार्थियों को बधाई दी। समारोह को सम्बोधित करते हुए हृदेश कठेरिया क्षेत्राधिकारी बक्शी का तालाब ने कहा कि स्वीकृति ऋण का दुरूपयोग न करके सदुपयोग करे तभी आपका विकास संभव होगा। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक इंडियन ओवरसीज बैंक निरंजन पांडा ने कहा कि हमारा बैंक कामगारों के उत्थान के लिए सदैव तत्पर है। ऋण वितरण समारोह को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष एन इशरत बेग ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 237 लोगों को ऋण वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष विभिन्न बैंको द्वारा 180 लोगो का ऋण स्वीकृत कर दिया गया है और 122 लोगो के खातों में धनराशि भी हस्तांरित कर दी गई है।

उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड अति-अल्पकालिक ई-निविदा सूचना सं0-33/अनु0ई0/श0भ0वि0/2020-21 अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा विशिष्टि सं0-40/अनु0ई0/श0भ0वि0/2020-21 के द्वारा **शक्ति भवन (मु0) के कक्ष संख्या-206 में विद्युतीकरण इत्यादि कार्य कराये जाने हेतु निविदायें** दिनांक 04.11.2020 को 14:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 16.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। निविदा के विक्रय व धरोहर धनराशि सम्बन्धी विवरण एवं अन्य विवरण कारपोरेशन की वेबसाइट http:#etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। **अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण इकाई, कक्ष सं0-104, प्रथम तल, शक्ति भवन (विस्तार) 14-अशोक मार्ग, लखनऊ।**
पत्रांक-1752 दिनांक 27.10.2020
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें" हेल्प लाईन नं0-18001808752

# बुलंद इरादों ने दिखाई आत्मनिर्भर बनने की राह

● किराना दुकान खोलकर दस हजार रुपये महीने कमा रही सत्यवती

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**इरादे** फौलादी हों तो मुश्किलों के पहाड़ से भी उन्नति की राह बनाई जा सकती है। परिवार को तंगहाली से उबारने के लिए गढ़ी मेंहदौली की सत्यवती सिंह ने भी कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। समूह से मिली आर्थिक मदद की बदौलत किराना दुकान खोलकर सत्यवती का परिवार अब आत्मनिर्भर बनने की राह पर चल पड़ा है।

मोहनलालगंज में गढ़ी मेंहदौली निवासी दशरथ सिंह का डेढ़ साल पहले देहान्त होने के बाद परिवार की सारी जिम्मेदारी पत्नी सत्यवती के कंधे पर आ गई। आर्थिक तंगी से कुछ महीने में ही इस भूमिहीन परिवार के सामने गुजारे की समस्या खड़ी हो गई। परिवार पर संकट आया तो मेहनत.मजदूरी करके सत्यवती ने वीरांगना की तरह घर खर्च चलाने का बीड़ा उठा लिया। इसी बीच ग्राम पंचायत सचिव रामबहादुर शर्मा और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ब्लाक स्तरीय टीम ने बैठकों में सत्यवती को स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए प्रेरित किया। छोटी.छोटी बचत के सहारे शुरु हुई सत्यवती की मुहिम अब परिवार के सपनों में कामयाबी के रंग भरने लगीं हैं। किराना दुकान खोलकर खुद की आमदनी का जरिया बना चुका यह परिवार अब दूसरों को भी समूह से जुड़कर मेहनत और लगन के बल पर अपनी तकदीर बदलने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

**सात महीनों में दस हजार तक पहुंची आमदनीः** लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की सदस्य सत्यवती सिंह ने समूह से मिली एक लाख दस हजार रुपये की आर्थिक मदद से मार्च में घर के पास ही किराए पर दुकान लेकर किराना स्टोर खोल दिया। शुरुआती दिनों में कुछ सौ की आमदनी से शुभारंभ कर सात महीने में अब तकरीबन दस हजार रुपये की आमदनी हो रही है। लिहाजा दुकान का किराया और बैंक की किश्त चुकाने के बाद परिवार की आजीविका चलाने में आने वाली बाधाएं आसान हो गई हैं। यही नहीं बेटा शैलेन्द्र सिंह जहां दुकान चलाने में सत्यवती का हाथ बंटाता है वहीं बेटी सुमाली सिंह समूह सखी के रुप में गांव की दूसरी महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही है।

**क्या कहते हैं सचिव**

ग्राम पंचायत सचिव रामबहादुर शर्मा ने बताया पिछले वर्ष बैठकों में सत्यवती को समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। गरीबी के बावजूद भी सत्यवती के परिवार ने कुछ कर दिखाने की ठानी जिसकी बदौलत किराना दुकान खोलकर अब यह परिवार हंसी-खुशी गुजारा करने लगा है। जिसे देखकर गांव के दूसरे परिवार भी जागरुक हो रहे हैं।

**क्या कहते हैं मिशन मैनेजर**

ब्लाक मिशन मैनेजर दिवाकर ने बताया एनआरएलएम से समूह को मिली एक लाख दस हजार रुपये की आर्थिक मदद से किराना दुकान खोलकर सत्यवती का परिवार अब दस हजार रुपये महीने की आमदनी कर रहा है।

# मौत के सौदागर बन रहे फर्राटा भरते डग्गामार वाहन

● पुलिस के सरंक्षण में हाइवे पर फल-फूल रहा ओवरलोडिंग का धंधा

**संवाददाता।** बख्शी का तालाब



**जहां** एक ओर ट्रैफिक के नये नियमों ने सड़क पर चलने वाले राहगीरों की मुश्किलों को हद से ज्यादा बढ़ा दिया है। चालान के डर से कार, ट्रक व्यावसायिक वाहनों के साथ मोटरसाइकिल सवारों में कागजों को दुरुस्त कराने की होड़ लगी है। वहीं सीतापुर रोड पर लखनऊ से सिधौली तक चलने वाले डग्गामार वाहन बिना भय के फर्राटा भर रहे हैं।

लखनऊ से सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजधानी आने और वापस जाने वाले यात्रियों की संख्या हजारों में होती है। जिनमें दिहाड़ी मजदूर, मिस्त्री छात्र, सरकारी व निजी कार्यालयो में काम करने वालों के साथ रोज़मर्रा के यात्री भी होते है। लेकिन कोरोना काल में बंद पड़ी ट्रेनों ने इन यात्रियों की समस्या को बहुत बढ़ा दिया है। बसों का अधिक किराया होने के कारण मजबूरी में इन्हें डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। सिधौली से पक्कपुल व फिर यहीं से वापसी के लिये टाटा मैजिक, मार्शल, टोयोटा जैसे वाहन चलते हैं। जिनमें सवारियां ठूंस ठूंस कर भरी जाती हैं। यही नहीं कम पैसे देने पर इन पर सवारी करने वाले बाहर लटक के चलते हैं। वाहनों की दुर्घटना की दशा में ये सवार ही सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। अधिक रुपया कमाने के फेर में यह वाहन तेजगति से फर्राटा भरते हैं, जिनसे आये दिन दुर्घटनायें होती हैं। जिनमें कई बार लोगों की जान चली जाती है वहीं बहुतेरे जीवन भर के लिये अपंग हो जाते है। लेकिन इतना होने के बाद भी इनपर जिम्मेदारों की नज़र नहीं पड़ती है। सूत्र बताते हैं इन वाहनों द्वारा एक निश्चित रकम उन थानों में प्रतिमाह पहुंचाई जाती है, जो इनके रास्ते मे पड़ते हैं। जिनमें सिधौली, अटरिया, इटौंजा, बीकेटी, मड़ियांव थाना, नवीन गल्लामंडी चौकी व मदेय गंज चौकी आदि। वहीं इनमें से प्रत्येक वाहन को संबंधित थाने की बेगार भी करनी पड़ती है।

# हत्यारोपी प्रधान के घर को प्रशासन ने गिरवाया

## ● नायब तहसीलदार व पुलिस की मौजूदगी में गिराया गया घर

संवाददाता। जानाबाजार, अयोध्या



**थाना हैदरगंज** क्षेत्र के ग्राम सभा कटौना निवासी शेर बहादुर वर्मा का पुत्र 19 वर्षीय आशीष वर्मा अपने दो साथियों के साथ घर से सेना भर्ती की तैयारी के लिए क्षेत्र के प्रसिद्ध देवस्थल बिशुन बाबा के मैदान पर दौड़ लगाने के लिए जा रहा था। रास्ते में कनुआपुर गांव के पश्चिम और देवस्थान से करीब 500 मीटर पहले ही मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने पहले आशीष वर्मा को मारा पीटा और उसके बाद उसको गाड़ी पर बैठा कर उठा ले जाने के बाद उसकी हत्या कर दी थी। जिसकी सूचना मिलने के बाद पिता शेर बहादुर वर्मा ने हैदरगंज थाने के पुलिस को दिए गए लिखित तहरीर में गांव के ही ग्राम सभा कटौना के ग्राम प्रधान संजय वर्मा व उनके दो पुत्र मोहित वर्माए रोहित वर्माए और गांव के रवि वर्मा तथा मनीराम वर्मा पर अपने पुत्र का अपहरण करके हत्या किए जाने का आरोप लगाया था और शेर बहादुर वर्मा ने यह भी आरोप लगाया था कि ग्राम प्रधान संजय वर्मा सरकारी खलिहान की जमीन में अपना आलीशान मकान बनवा लिया है और खलिहान की जमीन का गाटा संख्या 302 ग जिसका रकबा 406 एयर है जिसमें अधिकतर जमीन पर ग्राम प्रधान संजय वर्मा का ही कब्जा है। ग्राम प्रधान संजय वर्मा के घर के पीछे हमने भी खलिहान की थोड़ी जमीन पर कब्जा किया हुआ है। उस जमीन को भी ग्राम प्रधान संजय वर्मा अपने घर के पीछे की तरफ दरवाजा खोलकर कब्जा करना चाहते थे। इसके लिए हम लोग विरोध कर रहे थे इसी को लेकर 27 सितंबर को ग्राम प्रधान के पुत्रों व सहयोगियों द्वारा हमारे परिवार के लोगों के ऊपर कट्टे से फायर भी कर दिया था। घटना के दिन तथा दूसरे दिन भी आशीष वर्मा का अपहरण किए जाने के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा उसका पता ना लगाए जाने पर और ना ही किसी आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने पर परिजनों सहित सैकड़ों ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया था और हैदरगंज तारुन मार्ग पर पांडे का पूरा गांव के पास रोड जाम कर धरना प्रदर्शन करके तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी एवं खलियान की जमीन में बना प्रधान संजय वर्मा का घर एवं दूसरे लोगों का भी बना घर सतपाल गिराए जाने की मांग पर अड़े हुए थे। जिसके बाद तहसील प्रशासन द्वारा खलियान की जमीन में बनी सभी लोगों के घर को गिराए जाने के लिए करीब 1 हफ्ते पहले नोटिस चस्पा कराया था और 5 दिन के लिए मौका दिया था तथा जुर्माना भी ठोका था। जिसके बाद आज 27 अक्टूबर दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे नायब तहसीलदार बीकापुर गरिमा वर्मा अपने साथ राजस्व निरीक्षक रामप्रताप पांडेय तथा लेखपाल गिरीश राय, ओम प्रकाश दुबे, ईश्वर चंद्र मिश्रा, सुशील कुमार शर्मा सहित हैदरगंज थाने की पुलिस सहित कई थानों की पुलिस फोर्स व पीएससी ने पहुंच कर सरकारी खलिहान की जमीन में 29 एयर पर ग्राम प्रधान संजय वर्मा, 9 एयर पर भोला नाथ वर्मा तथा 1 एयर पर परशुराम वर्मा द्वारा बनाए गए अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से ढहवा दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ भारी मात्रा में लगी रही।

# सरकार ने गरीबों के हित में संचालित की है योजना

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**पी.एम.** स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि के अन्तर्गत उ.प्र. के पी.एम. स्वनिधि लाभार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल संवाद स्थापित किया जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं जनपदों के जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी तथा लाभार्थी जुड़े रहे। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के लाभार्थियों से वार्ता की तथा उनके द्वारा इस योजना के अन्तर्गत किये जा रहे रोजगार/कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि इस योजनान्तर्गत गरीबों, पटरी व्यवसाइयों, ठेला, खोम्चा व्यवसाइयों को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनका आर्थिक उन्नयन करना है। प्रधानमंत्री ने इस योजना के तहत लाभार्थियों द्वारा किये जा रहे व्यवसाय की जानकारी प्राप्त करते हुए अपनी शुभाकामनाएं दी तथा कहा कि व्यवसाय की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। सरकार ने गरीबों के हित में यह योजना संचालित की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने में उ.प्र. प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में बड़ी तत्परता से पटरी, ठेला व्यवसाइयों को लाभान्वित किया जा रहा है। बैंकों के दरवाजे गरीबों के लिए खुले है और सबका साथ सबका विकास सरकार की नीति है। वैश्विक महामारी कोरोना काल में जन धन खाते के माध्यम से लाभार्थियों को सीधे धनराशि उनके खाते में भेजी गयी। गरीबों के जीवन बेहतर एवं आसान बनाने के लिए कोई कसर नही छोड़ी जायेगा। उज्जवला योजना के तहत माताएं बहने गैस पर खाना बना रही है, उन्हें अवास उपलब्ध कराया गया है, विद्युत कनेक्शन, बीमा योजना आदि का कवच गरीबों को उपलब्ध है। प्रधानमंत्री ने जन मानस से आग्रह किया कि कोरोना से बचाव जारी रखना है और दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी को ध्यान रखना है। इस कार्यक्रम से जुड़े प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा कि उ.प्र. ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व प्रेरणा से न केवल वैश्विक महामारी कोरोना को प्रभावी नियंत्रण करने में अपितु देश की जनता की जान की भी और जहान की भी रक्षा पूरी प्रतिबद्धता के साथ करने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार पटरी व्यवसाइयों के लिए इतनी बेहतर योजना इस कोरोना काल खण्ड के दौरान पीएम स्वनिधि योजना प्रधानमंत्री ने प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद का प्रसारण गोरखपुर एनेक्सी सभागार में हुआ जिसके दौरान इस योजना के तहत 20 लाभार्थियों को राज्य सभा सदस्य जय प्रकाश निषाद एवं महापौर सीता राम जायसवाल ने 10-10 हजार रूपये का ऋण स्वीकृति प्रमाण वितरित किया। इस अवसर पर विधायक ग्रामीण विपिन सिंह, जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन, नगर आयुक्त अंजनी कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी तथा योजना के अनेक लाभार्थी उपस्थित रहें।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के पति अशोक वर्मा की सड़क दुर्घटना में मौत

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



फाइल फोटो अशोक वर्मा

**पूर्व जिला** पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुधा वर्मा के पति सपा नेता अशोक कुमार वर्मा एडवोकेट की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह अपनी ससुराल में मुंडन संस्कार के कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। दरियाबाद बाराबंकी गए हुए थे जहां से मंगलवार सुबह वापस आ रहे थे। वह मवई बाजार के निकट गाड़ी खड़ी करके पानी लेने के लिए उतरे और गाड़ी का गेट बंद कर के खड़े हुए थे तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। इस हृदय विदारक घटना की खबर मिलते ही उनके परिजनों रिश्तेदारों समर्थकों के साथ साथ सपा कार्यकर्ताओं और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई ।जिसने भी सुना वही सन्न हो गया। घटना की खबर पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जनपद मुख्यालय भेज दिया जहां पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन शव लेकर पैतृक गांव दिलावरपुर पहुंच गए जहां भीटी बाजार में स्थित उनके कॉलेज चौधरी भगवती प्रसाद इंटर कॉलेज के प्रांगण में उनका अंतिम संस्कार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अशोक कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय अजीत कुमार वर्मा की उम्र लगभग 48 वर्ष थी ।उनकी पत्नी श्रीमती सुधा वर्मा वर्ष 2005से वर्ष 2010 तक अंबेडकर नगर जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं।

# बसपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ त्रिभुवन दत्त ने बसपा को दी तिलांजलि

## ● पार्टी में उपेक्षा से नाराज चल रहे थे त्रिभुवन दत्त

## ● सपा के बैनर तले शुरू हुई नई राजनीतिक पारी

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



सपा में शामिल होने के बाद पूर्व मंत्री राम मूर्ति बर्मा के साथ त्रिभुवन दत्त व अन्य — पायनियर

**एक तरफ** क्षेत्र में लोग जंहा 9 दिनों से स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े धूमधाम के साथ कर रहे थे तो वही जनपद के वरिष्ठ नेताओं में शुमार बहुजन समाज पार्टी के कई जनपदों के कोऑर्डिनेटर रहे अंबेडकर नगर जनपद के निवासी पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त ने अपने लिए बहुजन समाज पार्टी का विसर्जन कर लखनऊ में सपा के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त के द्वारा बहुजन समाज पार्टी को छोड़ने की अटकलें काफी दिनों से लगाई जा रही थी जिस पर मंगलवार को उस समय विराम लग गया जब उन्होंने लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम व जनपद के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा आदि वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। त्रिभुवन दत्त ,बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती के बेहद करीबी व बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की सूची में शुमार थे। बहुजन समाज पार्टी में त्रिभुवन दत्त की मिशनरी कार्यकर्ता के रूप में पहचान थी। उन्होंने जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ कर अपनी पारी की शुरुआत करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ,सांसद एवं विधायक तक का सफर भी बसपा में रहते हुए बसपा के ही टिकट पर तय किया था। लेकिन कुछ दिनों से बहुजन समाज पार्टी के मूल संगठन में किए गए बदलाव से त्रिभुवन दत्त अंदर ही अंदर खासे नाराज चल रहे थे। हालांकि उन्होंने अभी तक किसी भी खुले मंच से अपनी नाराजगी नहीं जाहिर की थी। लेकिन उनके समर्थकों के द्वारा पार्टी में उनका कद घटाए जाने को लेकर नाराजगी की बातें अक्सर उभर कर सामने आ रही थी। उनके पार्टी को छोड़ने की भी अटकलें भी तेज हो गई थी। पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त के साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख रामनगर प्रमोद दत्त, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामप्यारे निषाद, विधानसभा अध्यक्ष आलापुर अजय कुमार एडवोकेट,प्रेम सागर प्रजापति, राजेंद्र कुमार दाढ़ी,आशाराम त्यागी पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार पांडे, बाके लाल गौतम, राम जी चौहान, रामप्रवेश आदि सैकड़ों समर्थक बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर सपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### कपड़ा व्यवसाई पिता-पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के इनायत नगर बाजार में थोक कपड़ा व्यवसाई द्वारा फुटकर कपड़ा विक्रेता से पैसे लेकर कपड़ा न देकर पैसे हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित फुटकर कपड़ा व्यवसाई की तहरीर पर इनायत नगर पुलिस ने इनायत नगर बाजार के थोक कपड़ा विक्रेता पिता.पुत्र के विरुद्ध गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। हालांकि मामले में पुलिस ने अभी किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायतनगर बाजार निवासी सुधीर कुमार पुत्र रामनाथ ने इनायतनगर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि स्कूलों में ड्रेस वितरण के लिए उनके द्वारा बाजार के ही थोक कपड़ा विक्रेता इश्तियाक अहमद उर्फ बब्बू तथा उनके बेटे इरशाद अहमद को बीते फरवरी 2020 में 2 हजार बच्चों में ड्रेस वितरण हेतु चार हजार सेट रुपए 160 की दर से कुल कीमत 6 लाख 40 हजार रूपए में से तीन लाख रुपए बैंक खाते में एवं नगद दे दिया था। किंतु कोरोना वायरस महामारी के चलते विद्यालय बंद हो गए थे और सुधीर ने थोक विक्रेता इरशाद की दुकान से ड्रेस नहीं उठाया था। सुधीर कुमार का आरोप है कि आंशिक रूप से विद्यालय खुलने के उपरांत जब वह ड्रेस उठान किए जाने के लिए थोक विक्रेता की दुकान पर पहुंचा तो थोक विक्रेता पिता.पुत्र ड्रेस देने में आनाकानी करने लगे और फुटकर कपड़ा व्यवसाई से बदसलूकी भी की। घटना से आहत पीड़ित खुदरा कपड़ा व्यवसाई सुधीर कुमार थाने पहुंचा और मामले में आरोपी कपड़ा व्यवसाई पिता पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने हेतु तहरीर दी जिसके आधार पर प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह ने थोक कपड़ा व्यवसाई इश्तियाक अहमद उर्फ बब्बू एवं उनके पुत्र इरशाद अहमद के विरुद्ध धारा 406ए 504ए 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### संदिग्ध हालात में मिला महिला का शव

**अम्बेडकरनगर।** 30 वर्षीय महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर शव लटकता हुआ पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मामला कटका ध्जलालपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव का है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम गांव निवासिनी मुनिता 30 पत्नी शिव मूर्ति का घर के अंदर कमरे में शव लटकता पाया गया जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

### सीएम के आर्थिक सहालकार आज आयेंगे

**गोरखपुर।** आर्थिक सलाहकार मुख्यमंत्री उ.प्र. (सचिव भारत सरकार स्तर) डा. के.वी. राजू का 28 अक्टूबर को प्रात: 7.30 बजे जनपद में आगमन होगा। प्रात: 9 बजे दी.द.उ.गो.वि.वि. में बैठक कार्यक्रम में भाग लेंगे। 29 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र में वैज्ञानिकों के साथ चर्चा में भाग लेंगे। आर्थिक सलाहकार डा. राजू 30 अक्टूबर को प्रात: 8 बजे लार्ज कृषि फार्म विजिट एवं चर्चा में भाग लेंगे ओर 31 अक्टूबर को प्रात: 8 बजे गोरखपुर से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। यह जानकरी प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल ने दी है।

### आज आयेंगे मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 अक्टूबर को अपरान्ह 4.30 बजे गोरखपुर आयेंगे तथा रात्रि विश्राम गोरक्षनाथ मंदिर में करेंगे और 29 अक्टूबर को जनपद सीवान के लिए से प्रस्थान करेंगे।

### संसदीय राज्य मंत्री का आगमन आज

**गोरखपुर।** राज्य मंत्री संसदीय कार्य/ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास उ.प्र. आनन्द स्वरूप शुक्ल 28 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे प्रधानमंत्री आवास के स्वीकृति पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम में भाग लेंगे और 29 अक्टूबर को जनपद के किसी ब्लाक का औचक स्थलीय निरीक्षण करेंगे तथा 30 अक्टूबर को स्वयं सहायता समूह (दी.दी.ओ.) की समस्याओं के संदर्भ में विचार विमर्श करेंगे। मंत्री 31 अक्टबूर को पूर्वान्ह 10 बजे से विभागीय अधिकारियों के साथ जिले में संचालित ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक करेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल ने दी है।

### जीएम ने दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

**गोरखपुर।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर आज प्रथम दिन महाप्रबन्धक,पूर्वोत्तर रेलवे एल.सी.त्रिवेदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'सत्यनिष्ठा' की शपथ दिलायी। इस अवसर पर श्री त्रिवेदी ने विश्वास व्यक्त किया कि देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी सम्बन्धित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहना चाहिये तथा उन्हें सदैव ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिये तथा भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिये।

### यूनिटी रन में दौड़े जवान

**गोरखपुर।** पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर 21 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को द्वितीय वाहिनी, रेलवे सुरक्षा विशेष बल, रजही शिविर, गोरखपुर में वाहिनी मुख्यालय से एयरफोर्स होते हुये नन्दानगर पुलिस चौकी एवं वापस वाहिनी मुख्यालय तक 'यूनिटी रन' का आयोजन किया गया। इस यूनिटी रन का शुभारम्भ द्वितीय वाहिनी, रेलवे सुरक्षा विशेष बल,गोरखपुर के कमान अधिकारी अनिरूद्ध चौधरी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस यूनिटी रन में द्वितीय वाहिनी एवं प्रशिक्षण केन्द्र रेलवे सुरक्षा विशेष बल के 100 से अधिकारियों एवं जवानों ने भाग लिया। इसके उपरान्त वाहिनी परिसर स्थित परेड ग्राउण्ड में विभिन्न वर्गों के प्रतिभागियों के बीच 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ का भी आयोजन किया गया।

# आमरण अनशन समाप्त कर अयोध्या लौटने पर परमहंस दास का संतों ने किया स्वागत

## ● गृहमंत्री अमित शाह के सचिव आश्वासन पर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने जूस पिलाकर अनशन को कराया समाप्त

संवाददाता। अयोध्या

**आचार्य** पीठ तपस्वी छावनी रामघाट के महंत परमहंस दास को जिला अस्पताल से छुट्टी मिली। मंगलवार को हास्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद वह एम्बुलेंस द्वारा सीधे रामघाट स्थित अपने आश्रम पहुंचे। जहां पर पहले से मौजूद संतों व हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत से महंत परमहंस बहुत ही अविभूत दिखे ।सोमवार को अयोध्या विधायक वेदप्रकाश गुप्ता ने गृहमंत्री अमित शाह के निजी सचिव से परमहंस की फोन पर वार्ता कराने के बाद जूस पिलाकर उनका आमरण.अनशन तोड़वाया था। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर परमहंस दास 12 अक्टूबर से अपने आश्रम के सामने आमरण.अनशन पर बैठे थे। जहां अनशन के नौवें दिन 20 अक्टूबर को प्रशासन ने उन्हें मध्यरात्रि में अनशन स्थल से उठवाकर जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती करवाया था। लेकिन वहां भी उनका आमरण.अनशन लगातार जारी रहा। अनशन के 15 वें दिन 26 अक्टूबर को विधायक वेदप्रकाश गुप्ता ने अनशनकारी महंत की अमित शाह के निजी सचिव से फोन पर वार्ता करायी थीए जिसमें उनकी तरफ से महंत को आश्वासन दिया गया कि दो महीने के अंदर गृहमंत्री से उनकी मुलाकात करायी जाएगी। इस पर परमहंस दास मान गए और अपना अनशन तोड़ दिया। इस अवसर पर महंत परमहंस दास ने कहाकि उनका लक्ष्य है भारत हिंदू राष्ट्र घोषित कराना। वह अपने जीवन की अंतिम सांस तक हिंदू राष्ट्र की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उसके लिए चाहे उनकी जान ही क्यों न चली जाएघ् लेकिन हिंदू राष्ट्र की लड़ाई और जनजागरण अनवरत जारी रहेगा। श्री दास ने कहाकि अब उन्हें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलवाने का आश्वासन मिल चुका है। जहां वह गृहमंत्री से मिलने के बाद उनके सामने कई बातें रखेंगेए जिसमें पहला एक देश.एक कानूनए दूसरा अयोध्या के 84 कोस की परिधि में मांस.मदिरा की बिक्री पर पूर्णरूप से प्रतिबंध समेत अन्य हैं। इस मौके पर हनुमानगढ़ी के आचार्य शशिकांत दास, विश्व हिंदू रक्षा संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा अर्चना सिंह व प्रदेश अध्यक्ष सनातनी संतोष दूबे, सखी समाज के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# शातिर चोर गिरफ्तार, वाहन एवं एटीएम बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जनपद** में घट रही वाहन चोरी की घटना का खुलासा, इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, चोरी गये सामानों की बारामदगी हेतु एसएसपी ने सीओ कैंट के नेतृत्व में खोराबार पुलिस टीम को लगाया था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भगत चौराहा, रायगंज के पास आ रहे एक बाइक सवार को रोक लिया। जब उसका नाम पता पूछा गया तो वह अपना नाम राम जतन पुत्र बन्सू पासवान निवासी रामनगर करजहा खोराबार बताया। भागने का कारण पुछने पर व्यक्ति ने बताया कि यह मोटर साइकिल चोरी की है इसे मैने थाना खजनी के कस्बे से चोरी किया है। जामा तलाशी के दौरान पकड़े गये अभियुक्त रामजतन के पहने हुए पैन्ट के बायी जेब से पाँच अदद एटीएम कार्ड मिला। एटीएम कार्ड के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि मै भिन्न जगहो से एटीएम कार्ड बदल कर पैसा निकाल लेता हूं।

# मकान को लेकर हुए विवाद और हत्या के अभियुक्त गिरफ्तार




पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**पुस्तैनी मकान** के बटवाँरे को लेकर हुए विवाद के बाद हुई हत्या में शामिल तीन नामजद अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर आलाकत्ल लोहे की राड, लकड़ी की पटिया को उनकी निशानदेही पर बरामद किया है। बतातें चलें कि कोतवाली थाना अन्तर्गत कल पुस्तैनी मकान के बंटवारे को लेकर तीन सगे भाईयों के बीच विवाद हो गया था। जिसमें एक भाई की हत्या हो गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने घटना के खुलासा और अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु स्थानीय पुलिस टीम को लगाया था। पुलिस को जानकारी मिली कि हत्याभियुक्त कहीं भागने की फिराक में हैं जो इस समय शास्त्री चौक पर हैं। पुलिस टीम ने उक्त स्थल से विधाता, हेमन्त उर्फ हुटर पुत्रगण स्व. बेचन व कलावती पत्नी स्व. बेचन प्रसाद निवासीगण मुहल्ला हरिजन बस्ती थाना कोतवाली, को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. जयदीप कुमार वर्मा, उ.नि. राम सिंह, का. यशवंत सिंह, अशोक कुमार, पियुष सिंह, म.का. नेहा उपाध्याय शामिल रहें।

# ईमानदार अधिकारी-कर्मचारी राष्ट्र को बना सकते हैं बेहतर: त्रिवेदी

**गोरखपुर।** भारतीय रेलों पर मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के प्रथम दिन पूर्वोत्तर रेलवे एवं पूर्व मध्य रेलवे पर 'सतर्क भारत, समृद्ध भारत' पर वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं पूर्व मध्य रेलवे एल.सी.त्रिवेदी ने रेलवे के कार्यों में डिजिटल पारदर्शिता, ई-आफिस, ई-टेण्डरिंग के प्रयोग पर बल दिया। श्री त्रिवेदी ने कहा कि टेण्डर प्रक्रिया में सभी स्टेक होल्डर को सम्मिलित किया जाना चाहिये। अपने धन को खर्च करते समय व्यक्ति जिस प्रकार का अप्रोच रखता है, उसी प्रकार सरकारी धन का भी उपयोग करते समय भी वही अप्रोच रखना चाहिये। ईमानदार अधिकारी/कर्मचारी निर्भीक होकर राष्ट्र हित में बेहतर निर्णय ले सकते हैं, जिससे राष्ट्र का विकास हो सके। रेलवे में डिजिटल पारदर्शिता ई-आफिस एवं ई-टेण्डरिंग के प्रयोग से ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा को बढ़ावा मिल रहा है और हमें यह अप्रोच बनाये रखना है। नालन्दा विश्वविद्यालय के डीन एवं प्रोफेसर डा. सुधीर सिंह ने भ्रष्टाचार के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुये कहा कि व्यक्ति भ्रष्टाचार को मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं अन्य विभिन्न तरीकों से प्रभावित करता है। हमें अपनी कार्य संस्कृति को फुलप्रूफ बनाये रखने की आवश्यकता है। नालन्दा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आनन्द सिंह ने अपने प्रस्तुतिकरण में कौटिल्य माडल का उदाहरण देते हुये कहा कि हमें कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखते हुये भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेन्स की नीति अपनानी चाहिये जिससे राष्ट्र का बेहतर विकास हो सके । इसके पूर्व, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी,पूर्व मध्य रेलवे नीरज अग्रवाल ने महाप्रबन्धक एलसी त्रिवेदी एवं अन्य अतिथि वक्ताओं को स्वागत किया। पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अमिताभ ओझा सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं सतर्कता विभाग के सभी अधिकारियों ने वेबिनार में भाग लिया।

# पथ विक्रेताओं को स्वनिधि योजना के तहत दिया गया ऋण चेक

## ● जिलाधिकारी ने कहा, सभी पात्र पथ विक्रेताओं को मिलेगा योजना का लाभ

## ● पथ विक्रेताओं से प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल संवाद

संवाददाता। अम्बेडकरनगर।



पात्र पथ विक्रेता को ऋण चेक प्रदान करते जिलाधिकारी — पायनियर

**पीएम** स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश के पीएम स्वानिधि लाभार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल संवाद स्थापित कर पथ विक्रेताओं से रूबरू हुए । इस दौरान प्रधानमंत्री ने अवगत कराया कि केंद्र सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी से प्रभावित पथ विक्रेताओ को पुन: आजीविका से जुड़ने के लिए पीएम स्वानिधि योजना एक जून 2020 से शुरू की गई है। यूपी में अब तक इस योजना में 7 लाख से अधिक पंजीकरण पोर्टल पर हुए है। इसमें लगभग 6.40 लाख से अधिक ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं और 3.62लाख से अधिक आवेदन पत्र स्वीकृत हुए हैं ।अब तक दो लाख 2.62लाख पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित किए गए हैं । इसे बढ़ाकर तीन लाख करने के लिए तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। यूपी पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीकरण, ऋण स्वीकृत और ऋण वितरण में देश में प्रथम स्थान पर है ।इस मौके पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की उपस्थिति में पंचायत घर गदाएं अकबरपुर में उपस्थित पथ विक्रेताओं को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत दस हजार का ऋण चेक प्रदान किया गया ।कोविड-19 महामारी के संक्रमण को रोकने हेतु उठाए गए कदमों विशेषकर लॉकडाउन के कारण शहरी पथ विक्रेताओं की व्यापार एवं जीवन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के दृष्टिगत शहरी विक्रेताओं को आसान ऋण की सुविधा प्रदान किए जाने हेतु पीएम स्वानिधि योजना आरंभ किया गया है इस योजना अंतर्गत जनपद के 2950 पथ विक्रेताओं को बैंक द्वारा ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है ।3350 पथ विक्रेताओं के आवेदन की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। विधानसभा अकबरपुर में लगभग 500 पथ विक्रेताओं को ऋण मुहैया कराया जा चुका है ।जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत पैकेज भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के अंतर्गत जनपद के समस्त पात्र पथ विक्रेताओं को इस योजना से आच्छादित किए जाने हेतु जिला प्रशासन अहम भूमिका का निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी पीएम स्वानिधि योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों का पंजीकरण कराते हुए योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। कोई भी पात्र पथ विक्रेता योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए ।शासन की प्रथम प्राथमिकता में पथ विक्रेताओं को व्यापक स्तर पर ऋण दिए जाने का प्रावधान किया गया है ।अधिकारीगण अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहें ।इस दौरान मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष सरिता गुप्ता ,अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ,उप जिलाधिकारी अकबरपुर, एलडीएम ,अधिशासी अधिकारी नगरपालिका ,जनपद के पात्र पथ विक्रेता मौके पर उपस्थित रहे।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 28 अक्टूबर, 2020



# भारत में पोम्पियो व एस्पर

## मजबूत होंगे भारत-अमेरिका संबंध

अमेरिका में चुनाव के बाद चाहे जो सत्ता में आए, चीन के प्रति साझा संदेह से संचालित भारत-अमेरिका संबंध और मजबूत होंगे। अमेरिकी विदेश व रक्षा सचिव माइक पोंपियो तथा मार्क एस्पर की नई दिल्ली यात्रा दोनों देशों के बीच दो प्लस दो संवाद के लिए है जिसमें उनके भारतीय समकक्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। यह भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम है जो चीनी विस्तारवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं। हालांकि, 20 जनवरी, 2021 के बाद अमेरिका में 46वें राष्ट्रपति सत्ता में आएंगे, पर द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती तथा दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा शासित चीन लोकतांत्रिक गणतंत्र के बीच विरोध और तीखा होगा। इस यात्रा से साझा उद्देश्य के लिए प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है जो राजनय की निरंतरता की पुष्टि करती है। ध्रुवीकरण करने वाले डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव पर कोरोनावायरस महामारी से निपटने में लापरवाही का चाहे जो प्रभाव पड़े, पर उन्होंने निश्चित रूप से चीन के आक्रामक व्यवहार के प्रति विमर्श बदला है। भारत इसका नवीनतम शिकार है। तीसरा भारत-अमेरिका दो प्लस दो मंत्रिस्तरीय संवाद समग्र वैश्विक रणनीतिक साझेदारी व सहयोग के विस्तार पर केन्द्रित होगा। इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र तथा दुनिया में स्थिरता व समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। इसमें क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग व रक्षा सूचनाओं का साझा शामिल है जिससे दोनों देश पड़ोसियों से पैदा होने वाली चुनौतियों के साथ ही कोविड-19 के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र व अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों से निपटने में सफल होंगे। दोनों देशों द्वारा बेसिक एक्सचेंज एंड कोआपरेशन एग्रीमेंट-बीका पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है जो चार मूल समझौतों में से एक है। इससे भारत-अमेरिका उच्च सैनिक प्रौद्योगिकी, लाजिस्टिक्स व जियोस्पेटियल मानचित्रों का साझा करने में सफल होंगे। चीन इस समझौते से अत्यधिक व्यथित है और उसके आधिकारिक मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने कहा है कि 'वाशिंगटन के लिए नई दिल्ली से वैसा गठबंधन बनाना बहुत कठिन है, जैसा उसका टोकियो के साथ है। ज्यादा शक्तिशाली बनने की इच्छा रखने वाला भारत किसी अन्य वैश्विक प्रतियोगी को सहन नहीं करेगा।' पिछले कुछ महीनों में दक्षिण चीन सागर में अमेरिका की दक्षिण चीन सागर में सक्रियता बढ़ी है, जबकि हांगकांग में चीन-विरोधी प्रदर्शन तेज हुए हैं। ऐसे में भारत अमेरिका से हथियार खरीद के साथ नजदीकी सैनिक व आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दे रहा है ताकि चीन के साथ किसी संभावित टकराव से निपटा जा सके। गलवान घाटी में हुई घटनाओं के बाद अपाचे व चिनूक हेलीकाप्टरों की नई खेप भारत को मिली है तथा द्विपक्षीय संबंध और मजबूत हुए हैं। भारत द्वारा आस्ट्रेलियाई नौसेना को जापान व अमेरिका के साथ मलाबार नौसैनिक अभ्यास में आमंत्रित करने से क्वाड गठबंधन या चतुमुर्खी सुरक्षा संवाद मजबूत हुआ है। इस समूह ने सप्लाई श्रृंखला मजबूत करने, वैकल्पिक बाजार तलाशने, गलत सूचनाओं का मुकाबला करने तथा समुद्री सुरक्षा मजबूत करने का काम किया है।




भारत को चीन के खिलाफ गठबंधन बनाने का काम और तेजी से करना चाहिए। वर्तमान परिदृश्य में अब सीधे-सीधे अमेरिका और चीन के बीच टकराव शुरू हो गया है और नई दिल्ली को विभिन्न देशों को अपने साथ लाकर इस स्थिति का लाभ उठाना चाहिए। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आर्थिक साम्राज्यवाद का लाभ उठा कर तुर्की के राष्ट्रपति रेसिप तैयब इर्दोगान को अपने पक्ष में लाने में सफलता पाई है। रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन भारत को अनदेखा कर चीन के साथ दीर्घकालीन ढांचागत व आर्थिक समझौते कर रहे हैं। ऐसे में भारत को रूसी सैनिक सामग्री खरीदने पर पुनर्विचार करना चाहिए। भले ही सालों तक भारत-अमेरिका संबंध अच्छे न रहे हों, पर वर्तमान समय में मजबूत द्विपक्षीय संबंध दोनों के हित में हैं। चीन भारत का मित्र नहीं है और ऐसे में अमेरिका से मजबूत संबंध बहुत अच्छी बात है।

# पाकिस्तान में निशाने पर सेना

एक झटके में नवाज शरीफ ने 'सिविलियन सरकार' के परम्परागत पाकिस्तानी मुखौटे को तार-तार कर सीधे सेना को देश की बदहाली के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

भूपिंदर सिंह
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)





मियां साहब ऐसे पाकिस्तानी राजनेता नहीं हैं जो अपना लक्ष्य आसानी से छोड़ दें। जब पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज, यानी पीएमएल-एन के नेता तथा जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मिर्जा गालिब का शेर सुना दिया, 'उनके देखे से जो आ जाती है मुंह पर रौनक, वो समझते हैं कि बीमार का हाल अच्छा है।' भले ही प्रमुख पंजाबी राजनेता नवाज शरीफ फिलहाल पाकिस्तान में न हों और जमानत पर ब्रिटेन में रह रहे हों तथा उनको 'भगोड़ा' घोषित किया गया हो, लेकिन वास्तव में वे कश्मीरी नस्ल के हैं जिनके पिता अनन्तनाग से व माता पुलवामा से थीं। इसके बावजूद तीन बार निर्वाचित व सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले नवाज शरीफ विपरीत स्थितियों में सामंजस्य बैठाने वाले चालाक राजनेता हैं। अब उन्होंने पाकिस्तानी 'डीप स्टेट' या सेना पर सर्वाधिक नियोजित हमला बोला है।

पाकिस्तान के लड़खड़ाते लोकतंत्र में रावलपिंडी मुख्यालय से सरकार चला रहे सैनिकों की अशुभ छाया बड़ी होती जा रही है जिनका उल्लेख बहुत दबी जुबान से होता है। सैनिकों को फ़रिश्ता या ख़लाई मख़लूक यानी परग्रही प्राणी समझा जाता है जो पीछे से काम करते रहते हैं। कभी-कभी वे औपचारिक रूप से सामने भी आ जाते हैं, जैसा कि अयूब खान, याहिया खान, जियाउल हक या परवेज़ मुर्शरफ के मामले में हुआ। लेकिन अब पाकिस्तानी राजनीति में परोक्ष भूमिका निभाने वाले पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर बाजवा तथा कुख्यात इंटर सर्विसेज़ इंटेलीजेंस-आईएसआई के प्रमुख का नाम सीधे-सीधे इमरान खान की सरकार चलाने वालों के रूप में लिया जा रहा है। एक झटके में शरीफ़ ने 'सिविलियन सरकार' का परंपरागत पाकिस्तानी मुखौटा तार-तार कर दिया है। उन्होंने सेना को सीधे-सीधे देश की वर्तमान बदहाली तथा अनिश्चित भविष्य के लिए जिम्मेदार व जवाबदेह ठहरा दिया है। इससे जनता में उसकी छवि ध्वस्त हो गई है।

शरीफ की वर्तमान लोकतांत्रिक पैंतरेबबाजी चाहे जो हो, वे स्वयं पाकिस्तानी सैनिक अवस्थापना का उत्पाद तथा उसका औजार रहे हैं। आमतौर से सभी लोग मानते हैं कि शरीफ पूर्व सैनिक तानाशाह जनरल जियाउल हक की व्यक्तिगत पसंद थे, पर वास्तव में एक और पाकिस्तानी जनरल गुलाम गिलानी ने मियां साहब को राजनीतिक रूप से आगे बढ़ाने में प्रारम्भिक भूमिका निभाई थी। लेफ्टीनेंट जनरल गुलाम गिलानी के बहुरंगी अतीत का एक हिस्सा कश्मीर घाटी में 'अनियमित' संघर्ष्ज्ञ के लिए उनकी एक साल की सबाटिकल छुट्टी थी जिसके चलते 1947-48 में भारत-पाक युद्ध हुआ था। उन्होंने 1965 तथा 1971 के भारत-पाक युद्धों में भी भाग लिया था। कुख्यात आईएसआई के महानिदेशक के रूप में सेवा करते हुए उन्होंने जियाउल हक के सैनिक विद्रोह की रूपरेखा तैयार की थी जिसे कोड नाम 'फेयर प्ले' दिया गया था। उन्होंने जुल्फ़िक़ार अली भुट्टो को फांसी के तख्ते तक पहुंचाने की गलत सलाह भी दी थी।

बाद में जनरल जिया ने लेफ्टीनेंट जनरल गुलाम गिलानी को प्रभावशाली पंजाब प्रांत का गवर्नर बना दिया जहां उन्होंने जानबूझ कर सुरक्षित रणनीति पर चलते हुए गैर-सामंती व उभरते हुए उद्योगपति नवाज शरीफ को पंजाब का वित्त मंत्री बनाया। शहरी, आज्ञाकारी व सौम्य शरीफ जल्द ही मुख्यमंत्री के पद पर उस अंधकारमय समय में पहुंच गए जब जनरल जिया पाकिस्तान का शरीयाकरण कर रहे थे। हालांकि, शरीफ को किसी तरह धार्मिक कट्टरपंथी नहीं कहा जा सकता है। पंजाबी, सामंत या सैनिक न होने के बावजूद शरीफ राजनीति के चतुर खिलाड़ी तथा आगे बढ़ने में सक्षम राजनेता थे। जिया की रहस्यमय विमान दुर्घटना में मौत के बाद उन्होंने धार्मिक पार्टियों से नजदीकी बढ़ाई, आईएसआई का संरक्षण प्राप्त किया तथा जिया की राजनीतिक पार्टी में एक विरोधी गुट खड़ा किया जिसका नाम पाकिस्तान मुस्लिम लीग पगारा गुट था। बाद में यह पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज़ या पीएमएल-एन में बदल गया। उस समय शरीफ पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की बेनजीर भुट्टो के प्रतिद्वंद्वी थे जिनके पिता को पाकिस्तानी जनरलों का विरोध करने के कारण अपनी जान से हाथ धोने पड़े थे। लेकिन उस समय शरीफ 'डीप स्टेट' के बहुत निकट तथा उसके आंतरिक कामकाज से परिचित थे।

लेकिन चालाक नवाज़ शरीफ ने भी पाकिस्तानी जनरलों की शक्ति का गलत व कम आंकलन किया। मियां साहब को 6 पाकिस्तानी सेना प्रमुखों से निपटना पड़ा जिनमें से चार की उन्होंने व्यक्तिगत रूप से नियुक्ति की थी। बिना किसी अपवाद के उनके सभी जनरलों के साथ टकराव वाले संबंध रहे। शरीफ द्वारा नियुक्त पहले जनरल वहीद काकर ने बाद में प्रधानमंत्री के रूप में उनके इस्तीफे का दबाव डाला। बेनजीर भुट्टो के बाद दूसरे कार्यकाल में सत्ता में आए शरीफ को भुट्टो द्वारा नियुक्त जनरल जहांगीर करामत ने समय से पहले इस्तीफा देने पर मजबूर किया। करामत के साथ शरीफ के अच्छे संबंध नहीं थे। इस प्रकार अतीत पर नजर डालें तो शरीफ ज्यादा बुद्धिमान नहीं सिद्ध होते हैं। उन्होंने सुरक्षित समझे जाने वाले मुहाजिर जनरल परवेज़ मुशर्रफ़ को सेना प्रमुख बनाया। उन्होंने न केवल बिना उनसे पूछे कारगिल युद्ध शुरू किया, बल्कि एक और सैनिक विद्रोह कर उनको सऊदी अरब निर्वासित होने के लिए मजबूर किया। प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल में शरीफ ने सावधानी से जनरल परवेज कियानी को नियुक्त किया जिनको पहले उनके धुर विरोधी परवेज़ मुशर्रफ ने पदोन्नत कर उनका कार्यकाल भी बढ़ाया था। शरीफ की तीसरी व्यक्तिगत पसंद दूसरों को पीछे छोड़ कर जनरल राहील शरीफ को सेना प्रमुख बनाना था। लेकिन वे भी अलग नहीं सिद्ध हुए तथा 'आर्मी हाउस' आमतौर से शरीफ़ सरकार पर हुक्म चलाया तथा उनके लिए 'लाल रेखायें' परिभाषित करता रहता था। जनरल राहील शरीफ ने नवाज़ शरीफ के लिए अपमानजनक परिस्थितियां पैदा कीं। इसका उदाहरण उफा सम्मेलन के बाद हुई गतिविधियां, नीतिगत उलटफेर तथा सार्वजनिक रूप से सिविलियन सरकार को खासकर पनामागेट मामले के बाद भ्रष्टाचार पर उपदेश देना है। लेकिन दूसरों को पीछे छोड़ कर उनकी चौथी पसंद के रूप में सेना प्रमुख बने जनरल कमर बाजवा वास्तव में गैर-राजनीतिक तथा लो-प्रोफाइल वाले समझे जाते थे। इस प्रकार ऐतिहासिक रूप से जनरलों ने नवाज़ शरीफ का लाभ उठाया तथा उन्होंने लगातार मियां साहब को दबाव में डाल कर उनकी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को बढ़ावा दिया। हालांकि, ऐसे लोगों के प्रति जनरलों की कोई वैचारिक पसंद नहीं थी, पर उनका प्रयोग सेना को संस्थागत रूप से मजबूत करने के लिए किया गया। इस प्रकार पाकिस्तानी सेना को सिविलियन सरकार का संरक्षक बताने का मुखौटा तैयार हुआ।

लेकिन अब शरीफ ने एक बार फिर युद्ध की रेखायें बदल दी हैं और सैनिक जनरलों को घेरे में खड़ा कर दिया है। पाकिस्तानी जनरलों का दुर्भाग्य है कि इमरान खान सरकार सभी स्तरों पर भयानक रूप से विफल हो रही है और पाकिस्तान की 'डीप स्टेट' या सेना भी इस 'भयानक' स्थिति से बाहर निकलने में कठिनाई का अनुभव कर रही है। पाकिस्तान की जनता लगातार सेना के कामकाज व उसके संरक्षण के बारे में संदेह व आशंकाओं का शिकार हो रही है। ऐसे में जनरल सिविलियन सरकार की 'विफलताओं' के साथ खड़े नहीं हो सकते हैं क्योंकि इससे उस संस्थान की वैधता समाप्त हो जाएगी जो 1965, 1971 तथा कारगिल की अपमानजनक पराजयों के बावजूद फलता-फूलता रहा है। शरीफ सैनिक अवस्थापना पर दबाव डाल कर इमरान खान सरकार को अपदस्थ कराना चाहते हैं जैसा सेना हमेशा करती रही है। क्या इस बार सचमुच मियां साहब ने जनरलों को मजबूर कर दिया है?

# यूपी की राजनीति में साजिशों का बोलबाला

समग्रता में देखने पर योगी सरकार कई मायनों में पिछली सरकारों से बेहतर नजर आ रही है। संभवत यही बात विपक्ष को बेचैन कर रही है।

शशिकांत
(लेखक एक स्तम्भकार हैं)



यूपी में पिछले साढ़े तीन साल में विपक्ष सरकार के खिलाफ ऐसा एक भी मुद्दा नहीं उठा पाया, जिसे विपक्ष जनांदोलन में तब्दील कर पाए और सरकार को जनविरोधी साबित कर सके। फिलहाल यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि विपक्ष के रूप में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा पाया है या ऐसी कोई सशक्त कोशिश भी है। प्रदेश की कई खबरें मीडिया की सुर्खियां तो बनीं, लेकिन जब गहराई से पड़ताल हुई, तो विपक्ष की ओर से जोर शोर से उठा गए, इन मुद्दों में सच्चाई कम, शिगूफा ज्यादा निकला। यूपी में विधानसभा चुनाव होने में अभी तकरीबन डेढ़ साल का वक्त है, लेकिन विपक्ष अभी तक मुद्दे तलाश रहा है, सरकार को घेरने में वह अब तक नाकाम साबित हो रहा है और उसे अभी ठोस आधार नहीं मिल सका है। जबकि सूबे में मुद्दों की कमी नहीं है। इसलिए बड़ा सवाल यह है कि विपक्ष को अभी से आखिर क्यों राजनीतिक साजिश का सहारा लेना पड़ रहा है? इस पर मंथन जरूरी है।

हो सकता है यह सुनने में आश्चर्यजनक लगे कि योगी सरकार को घेरने के नाम पर बदनाम करने के लिए विपक्ष साजिश रच रहा है, लेकिन यह सौ फीसदी सही है। सबसे ताजा उदाहरण हाथरस का है, जिसमें एसटीएफ की टीमें सूबे में जातीय दंगा कराने की साजिश की जांच कर रही हैं। इसका खुलासा मथुरा में पांच अक्तूबर को गिरफ्तार किए गए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया के चार सदस्यों से पूछताछ और उनके पास से बरामद किए गए सामाग्रियों से हुआ है।

इसी से जोड़कर गाजियाबाद के करहेड़ा गांव में कथित तौर पर 236 लोगों के धर्म परिवर्तन को भी देखा जा रहा है। मामले में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। पुलिस और खुफिया विभाग ने अपनी रिपोर्ट में कुछ लोगों के राजनीतिक दलों और कुछ संगठनों के संपर्क में होने की बात कही है। यहां से उन्हें फंड मिल रहा है, ताकि मामले को तूल दिया जा सके। इलाके में कुछ दिनों से आप कार्यकर्ताओं के सक्रिय होने की भी सूचना है। मामले को लेकर यह दिखाने का प्रयास किया गया कि दलितों ने आहत होकर धर्म परिवर्तन किया। जबकि ऐसा नहीं है। इससे पहले लॉकडाउन के दौरान भाजपा नेताओं ने उन्हें नगद के अलावा राशन की भी मदद की थी। आरोप है कि यह मांग कुछ समय बाद बढ़ती गई, तो वे गुपचुप तरीके से कुछ अन्य राजनीतिक दलों के संपर्क में आ गए।

इससे पहले 14 अक्तूबर को लखनऊ में विधानसभा के सामने महराजगंज जिले की एक महिला को आत्मदाह के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने कांग्रेस नेता आलोक प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आलोक प्रसाद पूर्व राज्यपाल सुखदेव प्रसाद के पुत्र हैं। पुलिस का दावा है कि महिला ने जहां खुद को आग लगाकर आत्मदाह करने की कोशिश की थी, आलोक की लोकेशन उसी जगह के पास थी। इसके अलावा इसी साल जुलाई में कांग्रेस के प्रवक्ता अनूप पटेल को अमेठी की दो महिलाओं को विधानसभा के सामने खुद को आग लगाने के उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जलने के कारण एक महिला की मौत हो गई थी। पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय ने तब कहा था कि, एआईएमआईएम नेता सहित गिरफ्तार किए गए लोगों पर साजिशन आत्मदाह के लिए उकसाने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। महिलाएं चार जुलाई को यूपी कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में अनूप पटेल से मिलीं, जिन्होंने उन्हें यही सलाह दी थी और पत्रकारों को इसे कवर करने के लिए कहा था। इससे पहले सीएए और एनआरसी के खिलाफ हुए उग्र प्रदर्शनों में भी पीएफआई का नाम आया था और इससे जुड़े लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी हुई थी। इसमें कांग्रेस की एक महिला प्रवक्ता को जेल भी भेजा गया था।

इसी तरह लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास, राजभवन और विधान भवन के सामने पिछले साल छह जनवरी को सड़कों पर आलू फेंका गया था। एक सप्ताह बाद पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दावा किया था कि सरकार को बदनाम करने के लिए समाजवादी पार्टी से जुड़े नेताओं ने आलू फेंका था। इनमें कन्नौज की सपा से जिला पंचायत अध्यक्ष शिल्पी कटियार के पति संजू कटियार, सपा से ही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी रहे जय कुमार तिवारी और शिवेंद्र सिंह उर्फ कुक्कू चौहान समेत कई सपा नेताओं के नाम सामने आए थे।

पुलिस को पड़ताल के दौरान मोबाइल नंबरों की लोकेशन और सीडीआर के आधार पर विधान भवन, राजभवन और मुख्यमंत्री आवास के आसपास घटना के वक्त कन्नौज और लखनऊ के कई सपा नेताओं की लोकेशन मिली थी। सीसीटीवी फुटेज में एक महिंद्रा पिकप गाड़ी कैद हुई थी, जिसके नंबर के आधार पर छानबीन की गई थी। इस दौरान गाड़ी के चालक कन्नौज के ठठिया निवासी संतोष पाल और फगुहा, लोहमन, तिरवा निवासी कुक्कू चौहान के करीबी अंकित सिंह को गिरफ्तार किया गया था।

इसमें संदेह नहीं कि समग्रता में देखने पर योगी सरकार कई मायनों में पिछली सरकारों से बेहतर नजर आ रही है। वह ना सिर्फ आगे बढ़कर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने की कोशिश कर रही है बल्कि जनता के सामने लगातार अपना रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने प्रस्तुत करने का साहस कर रही है। यह छोटी बात नहीं है। संभवत यही बात विपक्ष को बेचैन कर रही है। यही कारण है कि यूपी में इस तरह की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें सरकार को बदनाम करने की नीयत से साजिश रचीं गई हैं। सरकार को घेरने से पहले विपक्ष को कड़ा होमवर्क करना चाहिए, ताकि सरकार को मुद्दों पर घेरें, न कि शिगूफों के आधार पर जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास करें। राज्य सरकार के अच्छे कार्यों में सहयोग नहीं कर सकते, तो कम से कम व्यवधान भी न पैदा करें।

## आप की बात

### दलबदलुओं को सबक सिखाएं

**चुनावी** माहौल में अभी हमेशा की तरह नेताओं की एक दूसरे दल में छलांग जारी है। एक दूजे को फूटी आंख न सुहाने वाले अभी एक ही घाट पर पानी पीते नजर आ रहे हैं। बकरी और शेर की दोस्ती का हश्र क्या होगा यह तो परिणाम ही बताएंगे पर फिलहाल गिरगिट की तरह नेताओं का रंग बदलना जारी है। वैसे चुनावी माहौल में राजनीति का गिरगिटियाई स्वरूप कोई नया नहीं है। चुनावों की आहट के साथ ही नेता दल बदलने की मानसिकता से गुजरते हैं। इस समय भी लगभग वैसा ही हो रहा है। सबसे अधिक निर्दलीयों की तूती बजती है। इस तरह के लगभग 90 प्रतिशत उम्मीदवार केवल चुनावी समीकरण बिगड़ते हैं और जीतने वाले को हार और हारने वाले को जीता देते हैं। निर्दलीय जीतने वालों की तो अल्पमत सरकारों के समय चांदी हो ही जाती है। बिहार विधानसभा चुनाव और देश में हो रहे अन्य उपचुनाव में इस तरह की बानगी देखने को मिल रही है। बकरी और शेर का वैरभाव और वैमनस्य छोड़कर एक ही घाट पर पानी पीते देखना अचरज पैदा करता है।अब देखना यही है कि अभी एक ही थाली में साथ खा रहे नेता परिणामों के बाद उस थाली का क्या हाल करते हैं?

– **अमृतलाल मारू**, दसई, धार

### लचर आंतरिक सुरक्षा

**भारत** देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर चुस्त दुरुस्त बनाने की ओर केंद्र और राज्य सरकारों का ध्यान नही जा रहा है। ज्ञातव्य है इसी देश मे प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री और भारत की आत्मा संसद भवन पर हमला हो चुका है। हाल ही में शौर्य चक्र विजेता पंजाब राज्य के तरनतारन जिले के बलविंदर सिंह की शुक्रवार सुबह गोली मार कर हत्या कर दी गई। 20 आतंकियों का सामना करने वाले इस जवान का परिवार 1980 से 1993 तक कि आतंकी हमले झेल चुका था। राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा द्वारा इनके बड़े भाई राजेन्द्र सिंह और इनकी पत्नियों को शौर्य चक्र प्रदान किया था। ऐसे बहादुर बलविंदर सिंह परिवार पर कई टेली फ़िल्म बनाई गई है। लेकिन बलविंदर जैसे आतंकवादियों से निपटने वाले बहादुर की सुरक्षा जो सरकार द्वारा दी गई थी। उसे हटा लिया गया। सबसे चिंतनीय बिंदु है। बलविंदर के सुरक्षा उपलब्ध कराने की उच्चाधिकारियों से मांग पर कोई प्रभावी सुरक्षा उपलब्ध नही कराई गई। जिसका लाभ उठाते हुये आतंकियों ने घर में घुसकर कायराना हमला कर उनकी जान ले ली। सवाल प्रशासनतन्त्र है। जब एक बहादुर जवान की गुहार पर सुरक्षा नही मिलती तो आमजन की बात ही नही की जा सकती।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव


### बेलगाम सोशल मीडिया

**सोशल** मीडिया इन दिनों अभिव्यक्ति का एक सबसे सुगम साधन बन गया है जिसके माध्यम से तमाम प्रकार की जानकारियां पलक झपकते ही हमें प्राप्त हो जाती है , लेकिन यह सुगम साधन धीरे धीरे कई अव्यवस्थाओं लापरवाही यो की भेंट चढ रहा है। इस सोशल मीडिया का उपयोग उपयोगिता के मान से बहुत कम हो रहा है , बल्कि दुरुपयोग सबसे ज्यादा हो रहा है यह कहने में कोई संकोच नहीं दरअसल मीडिया एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां हर व्यक्ति पल भर में अपने भावों की अभिव्यक्ति , संवेदनाएं , वेदना , सुख-दुख जैसी तमाम प्रकार की बातों को प्रकट करता है। सोशल मीडिया पर कई पत्रकार अखबार हैं वह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में सजगता और सजग प्रहरी होने का प्रमाण भी दे रहे हैं , लेकिन कुछ बाजारी चैनल या खबरिया चैनल की फेकू न्यूज़ जो 24 घंटे इस बात के लिए दिखाई जा रही है कि यह खबर सबसे पहले हमने दिखाई या फिर यह ब्रेकिंग न्यूज़ हमारे चैनल की है और वह टीआरपी की दौड़ में खुद को इतना दौड़ाते हैं कि वह अपने प्रसारण के नियम भूल जाते हैं।

– **प्रकाश हेमावत**, टाटानगर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**यह** दुर्भाग्यपूर्ण है कि मैक्रों ने हिंसा फैलाने वाले आतंकियों के बजाए इस्लाम पर हमला बोलने का विकल्प चुनकर इस्लामोफोबियो को उकसाया है।

– **इमरान खान**
पाकिस्तान के प्रधानमंत्री



**जम्मू-कश्मीर** में अनुच्छेद 370 को हटाने का काम संवैधानिक ढंग से किया गया था और अब वह बहाल नहीं होगा।

– **रविशंकर प्रसाद**
केंद्रीय मंत्री



**जब** तक आप यह न कहें कि सर्वोच्च न्यायालय भी आपसे निर्देश लेता है, तबतक कृपया यह न बताएं कि न्यायाधीश क्या निर्णय लेंगे।

– **उमर अब्दुल्ला**
नेशनल कान्फ्रेंस नेता

# प्रधानमंत्री ने स्वनिधि योजना के तहत मोमोज बनाने वाले अरविन्द से किया संवाद

- दुर्गाकुंड स्थित वेंडिंग जोन में अरविंद मौर्य मोमोज व काफी की दुकान लगाता है
- पीएम से संवाद के दौरान मोमोज विक्रेता ने प्रधानमंत्री से वादा किया कि रामायण में सबरी की तरह उन्हें मोमोज जरूर खिलायेंगे

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के उत्तर प्रदेश के लाभार्थियों के साथ-साथ वाराणसी के दुर्गा कुंड वेंडिंग जोन में मोमोज एवं काफी का ठेला लगाने वाले अरविंद मौर्या से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहें।

पीएम नरेंद्र मोदी से वाराणसी के अरविंद मौर्या ने संवाद के दौरान बताया कि वे दुर्गाकुंड स्थित सीएमओ ऑफिस के पास वेंडिंग जोन में मोमोज व काफी का ठेला लगाते हैं। पीएम द्वारा स्वनिधि योजना का लाभ पाने के लिए अरविंद को कितना भागदौड़ करना पड़ा और किन.किन अधिकारियों के हाथ पैर पकड़ने पड़े की जानकारी पूछने पर अरविंद मौर्या ने प्रधानमंत्री को बताया कि उन्हें कहीं भी भागदौड़ नहीं करना पड़ा। डूडा एवं नगर निगम द्वारा सर्वे किया गया था और सर्वे के एक सप्ताह बाद यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सोनारपुरा ब्रांच से जहां पर उनका पहले से खाता हैं से फोन आया कि आपका लोन आया है और नगर निगम से बना हुआ कार्ड आधार कार्ड लेकर से बैंक आने को कहा। इस पर उन्हें बहुत आश्चर्य हुआ और लगा कि कोई उन्हें बेवकूफ बना रहा।

प्रधानमंत्री ने अरविंद से पूछा कि आप मोमोज कैसे बनाते हैं, इस पर अरविंद ने मोमोज बनाने की प्रक्रिया प्रधानमंत्री को बतायी। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरविंद को संबोधित करते हुए कहा कि हम बनारस आते हैं तो लोग हमें तो मोमोज नहीं खिलाते। इस पर अरविंद ने प्रधानमंत्री से वायदा किया कि इस बार उन्हें बनारस आने पर उन्हें मोमोज खिलाएंगे। इस पर प्रधानमंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि



उनके सिक्योरिटी के लोग उन्हें सब कुछ ऐसे ही नहीं खाने देते। जिस पर अरविंद ने प्रधानमंत्री से कहा कि वे रामायण सबरी की तरह उन्हें मोमोज अवश्य खिलाएंगे। कोरोना काल में व्यापार बाधित होने और उस से आने वाली परेशानी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने अरविंद से पूछा कि कोरोना से बचने के लिए एवं लोगों को जागरूक करने के लिए वे क्या करते हैं और अपना धंधा कैसे चलाते हैं। अरविंद ने बताया कि उनकी दुकान पर मास्क लगाकर आने वालों को एक मोमोज फ्री देने की उनकी ग्राहकों से स्कीम है। इस पर प्रधानमंत्री ने उनका स्वागत करते हुए कोरोना से बचाव हेतु लोगों को जागरूक करने हेतु धन्यवाद के दिया। मोमोज की ऑनलाइन होम डिलीवरी के बाबत पूछे जाने पर अरविंद ने बताया कि पिंकी के माध्यम से वे ऑनलाइन डिलीवरी भी करते हैं। सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ मिलने के बाबत प्रधानमंत्री द्वारा पूछे जाने पर अरविंद मौर्या ने बताया कि परिवार के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए उन्हें 5 लाख रुपये का आयुष्मान कार्ड बना हैए अंत्योदय कार्ड बना है जिसके द्वारा कोरोना कॉल में फ्री राशन मिला, श्रम योगी योजना में बीमा हुआ है, जिससे 60 वर्ष की आयु के पश्चात उन्हें 3000 रुपये प्रति माह मिलेगाए इसके अलावा भी सरकार द्वारा बीमा कराया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोमोज एवं काफी विक्रेता अरविंद मौर्या से वार्ता के दौरान कोरोना से पूरी सफलता के साथ जंग लड़ने के लिए




बनारसवासियों को धन्यवाद एवं नमस्कार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से सीधे संवाद के दौरान अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वनिधि योजना में देश में प्रथम स्थान पर है। उत्तर प्रदेश में अर्थव्यवस्था में स्ट्रीट वेंडरों की बड़ी भूमिका है। इस योजना से लोगों की आवश्यकता पूरी हुई है। उत्तर प्रदेश में पलायन रोकने में रेहड़ी.पटरी वालों को दिए जा रहे स्वनिधि योजना के लोन की बड़ी भूमिका है। उत्तर प्रदेश ने स्वनिधि योजना में ऋण स्टांप ड्यूटी से मुक्त किया है। तत्परता से इस योजना का लाभ दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनकी पूरी टीम को प्रधानमंत्री ने बधाई दी।

### प्रधानमंत्री ने कहा- बनारस ने हमेशा दिशा दी है

**वाराणसी।** स्वनिधि योजना में समय से क़िस्त की अदायगी पर 07 फीसदी ब्याज की छूट है तथा डिजिटल पेमेंट पर प्रति माह 100६ कैशबैक की सुविधा है। 01 जूनए 2020 को स्वनिधि योजना लागू हुई और 2 जुलाईए 2020 को आवेदन आने लगे। तीव्र गति से योजना को लागू किया गया। ऐसी कल्पना नहीं थी। गरीब पटरी.रेहड़ी वालों के लिए आजादी के बाद से पहली बार ऐसी महत्वाकांक्षी योजना बनी है। देश आपकी श्रम का सम्मान कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत में वेंडरों के योगदान को पहचान रहा है। योजना में कोई गारंटी नहींए कोई प्रमाण पत्रों के झंझट नहींए बैंकों में चक्कर नहीं लगानेए कोई दलाल नहीं। बल्कि बैंक खुद आपके पास जाकर लोन दे रही है। व्यक्ति स्वयं ऑनलाइन अपना आवेदन अपलोड कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बनारस ने हमेशा दिशा दी है। वेंडर भी कोरोना कॉल में सोशल डिस्टेंसिंगए डिजिटल पेमेंट पर एक फ्री मोमोज का ऑफर एक बड़ा प्रेरणादाई है। यही देश की ताकत हैए इन्हीं से देश आगे बढ़ता है। योजना से गरीबों के त्यौहार में रोशनी फैली है। आज का दिन आत्मनिर्भर भारत के लिए विशेष दिन है। उत्तर प्रदेश के लोग कैसे कठिन परिस्थितियों में मुकाबला करते हैंए यह साबित हुआ और आज का दिन इसका साक्षी है। प्रधानमंत्री ने अभी त्यौहार पर 2 गज दूरी मास्क है जरूरी का संदेश देते हुए सभी को त्योहारों की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

लखनऊ व वाराणसी के पीएम.स्वनिधि लाभार्थियों से संवाद कर इस पर चल रहे काम की हकीकत से वाकिफ हुआ गया। प्रधानमंत्री ने वेंडरों से संवाद करके यह जानने का भी प्रयास किया कि उन्हें योजना का लाभ देने में कोई परेशानी तो नहीं हुआ और आगे मिलने वाली स्कीमों की भी उन्हें जानकारी है कि नहीं। वेंडरों के जवाब से प्रधानमंत्री पूरी तरह संतुष्ट दिखे। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में हजारों वेंडरों को इससे लाभान्वित कराया गया है। यह केवल लोन ही नहीं हैंए बल्कि डिजिटल ट्रांजैक्शन करने पर कैशबैक की भी स्कीम है। इसके अलावा और आगे भविष्य में और कई लाभ भी वेंडरों को मिलना है। वाराणसी में लगभग 22 हजार वेंडरों को योजना के अंतर्गत ऋण प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन वेंडरों को स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृत किया गया हैए उन्हें मॉडल प्रमाण पत्र के रूप में आज पांच स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें स्वीकृति पत्र वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21000 वेंडरों के बैंक खातों में पहले ही ऋण की धनराशि उपलब्ध करा दी गई है। इधर एक.दो दिनों में जिन लोगों के आवेदन स्वीकृत किए गए आज ही उनके खातों में ऋण की धनराशि उपलब्ध करा दी जाएगी।

# बांगरमऊ उपचुनावः सपा, बसपा, कांग्रेस में है परिवारवादः योगी

- सपा, बसपा और कांग्रेस ने पार्टी को परिवार तक सीमित रखा पर भाजपा ने मैदान में उतारा कार्यकर्ता- सीएम
- भाजपा का एक सामान्य कार्यकर्ता भी चुनाव लड़ सकता है और बांगरमऊ से कार्यकर्ता को मैदान में उतारा

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव







**सपा, बसपा,** कांग्रेस ने देश और पार्टी को परिवार तक सीमित रखा है और परिवार के बाहर जाने की सोच ही नहीं रखते हैं। लेकिन, भाजपा के लिए चौबीस करोड़ की जनता ही परिवार है और जनता के हितों के लिए संकल्प लिया है। भाजपा का एक सामान्य कार्यकर्ता भी चुनाव लड़ सकता है और बांगरमऊ से कार्यकर्ता को मैदान में उतारा है। यह सिर्फ भाजपा में ही संभव हो सकता है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक माह में दूसरी बार 162 बांगरमऊ विधान सभा में आकर सभा को संबोधित किया। मंगलवार की शाम करीब साढ़े तीन बजे बांगरमऊ उपचुनाव को लेकर बीजेपी प्रत्याशी श्रीकांत कटियार के समर्थन में सीएम योगी आदित्यनाथ बांगरमऊ स्थित शांति मिल मैदान में जनसभा करने पहुंचे। सीएम ने कहा कि भाजपा ही जनता का उत्थान कर पाएगी। बांगरमऊ से प्रत्याशी ने पहले कभी सोचा नहीं था और कभी टिकट मांगा भी नहीं। लेकिन पार्टी ने महसूस किया और कार्यकर्ता को मौका मिला। जनपद कलम और तलवार की पावन स्थली है। सीएम ने कहा कि हम जनता को जनार्दन मानते है। शौचालय, बिजली कनेक्शन, गरीब कन्या विवाह अन्य योजनाएं बिना किसी का धर्म देखे लागू किया। सरकार ने गौशालाएं बनवाई और गौ-माता की रक्षा के प्रति हम कटिबद्ध है। पहले नौकरी पर बोलियां लगती थी। उत्तर प्रदेश पूरी मजबूती के साथ देश विकास की ओर बढ़ रहा है। 500 वर्षो की टीस खत्म कर राम मंदिर का निर्माण के रास्ते खुले। रामराज्य की संकल्पना को यथार्थ करने का कार्य मोदी सरकार कर रही है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र सिंह, विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक, राज्यमंत्री मोहसिन रजा, जलशक्ति मंत्री महेन्द्र सिंह, राज्यमंत्री आईटी अजीत पाल, सांसद साक्षी महराज, विधायक पकंज गुप्ता, बृजेश रावत, जिला पचांयत अध्यक्ष संगीता सेंगर, ब्लाक प्रमुख अरूण सिंह, जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत, अनुराग अवस्थी, आनन्द अवस्थी, समेत कई बीजेपी नेता मौजूद रहे।

**अपराधियों की संपति पर चला बुलडोजर- स्वतंत्र देवः** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पूर्व की सरकार सपा व बसपा ने जमकर लूटपाट की। प्रदेश में बीजेपी की सरकार आते ही अपराधियों की संपति पर बुलडोजर चला है। बीजेपी प्रत्याशी श्रीकांत कटियार ने कहा कि मैं भीख मांगकर इस विधानसभा का विकास कराऊंगा। कहा कि मै सम्मानित जनता का सिर नही झुकने दूंगा। सांसद साक्षी महराज ने कहा कि मेरी लोकसभा चुनाव में यही सीएम आए थे, तबयह भीड़ आधी थी। आज मैदान भर हुआ है। मै सीएम के सामने कहता हूं यही भीड़ आपको चुनाव जीतकर देगी।

**निर्धारित समय से विलंब पहुंचे सीएमः** निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटा देर बाद सीएम योगी जनसभा स्थल पहुंचे। सीएम के पहुंचने पर कार्यकर्ताओ में जोश उमड़ गया। सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने नारेबाजी लगाते हुए सीएम का जोर शोर से स्वागत किया।

**खुफिया टीमें रही अलर्टः** सीएम का कार्यक्रम जारी होने के बाद खूफिया टीमें अलर्ट हो गई थी। एक दिन पहले सोमवार से ही कार्यक्रम स्थल से लेकर आसपास कई जगह टीम लगातार संदिग्धों पर नजर बनाए रही। देरशाम कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न होने के बाद टीम ने राहत की सांस ली। सीएम की जनसभा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर रहा। सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न जिलो के पुलिसकर्मी लगाए गए थे।

## क्विक न्यूज

### चोरी करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली पुलिस ने बैंक मित्र के घर से चोरी करने वाले दो शातिर चोर अभियुक्तों को मंगलवार को चोरी के माल समेत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के देवी नगर सूर्यान्श ढ़ाबा के सामने रहने वाले बैंक मित्र रमेश सिंह पुत्र स्व. शिवदर्शन सिंह के घर में बैंक ऑफइण्डिंया के ग्राहक सेवा केन्द्र है। 24 अक्टूबर को अज्ञात चोरो ने ग्राहक सेवा केन्द्र से एक अदद लैपटॉप व 3500 रूपये पार कर दिए थे। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। मंगलवार को नवाबगंज चौकी प्रभारी जितेन्द्र सिंह यादव ने सन्तोष पुत्र प्यारे लाल व सरोज पुत्र प्रकाश निवासी भगवन्तपुर को एक लैपटॉप, 2500 रूपए व एक बाइक समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनो आरोपितो को कोर्ट में पेश किया है।

### संदिग्ध हालत में अधेड़ का कमरे में पड़ा मिला शव

**उन्नाव।** शहर कोतवाली क्षेत्र के करोवन गांव में रहने वाले अधेड़ का संदिग्ध हालत में मंगलवार सुबह कमरे में शव पड़ा मिला। मृतक की मां का आरोप था कि प्रताड़ना से ऊबकर जान दे दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक पड़ने से मौत होने की पुष्टि हुई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के करोवन गांव में रहने वाले अधेड़ अशोक चौधरी ने चार साल पहले पत्नी की हत्या मामले में जेल में बंद था। 04 जनवरी 2018 को जमानत पर छूटकर बाहर आया था। बेटों ने घर से भगा दिया था। उसके बाद करोवन में रहने वाली मां केशाना के पास रहने लगा था। सुबह देर तक कमरे से उठकर बाहर न आने पर मां केशाना ने देखा तो वह कमरे में मृत अवस्था में पड़ा मिला।

### लोक लुभावने चुनावी वायदों के पूरा न करने पर हो दंड की व्यवस्थाः सोसल रिफार्म

**प्रयागराज।** कांस्टीट्यूशनल एण्ड सोसल रिफार्म के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता ए एन त्रिपाठी ने कहा है कि राजनीतिक दलों व नेताओं को चुनाव के दौरान अव्यावहारिक लोक लुभावने वायदे करने को भ्रष्ट आचरण माना जाय और सुप्रीम कोर्ट इस संबंध में गाइडलाइन जारी कर सत्ता पाने पर वायदे पूरा न करने वाली पार्टी या नेता को अगला एक चुनाव लड़ने से रोकने की व्यवस्था करे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि नेता चुनावों में ऐसे वायदे यह जानते हुए करते हैं कि उसका पूरा होना संभव नही है। गरीब भोलीभाली जनता को इनके बहकावे में आकर सत्ता सौप पछताना पडता है। गाइडलाइन में वायदे पूरे करने की योजना का खुलासा चुनाव के दौरान ही किया जाए। श्री त्रिपाठी ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व कानून में वायदा पूरा न करने पर कोई दंड का उपबंध नही है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट को संविधान की मंसा के अनुरूप लोकतांत्रिक व्यवस्था में देशभक्त ईमानदार लोगों को राजनीति मे आने का मार्ग दिखाना चाहिए अन्यथा प्रजातंत्र बेमानी हो जायेगा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि विहार विधान सभा चुनाव में जिस तरह से लोक लुभावने वायदे कर गरीब जनता को भ्रमित कर वोट लेने की कोशिश की जा रही है वह लोकतंत्र के लिए घातक है। नौकरी देने कर्ज माफी का वायदा करना जनता के टैक्स का दुरूपयोग है।

### मधुमक्खी पालन व्यवसाय तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**वाराणसी।** फॉउंडेशन फॉर एडवांसमेंट ऑफएग्रीकल्चर एंड रूरल डेवेलपमेंट (फॉर्ड फाउंडेशन) व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी के संयुक्त प्रयास से भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित बॉयोटेक किसान परियोजना के अंतर्गत किसानों को मधुमक्खी पालन का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बॉयोटेक किसान परियोजना के अंतर्गत चयनित नीति आयोग द्वारा आकांछी जिले के रूप में चयनित जिलों के प्रशिक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। उमेश सिंह के मुताबिक मधुमक्खी पालन एक ऐसा व्यवसाय है जो मानव जाति को लाभान्वित कर रहा है यह एक कम खर्चीला घरेलू उद्योग है।

# डीरेका में सतर्कता जागरूकता की दिलाई शपथ

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**डीजल रेल** इंजन कारखाना सतर्कता विभाग की ओर से मंगलवार अपराहन सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ महाप्रबंधक यशपाल सिंह ने किया। डीरेका प्राविधिक प्रशिक्षण केन्द्र प्रेक्षागृह में सतर्कता पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता आईआईटी बीएचयू के डॉ. पुनीत के. बिंदलिश निवारक सतर्कता के लिए संगठनों में एकीकृत बुद्धिमत्ता के लिए स्व प्रबंधन नेतृत्व विषय पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान में डॉ. बिंदलिश ने चार सिद्धांतों समस्या की पहचान, मूल मुद्दे पर विमर्श, सुझबुझ से आदर्श अवस्था में मुद्दे को लाना एवं समस्या का निष्पादन कर आदर्श अवस्था प्राप्त



करने का सुझाव दिया। इस मौके पर डॉ. बिंदलिश ने प्रश्नों का उत्तर भी दिया। आगत अतिथियों का स्वागत मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके चौधरी ने किया। संचालन व धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य सतर्कता अधिकारी आरके सिंह ने किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान व रेल मंत्री पीयूष गोयल के निर्देश पर डीरेका में मंगलवार को कोविड से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोरोना से बचाव के लिए जारी गाईडलाईन अनुपालन के सम्बंध में डीजल रेल इंजन कारखाना संरक्षा विभाग की ओर से कार्यशाला में जगह-जगह शपथ ग्रहण व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षा अधिकारी नितिन मेहरोत्रा के नेतृत्व में उप मुख्य संरक्षा अधिकारी यूएस श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने कार्यशाला में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य कोरोना से लड़ने एवं बचाव की शपथ दिलायी।

### वृद्धा से युवक ने की छेड़छाड़

**औरास,उन्नाव।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी करीब 70 वर्षीय वृद्धा मंगलवार दोपहर गांव के पास ही रजबहे में शौच क्रिया के लिए गई थी। तभी गांव के ही एक युवक ने उसे बदनियती से खींच लिया और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। वृद्धा ने विरोध कर चिलाई पास में खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने मौके पर जाकर देखा तो युवक भागने लगा। ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड पीआरवी को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को थाने ले आई। वहीं वृद्धा को 108 एंबुलेंस से पीएचसी में भर्ती कराया गया। पीड़िता के देवर के बेटे बिजय कुमार ने थाने में गांव के ही पास के भीखी खेड़ा गांव निवासी एक युवक के खिलाफ तहरीर दे कार्रवाई की मांग की है।

# जीएम एनसीआर ने सतर्कता सप्ताह पर कर्मचारियों को दिलाई शपथ

- सतर्क भारत समृद्ध भारत के मुख्य संदेश के साथ उत्तर मध्य रेलवे में होगा कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**सतर्क भारत** समृद्ध भारत के मुख्य संदेश के साथ उत्तर मध्य रेलवे पर 27 अक्टूबर से 02 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन शुरू हुआ। महाप्रबंधक एनसीआर राजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे के रेलकर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। भ्रष्टाचार पक्षपात और भाई भतीजावाद की प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन जाता है। इस वर्ष सतर्क भारत समृद्ध भारत के मुख्य संदेश के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक मनाया जा रहा है। जिन्हें एक अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा है। सिस्टम में सुधार लाने और ऑडिट के माध्यम से अधिक पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे पर जिन गतिविधियों को चिन्हित किया गया है। उनमें रेल भूमि का प्रबंधन अर्थात् भूमि का स्वामित्व अतिक्रमण सम्बंधी मुद्दे आदि रेलवे आवास के आवंटन एवं अन्य संबंधित मुद्दों में पारदर्शिता और आईटी का उपयोग रेलवे में आउटसोर्स सेवाओं में काम करने वाले व्यक्तियों को उचित भुगतान और अन्य लाभों को लागू करना संपत्ति प्लांटों और मशीनरी आदि का निष्पक्ष और पारदर्शी प्रबंधन आदि शामिल है। इसके अतिरिक्त नियमित निरीक्षण द्वारा निवारक सतर्कता उपायों रेलकर्मियों के लिए आवश्यक प्रशिक्षण रिकॉर्ड रखने की समयावधि की स्पष्ट परिभाषा बेहतर पारदर्शिता और दक्षता के लिए आईटी का व्यापक उपयोग रेलवे स्कूलों अस्पतालों आदि के उचित प्रबंधन पर भी बल दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जेंडर संवेदनशीलता भी इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हिस्सा है। आईटी का निवारक सतर्कता उपकरण के रुप में उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाता है। रेल में प्रयुक्त आईटी आधारित सेवाओं का आडिट भी किया जाएगा। महाप्रबंधक राजीव चौधरी द्वारा उत्तर मध्य और उत्तर रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ



रेल अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाते जीएम राजीव चौधरी

दिलाने के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ हुआ। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और मुख्य सतर्कता अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे नवीन कुमार सिन्हा आदि रहे।

### रेल विद्युतीकरण संगठन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

**प्रयागराज।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 का उद्घाटन मंगलवार को केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज के परिसर में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक कोर यशपाल सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर तथा सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि देकर किया। इसके बाद संगठन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर अधिक से अधिक कर्मचारियों से जुड़ने हेतु वेब लिंक का भी प्रयोग किया गया। 27 अक्टूबर से 02 नवंबर तक सप्ताह भर चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान वाक प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता तथा सतर्कता जागरूकता पैदा करने की दृष्टि से सेमिनार जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमिताभ शर्मा ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष इस सप्ताह के दौरान किया जाता है।

### ट्रिपलआईटी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**प्रयागराज।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत मंगलवार को आनलाइन माध्यम से शपथ ग्रहण के साथ हुई। केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने इस वर्ष सतर्कता जागरुकता सप्ताह का विषय सतर्क भारत समृद्ध भारत के रुप में मनाने का दिशा निर्देश जारी किया है। इस वर्ष संस्थान में सतर्कता जागरुकता सप्ताह आनलाइन माध्यम से मनाया जा रहा है। संस्थान में कार्यरत लोगों ने ऑनलाइन शपथ ले कर अपने प्रमाण पत्र प्राप्त किये। प्रो ओ पी व्यास मुख्य सतर्कता अधिकारी ने बताया कि भ्रष्टाचार देश की आर्थिक राजनैतिक और सामाजिक प्रगति के लिए बहुत बड़ा बाधा उत्पन्न करती है। उन्होंने बताया कि देश में भ्रष्टाचार तभी समाप्त हो सकता है। जब तक कि जनता में जागरूकता नहीं आयेगी। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई.गर्वनेन्स का प्रयोग सबसे प्रभावशाली हथियार सिद्ध हुये हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आनलाइन माध्यम से आयोजित किये जाएंगे। पीआरओ पंकज मिश्र ने बताया कि 28 अक्टूबर को स्लोगन लेखन प्रतियोगिता 29 अक्टूबर को स्वरचित काव्य प्रतियोगिता 31 अक्टूबर को हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषा में निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा 2 नवम्बर को शाम 3 बजे से निदेशक एवं अधिष्ठाता द्वारा आनलाइन माध्यम से व्याख्यान का आयोजन किया गया है।

### प्रयागराज मंडल में सतर्कता सप्ताह का शुभारंभ

**प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल पर सतर्कता सप्ताह का शुभारंभ हुआ। सप्ताह का शुभारंभ करते हुए मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा ने मंडल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमानदारी एवं सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई। शपथ दिलाते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा उसे सदैव ईमानदारी एवं सत्य निष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए। उन्होंने मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारियों से आवाहन किया कि वे प्रतिज्ञा करें कि वे जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करेंगे तथा सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शिता की रीति से करेंगे। अपने निजी आचरण में ईमानदारी दिखाकर उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

### गायक मनोज सिंह को डीएम ने किया सम्मानित

**प्रयागराज।** प्रयागराज के डीएम भानुचन्द्र गोस्वामी ने गाजीपुर के गहमर गांव के निवासी सीडीए कर्मी मनोज सिंह मन्नू गहमरी को भोजपुरी को बढ़ावा देने के लिये एनसीजेडसीसी में सम्मानित किया। उन्हें हरिश्याम मानव कल्याण शिक्षा एवं शोध संस्थान अम्बेडकर विहार प्रयागराज की ओर से आयोजित तीन दिवसीय दिव्य कुंभ भव्य कुंभ के छायाचित्र प्रदर्शनी में सम्मानित किया गया। मनोज सिंह के भोजपुरी में दर्जन भर देवी गीतों के एलबम बाजार में हैं। मनोज सिंह की शिक्षा गाजीपुर और वाराणसी से हुई। वह प्रयागराज के राजरूपपुर इलाके के जगमल का हाता में परिवार सहित रहते हैं। उन्होंने बताया कि कोविड 19 के दौरान लोगों को भोजपुरी गीतों के माध्यम से जागरुक किया।

### बीएचयू एनएसएस स्वयं सेवकों ने दिया आत्मनिर्भरता का संदेश

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन की 21वी कड़ी में युवाओं ने दिया राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। बीएचयू एनएसएस की ओर से आत्मनिर्भर भारत जागे युवा-जागे भारत कार्यक्रम ऑनलाइन राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन में का आयोजन किया गया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए डॉ महेंद्र कुमार ने कहा कि समाज और राष्ट्र के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं जिसका सामना युवाओं को अपनी सृजनात्मक शक्ति से करना है। संगीत हमें आत्मिक शांति प्रदान करता है। वक्ताओं ने कहा कि पीएम मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को युवा ही पूरा कर सकते हैं। हिमांशु माहेश्वरी ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के प्रचार प्रसार के लिए संगीत अत्यंत ही सशक्त माध्यम है। संगीत से भावात्मक एकता के साथ हम युवाओं में देश प्रेम और सामुदायिक विकास की भावना का सहज ही विकास कर सकते हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा निदेशालय की डॉ शशि कालिया ने किया।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 28 अक्टूबर, 2020



# दो तिहाई बहुमत का विश्वास, केंद्रीय कृषि कानूनों को निष्प्रभावी करने के लिए विधेयक लाएंगे: तेजस्वी

**भाषा।** नई दिल्ली/पटना

**राजद** के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को दो तिहाई बहुमत मिलने की उम्मीद जताते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार बनने के बाद युवाओं को नौकरियां देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी तथा विधानसभा के पहले सत्र में केंद्रीय कृषि कानूनों को निष्प्रभावी बनाने के लिए विधेयक पारित किया जाएगा। महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार ने यह भी कहा कि वह विधानसभा चुनाव में मुद्दा आधारित प्रचार अभियान चला रहे हैं जिससे जनता खुद को जोड़ पा रही है और 10 नवंबर को मतगणना वाले दिन बिहार एक नए सवेरे का साक्षी बनेगा।

यादव ने कहा कि इतिहास में पहली बार बिहार के युवाओं से यह वादा किया गया है कि कैबिनेट की पहली बैठक में पहली कलम से 10 लाख नौकरियां दी जाएंगी। वह 243 सदस्यीय विधानसभा में महागठबंधन के कितनी सीटें जीतने की उम्मीद कर रहे हैं तो उन्होंने कहा, मैं कोई ज्योतिषी नहीं हूं, लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान जो जनसमर्थन मिल रहा है, उससे यह विश्वास मिलता है कि हमें बिहार की महान जनता का आशीर्वाद है और उन्होंने हमें बड़ी जिम्मेदारी देने का फैसला किया है।

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री यादव ने उम्मीद जताई कि इस चुनाव में महागठबंधन को दो तिहाई बहुमत मिलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, मैं आपको विश्वास के साथ कह सकता हूं कि ज्यादातर सीटों पर राजग उम्मीदवारों की जमानत जब्त होगी। 10 नवंबर को आइए, बिहार एक नए सवेरे का साक्षी बनेगा। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के मुताबिक, सत्ता में आने के बाद उनकी पहली सबसे बड़ी प्राथमिकता युवाओं को नौकरियां देने की होगी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार एक जिम्मेदार सरकार होगी जो एक प्रतिक्रियाशील प्रशासन देगी। रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग ऐसे क्षेत्र जिनकी नीतीश कुमार के 15 वर्षों के शासन में उपेक्षा की गई, हम इन क्षेत्रों का पुनरुत्थान और कायापलट करेंगे।

लोजपा के अध्यक्ष चिराग पासवान के साथ चुनाव बाद गठबंधन की संभावना से जुड़े प्रश्न के उत्तर में तेजस्वी यादव ने कहा कि पासवान पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह भाजपा के साथ हैं और नीतीश की जगह भाजपा का मुख्यमंत्री देखना चाहते हैं। एआईएमआईएम, बसपा और रालोसपा के गठबंधन को लेकर कहा कि बिहार में सबसे ज्यादा राजनीतिक जागरूकता है तथा भाजपा के इन ए, बी, सी पैराशूट गठबंधनों का इस चुनाव में कोई असर नहीं होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार बनने के बाद वह भी पंजाब की तरह केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ विधेयक लाएंगे तो यादव ने कहा, हां, निश्चित तौर पर हम विस के पहले सत्र में विधेयक लाएंगे जो इन तीन कृषि कानूनों को निष्प्रभावी करेगा। यह हमारे महागठबंधन के घोषणापत्र में भी है।

राजद नेता ने यह दावा भी किया कि जनता में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर घोर नाराजगी है और यह स्थिति उनकी सत्ता की लालसा और कोविड महामारी के समय बेरोजगारों, मजदूरों और गरीबों के प्रति भेदभावपूर्ण रवैए के कारण पैदा हुई है। यह पूछे जाने पर कि क्या प्रधानमंत्री के चुनाव प्रचार करने से राजग को फायदा मिलेगा तो यादव ने कहा कि बिहार की 12 करोड़ से अधिक जनता ने तय कर लिया है कि उन्हें बेरोजगारी, पलायन, भ्रष्टाचार, गरीबी और महंगाई जैसे जीवन के असल मुद्दों पर वोट करना है। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव में राजद, कांग्रेस और वाम दल मिलकर चुनाव मैदान में उतरे हैं।


श्रीनगर में एक ग्रामीण क्षेत्र से केसर के फूल एकत्र करती महिलाएं

# मोदी आज बिहार में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा महासचिव व बिहार के प्रभारी भूपेन्द्र यादव ने मंगलवार को दी। यादव ने ट्वीट कर बताया, कल 28 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के दरभंगा, मुजफ्फरपुर और पटना में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। आपका स्वागत है प्रधानमंत्री जी। प्रधानमंत्री की पहली रैली दरभंगा के राज मैदान में सुबह 10 बजे होगी। इसके बाद वह मुजफ्फरपुर के मोतीपुर चीनी मिल स्थित पचरुखी मैदान में दूसरी जनसभा को संबोधित करेंगे। दिन की आखिरी रैली प्रधानमंत्री पटना हवाई अड्डे के निकट स्थित वेटरनरी कालेज कैंपस में होगी। प्रधानमंत्री की इस रैली का डिजीटल माध्यम से सीधा प्रसारण पटना के लगभग 300 मैदानों में किया जाएगा।

बिहार में दूसरे चरण के चुनाव के तहत पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, वैशाली, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, नालंदा व पटना जिलों की 94 सीटों पर आगामी तीन नवंबर को मतदान होगा।

प्रधानमंत्री इससे पहले बिहार में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित कर चुके हैं। सासाराम, गया और भागलपुर में रैलियों को संबोधित किया था। बिहार में भाजपा और जनता दल (यूनाईटेड) के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हम और वीआईपी का गठबंधन है। राजग के मुकाबले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व में कांग्रेस और वामपंथी दलों का महागठबंधन मैदान में है। भाजपा की सहयोगी और पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान द्वारा गठित लोजपा अकेले चुनाव मैदान में है जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी रालोसपा और बसपा सहित कुछ छोटे दलों का गठबंधन भी चुनावी मैदान में ताल ठोक रहा है।

## उपचुनाव में प्रचार के लिए मध्य प्रदेश आने पर पायलट का स्वागत है : सिंधिया

**भोपाल।** भाजपा के सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने पूर्व सहयोगी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट से ग्वालियर में मुलाकात की और उपचुनाव में प्रचार के लिए मध्य प्रदेश आने पर उनका स्वागत है। पायलट कांग्रेस के प्रचार अभियान में शामिल होने के लिए ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार सुबह को ग्वालियर पहुंचे। गत मार्च माह में ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सिंधिया ने पीटीआई भाषा से कहा, मैं उनसे ग्वालियर में मिला और उनका स्वागत किया। ग्वालियर राजघराने के वंशज सिंधिया ने कहा कि मध्य प्रदेश में सबका स्वागत करने की परंपरा है, इसलिए उनका (पायलट) यहां स्वागत है। यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस के पक्ष में पायलट के प्रचार करने से उपचुनाव में क्या कोई फर्क पड़ेगा, सिंधिया ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को प्रचार करने का अधिकार है।

# मप्र के मुख्यमंत्री के सामने जातिगत आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ राजपूतों की नारेबाजी, हंगामा

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** विजय दशमी पर राजपूत समुदाय के मंगलवार को यहां आयोजित पारंपरिक शस्त्र पूजन समारोह के दौरान थोड़ी देर के लिए हंगामे की स्थिति बन गई, जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के भाषण के बीच कुछ श्रोताओं ने जातिगत आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। सूबे की 28 विधानसभा सीटों पर तीन नवंबर को होने वाले उप चुनावों से पहले आयोजित इस समारोह में चौहान अपने व्यस्त चुनावी कार्यक्रम के बावजूद शरीक हुए। इसमें राजपूत समुदाय के सैकड़ों लोगों के साथ भाजपा नेता भी शामिल हुए।

चश्मदीदों के मुताबिक, समारोह में मुख्यमंत्री का भाषण जब समाप्ति की ओर था, तब श्रोताओं में शामिल कुछ महिलाएं और पुरुष अपनी कुर्सी से उठे और जातिगत आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ अचानक नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने "मामाजी (चौहान का लोकप्रिय उपनाम) सबको नौकरी दो और हम अपना अधिकार मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते" जैसे नारे भी लगाए। अपने व्यस्त चुनावी कार्यक्रम का हवाला देकर मुख्यमंत्री समारोह स्थल से रवाना हो गए।

नारे लगाने वाली महिलाओं में शामिल सरला सोलंकी ने संवाददाताओं से कहा कि सरकारी क्षेत्र की शिक्षा तथा नौकरियों में समाज के सभी वर्गों को समान अवसर दिए जाने चाहिए और जातिगत आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था खत्म की जानी चाहिए। कार्यक्रम में हंगामा करने वाले मनोहर रघुवंशी ने खुद को कांग्रेस समर्थक बताते हुए कहा, मुख्यमंत्री को चुनावों के दौरान ही राजपूत समुदाय की याद आती है। मैं जब इस बात को लेकर उनके सामने विरोध जता रहा था, तो कुछ पुलिस कर्मी मुझे पकड़कर ले गए और बाथरूम के पास एक कोने में बंद कर दिया। इस तरह मेरी आवाज को दबा दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बताया कि भोपाल की मनुआभान टेकरी पर रानी पद्मावती का स्मारक बनाने का फैसला काफी पहले ही किया जा चुका है और इसके लिए प्रदेश की राजधानी में जमीन भी आरक्षित हो चुकी है। उन्होंने संजय लीला भंसाली की विवादास्पद फिल्म "पद्मावत" (2018) को समाज के सम्मान पर आघात" बताते हुए कहा कि इस बॉलीवुड शाहकार को सूबे में प्रतिबंधित कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने बताया, हमने राज्य में इस फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर दर्ज सारे मामले वापस लेने का फैसला किया है क्योंकि प्रदर्शनकारियों ने अन्याय का विरोध किया था। उन्होंने यह भी बताया कि रानी पद्मावती की वास्तविक जीवन गाथा को अगले सत्र से राज्य के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही, बहादुरी भरे काम करने वाले पुरुषों और महिलाओं के हौसले को सलाम करने के लिए क्रमशः महाराणा प्रताप और रानी पद्मावती के नाम पर दो-दो लाख रुपए के वार्षिक पुरस्कार शुरू किए जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### शादी का प्रस्ताव ठुकराने से खफा व्यक्ति ने अभिनेत्री पर चाकू से हमला किया

**मुम्बई।** मुम्बई के अंधरी उपनगर में शादी का प्रस्ताव ठुकराने से खफा एक व्यक्ति ने अभिनेत्री पर कथित तौर पर चाकू से हमला किया। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार रात करीब नौ बजे अंधेरी के वर्सोवा इलाके में हुई जब अभिनेत्री मालवी मल्होत्रा एक कैफे से घर लौट रही थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कार में सवार आरोपी योगेश महिपाल सिंह ने मालवी को रास्ते में रोका और उससे पूछा कि उसने उससे बात करना क्यों बंद कर दिया है। इस बात पर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई, जिसके बाद आरोपी ने अभिनेत्री के पेट और दोनों हाथ पर चाकू से वार किया और फरार हो गया। अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री का एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है। वर्सोवा पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक राघवेंद्र ठाकुर ने कहा, हमने भादंवि की धारा 307 सहित विभिन्न धाराओं के तहत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है और मामले की जांच जारी है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री ने पुलिस को बताया है कि वह आरोपी को पिछले एक साल से जानती है और वह उससे शादी करना चाहता था, लेकिन उसने उसका प्रस्ताव ठुकरा दिया था।

### केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले कोरोना वायरस से संक्रमित

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले के मंगलवार को कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के नेता को दक्षिण मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फरवरी में प्रार्थना सभा मे एक चीनी राजनयिक और बौद्ध भिक्षुओं के साथ "गो कोरोना, गो कोरोना" बोलते हुए आठवले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। चीन मे कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए आयोजित एक प्रार्थना सत्र के दौरान 20 फरवरी को यहां गेटवे ऑफ इंडिया पर कथित तौर पर वीडियो को शूट किया गया था। आठवले (60) राज्य सभा के सदस्य है और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मे सामाजिक न्याय राज्य मंत्री है। उनके एक सहयोगी ने बताया कि मंत्री मधुमेह से भी पीड़ित है। आठवले सोमवार को मुंबई मे अभिनेत्री पायल घोष के रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) मे शामिल होने के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

### चुनाव बाद नीतीश को बिहार से गायब कर देगी भाजपा: सुरजेवाला

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़े भाजपा के विज्ञापनो एवं पोस्टरो में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तस्वीर नही होने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने मंगलवार को दावा किया कि भाजपा ने नीतीश को अभी पोस्टर से गायब किया है, लेकिन 10 नवंबर को बिहार से ही गायब कर देगी। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि नीतीश कुमार के खिलाफ लोजपा प्रमुख चिराग पासवान की बयानबाजी के पीछे भाजपा है। बिहार से संबंधित कांग्रेस की चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख सुरजेवाला ने बातचीत मे दावा किया, सात नवंबर को मतदान खत्म होने के बाद भाजपा, जद (यू) को कूड़ेदान में डाल देगी। ए लोग नीतीश बाबू को दूध में से मक्खी की तरह निकालकर फेंक देंगे। इसीलिए लोक जनशक्ति पार्टी को जद (यू) की सारी सीटो पर खड़ा किया है और भाजपा के 50 उम्मीदवार लोजपा के चुनाव चिन्ह पर जदयू के खिलाफ लड़ रहे हैं। नीतीश कुमार की तस्वीरें भाजपा के पोस्टरो मे नही होने का हवाला देते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा, नीतीश कुमार अभी पोस्टर से गायब हुए है, लेकिन भाजपा 10 नवंबर (मतगणना के दिन) को उन्हे बिहार से गायब कर देगी। यही भाजपाई षड्यंत्र है। सुरजेवाला ने दावा किया, बिहार चुनाव मे भाजपा तीन गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। एक गठबंधन जद(यू) के साथ है जो दिख रहा है। दूसरा गठबंधन लोजपा के साथ है और तीसरा गठबंधन असदुद्दीन ओवैसी के साथ है। उन्होने कहा कि राजद, कांग्रेस और वाम दलो का गठबंधन वैचारिक रूप से मजबूत है और ऐसे मे जनता इसे एकमात्र विकल्प के तौर पर देख रही है। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव मे राजद और वाम दलो के साथ तालमेल करके मैदान मे उतरी कांग्रेस 70 सीटो पर चुनाव लड़ रही है। राजद 144 और वाम दल 29 सीटो पर चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा की 243 सीटो के लिए तीन चरणो मे 28 अक्टूबर, तीन नवंबर और सात नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 10 नवंबर को होगी।

### गोवा में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी राकांपा : पटेल

**पणजी।** गोवा मे 2022 मे होने वाला विधानसभा चुनाव राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत के साथ लड़ेगी और समान विचार वाले दलो के साथ गठबंधन के बारे मे विचार करेगी। पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पटेल ने कहा कि पार्टी अकेले प्रदेश की सभी 40 विधानसभा सीटो पर चुनाव लड़ने की स्थिति मे होगी और गठबंधन की स्थिति मे सीटो के बंटवारे पर बाद मे चर्चा की जाएगी। कांग्रेस के साथ गठबंधन से इंकार करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राकांपा समान विचारधारा वाले दलो के साथ मिल कर गोवा मे अगली सरकार बनाने की स्थिति मे होगी और पार्टी, लोगो को कांग्रेस और भाजपा का विकल्प मुहैया कराएगी।


कुल्लू में दशहरा उत्सव के दौरान पारंपरिक ढंग से बैंड-बाजे के साथ अपनी कला का प्रदर्शन करते कलाकार

# बिहार जाति की गोलीबंदी से बाहर निकल चुका है: वशिष्ठ नारायण सिंह

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि राजद नेता तेजस्वी यादव अपने पिता लालू प्रसाद के पदचिह्नों पर चलना चाहते हैं लेकिन बिहार की जनता जाति आधारित गोलबंदी से बाहर निकल कर विकास का रास्ता अपना चुकी है। सिंह ने बातचीत में कहा, बिहार उस छाया से निकल चुका है जहां सिर्फ जाति के आधार पर गोलबंदी होती थी। लेकिन तेजस्वी यादव आज भी अपने पिता (लालू प्रसाद) के पदचिह्नों पर चलना चाहते हैं। जातपात करने वाले ऐसे लोगों से प्रदेश के विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

आज बिहार की जनता विकास के रास्ते को अपना चुकी है, लोग सामाजिक रूप से जागरूक हुए हैं और हर चीज की विवेचना करने के बाद निर्णय करते हैं। नीतीश कुमार के प्रति लोगों की नाराजगी के बारे में एक सवाल के जवाब में सिंह ने कहा, नाराजगी नहीं है। कोई काम करता है तब उसी से लोगों की अपेक्षा रहती है, काम नहीं करने वाले से कोई अपेक्षा नहीं रहती है। नीतीश कुमार से लोगों की अधिक अपेक्षाएं हैं। समाज और सरकार में जब रिश्ता मजबूत हो जाता है, तब लोगों की सरकार से ऐसी ही अपेक्षाएं हो जाती हैं।

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष ने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि वह समय चला गया जब सरकार पोषित गुंडागर्दी होती थी, लूटपाट, अपहरण और फिरौती का कारोबार होता था। तेजस्वी यादव की रैलियों में भारी भीड़ जुटने के बारे में पूछे जाने एक सवाल के जवाब में वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा, भीड़ को वोट का पैमाना मानें तब नीतीश कुमार की रैली में भी कम भीड़ नहीं है। आज लोग अपने जीवन से जुड़ी सुविधाओं को देखते हैं, दिन प्रतिदिन के जीवन में होने वाले प्रभावों के आधार पर आकलन करते हैं।

# बिहार विस के दूसरे चरण के 34 फीसदी उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले : एडीआर

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मैदान में डटे 1463 उम्मीदवारों में से 34 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है। एक गैर सरकारी संगठन ने इसकी जानकारी दी है। चुनाव संबंधी गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि करीब 27 प्रतिशत तथा कुल 389 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। ए गंभीर मामले गैर जमानती अपराध हैं और इसमें पांच साल से अधिक की सजा हो सकती है।

कुल 502 उम्मीदवार अथवा 34 प्रतिशत प्रत्याशियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है। संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब 34 फीसद अथवा 495 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति करोड़ों में बताई है जबकि तीन उम्मीदवारों ने कहा है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय जनता दल के 56 उम्मीदवारों में से 64 प्रतिशत अथवा 36 उम्मीदवारों ने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है और 50 फीसदी अथवा 28 उम्मीदवारों ने गंभीर आपराधिक मामले बताए हैं। भारतीय जनता पार्टी के 46 उम्मीदवारों में से 29 ने आपराधिक मामले जबकि 20 ने गंभीर आपराधिक मामले अपने हलफनामे में बताए हैं। इसमें कहा गया है कि इसी प्रकार लोक जनशक्ति पार्टी के 52 उम्मीदवारों में से 28 ने आपराधिक मामले जबकि 24 ने गंभीर आपराधिक मामलों की घोषणा की है। कांग्रेस के 24 उम्मीदवारों में से 14 ने, बसपा के 33 में से 16 ने तथा जद (यू) के 43 में से 20 उम्मीदवारों ने अपने अपने हलफनामे में आपराधिक मामलों की घोषणा की है। इसमें कहा गया है कि इसी प्रकार बसपा के 14, कांग्रेस के 10 तथा जद (यू) के 15 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों की घोषणा की है।

# हिजबुल के सरगना सलाहुद्दीन, आईएम के भटकल बंधु यूएपीए के तहत आतंकवादी घोषित

**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन और इंडियन मुजाहिदीन के संस्थापक भटकल बंधुओं सहित 18 लोगों को आतंकवाद विरोधी संशोधित गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादी घोषित किया गया है। संशोधित गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत तैयार की गई इस सूची में 1999 में इंडियन एयरलाइन्स के विमान का अपहरण करने वाले अब्दुल रऊफ असगर, इब्राहिम अतहर और यूसुफ अजहर भी शामिल हैं। इससे पहले, केवल संगठनों को इसके तहत आतंकवादी घोषित किया जाता था।

राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं (शून्य सहनशीलता) की अपनी नीति की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, मोदी सरकार ने आज यूएपीए के प्रावधानों के तहत 18 और लोगों को आतंकवादी घोषित किया है। ये लोग सीमा पार से आतंकवाद के विभिन्न कृत्यों में शामिल हैं और देश को अस्थिर करने की नापाक कोशिशें कर रहे हैं। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर साजिद मीर भी शामिल है, 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक है। 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले का आरोपी एवं लश्कर कमांडर युसूफ मुज़म्मिल, लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का बहनोई अब्दुर रहमान मक्की भी इस सूची में शामिल है।

इंडियन मुजाहिदीन के संस्थापक रियाज़ इस्माइल शाहबन्द्री उर्फ रियाज़ भटकल और उसका भाई मोहम्मद इक़बाल उर्फ इक़बाल भटकल भी शामिल है। ये दोनों जर्मन बेकरी (2010), चिन्नास्वामी स्टेडियम, बैंगलोर (2010), जामा मस्जिद (2010), शीतलाघाट (2010) और मुंबई (2011) हमले सहित कई आतंकवादी कृत्यों में शामिल रहे हैं। दाऊद इब्राहिम के चार करीबी सहयोगी - शेख शकील उर्फ छोटा शकील, मोहम्मद अनीस शेख, इब्राहिम मेमन उर्फ टाइगर मेमन और जावेद चिकना भी इस सूची में शामिल है। इन्हें संयुक्त राष्ट्र भी आतंकवादी घोषित कर चुका है। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के फलाह-ए-इन्सानियत फाउंडेशन (एफआईएफ) के पाकिस्तान स्थित उप प्रमुख शाहिद महमूद उर्फ शाहिद महमूद रहमतुल्ला को भी आतंकवादी घोषित किया गया है। फलाह-ए-इन्सानियत आतंकी गुट लश्कर ए तैयबा का मुखौटा संगठन है। अक्षरधाम मंदिर (2002) और हैदराबाद में टास्क फोर्स कार्यालय पर आत्मघाती हमले (2005) में शामिल पाक के आतंकवादी फरहतुल्लाह ग़ोरी उर्फ अबू सूफ़ियान तथा, जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूर अजहर के तीन परिवार वाले- अब्दुल रऊफ असगर, इब्राहिम अतहर और युसुफ अज़हर भी शामिल हैं।


कोलकाता में प्रतिमा विसर्जन से पहले मां दुर्गा की पूजा करते बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली

# भ्रष्टाचार का वंशवाद बड़ी चुनौती: प्रधानमंत्री

● सतर्कता एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले पीएम

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भ्रष्टाचार का वंशवाद ना सिर्फ एक बड़ी चुनौती है बल्कि वह कई राज्यों में राजनीतिक परंपरा का हिस्सा बन गया है जो देश को दीमक की तरह खोखला करता है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सतर्कता एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में देशवासियों से अपील की कि वे भारत बनाम भ्रष्टाचार की लड़ाई में देश का साथ दें और समृद्ध व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग करें। उन्होंने कहा, आज मैं आपके सामने एक और बड़ी चुनौती का जिक्र करने जा रहा हूं।

ये चुनौती बीते दशकों में धीरे-धीरे बढ़ते हुए अब देश के सामने एक विकराल रूप ले चुकी है। ये चुनौती है- भ्रष्टाचार का वंशवाद। यानी एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में ट्रांसफर हुआ भ्रष्टाचार। किसी राजनीतिक दल या परिवार का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा कि बीते दशकों में देश ने देखा है कि जब भ्रष्टाचार करने वाली एक पीढ़ी को उचित सजा नहीं मिलती तो दूसरी पीढ़ी और ज्यादा ताकत के साथ भ्रष्टाचार करती है। उन्होंने कहा, उसे दिखता है कि जब घर में ही करोड़ों रुपए कालाधन कमाने वाले का कुछ नहीं हुआ या थोड़ी सी सजा पाकर छूट गया तो उसका हौसला और बढ़ जाता है। इस वजह से कई राज्यों में तो ये राजनीतिक परंपरा का हिस्सा बन गया है। पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाला भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार का ए वंशवाद, देश को दीमक की तरह खोखला कर देता है। भ्रष्टाचार को देश के विकास में बहुत बड़ी बाधा बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समृद्ध भारत के सामने और आत्मनिर्भर भारत के सामने बहुत बड़ी रुकावट है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ एक भी मामले में ढिलाई उसी मामले तक सीमित नहीं रहती बल्कि वो एक भविष्य के भ्रष्टाचार के लिए नींव बनाती है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ तनिक भी सहन नहीं करने की नीति पर आगे बढ़ रही है और इसी के मद्देनजर 2014 से अब तक देश की प्रशासनिक व्यवस्था, बैंकिंग प्रणाली, कृषि, स्वास्थ्य व शिक्षा सहित अन्य कई क्षेत्रों में व्यापक सुधार किए गए हैं। उन्होंने कहा, यह पूरा दौर बड़े सुधारों का रहा है। इन सुधारों को आधार बनाकर आज भारत आत्मनिर्भर भारत के अभियान को सफल बनाने में पूरी शक्ति के साथ जुटा हुआ है।

हम भारत को दुनिया के अग्रिम पंक्ति के देशों में लेकर जाए यह जरूरी है। उन्होंने कहा, हमारा इस बात पर ज्यादा जोर है कि सरकार का न ज्यादा दबाव हो और न सरकार का अभाव हो। सरकार की जहां जितनी जरूरत है, उतनी ही होनी चाहिए। इसलिए बीते वर्षों में डेढ हजार से कानून खत्म किए गए हैं। अनेक नियमों को सरल किया गया है। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार को प्रशासनिक व्यवस्थाओं का सबसे बड़ा शत्रु बताया ओर कहा कि भ्रष्टाचार केवल कुछ रुपयों की ही बात नहीं होती, एक तरफ वह जहां देश के विकास को ठेस पहुंचाता है वहीं सामाजिक संतुलन को तहस-नहस कर देता है। उन्होंने कहा कि देश की व्यवस्था पर जो भरोसा होना चाहिए, एक अपनेपन का जो भाव होना चाहिए, भ्रष्टाचार उस भरोसे पर हमला करता है। भ्रष्टाचार पर डटकर मुकाबला करना एजेंसी या संस्था का दायित्व नहीं है सिर्फ बल्कि इससे निपटना एक सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले देश में अलग ही अलग ही परिस्थितियां थीं।

हजारों करोड़ के घोटाले, फर्जी कंपनियों का जाल, टैक्स चोरी यह सब वर्षों तक चर्चा के केंद्र में रहे लेकिन उसके बाद देश ने बड़े परिवर्तन का फैसला लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से गरीबों की मिलने वाला लाभ 100 प्रतिशत गरीबों तक सीधे पहुंच रहा है। अकेले इसकी वजह से। लाख 70 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा गलत हाथों में जाने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज ये गर्व के साथ कहा जा सकता है कि घोटालों वाले उस दौर को देश पीछे छोड़ चुका है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों से अपील की कि वे भारत बनाम भ्रष्टाचार की लड़ाई में हमेशा की तरह भारत को मजबूत करते रहें। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार को समाप्त करते रहिए। मुझे भरोसा है कि ऐसा करके हम सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शों का भारत बनाने का सपना पूरा कर पाएंगे। ऐसा करके हम समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत बना पाएंगे। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय सतर्क भारत, समृद्ध भारत रखा गया है।

## राहुल गांधी को मानहानि के मामले में अदालत में पेशी से छूट

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद की एक अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि के एक मामले में पेशी से स्थाई छूट दे दी। मानहानि का यह मामला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ राहुल की टिप्पणी का है। राहुल गांधी के वकील ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट आर.बी. इटालिया ने उनके मुवक्किल की पेशी से छूट का अनुरोध करने वाली याचिका को मंजूरी दी। कांग्रेस नेता ने 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान राजस्थान की एक चुनावी रैली में शाह को हत्या का आरोपी बताया था, उसी सिलसिले में वह मानहानि के इस मामले का सामना कर रहे हैं। गांधी के वकील ने पिछले वर्ष सितंबर में अदालत से उनके मुवक्किल को पेशी से स्थाई छूट देने की मांग की थी, इसके पीछे उन्होंने तर्क दिया था कि वह एक राष्ट्रीय सियासी दल के नेता हैं और उनकी अनेक व्यस्तताएं हैं।




भोपाल में मंगलवार को देवी काली की मूर्ति को विसर्जन के लिए ले जाते भक्तगण

## डांस बार के लिए युवतियों की मानव तस्करी के आरोपी ने फांसी लगाकर दी जान

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**मानव** तस्करी के जरिए अलग-अलग सूबों की युवतियों को यहां लाकर उनसे एक डांस बार में जबरन अनैतिक काम कराने के आरोपियों में शामिल 57 वर्षीय व्यक्ति ने मंगलवार को कथित तौर पर फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या से पहले छोड़े गए कथित पत्र में उसने पुलिस और प्रशासन की कार्वाई से उसकी प्रतिष्ठा धूमिल होने की बात लिखी है।

अन्नपूर्णा पुलिस थाने के प्रभारी सतीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि सुदामा नगर क्षेत्र में नरेंद्र रघुवंशी (57) का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। उन्होंने बताया कि रघुवंशी शहर के गीता भवन चौराहे पर स्थित डांस बार माय होम का व्यवस्थापक था जिसे अवैध निर्माण के चलते प्रशासन ने दिसंबर 2019 में ढहा दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि बार डांसर के रूप में काम कराने



के लिए अलग-अलग सूबों की युवतियों की मानव तस्करी और उनसे देह व्यापार कराने के आरोपों को लेकर "माय होमै के मालिक जितेंद्र सोनी उर्फ जीतू (62) के साथ ही रघुवंशी और अन्य लोगों के खिलाफ पलासिया पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि रघुवंशी पैरोल पर एक स्थानीय जेल से बाहर आने के बाद अपने घर में रह रहा था।

उसकी पैरोल अवधि मंगलवार को ही खत्म होने वाली थी। लेकिन दोबारा जेल जाने से ऐन पहले उसने जान दे दी। इस बीच कि आत्महत्या से पहले रघुवंशी का छोड़ा गया कथित पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें लिखा गया है कि मेरे खिलाफ पुलिस और प्रशासन की जो कार्वाई की गई है, उससे मेरी प्रतिष्ठा धूमिल हो गई है। इस वजह से मैं जान दे रहा हूं। रघुवंशी के कथित पत्र में यह भी लिखा गया है कि उसकी मौत के बाद उसके अंग किसी जरूरतमंद मरीज को दान कर दिए जाएं।

थाना प्रभारी ने यह पत्र मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि इसकी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 30 नवंबर 2019 की देर रात से शुरू हुई बड़ी मुहिम के दौरान डांस बार माय होमै की तलाशी ली गई थी और वहां छोटे-छोटे कमरों में रह रहीं 67 बार डांसरों को बचाया गया था। उन्होंने बताया कि इनमें डांस बार में कथित रूप से बंधक बना कर रखी गईं अलग-अलग राज्यों की महिलाएं शामिल हैं जिनसे जबरन अनैतिक काम कराया जाता था। मामले के मुख्य आरोपी जीतू सोनी को इस साल जून में पड़ोसी गुजरात से गिरफ्तार किया गया था।

## दो-तीन राज्य छोड़कर कोविड-19 के मामलों में गिरावट की प्रवृत्ति

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने मंगलवार को कहा कि दो से तीन राज्यों को छोड़कर देश में कोविड-19 महामारी में गिरावट की प्रवृत्ति देखने को मिल रही है और उत्तरी गोलार्द्ध के कुछ देशों की तुलना में यह बात महत्वपूर्ण है जहां वायरस के प्रकोप में तीव्रता देखी जा रही है। कोविड-19 पर राष्ट्रीय कार्यबल के अध्यक्ष वी के पॉल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दुनिया में महामारी से जुड़े हालात चिंताजनक हैं और देखा गया है कि अधिक आर्थिक क्षमता तथा प्रति व्यक्ति आय वाले एवं अच्छी स्वास्थ्य प्रणाली वाले देशों में दूसरे दौर का प्रकोप फैल सकता है।

स्वास्थ्य के लिए नीति आयोग के सदस्य पॉल ने कहा, यह हम सभी के लिए सबक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमारे यहां प्रवृत्ति विपरीत दिशा में है। हम सौभाग्यशाली हैं कि आज हम दो-तीन राज्यों को छोड़कर महामारी के मामलों में गिरावट की प्रवृत्ति देख रहे हैं। यह गिरावट इस लिहाज से खासतौर पर महत्वपूर्ण है कि उत्तरी गोलार्द्ध के अन्य देशों में महामारी का प्रकोप बढ़ रहा है। पॉल ने कहा कि उत्तरी गोलार्द्ध के अनेक देशों में महामारी ने दोबारा हमला किया है। अमेरिका में तीसरी बार मामले उच्च स्तर पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि केरल, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तीसरी बार मामले उच्च स्तर की ओर बढ़ रहे हैं।

पॉल ने कहा कि यह चिंता का विषय है और आने वाले समय में कोविड-19 संबंधी उचित व्यवहार का पालन करने में कोई लापरवाही नहीं की जा सकती क्योंकि अभी और चुनौतियां सामने आएंगी। उन्होंने कहा कि आगे कई त्योहार आ रहे हैं और अगर पिछले कुछ दिन में हम कहीं डगमगाए हैं तो अगले 10 से 12 दिन में यह नजर आएगा।

## हिंदुत्व पर आरएसएस प्रमुख के विचार व्यापक, समग्र हैं: शिवसेना

**भाषा।** मुंबई



**शिवसेना** ने मंगलवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के हिंदुत्व पर विचारों को व्यापक और समग्र बताया और कहा कि उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जो समझते हैं कि जो लोग भाजपा के साथ नहीं हैं, वे हिंदू नहीं हैं। शिवसेना ने कहा कि भागवत ने कोरोना वायरस महामारी के दौरान मंदिरों को खोलने की मांग नहीं की, क्योंकि उनके विचार वैज्ञानिक हैं। शिवसेना के मुखपत्र सामना में उन्होंने लिखा, वह टीके के विकास में निवेश के पक्षधर रहे हैं। महामारी के दौरान भाजपा के जो नेता मंदिरों को खोलने के पक्षधर रहें हैं उन्हें पहले भागवत को सुनना चाहिए। संपादकीय में लिखा गया है, कुछ ठेकेदारों की विकृत विचारधारा है कि हिंदुत्व पर उनका एकाधिकार है और जो लोग भाजपा के साथ नहीं हैं, वे हिंदू नहीं हैं। आरएसएस प्रमुख ने उन्हें उनका स्थान दिखा दिया है। शिवसेना के नए प्रहार पर महाराष्ट्र भाजपा के मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये ने कहा, शिवसेना ने हिंदुत्व का परित्याग कर दिया है और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए उस दल को किसी भी मुद्दे पर भाजपा की आलोचना करनी है।


नागपुर में आरएसएस के वार्षिक दहशरा उत्सव पर भागवत ने कहा था कि हिंदू राष्ट्र की संघ की अवधारणा न तो राजनीतिक है न ही शक्ति केंद्रित। उन्होंने दावा किया था कि हिंदुत्व शब्द भारत की 130 करोड़ आबादी पर लागू होता है जो भारत के साथ अपनी पहचान, परंपराओं और मूल्यों से जुड़े हुए हैं।

## ऋणदाता पांच नवंबर तक कर्जदारों के खातों में ब्याज पर ब्याज की रकम जमा करेंगे: केंद्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**केन्द्र** ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया है कि रिजर्व बैंक की ऋण स्थगन योजना के दौरान दो करोड़ रूपए तक के कर्जदारों से लिए गए चक्रवृद्धि ब्याज और सामान्य ब्याज के अंतर की रकम ऋणदाता पांच नवंबर तक उनके खातों में जमा कर देंगे। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि कर्जदारों के खातों में यह रकम जमा करने के बाद ऋणदाता केन्द्र सरकार से इस राशि के भुगतान का दावा करेंगे।

सरकार ने शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में कहा है कि मंत्रालय ने एक योजना जारी की है जिसके अनुसार ऋण देने वाली वित्तीय संस्थाएं कोविड-19 के कारण छह महीने की ऋण स्थगन की अवधि के दौरान की यह राशि कर्जदारों के खातों में जमा करेंगी। हलफनामे में कहा गया है कि इस योजना के तहत सभी कर्ज देने वाली संस्थाएं एक मार्च, 2020 से



31 अगस्त 2020 के बीच की अवधि के लिए सभी पात्र कजदारों के खातों में चक्रवृद्धि और सामान्य ब्याज के अंतर की रकम जमा करेंगे।

हलफनामे के मुताबिक, केन्द्र सरकार ने निर्देश दिया है कि, योजना के उपबंध 3 में वर्णित कर्ज देने वाली सभी संस्थाएं इसे लागू करें और योजना के अनुसार सभी संबंधित कर्जदारों के लिए गणना की गई राशि उनके खातों में जमा करें। केन्द्र ने ऋण स्थगन की अवधि के दौरान कर्ज की राशि पर चक्रवृद्धि ब्याज वसूले जाने सहित रिजर्व बैंक के 27 मार्च और 23 मई 2020 के परिपत्रों से संबंधित अनेक मुद्दों को लेकर दायर की गई याचिकाओं में यह हलफनामा दाखिल किया है। हलफनामे में कहा गया है कि बहुत सावधानी से विचार के बाद पूरी वित्तीय स्थिति, कर्जदारों की स्थिति, अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव और ऐसे ही दूसरे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। न्यायालय ने 14 अक्टूबर को केन्द्र से कहा था कि रिजर्व बैंक की ऋण स्थगन योजना के तहत दो करोड़ रुपए तक के कर्जदारों के लिए ब्याज माफी पर उसे जल्द से जल्द अमल करना चाहिए क्योंकि आम आदमी की दिवाली उसके ही हाथ में है।

शीर्ष अदालत ने पिछली सुनवाई पर केन्द्र से जानना चाहा कि क्या ऋण स्थगन की अवधि के दौरान कर्जदारों के दो करोड़ रुपए तक के कर्ज पर ब्याज माफी का लाभ आम आदमी तक पहुंचेगा। न्यायालय ने कहा था कि उसकी चिंता इस बात को लेकर है कि ब्याज माफी का लाभ कर्जदारों को कैसे दिया जाएगा।

## कोविड-19 निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए नांदेड़ गुरुद्वारा के खिलाफ मामला दर्ज

**भाषा।** औरंगाबाद

**महाराष्ट्र** में नांदेड़ के हजूर साहिब गुरुद्वारे के बोर्ड सदस्यों के खिलाफ पुलिस ने दशहरा समारोह के दौरान कोविड-19 दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बम्बई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने पिछले सप्ताह नांदेड़ के तख्त सचखंड श्री हजूर अपचलनगर साहिब बोर्ड को कोविड-19 निर्देशों का अनुपालन करते हुए वार्षिक दशहरा समारोह और गुरु ग्रंथ साहिब जुलूस को आयोजित करने की अनुमति दी थी। बोर्ड को गुरु ग्रंथ साहिब की केवल एक पालकी साहिब, 16 ऐतिहासिक निशान साहिब, गुरु साहिब के पांच घोड़े और दो बड़े खुले ट्रकों पर तीन कीर्तन जत्थे ले जाने की अनुमति थी। अदालत ने कहा था कि 16 लोग एक ट्रक में सवार होंगे और आठ लोग दूसरे ट्रक में सवार होंगे और सभी व्यक्तियों को कोविड-19 की जांच करानी होगी। अदालत के मुताबिक जांच रिपोर्ट निगेटिव मिलने पर ही वे लोग जूलूस में शामिल हो सकते थे। साथ ही किसी को भी जूलूस में पैदल शामिल होने की अनुमति नहीं थी। नांदेड़ के वजीराबाद पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि, रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में 250-300 लोग शामिल हुए और सभी पैदल थे। अधिकारी ने कहा कि रविवार को वजीराबाद पुलिस द्वारा भादसं की धारा 270 (जीवन के लिए खतरनाक बीमारी का संक्रमण फैलाने की आशंका वाला कृत्य करना) ,188 (लोकसेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा करना), 34(साझा इरादे) और आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। इस बारे में संपर्क किए जाने पर गुरुद्वारा बोर्ड के प्रमुख गुरविंदर सिंह वाधवा ने कहा कि बोर्ड को इस मामले के बारे में पुलिस से कोई लिखित पत्र नहीं मिला है।

## महाराष्ट्र: आदिवासियों में वितरण के लिए रखे 5,200 किग्रा सड़े चावल बरामद

**भाषा।** ठाणे

**महाराष्ट्र** राजस्व और आदिवासी कल्याण विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को रायगढ़ जिले के पनवेल तालुका में आदिवासी परिवारों में वितरण के लिए रखे 5,200 किलोग्राम सड़े हुए चावल जब्त किए।

आदिवासी कल्याण विभाग के सहायक परियोजना अधिकारी पीपी सोलस्कर ने बताया कि वाकड़ी गांव में छापा मारा गया जहां कटकारी परिवारों में वितरण के लिए रखे चावलों में कीड़े लगे पाए गए। जांच में पाया गया कि चावल को विभाग ने अस्वीकार कर दिया था लेकिन कुछ लोगों ने इसे फिर से अनैतिक ढंग से वितरित करने के लिए पूरे भंडार को फिर से पॉलिश किया था।

# पेज 1 का शेष

### हर पटरी...

मार्ग निर्देशन में इस दौरान सरकार ने गरीबों और दूसरे राज्यों से घर वापस आए श्रमिकों की हर भरण-पोषण भत्ता, राशन, एडवांस पेंशन, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के जरिए संभव मदद की। आज का यह कार्यक्रम भी उसी की एक कड़ी है। कार्यक्रम में नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग के मंत्री आशुतोष टंडन, राज्य मंत्री महेश चंद्र गुप्ता समेत शासन और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### एलएसी पर...

क्षेत्र तथा दक्षिण चीन सागर में बीजिंग की बढ़ती हठधर्मिता के परिप्रेक्ष्य में बातचीत के दौरान चीन का मुद्दा प्रमुखता से उठा। बयान के दौरान राजनाथ और जयशंकर चीन का नाम लेने से बचें, वहीं बीजिंग पर आरोप लगाने में पोम्पिओ ज्यादा मुखर और स्पष्ट थे। टू प्लस टू कांफ्रेंस तथा एक दिन पहले एस्पर के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान चर्चा का ब्योरा देते हुए राजनाथ सिंह ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने पूरे भारत-प्रशांत में सुरक्षा हालात का आकलन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में हमने इस क्षेत्र में सभी देशों में शांति, स्थिरिता और समृद्धि के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। हमने नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय समुद्र में कानून के नियमों तथा सभी देशों की क्षेत्रीय अखंडता तथा संप्रभुता का सम्मान पर करने पर भी सहमति जताई।

### रक्षा संबंधों...

बातचीत खासा महत्व रखती है क्योंकि यह ऐसे वक्त हो रही है जब चीन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी आर्थिक और सैन्य गतिविधियों को विस्तार देने का प्रयास कर रहा है और पूर्वी लद्दाख में भारत के साथ उसका तनावपूर्ण गतिरोध भी बरकरार है। बातचीत के दौरान अमेरिकी पक्ष ने भारत को यह आश्वासन भी दिया कि उसकी संप्रभुता और स्वतंत्रता पर खतरे से मुकाबले में अमेरिका उसके साथ है। जयशंकर, पोम्पिओ और एस्पर के साथ संयुक्त रूप से मीडिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों ने कई अहम मुद्दों पर व्यापक चर्चा की और अमेरिका के साथ 'बीईसीए' पर दस्तखत को एक 'महत्वपूर्ण कदम' बताया। उन्होंने कहा, 'सेना से सेना के स्तर पर अमेरिका के साथ हमारा सहयोग काफी अच्छे से आगे बढ़ रहा है' और रक्षा उपकरणों के संयुक्त विकास के लिये परियोजनाओं को चिन्हित किया गया है।

### हाईकोर्ट करेगा...

करते हुए कहा था कि इस मामले की निगरानी इलाहाबाद उच्च न्यायालय को करने को दी जाएगी। हालांकि पीड़ित परिवार के वकील ने अपनी आशंका व्यक्त करते हुए न्यायालय से कहा था कि इस मामले की जांच पूरी होने के बाद ही इसे उप्र से बाहर स्थानांतरित किया जाए।

### धर्म बदलने...

छात्रा 21 वर्षीय निकिता की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जब वह परीक्षा देकर लौट रही थी। परीक्षा के बाद जैसे ही वह कॉलेज के बाहर पहले से इंतजार कर रही अपनी मां और भाई के पास जाने लगी तभी वहां सफेद रंग की आई-20 कार में मौजूद दो युवकों ने उसे पिस्तौल दिखाकर जबरन कार में बिठाने की कोशिश की। इस पर छात्रा ने शोर मचा दिया। अपहरण में नाकाम होता देख आरोपी ने पीछा कर निकिता को नजदीक से गोली मार दी और कार में बैठकर फरार हो गए। अस्पताल में छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। निकिता के पिता मूलचंद तोमर हापुड़ के रहने वाले हैं। वह फरीदाबाद स्थित सेक्टर 23 स्थित सोसायटी में रहते हैं। मूलचंद कहते हैं कि तौफीक नाम का लड़का 12वीं तक निकिता के साथ पढ़ता था। तौफीक ने निकिता पर दोस्ती के लिए भी दबाव बनाया। जब निकिता ने दोस्ती करने से मना किया तो आरोपी ने वर्ष 2018 में लड़की का अपहरण कर लिया था। इस दौरान बदनामी के डर से परिवारवालों ने समझौता कर लिया था। निकिता के एक रिश्तेदार हाकिम सिंह ने बताया कि मेवात के रोजका मेव गांव के रहने वाले आरोपी तौसीफ ने छात्रा को फोन कर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला था। इनकार करने पर वारदात को अंजाम दिया।

### कोरोना मामले...

राष्ट्रीय कार्यबल के अध्यक्ष वीके पॉल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दुनिया में महामारी से जुड़े हालात चिंताजनक हैं और देखा गया है कि अधिक आर्थिक क्षमता तथा प्रति व्यक्ति आय वाले एवं अच्छी स्वास्थ्य प्रणाली वाले देशों में कोरोना की दूसरे दौर की लहर फैल रही है। उन्होंने कहा कि हम बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमारे यहां प्रवृत्ति विपरीत दिशा में है। हम भारत में दो-तीन राज्यों को छोड़कर महामारी में गिरावट आ रही है। यह गिरावट इस लिहाज से खासतौर पर महत्वपूर्ण है कि उत्तरी गोलार्द्ध के अन्य देशों में महामारी का प्रकोप बढ़ रहा है। अमेरिका में तो तीसरी बार मामले उच्च स्तर पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि केरल, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तीसरी बार मामले उच्च स्तर की ओर बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 49.4 प्रतिशत मामले केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली से सामने आए हैं। पॉल ने कहा कि यह चिंता का विषय है और आने वाले समय में कोविड-19 संबंधी उचित व्यवहार का पालन करने में कोई लापरवाही नहीं की जा सकती, क्योंकि अभी और चुनौतियां सामने आएंगी। स्वास्थ्य मंत्रालय में सचिव राजेश भूषण ने कहा कि त्योहारों के सीजन में सभी को अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। भूषण ने कहा कि देश में 23 से 29 सितंबर के बीच जहां संक्रमण के मामलों की संख्या 83,232 थी, वह अब 21-27 अक्टूबर के बीच कम होकर 49,909 रह गई है। उन्होंने कहा कि देश में कोविड-19 से मृत्यु दर में भी गिरावट आई है। यह एक सितंबर को 1.77 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 1.50 प्रतिशत हो गई है। पीड़ितों के स्वस्थ होने की दर में वृद्धि हुई है। कोविड-19 से स्वस्थ होने की दर एक सितंबर को 76.94 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 90.62 प्रतिशत हो गई है।

### बच्चे बन...

था कि बच्चों पर कोरोना का असर नहीं हो रहा है, लेकिन अब कुछ ऐसे सबूत हैं जो बताते हैं कि बच्चे भी कोरोना के सुपर वाहक हो सकते हैं यानी ये तेजी से महामारी को फैला सकते हैं। बीते 16 अक्टूबर से स्कूल आ रहे कक्षा 10 और 12 के कई छात्रों के कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए मिजोरम सरकार ने 26 अक्टूबर से सभी स्कूलों को बंद करने का ऐलान कर दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या बच्चे कावासाकी बीमारी से पीड़ित थे, इस पर डॉ. भार्गव ने इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि कावासाकी आमतौर पर पुरुषों में होने वाली एक दुर्लभ बीमारी है। कावासाकी एक ऑटो-इम्यून बीमारी है जो 5 साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती है। भारत में इसका प्रकोप कम है। अब तक देश में कोरोना पीड़ितों में कावासाकी के लक्षण नहीं मिले हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश में 17 वर्ष से कम आयु के बच्चों में केवल 8 प्रतिशत ही कोविड-19 पॉजिटिव मिले हैं और 5 वर्ष से कम आयु वर्ग में यह आंकड़ा बहुत कम होगा। हालांकि, मिजोरम में स्कूली छात्रों में कोरोना मामले पाए जाने का देश में यह संभवत: पहला उदाहरण है। प्रिंसटन इनविरोनमेंट इंस्टीट्यूट, जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी और कैलिफोर्निया बर्कले यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर किए गए अध्ययन में पता चला है कि बच्चों और युवाओं में खासकर घर के अंदर कोरोना वायरस को फैलाने की अधिक प्रवृत्ति है। केंद्र सरकार ने 6वीं से 12वीं कक्षा के स्कूलों को प्रक्रिया के मानक संचालन (एसओपी) के सख्ती से पालन के साथ फिर खोलने की अनुमति दी है।

### बाहरी भी...

संकल्प भी लिया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि ये संशोधन अस्वीकार्य हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि जम्मू-कश्मीर में भूमि के मालिकाना हक को लेकर कानूनों में किए गए संशोधन अस्वीकार्य हैं। यहां तक की गैर-कृषि भूमि की खरीद और कृषि भूमि के हस्तांतरण को आसान बनाकर अधिवास के प्रतीकवाद को भी समाप्त कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर को बिक्री के लिए रख दिया गया है। इसका भारी नुकसान कम जमीन रखने वाले गरीब भूस्वामियों को उठाना पड़ेगा। उमर ने भाजपा पर अवसरवादी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संशोधित भूमि नियमों की अधिसूचना से भाजपा की सस्ती राजनीति की बू आती है।

## मेरे पिता चाहते थे कि हमेशा नॉटआउट रहूं, यह पारी उनके लिए : मनदीप

**शारजाह।** तीन दिन पहले अपने पिता को खोने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अहम मैच में 66 रन की नाबाद पारी खेलने वाले किंग्स इलेवन पंजाब के बल्लेबाज मनदीप सिंह ने यह पारी अपने पिता को समर्पित करते हुए कहा कि उनके पिता हमेशा चाहते थे कि वह नॉट आउट रहें। मनदीप ने अपना अर्धशतक पूरा होने के बाद नम आंखो से आसमान की ओर देखते हुए चुंबन का इशारा किया। उनकी पारी और क्रिस गेल के धमाकेदार अर्धशतक से पंजाब ने यह मैच आठ विकेट से जीता।

## गेल टी 20 में दुनिया का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**शारजाह।** किंग्स इलेवन पंजाब के सलामी बल्लेबाज मनदीप सिंह ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी पावर हिटिंग का शानदार नजारा पेश करने वाले क्रिस गेल को टी20 का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी करार दिया। गेल को टूर्नामेंट के पहले चरण में मौका नही दिया गया था और वह बीमार भी रहे थे लेकिन उन्होने इन सब बातों को भुलाकर सोमवार को 29 गेंदों पर 51 रन की पारी खेलकर साबित किया कि आखिर उन्हें यूनीवर्स बॉस क्यों कहा जाता है ।

## रसेल, डुप्लेसिस, मिलर एलपीएल से हटे

**कोलंबो।** फाफ डुप्लेसिस, आंद्रे रसेल और डेविड मिलर सहित पांच विदेशी खिलाड़ी पहली लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) से हट गए है जो इस प्रतियोगिता के आयोजकों के लिए करारा झटका है।भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज मानविंदर बिस्ला 21 नवंबर से 13 दिसंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट से हटने वाले पांचवें विदेशी खिलाड़ी है। बिस्ला ने इंडियन प्रीमियर लीग में भी 35 मैच खेले है।

## मनदीप की मानसिक दृढ़ता से पूरी टीम प्रभावित : राहुल

**शारजाह।** मनदीप सिंह ने अपने पिता के निधन के दो दिन बाद ही क्रीज पर उतरकर नाबाद 66 रन की मैच विजेता पारी खेली और किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान केएल राहुल ने कहा कि इस सलामी बल्लेबाज ने जो मानसिक दृढ़ता दिखाई उससे पूरी टीम प्रभावित है। राहुल ने मैच के बाद कहा, ऐसे में परिवार से दूर रहना बेहद मुश्किल होता है। जैव सुरक्षित वातावरण में कोई आपका करीबी नही होता है। उसन जो दृढ़ता दिखाई है उससे टीम के अन्य खिलाड़ी भी प्रभावित है।

## सीएसए ने घरेलू क्रिकेट सत्र की घोषणा की

**जोहानिसबर्ग।** आंतरिक संकट के बावजूद क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को प्रभावी घरेलू कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और श्रीलंका टीमों के दौरे शामिल है जबकि दक्षिण अफ्रीकी टीम एक दशक से अधिक समय में पहली बार पाकिस्तान का दौरा कर सकती है। इसके अलावा संकटों से घिरे क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अगले महीने इंग्लैंड दौरे की अनुमति ले ली है।

# साहा-वार्नर व राशिद ने दिलाई जीत

## सनराइजर्स ने कैपिटल्स को 88 रनों से हराया

**भाषा।** दुबई



साहा
45 गेंद
87 रन

रिधिमान साहा के 45 गेंद में 87 रन, कप्तान डेविड वार्नर के आक्रामक अर्धशतक के बाद राशिद खान की शानदार फिरकी गेंदबाजी की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स को 88 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण के दिल्ली के कप्तान श्रेयस अय्यर के फैसले को गलत साबित करते हुए सनराइजर्स ने दो विकेट पर 219 रन बनाए। अपना जन्मदिन शानदार जीत के साथ मनाने वाले वार्नर ने 34 गेंद में 66 और साहा ने 45 गेंद में 87 रन बनाए। जवाब में दिल्ली का कोई भी बल्लेबाज सनराइजर्स की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सका। पूरी टीम 19 ओवर में 131 रन पर आउट हो गई। राशिद ने चार ओवर में सिर्फ सात रन देकर तीन विकेट लिए जबकि संदीप शर्मा को दो विकेट मिले। इस जीत के बाद सनराइजर्स 12 मैचों में 10 अंक लेकर छठे स्थान पर है और अभी प्लेआफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई है। वहीं दिल्ली 12 मैचों में 14 अंक के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गई है। दिल्ली को पहले ओवर की तीसरी ही गेंद पर सबसे करारा झटका लगा जब फार्म में चल रहे शिखर धवन खाता खोले बिना संदीप की गेंद पर वार्नर को कैच दे बैठे। दूसरे ओवर में नदीम ने मार्कस स्टोइनिस (छह) को पवेलियन भेजा दिल्ली को अच्छी शुरूआत से वंचित कर दिया। इसके बाद राशिद ने सातवें ओवर में दिल्ली को दो झटके दिए। शिमरोन हेटमाएर पहली गेंद पर बोल्ड हुए जबकि पांचवीं गेंद पर अजिंक्य रहाणे (26) पगबाधा आउट हुए। कप्तान श्रेयस अय्यर भी नहीं चल सके और सात रन बनाकर विजय शंकर की गेंद पर केन विलियमसन को कैच दे बैठे। इसके बाद दिल्ली के मैच में वापसी के सारे रास्ते बंद हो गए। ऋषभ पंत 35 गेंद में 36 रन बनाकर संदीप का दूसरा शिकार बने जबकि अक्षर पटेल (एक) के रूप में राशिद ने तीसरा विकेट लिया। मैच के दौरान साहा और शंकर दोनों चोटिल होकर मैदान से चले गए जिनकी जगह श्रीवत्स गोस्वामी और प्रियम गर्ग ने क्षेत्ररक्षण किया। इससे पहले वार्नर और साहा ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। उन्होंने पहले छह ओवर में 77 रन निकाले जिसमें 11 चौके और दो छक्के शामिल थे। वार्नर ने छठे ओवर में परपल कैपधारी (टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले) कैगिसो रबाडा को चार चौके और एक छक्का लगाया। सनराइजर्स के 11 रन 8 . 4 ओवर में ही बन गए। वार्नर के क्रीज पर रहने तक साहा उनके सहयोगी की भूमिका में थे। वार्नर ने 25 गेंद में अर्धशतक पूरा करके अपना 34वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के और आठ चौके लगाए। रविचंद्रन अश्विन ने 107 रन की पहले विकेट की साझेदारी को तोड़ा जब वार्नर एक्स्ट्रा कवर में अक्षर पटेल को कैच देकर लौटे। वार्नर के जाने के बाद साहा ने बल्ले से आतिश उगलना शुरू किया। उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और चौके के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और दो छक्के जड़े। एनरिच नोर्जे ने 15वें ओवर में उन्हें पवेलियन भेजा। मनीष पांडे 44 रन बनाकर और केन विलियमसन 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

## हैदराबाद प्ले आफ के दौड़ में बरकरार

### स्कोर

**सनराइजर्स हैदराबादः** वार्नर का अक्षर बो अश्विन 66, साहा का अय्यर बो नोर्जे 87, पांडे नाबाद 44, विलियमसन नाबाद 11,**अतिरिक्तः** 11,**कुल योगः** 20 ओवर में दो विकेट पर : 219 रन,**विकेट पतनः**।-107, 2-170,**गेंदबाजीः**नोर्जे 4-0-37-1,रबाडा4-0-54-0, अश्विन 3-0-35-।, पटेल 4-0-36-0 ,देशपांडे, 3-0-35-0, स्टोइनिस 2-0-15-0

**दिल्ली कैपिटल्स पारी** : रहाणे पगबाधा बो राशिद 26, धवन का वार्नर बो संदीप 0,स्टोइनिस का वार्नर बो नदीम 5, हेटमाएर बो राशिद 16, पंत का गोस्वामी बो संदीप 36, अय्यर का गर्ग बो राशिद।, रबाडा बो नटराजन 3,अश्विन का समाद बो होल्डर 7, देशपांडे नाबाद 20,नोर्जे का गर्ग बो नटराजन।,**अतिरिक्त** : नौ रन **कुल योग** : 19 ओवर में 131 रन, **विकेट पतन** 1-1, 2-14, 3-54, 4-55, 5-78 , 6-83, 7-103, 8-103, 9-125, **गेंदबाजी** : संदीप 4-0-27-2,नदीम ।- 0 -8-।, होल्डर 4- 0-46-।, राशिद 4- 0-7- 3,नटराजन 4-0-26-2, शंकर 1.5-0-11-।, वार्नर 0-1 - 0-2- 0

# मुंबई व आरसीबी की निगाह प्लेऑफ में जगह पक्की करने पर

## रोहित का खेलना संदिग्ध



**अबुधाबी।** रोहित शर्मा के चोटिल होने के कारण लगातार तीसरे मैच से बाहर रहने की संभावना है जिसमें मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की निगाहें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह पक्की करने पर टिकी रहेंगी। मुंबई को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। उसके 14 अंक हैं। विराट कोहली की अगुवाई वाली आरसीबी के भी 14 अंक हैं। उसे भी रविवार को चेन्नई सुपरकिंग्स से हार झेलनी पड़ी थी। बुधवार को जो भी टीम जीत दर्ज करेगी उसकी प्लेऑफ में जगह सुरक्षित हो जाएगी। रोहित की फिटनेस इस मैच से पहले चर्चा का विषय बन गई है। वह हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेले थे। मुंबई इंडियन्स के कप्तान ने सोमवार को नेट्स पर अभ्यास किया। संयोग से इसी दिन उन्हें आस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया था। मुंबई इंडियन्स या भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की तरफ से उनकी फिटनेस को लेकर कोई स्पष्ट बयान जारी नहीं किया गया है। रोहित की अनुपस्थिति में मुंबई को सौरभ तिवारी और इशान किशन पर भरोसा दिखाना होगा। क्विंटन डिकॉक (374 रन) राजस्थान के खिलाफ नाकाम रहे थे और वह प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब होंगे। किशन (298 रन) और सूर्यकुमार यादव (283 रन) उसके अन्य बल्लेबाज हैं जिन्होंने अब तक अहम योगदान दिया है। हार्दिक पंड्या ने राजस्थान के खिलाफ सात छक्के जड़कर लंबे शॉट खेलने की अपनी क्षमता का खुलकर प्रदर्शन किया था। हार्दिक के अलावा कार्यवाहक कप्तान कीरोन पोलार्ड और क्रुणाल पंड्या टीम में ऐसे खिलाड़ी हैं जो लंबे शॉट खेलने में माहिर हैं और दोनों टीमों में अंतर पैदा कर सकते हैं। मुंबई के गेंदबाज पिछले मैच को भुलाकर नई शुरुआत करना चाहेंगे। पिछले मैच में राजस्थान के बेन स्टोक्स और संजू सैमसन के सामने उनकी एक नहीं चली थी। ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह ने अभी तक गेंदबाजी विभाग का मोर्चा अच्छी तरह से संभाला है। इन दोनों ने मिलकर 33 विकेट लिए हैं। तीसरे तेज गेंदबाज के लिए मुंबई को जेम्स पैटिनसन और नाथन कूल्टर नाइल में से किसी एक को चुनना होगा। आरसीबी की तरफ से कप्तान कोहली (415 रन) अपनी शानदार फार्म जारी रखना चाहेंगे। आस्ट्रेलियाई आरोन फिंच (236 रन), युवा देवदत्त पडिक्कल (343 रन) और एबी डिविलियर्स (324 रन) को अधिक निरंतरता दिखाने की जरूरत है। अगर आरसीबी के शीर्ष क्रम के सभी बल्लेबाज योगदान देते हैं तो फिर विरोधी टीम परेशानी में पड़ सकती है। क्रिस मौरिस, मोईन अली और गुरकीरत मान भी निचले मध्यक्रम में अहम योगदान दे सकते हैं।

## आरसीबी के खिलाफ ज्यादा बदलाव की जरूरत नहीं: बुमराह



**अबुधाबी।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पिछले मुकाबले में बड़े लक्ष्य का बचाव करने में नाकाम रहे मुंबई इंडियन्स के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ अगले मैच में टीम के गेंदबाजों को ज्यादा बदलाव करने की जरूरत नहीं है। बुमराह ने कहा, हम अब भी बहुत खुश हैं, हमारी सोच अब भी बहुत स्पष्ट हैं और ऐसा कुछ नहीं है कि जिसमें काफी बदलाव की जरूरत हो। यह सिर्फ है कि विरोधी टीम ने उस दिन आप से बेहतर प्रदर्शन किया। आपको बस उनकी तारीफ कर आगे बढ़ना होगा।

## भारतीय क्रिकेट प्रेमी रोहित की फिटनेस के बारे में जानने के हकदार : गावस्कर



**दुबई। पू**र्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान रोहित शर्मा की हैमस्ट्रिंग की चोट की स्थिति को लेकर अधिक पारदर्शिता दिखाने की अपील की क्योंकि आस्ट्रेलिया के आगामी दौरे के लिए टीम में नहीं चुने जाने के कुछ घंटे बाद ही उन्हें मुंबई इंडियन्स की नेट्स पर अभ्यास करते हुए देखा गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित की फिटनेस के बारे में विस्तार से नहीं बताया तथा सोमवार को आस्ट्रेलिया दौरे के लिए तीनों टीम की घोषणा करते हुए कहा कि वे उनकी प्रगति पर निगरानी रखी जा रही है। उसी दिन रोहित को मुंबई इंडियन्स की नेट्स पर अभ्यास करते हुए देखा गया।

## मौजूदा रणजी चैम्पियन सौराष्ट्र की नवंबर के पहले सप्ताह से शिविर शुरू करने की योजना




**नई दिल्ली।** मौजूदा चैंपियन सौराष्ट्र नवंबर के पहले सप्ताह से प्रशिक्षण शिविर के साथ रणजी ट्रॉफी की तैयारी शुरू करने की योजना बना रहा है जिसमें कोविड-19 महामारी को लेकर राज्य सरकार और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। कोविड-19 के कारण देश में खेल गतिविधियों के रूकने से पहले मार्च में सौराष्ट्र और बंगाल के बीच रणजी ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला भारत में आयोजित किया गया आखिरी घरेलू क्रिकेट मैच था। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के अध्यक्ष जयदेव शाह ने मंगलवार को कहा कि शुरू में वे खंडेरी स्टेडियम में राजकोट के क्रिकेटरों के साथ शिविर लगाने की योजना बना रहे हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गंगुली ने कहा है कि जनवरी में घरेलू सत्र शुरू होने की संभावना है, ऐसे में हमने शिविर लगाने का फैसला किया है।

## भारत–आस्ट्रेलिया बॉक्सिंग डे टेस्ट में दर्शकों की उपस्थिति को लेकर आश्वस्त : विक्टोरिया सरकार

**मेलबर्न।** कोविड–19 के व्यापक खतरे के बावजूद भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बाक्सिंग डे टेस्ट मैच में दर्शकों को आने की अनुमति मिल सकती है क्योंकि विक्टोरिया सरकार ने कहा है कि वह इस बहु प्रतीक्षित मुकाबले में प्रशंसकों की उपस्थिति को लेकर बेहद आश्वस्त है।

कोविड–19 महामारी के कारण चार महीने से अधिक समय तक लॉकडाउन रहने के बाद मेलबर्न शीघ्र खुल जाएगा कि क्योंकि इस विक्टोरिया प्रांत में पिछले कुछ समय में कोविड–19 के मामलों में कमी आई है। आस्ट्रेलियाई प्रांत विक्टोरिया की प्रांतीय सरकार के प्रमुख डेनियल एड्रयूज ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि दर्शक इस मैच में उपस्थित रहेंगे और प्रशासन इसको लेकर काम कर रहा है।

## रोमा ने मिलान को 3-3 से ड्रा पर रोका

**मिलान।** इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल प्रतियोगिता सेरी में लगातार चार जीत के साथ सत्र शुरू करने वाली एसी मिलान को रोमा ने सोमवार को 3–3 से ड्रा पर रोक दिया। इस ड्रा मुकाबले के बाद भी टीम 13 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर बनी है। रोमा पांच मैच में आठ अंक के साथ नौवें पायदान पर है। मैच के आखिरी 10 मिनट में एसी मिलान की टीम 3–2 से आगे चल रही थी लेकिन रोमा के डिफेंडर मार्श कुम्बुला ने 84वें मिनट में गोल कर टीम को हार से बचा लिया।

## सोन और केन की जोड़ी ने टोटेनहैम को दिलाई जीत

ब्रूनले (इंग्लैंड)। हैरी केन और सोन हियूंग मिन की जोड़ी ने फिर से अपना करिश्मा दिखाकर टोटेनहैम को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्रूनले पर।–0 से जीत दिलाई। सोन ने केन के फ्लिक पर गोल दागा। यह कुल 29वां अवसर है जबकि इन दोनों की जोड़ी एक दूसरे की मदद से गोल करने में सफल रही।

## जयराम ने सारलोरलक्स ओपन में जीत से शुरू किया अभियान

**भाषा।** सारब्रकेन (जर्मनी)



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अजय जयराम ने सारलोरलक्स ओपन सुपर 100 टूर्नामेंट के पहले दौर में मंगलवार को यहां बेल्जियम के मैक्सिमे मोरील्स के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज की। विश्व रैंकिग के पूर्व 13वें नंबर के खिलाड़ी ने मैक्सिमे को महज 19 मिनट में 21–8 21–8 से हराया। अगले दौर में उन्हें तीसरी वरीयता प्राप्त नीदरलैंड के मार्क कालजौव की चुनौती का सामना करना होगा। जयराम ने मैच की शुरुआत से ही अपनी पकड़ मजबूत करते हुए पहले गेम में 6–0 की बढ़त हासिल कर ली थी। उन्होंने ने ब्रेक के समय अपनी बढ़त 11–4 कर ली थी। पहले गेम में आसान जीत दर्ज करने के बाद दूसरे गेम की शुरूआत में उन्हें मैक्सिमे ने थोड़ी चुनौती देते हुए स्कोर 4–6 कर लिया। जयराम ने इसके बाद लगातार 11 अंक बटोर कर 17–6 से बढ़त हासिल की और फिर एकतरफा जीत दर्ज की।

## चयन पर वरुण ने कहा, यह स्वप्निल अहसास है

**शारजाह।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइटराइडर्स की तरफ से शानदार प्रदर्शन करने के कारण आस्ट्रेलियाई दौरे के लिए भारत की टी20 में चुने गए रहस्यमई स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इसे स्वप्निल अहसास करार दिया। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 2018 के बाद अपनी स्पिन को गंभीरता से लेना शुरू किया। उन्होंने कहा कि उन्हें राष्ट्रीय टीम में चयन की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने केवल 12 टी20 खेले हैं और अब तक केवल एक प्रथम श्रेणी मैच में भाग लिया है।

## विदेश में काम कर रहे भारतीय अब अपने घर अधिक पैसा भेज रहे हैं : रिपोर्ट

**मुंबई।** देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार के संकेत दिखने लगे हैं। एसबीआई रिसर्च की एक रपट के मुताबिक सितंबर में प्रवासी मजदूरों के घर पैसे भेजने में बढ़त दर्ज की गई और यह फरवरी के स्तर से ऊपर पहुंच गई। इसी तरह एसबीआई रिसर्च की मंगलवार को जारी रपट में कहा गया है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में नए पंजीकरण की संख्या मे भी बढ़त दर्ज की गई है। रपट के मुताबिक एक और अच्छी बात इस दौरान जनधन खातों की संख्या में बड़ी वृद्धि होना है। इनकी संख्या अब 41 करोड़ के पार जा चुकी है। प्रवासी मजदूरों द्वारा अपने घरों को भेजे जाने वाले पैसे में अप्रैल में लॉकडाउन के बाद भारी गिरावट आई थी। जून और जुलाई से इसमें सुधार देखा गया। जबकि सितंबर के आंकड़े कोविड–19 महामारी से पहले फरवरी के स्तर को भी पार कर गए हैं। यह दिखाता है कि प्रवासी मजदूर आजीविका के लिए काम पर लौटने लगे हैं। हालांकि अगस्त में कई इलाकों में भारी बारिश के चलते काम बाधित रहा और मजदूरों के घर पैसे भेजने में गिरावट दर्ज की गई। एसबीआई रिसर्च का प्रवासी मजदूरों के घर पैसे भेजने का सूचकांक फरवरी में 112 अंक था जो आमतौर पर 100 के आसपास रहता है। वहीं अप्रैल में यह गिरकर 85 अंक पर आ गया। लेकिन मई में इसमें सुधार दर्ज किया गया। मई यह 94, जून में 105, जुलाई में 103 और अगस्त में 97 रहा। जबकि सितंबर में यह फिर से 115 अंक पर पहुंच गया।

## सरकार ने प्रशिक्षण से जुड़े निकायों, आकलन एजेंसियों के लिए नए नियम जारी किए

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को कौशल भारत मिशन के तहत बेहतर परिणाम और प्रक्रियाओं को मानकीकृत बनाने के लिए प्रशिक्षण के बारे में निर्णय लेने से जुड़े निकायों और आकलन एजेंसियों को मान्यता देने और नियमन को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए।कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने अपने एकीकृत नियामक संस्थान राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) के साथ मिलकर दिशानिर्देश और परिचालन नियमावली जारी की है। नियम प्रशिक्षण देने वाले निकायों को कार्य सुपुर्द करने से जुड़े निकायों और आकलन एजेंसियों को मान्यता और नियमन के लिए बनाए गए हैं। ए दोनों इकाइयां कौशल विकास परिवेश के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण हैं।

## भारत में हार्ले-डेविडसन की बाइक का विकास, बिक्री करेगी हीरो मोटोकॉर्प

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प और अमेरिका की बाइक कंपनी हार्ले–डेविडसन ने भारतीय बाजार के लिए व्यापक आधार वाली भगीदारी की घोषणा की है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में कहा कि करार के तहत हीरो मोटोकॉर्प भारत में हार्ले–डेविडसन की प्रीमियम मोटरसाइकिलों की बिक्री करेगी। इसके अलावा वह हार्ले की बाइक के लिए कलपुर्जों तथा सेवा की जरूरतों को भी पूरा करेगी। इसके साथ ही वह ब्रांड–विशिष्ट हार्ले–डेविडसन के डीलरों के नेटवर्क तथा हीरो के मौजूदा डीलरशिप नेटवर्क के जरिए कलपुर्जों और एक्सेसरीज तथा अन्य सामान एवं उपकरणों और परिधानों की बिक्री भी करेगी।

# अर्थव्यवस्था में सुधार, वृद्धि दर नकारात्मक या शून्य के करीब रहेगी : सीतारमण

## 2020-21 में वित्त मंत्री का अनुमान

**भाषा।** नई दिल्ली




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अर्थव्यवस्था में अब सुधार के संकेत दिखने लगे हैं। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर नकारात्मक या शून्य के करीब रहेगी। 2020–21 की पहली तिमाही (अप्रैल–जून) में अर्थव्यवस्था में 23.9 प्रतिशत की जबर्दस्त गिरावट आई है, लेकिन त्योहारी सीजन के दौरान मांग में सुधार देखने को मिल रहा है। सेरा वीक के भारत ऊर्जा मंच को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचा, वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) और रोजगार देने वाले और संपत्ति सृजन वाले सभी उद्योग सरकार के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि हालिया आंकड़ें अर्थव्यवस्था के पुनरोद्धार का संकेत देते हैं। पीएमआई का आंकड़ा 2012 से सबसे ऊंचा रहा है। इससे संकेत मिलता है कि स्थिति सुधर रही है। यह सुधार सतत और टिकाऊहोगा। यदि यह सतत सुधार तीसरी और चौथी तिमाही में होता है, तो हमारा अनुमान है कि जीडीपी की कुल वृद्धि दर नकारात्मक या शून्य के करीब होगी। उन्होंने कहा कि भारत अगले साल फिर से सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लेगा। सरकार ने कोरोना वायरस महामारी की वजह से 25 मार्च से सख्त लॉकडाउन लगाया था क्योंकि लोगों के जीवन को बचाना ज्यादा जरूरी था। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन की वजह से ही हम महामारी से निपटने के लिए तैयारियां कर सके। आर्थिक गतिविधियों को खोले जाने के साथ वृहद आर्थिक संकेतकों में सुधार दिखाई दे रहा है। संकेतकों से पता चलता है कि प्राथमिक क्षेत्र, कृषि से जुड़े क्षेत्र और ग्रामीण भारत सभी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, टिकाऊसामान, कृषि उपकरणों, ट्रैक्टरों और वाहनों सबकी मांग बढ़ रही है। भारत में त्योहारों का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में मुझे उम्मीद है कि मांग और बढ़ेगी और यह टिकाऊ रहेगी। प्रमुख आर्थिक संकेतकों में माह–दर–माह और साल–दर–साल आधार पर सुधार दिख रहा है। सितंबर में विनिर्माण पीएआई 56.8 पर पहुंच गया है, जो इसका साढ़े आठ साल का उच्चस्तर है। सेवा पीएमआई 50 के स्तर से थोड़ा नीचे है लेकिन यह अप्रैल से लगातार बढ़ रहा है। अक्टूबर में बिजली की मांग सालाना आधार पर 10.2 प्रतिशत बढ़ी है। सितंबर में यह 4.6 प्रतिशत बढ़ी थी। छह माह तक लगातार गिरावट के बाद सितंबर में निर्यात में भी सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में 9.5 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने अर्थव्यवस्था में 10.3 प्रतिशत और विश्वबैंक ने 9.6 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया है। भारत कराधान की निचली दरों तथा कारोबार सुगमता के जरिए विदेशी निवेश को आकर्षित करने की नीति को जारी रखेगा।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे के सुधार के साथ 73.71 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार मे तेजी के रुख और निर्यातकों की डॉलर बिकवाली से मंगलवर को विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे रुपया अपने दिन के निचले स्तर से उबर गया और 13 पैसे की मजबूती के साथ 73.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे सुबह के कारोबार मे रुपया 73.94 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला लेकिन इसमे जल्द ही वापस सुधार का रुख लौट आया। कारोबार के दौरान 73.71 रुपए प्रति डॉलर के उच्च स्तर और 73.94 रुपए के निचले स्तर को छूने के बाद अंत मे रुपया 13 पैसे की मजबूती के साथ 73.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपया 73.84 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## रिजर्व बैंक ने कर्जदाता संस्थानों से ब्याज माफी पांच नवंबर तक लागू करने को कहा



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सभी कर्जदाता संस्थानों से मंगलवार को कहा कि वे दो करोड़ रुपए तक के कर्ज के लिए हाल ही में घोषित ब्याज माफी योजना को लागू करें।

इस योजना के तहत दो करोड़ रुपए तक के कर्ज पर ब्याज के ऊपर लगने वाला ब्याज एक मार्च, 2020 से छह महीने के लिए माफ किया जाएगा। सरकार ने पात्र ऋण खातों के लिए चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच के अंतर के भुगतान को लेकर अनुदान की योजना की 23 अक्टूबर को घोषणा की थी। सरकार ने सभी बैंकों को पांच नवंबर तक चक्रवृद्धि ब्याज व साधारण ब्याज के अंतर को कर्जदारों के खाते में जमा करने के लिए कहा था। रिजर्व बैंक ने एक अधिसचूना में कहा, सभी ऋणदाता संस्थानों को योजना के प्रावधानों द्वारा निर्देशित होने और निर्धारित समयसीमा के भीतर आवश्यक कार्वाई करने की सलाह दी जाती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा, रिजर्व बैंक ने सभी ऋणदाता संस्थानों को कहा है कि वे योजना के प्रावधानों से निर्देशित हों और सभी पात्र खाताधारकों को छह महीने की तय अवधि के लिए चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज के अंतर की राशि का भुगतान करें। रिजर्व बैंक ने सभी संस्थानों को तय समयसीमा में आवश्यक कदम उठाने को कहा है।

## सेंसेक्स 377 अंक उछला, कोटक के शेयर में तेजी

**भाषा।** मुंबई







वैश्विक स्तर पर गिरावट के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 377 अंक मजबूत हुआ। कोटक महिंद्रा बैंक के बेहतर तिमाही परिणाम के बाद उसके शेयर में जोरदार लिवाली का बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। कारोबारियों के अनुसार एमएससीआई (मॉर्गन स्टेनले कैपिटल इंटरनेशनल) के बयान से निवेशकों की धारणा पर सकारात्मक असर पड़ा। उसने कहा है कि वह अपने वैश्विक सूचकांकों में बदलाव करेगा जिससे शेयरों के लिए देश की विदेशी मालिकाना हक की सीमा में बदलाव प्रतिबिंबित हो। इससे भारतीय शेयरों में एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशकों) का प्रवाह बढ़ने की उम्मीद है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 376.60 अंक यानी 0.94 प्रतिशत की बढ़त के साथ 40,522.10 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेश्नल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 121.65 अंक या 1.03 प्रतिशत मजबूत होकर 11,889.40 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक में जोरदार तेजी आई। बैंक का जुलाई–सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत उछलकर 2,947 करोड़ रुपए रहने के बाद उसका शेयर करीब 12 प्रतिशत उछला। बैंक ने इंडसइंड बैंक के विलय को लेकर अटकलों को खारिज नहीं किया है। निजी क्षेत्र के बैंक ने कहा कि हाल में जुटाए गए 7,000 करोड़ रुपए का उपयोग अधिग्रहण समेत अन्य कार्यों में सोच–समझकर किया जाएगा।

## एडनॉक को पेट्रोरसायन विस्तार योजना के लिए भारतीय भागीदार की तलाश

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब ईमरात की सबसे बड़ी ऊर्जा उत्पादक कंपनी अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) प्रसंस्करण और विपणन क्षेत्र मे अपनी महत्वकांक्षी 45 अरब डॉलर की पेट्रोरसायन विस्तार योजना में भागीदारी के लिए भारतीय कंपनियो की तलाश मे है। एडनॉक ने एक बयान में कहा कि कंपनी के सीईओ सुलतान अहमद अल जाबेर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक ऊर्जा कंपनियो के सीईओ के साथ विचार-विमर्श के दौरान यूएई भारत रिश्तों को प्रागाढ़ बनाने को लेकर अवसर तलाशने का जिक्र किया।

## टाटा मोटर्स को जुलाई–सितंबर तिमाही में 307 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा

**मुंबई।** टाटा मोटर्स को चालू वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) मे 307.26 करोड़ रुपए का एकीकृत घाटा हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2019-20 की इसी अवधि मे कंपनी को 187.7 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था। शेयर बाजार को दी जानकारी में कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही मे उसकी परिचालन आय घटकर 53,530 करोड़ रुपए रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि मे यह 65,431.95 करोड़ रुपए थी।

## भारती एयरटेल का सितंबर तिमाही की आय 22 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का घाटा वित्त वर्ष 2020-21 की जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही मे घटकर 763 करोड़ रुपए रह गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि मे कंपनी का घाटा 23,045 करोड़ रुपए था। हालांकि पिछले साल कंपनी के ज्यादा घाटे की प्रमुख वजह उच्चतम न्यायालय के आदेश पर समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) से जुड़ा बकाया अदा करने के लिए 28,450 करोड़ रुपए का प्रावधान करना था। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान मे कहा कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 22 प्रतिशत बढ़कर 25,785 करोड़ रुपए रही।



वाशिंगटन में उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति का पद आधिकारिक तौर पर ग्रहण करने के लिए शपथ लेतीं एमी कॉनी बैरेट। साथ में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

# महिला हिंदू नागरिकों ने रिपब्लिकन ट्रंप को समर्थन देने की अपील की

**भाषा।** ह्यूस्टन

**डोनाल्ड ट्रंप** की बाजार हितैषी नीतियां, चीन के खिलाफ कड़ा रूख अख्तियार करना और अमेरिका में हिंदू समुदाय के योगदान की सराहना करने के कारण यहां की हिंदू महिलाओं ने रिपब्लिकन पार्टी को समर्थन देने की अपील की है ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि ट्रंप तीन नवम्बर को होने वाले चुनाव में जीत दर्ज कर सकें।

अमेरिका में विभिन्न क्षेत्रों की हिंदू महिलाओं के एक पैनल ने ऑनलाइन सत्र में हिस्सा लेते हुए राष्ट्रपति ट्रंप के समर्थन में अपने विचार रखे।डलास से मीडिया उद्यमी करिश्मा हिमतसिंघानी ने कहा कि न तो वह वामपंथी हैं न ही दक्षिणपंथी बल्कि उदारवादी मध्यमार्गी हैं और उनका मानना है कि ट्रंप अपने कार्यक्रमों एवं नीतियों में मध्यमार्ग अपनाते हैं।उन्होंने कहा कि मीडिया ने ट्रंप की छवि दक्षिण पंथी बना दी है। कोविड-19 संकट के कारण उत्पन्न हुए अनिश्चित दौर में भी ट्रंप ने अर्थव्यवस्था को सुचारू जारी रखने पर ध्यान केंद्रित किया। राष्ट्रपति व्यवसाय के लिए कर में कटौती और आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले कठोर सरकारी नियामकों को हटाने के लिए प्रतिबद्ध रहे।स्वास्थ्य प्रशासक श्रीलेखा पल्ले ने डेमोक्रेटिक पार्टी की विचारधारा की आलोचना की।उन्होंने पैनल में शामिल लोगों से पूछा, क्या आप चाहते हैं कि आपके बच्चे की शिक्षा बड़ी सरकार तय करे या अभिभावक के तौर पर आप तय करें, क्या आप चाहते हैं कि स्वास्थ्य की देखभाल चिकित्सक एवं चिकित्सा पेशेवर तय करें और इसकी कीमत बाजार तय करे या इसे गैर जवाबदेह बड़ी सरकार तय करे, अगर आप चाहते हैं कि आपका जीवन सरकारी नौकरशाह तय करें तो डेमोक्रेट को वोट दें, लेकिन अगर आप मुक्त समाज में रहना चाहते हैं तो रिपब्लिकन को वोट दें। पल्ले ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत किया जहां उन्होंने आतंकवाद और चीन की तरफ से पेश खतरे पर भारत की चिंताओं के प्रति अभूतपूर्व कदम उठाए।मिनियापोलिस की वंदना मांगलिक ने कश्मीर और संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पर डेमोक्रेटिक पार्टी के रूख को उजागर किया। वह डेमोक्रेट समर्थक हैं और पांच बार पार्टी को वोट कर चुकी हैं।उन्होंने पूछा, समझा जाता है कि डेमोक्रेट मानवाधिकारों का समर्थन करते हैं। लेकिन डेमोक्रेट शासित छह नगर परिषदों ने भारत विरोधी प्रस्ताव, सीएए विरोधी प्रस्ताव क्यों पारित किए? किसी संप्रभु देश के मामलों में नगर परिषदों को पड़ने की क्या जरूरत है? डलास में उद्यमी रमन भौमिक ने कहा, रिपब्लिकन ने हमेशा छोटे व्यवसाय का समर्थन किया है और सरकारी नियामकों को कम किया है।

# पाकिस्तान में मदरसे में बम विस्फोट में सात बच्चों की मौत, 70 से अधिक घायल

**भाषा।** पेशावर

**उत्तर-पश्चिमी** पाकिस्तान के पेशावर शहर में एक मदरसे में मंगलवार को एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम सात बच्चों की मौत हो गई जबकि 70 से अधिक अन्य घायल हो गए। पेशावर शहर के पुलिस अधीक्षक वकार अज़ीम ने कहा कि पेशावर शहर की दीर कॉलोनी में स्थित मदरसे में फज्र (सुबह) की नमाज के बाद विस्फोट हुआ। किसी अज्ञात व्यक्ति ने विस्फोटक सामग्री से भरा बैग मदरसे की दीवार के पास रख था। विस्फोट में 7 बच्चे मारे गए और 70 से अधिक अन्य घायल हो गए।उन्होंने बताया कि माना जाता है कि बच्चे जब मदरसे में आ रहे थे, तब विस्फोट हुआ। आतंवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट में 4 से 5 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया।अधिकारी ने बताया कि मरने वालों में ज्यादातर बच्चे 7-11 साल की उम्र के थे। इनमें से कई अफगानिस्तान के थे। अस्पताल के अधिकारियों ने पुष्टि की कि उन्हें विस्फोट में मारे गए सात बच्चों के शव मिले हैं और 70 लोग घायल हुए हैं।पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने हमले की निंदा की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।उन्होंने एक ट्वीट में कहा, पेशावर में मदरसा पर हुए आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं पीड़ति परिवारों के साथ हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की दुआ करता हूं। मैं अपने देश को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम इस कायरतापूर्ण बर्बर हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को सख्त सजा मिलेगी। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस प्रमुख सनाउल्ला अब्बासी ने मरने वालों की संख्या की पुष्टि की है।पुलिस के अनुसार, जब बम विस्फोट हुआ तब लगभग 40-50 बच्चे मदरसे के भीतर मौजूद थे। मदरसा प्रशासन ने कहा कि संस्था में लगभग।,100 छात्र पढ़ते हैं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान ने बच्चों पर हमले की निंदा की। मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार कामरान बंगश ने कहा कि विस्फोट की पूरी तरह जांच की जाएगी और अपराधियों को सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा, जो लोग आतंक फैलाते हैं वे अपने मकसद में कभी कामयाब नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि हमले में कम से कम 72 बच्चे घायल हुए हैं। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और पुलिस की टीमें सबूत इकट्ठा कर रही हैं।किसी भी समूह ने अभी तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# भारत ने पश्चिम एशिया में आतंकवादी संगठनों का समर्थन पूरी तरह रोकने का आह्वान किया

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने** सभी संबंधित पक्षों से आईएसआईएल जैसे आतंकी संगठनों का समर्थन पूरी तरह बंद करने का आह्वान करते हुए पश्चिम एशिया में सभी हितधारकों से शांति, स्थिरता और विकास के लिए काम करने का आग्रह किया है।

भारत ने कहा है कि उसने संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा बलों में अपने कर्मियों की तैनाती तथा मानवीय मदद, विकास सहयोग, क्षमता निर्माण के जरिए क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए काफी प्रयास किए हैं और पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने की दिशा में आगे भी योगदान देता रहेगा।भारत ने पश्चिम एशिया में हालात पर सुरक्षा परिषद की चर्चा में सोमवार को लिखित बयान प्रस्तुत किया। इसमें कहा गया, भारत संबंधित पक्षों से आईएसआईएल (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवेंट) जैसे आतंकवादी संगठनों का समर्थन पूरी तरह से बंद करने का आह्वान करता है। भारत क्षेत्र के सभी पक्षों से पश्चिम एशिया के लोगों के फायदों के लिए शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करने का अनुरोध करता है। भारत ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम संधि से गाजा में मानवीय स्थिति ठीक हुई है और उम्मीद जताई कि अस्थाई संधि को स्थाई संघर्षविराम में बदला जाएगा। इससे दोनों पक्षों के लोगों की जान बचेगी और वार्ता के लिए अनुकूल माहौल बनेगा।भारत ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण हकीकत है कि पश्चिम एशिया के लोगों की चुनौतियों का अब तक समाधान नहीं हुआ है। क्षेत्र में राजनीतिक अस्थिरता, शरणार्थियों का मुद्दा और आतंकवाद की समस्या अभी भी व्याप्त है। कोविड-19 महामारी ने इन चुनौतियों से पैदा खतरों को और बढ़ा दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टी एस त्रिमूर्ति का यह बयान परिषद के आधिकारिक रिकॉर्ड का हिस्सा होगा। भारत ने कहा कि वह संसदीय और राष्ट्रपति चुनाव कराने तथा फलस्तीन राष्ट्रीय परिषद का चुनाव कराने के लिए फतह और हमास के बीच समझौते की सराहना करता है।

## फलस्तीन ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया आह्वान, अमेरिका हुआ राजी

**संयुक्त राष्ट्र।** फलस्तीन के विदेश मंत्री ने सोमवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय शांति सम्मेलन इज़राइल और फलस्तीनियों के बीच शांति समझौते पर बातचीत को गति प्रदान करने का एकमात्र तरीका है।इस पर अमेरिकी राजदूत ने कहा कि (अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रंप के प्रशासन को अंतरराष्ट्रीय साझेदारों से मिलने में कोई आपत्ति नहीं है। फलस्तीन के शीर्ष राजनयिक रियाद मल्की ने (फलस्तीन के) राष्ट्रपति महमूद अब्बास के अगले साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के प्रस्ताव का जोरदार समर्थन किया।मल्की ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा, इसके अलावा कुछ और निरर्थक होगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा की विश्व नेताओं की वार्षिक बैठक के दौरान ऑनलाइन संबोधन में अब्बास ने सम्मेलन का आह्वान किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनिया गुतारेस से पश्चिम एशिया के मध्यस्थों की तथाकथित चौकड़ी (अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ और रूस) को तैयार करने का आह्वान किया।अमेरिकी राजदूत केली क्राफ्ट को सम्मेलन के परिणामों को लेकर संदेह था लेकिन उन्होंने कहा कि वह अब्बास की सम्मेलन की अपील पर अमल के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन और इज़राइल बेहद करीबी माने जाते हैं।वहीं संयुक्त राष्ट्र में इज़राइल के नए राजदूत गिलाद एर्डन ने फलस्तीन की अपील का विरोध करते हुए, अब्बास पर इज़राइल द्वारा किए गए हर शांति प्रस्ताव को अस्वीकार करने और संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और सूडान के साथ इज़राइल के हालिया समझौतों की

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति को हत्या का दोषी ठहराया गया

**लंदन।** पश्चिमी लंदन में एक मामूली कहासुनी के बाद 69 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या करने के आरोपी भारतीय मूल के व्यक्ति को ब्रिटेन की एक अदालत ने हत्या का दोषी ठहराया। अदालत दिसंबर में सजा सुनाएगी।36 साल के गुरजीत सिंह लाल ने गली में थूकने को लेकर हुई बहस के बाद एलन इशीकी पर हमला किया था।इनर लंदन क्राउन कोर्ट की एक जूरी ने सोमवार को उसे हत्या का दोषी ठहराया। घटना पिछले साल साउथॉल में हुई थी, जब इसीकी इलाके के स्थानीय पब में ड्रिंक के बाद घर वापस लौट रहा था।महानगरीय पुलिस के विशेष अपराध विभाग के जासूस निरीक्षक जेमी स्टीवेन्सन ने कहा कि मुझे खुशी है कि उसे दोषी ठहराया गया है और जूरी ने उसके तर्क को खारिज कर दिया कि उसने आत्मरक्षा मे यह कदम उठाया था।

### कोविड-19 से बचाने वाले एंटीबॉडी में तेजी से आ रही है गिरावट: अध्ययन

**लंदन।** ब्रिटेन मे अनुसंधानकर्ताओ ने पाया है कि कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके व्यक्ति को संक्रमण से बचाने वाले एंटीबॉडी तेजी से घट रहे है , जिसके कारण कोविड-19 संक्रमण से लंबे समय तक रोग प्रतिरोधक क्षमता बने रहने की उम्मीदें धूमिल होती नजर आ रही हैं। इम्पीरियल कॉलेज लंदन के एक अध्ययन के तहत इंग्लैड मे 3,65,000 से अधिक लोगो की जांच की गई। अध्ययन मे पाया गया कि कोविड-19 के लिए जिम्मेदार कोरोना वायरस से रक्षा करने वाले एंटीबॉडी समय के साथ कम हो रहे हैं, जो संकेत देते है कि रोग प्रतिरोधक क्षमता केवल कुछ ही महीने बनी रह सकती है। अध्ययन करने वाले अनुसंधानकर्ताओं मे शामिल रहे प्रोफेसर वेंडी बार्कले ने कहा, हर बार सर्दी के मौसम मे लोगो को संक्रमित करने वाला कोरोना वायरस छह से 12 महीने बाद लोगो को फिर से संक्रमित कर सकता है।उन्होंने कहा, हमें आशंका है कि कोविड-19 संक्रमण के लिए जिम्मेदार वायरस से संक्रमित होने पर भी शरीर इसी तरह प्रतिक्रिया देता है। इम्पीरियल कॉलेज लंदन मे निदेशक पॉल इलियॉट ने कहा, हमारे अध्ययन दर्शाते है कि समय के साथ उन लोगो की संख्या मे कमी देखी गई है, जिनमें एंटीबॉडी है। अध्ययन मे कहा गया है कि एंडीबॉडी कम होने के मामले युवाओ की अपेक्षा 75 साल और इससे अधिक आयु के लोगो मे अधिक पाए गए है।

### वैज्ञानिकों ने कोविड-19 रोगियों में विभिन्न प्रकार के हृदय संबंधी नुकसान का पता लगाया

**न्यूयार्क।** वैज्ञानिको ने कोविड-19 के मरीजो की हृदय की मांसपेशियों मे तीन प्रकार की क्षति की पहचान की है जिनका संबंध प्राणघातक खून के थक्के और हृदयाघात से है। शोध के निष्कर्षो के जरिए संवेदनशील लोगो की बेहतर निगरानी संभव हो सकेगी।अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के जर्नल मे प्रकाशित शोध के मुताबिक हृदय की इन असामान्य परिस्थितियों का संबंध अस्पतालो मे भर्ती कोविड-19 के मरीजो की जान जाने के अत्यधिक जोखिम से जुड़ा है। अमेरिका मे माउंट सिनाई अस्पताल के शोधकर्ताओ समेत अन्य शोधकर्ताओ का मानना है कि इस शोध से चिकित्सको को कोरोना वायरस से संक्रमित लोगो मे हृदय संबंधी क्षति के बारे मे बेहतर जानकारी मिल सकेगी। इस तरह वे जल्द पता लगा सकेंगे कि किन मरीजो को जोखिम अधिक है और कौन सा उपचार कारगर होगा।इस शोध मे वैज्ञानिको ने टोपोनिन नाम के प्रोटीन का स्तर देखा। इस प्रोटीन का स्राव हृदय की मांसपेशी मे क्षति पहुंचने पर होता है। इसमें इकोकार्डियोग्राम से हृदय मे असामान्यता भी देखी गई।शोध मे वैज्ञानिको ने कोविड-19 से पीड़ति 305 मरीजो के हृदय का स्कैन देखा। इन मरीजो की औसत आयु 63 वर्ष थी। इनमें से 190 मरीजो के हृदय की कोशिकाओं मे क्षति के लक्षण मिले।

### पूर्वी अफगान में एक पुलिस अड्डे पर हमले में तीन लोगों की मौत

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत मे एक पुलिस अड्डे पर मंगलवार को तालिबान आतंकवादियों ने समन्वित हमला किया, जिसमे कम से कम तीन लोगो की मौत हो गई। अफगान अधिकारियों ने यह जानकारी दी।खोस्त के प्रांतीय स्वास्थ्य निदेशक हबीब शाह अंसारी ने कहा कि अब तक तीन शव और लगभग 30 घायल अस्पताल लाए गए, जिसमें सैनिक और असैन्य नागरिक दोनों शामिल हैं। खोस्त मे यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब पहली बार दोनों पक्षों के बीच कतर में शांति वार्ता हुई है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता तारिक अरन ने कहा कि एक पुलिस विशेष बल के एक अड्डे के पास मंगलवार सुबह विस्फोटकों से भरे एक वाहन के जरिए विस्फोट किया गया। उन्होंने बताया कि अब तक कम से कम चार हमलावर मारे गए और अफगान सेना की दो अन्य लोगों के साथ मुठभेड़ चल रही है।अरन ने कहा कि हमलावरों और अफगान बलों के बीच गोलीबारी चल रही है, जिससे हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अफगानिस्तान ने रविवार को दावा किया कि उसने देश के पूर्वी हिस्से में एक अभियान के दौरान एफबीआई की वांछित सूची में शामिल एक शीर्ष अल-कायदा प्रचारक को मार गिराया है।

# ट्रंप वाशिंगटन में अपने होटल में पार्टी का करेंगे आयोजन

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वाशिंगटन में अपने होटल में चुनावी पार्टी आयोजित करने की संभावना है। हालांकि, कोविड-19 महामारी के कारण शहर में बड़े जमावड़े पर पाबंदी लगी हुई है।न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रंप तीन नवंबर को वाशिंगटन में अपने होटल में पार्टी आयोजित करेंगे और जमावड़े को लेकर शहर के डेमोक्रेटिक पार्टी की मेयर के साथ उनका टकराव हो सकता है। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप को तीन नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन के साथ टक्कर होगी। खबर के मुताबिक व्हाइट हाउस के ग्राउंड में आयोजन पर कोलंबिया जिला प्रशासन की ओर से कुछ नहीं कहा गया है लेकिन चुनावी पार्टी के लिए होटल का चयन मुद्दा बन सकता है। महामारी के कारण शहर के प्रशासन के आदेशों के मुताबिक वाशिंगटन में 50 से ज्यादा लोगों के जमावड़ा की इजाजत नहीं है।शहर की मेयर मुरील बाउजर ने कहा है कि वह चुनावी पार्टी करने की योजना से अवगत हैं और सुझाव दिया कि शहर का प्रशासन होटल के खिलाफ कदम उठा सकता है। ट्रंप और बाउजर के बीच इस साल कई मुद्दों पर भिड़ंत हो चुकी है। इससे पहले बाउजर ने कहा था कि ट्रंप प्रशासन कोरोना वायरस के संक्रमितों का पता लगाने में मदद नहीं दे रहा है। खबर में कहा गया ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान, ट्रंप होटल विदेशी नेता, धार्मिक समूहों और फॉक्स न्यूज से जुड़े लोगों का केन्द्र रहा है और अनेक विवादो का स्रोत बना है। महामारी के कारण बड़े स्तर पर जमावड़े को सीमित किए जाने के बावजूद व्हाइट हाउस ने कई बार इन सीमाओं को नजरअंदाज त किया।



एक समारोह में पेरू के कुज्को में इंका शासक मानको कैपैक के रूप में कपड़े पहने एक व्यक्ति जो कुछ इतिहासकारों के अनुसारइंका सभ्यता का पहला गवर्नर और संस्थापक था

# अमेरिका ने ताइवान को हथियारों की 2.37 अरब डॉलर की ब्रिकी के संबंध में घोषणा की

● चीन ने सोमवार को कहा था कि वह ताइवान को हथियारों की आपूर्ति करने के कारण बोइंग और लॉकहीड मार्टिन समेत शीर्ष अमेरिकी रक्षा कंपनियों पर प्रतिबंध लगाएगा

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने ताइवान को 2.37 अरब डॉलर में हार्पून मिसाइल प्रणालियों की बिक्री संबंधी योजना के बारे में सोमवार को अधिसूचित किया। इससे कुछ ही घंटों पहले चीन ने बोइंग समेत अमेरिकी रक्षा कंपनियों पर प्रतिबंधों की घोषणा की थी। हार्पून सौदे में बोइंग मुख्य ठेकेदार कंपनी है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति एवं स्थिरता कायम रहने में अमेरिका का हित है और अमेरिका ताइवान की सुरक्षा को सीमावर्ती हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए अहम मानता है।

उसने कहा कि इस बिक्री से क्षेत्र में सैन्य संतुलन नहीं बदलेगा। हार्पून मिसाइल पोतों और भूमि पर लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम है। बोइंग ने कहा कि यह मिसाइल 500 पाउंड आयुध ले जाने में सक्षम है। यह तटीय रक्षा स्थलों, सतह से वायु पर मिसाइल स्थलों, विमानों, बंदरगाहों में पोतों, बंदरगाहों और औद्योगिक केंद्रों पर निशाना साधने में सक्षम है।

इससे पहले, चीन ने सोमवार को कहा था कि वह ताइवान को हथियारों की आपूर्ति करने के कारण बोइंग और लॉकहीड मार्टिन समेत शीर्ष अमेरिकी रक्षा कंपनियों पर प्रतिबंध लगाएगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा था, चीन कई मौकों पर कह चुका है कि ताइवान को अमेरिकी हथियारों की बिक्री करना चीनी नीति की अवहेलना करने के साथ ही संप्रभुता और सुरक्षा हितों को धता बताना है। हम इसकी कड़ी भर्त्सना करते हैं। उन्होंने कहा था, अपने हितों की रक्षा के लिए हमने जरूरी कदम उठाने का फैसला किया है। हम हथियारों की बिक्री में शामिल अमेरिकी कंपनियों पर पाबंदी लगाएंगे। उन्होंने कहा था कि जिन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा, उनमें बोइंग, लॉकहिड मार्टिन और रेथियॉन भी शामिल हैं।चीन और ताइवान 1949 के गृहयुद्ध में विभाजित हो गए थे और उनमें कोई कूटनीतिक रिश्ता नहीं है।

## सीरिया में हमारे हवाई हमले में अलवायदा के सात वरिष्ठ नेता मारे गए : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका का मानना है कि पिछले हफ्ते सीरिया में उसके द्वारा किए गए हवाई हमले में अलकायदा के सात वरिष्ठ नेता मारे गए। हमले के वक्त संगठन के नेता इदलिब के निकट बैठक कर रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमान ने सोमवार को यह जानकारी दी।सेंट्रल कमान की प्रवक्ता मेजर बेथ रिऑर्डन ने बताया कि हवाई हमला 22 अक्टूबर को किया गया। हालांकि उन्होंने मारे गए अलकायदा नेताओं के नाम नहीं बताए हैं।रिऑर्डन ने कहा, अलकायदा के उन नेताओं के मारे जाने से आतंकवादी संगठन की साजिश रचने की और दुनियाभर में हमले करने की क्षमता प्रभावित होगी। उन्होंने कहा, अलकायदा उत्तरपश्चिमी सीरिया में अस्थिरता का फायदा उठाता है और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इसका सुरक्षित पनाहगाह के रूप में इस्तेमाल करता है। रिऑर्डन ने कहा, हमारे सहयोगियों और साझेदारों के साथ हम अलकायदा और अन्य आतंकवादी संगठनों को निशाना बनाना जारी रखेंगे। अमेरिका ने इदलिब के निकट 15 अक्टूबर को भी अलकायदा के खिलाफ हवाई हमला किया था।

## पोम्पियो के भारत दौरे पर बीजिंग ने कहा :

# चीन, क्षेत्रीय देशों के बीच कलह के बीज बोना बंद करें

**भाषा।** बीजिंग

**चीन ने** मंगलवार को अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो से कहा कि वह बीजिंग एवं क्षेत्र के देशों के बीच कलह का बीज बोना बंद करें जिससे क्षेत्र की शांति और स्थिरता प्रभावित होती है। पोम्पियो उच्च स्तरीय वार्ता के लिए फिलहाल भारत की यात्रा पर हैं ताकि संपूर्ण सुरक्षा संबंधों और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सामरिक सहयोग को मजबूत किया जा सके।पोम्पियो अमेरिका-भारत टू प्लस टू वार्ता के लिए रक्षा मंत्री मार्क टी. एस्पर के साथ सोमवार को भारत पहुंचे। भारत दौरे के बाद पोम्पियो श्रीलंका और मालदीव के दौरे पर भी जाने वाले हैं।पोम्पियो की भारत एवं दक्षिण एशियाई देशों के दौरे के बारे में पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन के खिलाफ पोम्पियो के हमले एवं आरोप नए नहीं हैं। वांग ने कहा, ए निराधार आरोप हैं जो दर्शाते हैं कि वह मानसिक रूप से



शीत युद्ध और वैचारिक पक्षपात कर रहे हैं। हम उनसे आग्रह करते हैं कि शीत युद्ध छोड़ दें और चीन तथा क्षेत्रीय देशों के बीच कलह का बीज बोना बंद करें जिससे क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता प्रभावित होती है।

भारत और अमेरिका के बीच ऐतिहासिक बेसिक एक्सचेंज एंड को-ऑपरेशन एग्रीमेंट (बेका) संधि पर हस्ताक्षर हुए जिससे दोनों देशों के बीच अत्याधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकी, गोपनीय उपग्रह आंकड़े और महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सकेगा।पोम्पियो ने अगस्त में कहा था कि चीन पश्चिमी देशों के लिए खतरा है और कुछ मायने में शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ की तरफ से उत्पन्न खतरे से भी खतरनाक है।

## ट्रेंड बाजार

### 'सांड की आंख' में अभिनय करना कठिन था: भूमि पेडनेकर



**हाल** ही में आई फिल्म 'सांड की आंख' में एक वृद्ध महिला का चरित्र निभाना कोई सरल कार्य नहीं था। भूमि ने इस फिल्म में चंद्रो तोमर की भूमिका की थी जो देश की सबसे वृद्ध शूटर थीं जिन्होंने अपनी बहन, ये चरित्र तापसी पन्नू ने किया था, के साथ मिलकर भारत के लिए कई सम्मान अर्जित किये। इस फिल्म की शूटिंग के समय की चुनौतियों का स्मरण करते हुए भूमि ने कहा, 'मुझे लगता है कि फिल्म 'सांड की आंख' में यदि शारीरिक कार्य को देखते हुए कठिनाई का स्तर मापा जाएगा तो इसमें ये चुनौती तो थी क्योंकि इसके लिए किया जाने वाला मेकअप विशिष्ट था और उस मेकअप के पीछे रहकर अभिनय करना एक कठिन चुनौती थी। यदि उस अनुभव की बात करें तो वो मेकअप अत्यंत चुनौतीपूर्ण था क्योंकि ये त्वचा के लिए अच्छा नहीं था और आपकी त्वचा में जलन होने लगती थी। इसके चलते एक बार मुझे एलर्जिक रियेक्शन भी हो गया था।

### चंदन ने की लोगों की समझदारी की प्रशंसा



**चंदन** रॉय सान्याल का कहना है कि 'इस बार पूजा पंडालों में न जाने का लोगों का निर्णय मुझे अच्छा लगा। ये महत्वपूर्ण है कि लोग घर रहकर ही देवी मां को अपनी पूजा अर्पण करें। मुझे पता है कि बंगाली लोगों के लिए ये कठिन हो सकता है क्योकि नए कपड़े पहनकर, पकवानों का सेवन करना और मां का भोग लगाना संभव नहीं हो सका। लेकिन यदि आप अगले साल की पूजा को देखना चाहते हैं तो आपको सुरक्षित रहना होगा और ध्यान रखना होगा कि आप वायरस की चपेट में न आएं।'

### हसीन दिलरुबा के लिए तापसी ने घुंघराले बाल किए सीधे



**तापसी** पन्नू को अपनी अगली फिल्म 'हसीन दिलरुबा' के लिए अपने घुंघराले बालों को सीधा कराने को लेकर समस्या है। अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने इस समस्या का उल्लेख किया था। अपनी एक छवि संलग्न करते हुए, जिसमें वो कुछ परेशान दिख रही थीं, उन्होंने लिखा, 'पिछले कुछ दिनों से अपनी फिल्म 'हसीन दिलरुबा' को लेकर मुझे हर दिन अपने बालों को सीधा करने के लिए उन्हें भूनना पड़ता है।' अपने इस पोस्ट के साथ ही उन्होंने इससे जुड़े कुछ हैशटैग जैसे कर्लीहेयरइश्यूज़, लुकचेंज तथा स्ट्रेसफुलस्ट्रेट, भी संलग्न किये।

### बेन व्हीटले करेंगे शार्क थ्रिलर फिल्म 'द मेग' का निर्देशन

**फिल्म** निर्माता बेन व्हीटले 2018 की प्रागऐतिहासिक शार्क थ्रिलर फिल्म 'द मेग' का निर्देशन करेंगे। उनकी ये घोषणा द मेग द्वारा वैश्विक स्तर पर 530 मिलियन डॉलर की आय को पार करने दो साल बाद आई है। जैसन स्टेथैम की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म का सीक्वेल जल्द ही सामने आ सकता है। इसकी पहली फिल्म का निर्देशन जॉन टर्टलटॉब ने किया था और इसमें स्टैथम को शार्क विशेषज्ञ के रूप में प्रस्तुत किया गया था जो प्रशांत महासागर में दुनिया के सबसे गहरे समुद्र माने जाने वाले मरियाना ट्रेंच में एक विशालकाय शार्क का सामना करता है। इस फिल्म का रूपांतरण स्टीव एल्टन के एक उपन्यास से किया गया था जिसमें ली बिंगबिंग, रेन विल्सन और रूबी रोज़ प्रमुख भूमिकाओं में थे।



# 'अभिनय तो अभिनय है, बस अपना काम गंभीरता से करना है'

**सोनी सब चैनल पर चलने वाले शो 'तेरा यार हूं मैं' में प्रताप रतन बंसल की भूमिका निभाने वाले राजेंद्र चावला से अभिनय संसार में उनकी अब तक की यात्रा, उनका ये रोल अब तक की उनकी भूमिकाओं से किस प्रकार भिन्न है और नई परिस्थितियों में वो किस प्रकार कार्य से सामंजस्य स्थापित कर पा रहे हैं आदि विषयों पर उनके विचार जाने पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना ने। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश...**



> शो की शूटिंग प्रारंभ होने से पहले हमने एक डॉक्टर से आभासी बैठक की थी तो उन्होंने बताया था कि हमें अपने सामने वाले व्यक्ति को लक्षणहीन कोरोना रोगी समझना होगा।

**■ इस शो 'तेरा यार हूं मैं' में आपकी भूमिका किस प्रकार की है?**

इस शो में तीन पीढ़ियों – दादा, पिता और पुत्र की तीन पीढ़ियों को दिखाया गया है। मैं इसमें प्रताप रतन बंसल बना हूं जो परिवार में सबसे वयोवृद्ध सदस्य हैं। वो अपना जीवन अपने ढंग से जीना पसंद करते हैं। वो उस युग के हैं जब पिता पुत्र का मित्र नहीं होता था बल्कि जब वो बोलते थे तो पुत्र को केवल सुनना होता था और बीच में किसी प्रकार के प्रश्न पूछने की संभावना भी नहीं होती थी। उनका मानना है कि हर संबंध परिभाषित होता है और उन्हें आपस में मिश्रित नहीं करना चाहिये।

**■ आपके अनुसार आपके चरित्र में सबसे अच्छी बात आपको क्या लगती है?**

उनके बात करने में जो नयापन है वो ही रुचिकर लगता है। ऐसा भी नहीं है कि उनका मूड हर समय खराब ही रहता था। लेकिन दूसरा व्यक्ति ये सोच सकता था। वो बहुत मसखरे भी थे। वो अपने पोतों से भी मजाक करते थे। लेकिन उन्हें एक शिकायत भी है। वो चाहते थे कि उनका पोता क्रिकेट खिलाड़ी बनता लेकिन वो नहीं बर सका यही कारण था कि बंसल उसे ताने मारता रहता था। लेकिन वो परिवार से प्रेम और स्नेह तो करता ही था।

**■ लॉकडाउन खुलने के बाद शूटिंग पर इतने दिनों बाद वापस आना आपके लिए कितना कठिन था?**

जी बहुत, शो की शूटिंग प्रारंभ होने से पहले हमने एक डॉक्टर से आभासी (वर्चुअल) बैठक की थी तो उन्होंने बताया था कि हमें अपने सामने वाले व्यक्ति को लक्षणहीन कोरोना रोगी समझना होगा। उन्होंने बताया था कि प्रोडक्शन हाउस द्वारा सब प्रकार की सावधानियां लेने के बाद भी हमें अपनी सावधानी का स्तर कम नहीं करना चाहिये। लेकिन ये करना बहुत कठिन और भयावह था। वैसे जब हम सेट पर पहुंचते थे तो हम सामान्य रूप से गले मिलते थे लेकिन पहले दिन किसी ने दो लाइन से अधिक नहीं बात की। हर कोई डरा था कि अधिक बात करने से हम निकट आ सकते थे जबकि हमें दूरी बनाए रखनी थी। हमनें आपस में बात करने का प्रयास नहीं किया। अब सबकुछ सामान्य होने में समय तो लगेगा ही।

**■ आपने इससे पहले पिता का रोल तो कई बार किया ही है, ये भूमिका किस प्रकार से भिन्न है?**

पहली बात ये कि मैंने ऐसे पिता का कोई रोल नहीं किया जो 1940 या 1950 में जन्मा हो। अब तक मैंने प्रगतिशील पिता का रोल ही किया था। यहां मैंने एक पारंपरिक पिता का रोल किया है जो उससे भिन्न था। इसके अलावा मेरे संवाद बोलने की शैली भी भिन्न हे। मेरा चरित्र मारवाड़ी है। मैं उनके उच्चारण या उनके व्यवहार के बारे में अधिक नहीं जानता।

**■ आप इस इंडस्ट्री में पिछले दो दशकों से हैं। आपके सामने किस प्रकार के परिवर्तन हुए हैं?**

पहले कुछ ही लोग होते थे और हमारा काम चल जाता था। अब अनेक लोग हैं और हर किसी का कार्य परिभाषित है। पहले सबकुछ मौखिक चल जाता था लेकिन अब सबकुछ ईमेल से होता है। अब कॉरपोरेट जगत है और ऐसा इसलिये हुआ है क्योंकि अब काम की मात्रा काफी बढ़ गई है।

**■ क्या इसका अर्थ ये है कि प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हुई है?**

जी हां, प्रतिस्पर्धा में वृद्धि तो हुई ही है। लेकिन अब काम भी पहले से बहुत अधिक हो गया है। अब कई युवाओं को तो काम के लिए संघर्ष भी नहीं करना पड़ता। अब थियेटर है, टीवी है, वेब है और सिनेमा भी उपलब्ध हैं जिनमें आप हर तरह के काम को पा सकते हैं। अब सिनेमा में भी तो परितर्वन आ गया है। ऐसा इसलिये हुआ है क्योंकि युवा पीढ़ी को अब सूचना तक विस्तृत पहुंच सुनिश्चित है।

**■ आपने टीवी शोज़ के साथ साथ फिल्में भी की हैं। अभिनय की दृष्टि से दोनों में क्या अंतर है?**


इनमें कोई अंतर नहीं है। हर प्लेटफॉर्म पर फिर चाहे वो थियेटर हो या टीवी और फिल्म, मैंने अपना काम पूरी गंभीरता से किया है। लेकिन हां, सिनेमा में कुछ अंतर है। उसमें आपको सीन के लिए अभ्यास करने का समय मिल जाता है। निर्देशक के पास ये देखने का समय होता है कि उसे चरित्र को कैसे आगे ले जाना है। टीवी पर ये संभव नहीं होता क्योंकि निर्देशक के पास अधिक समय ही नहीं होता। तो वहां हमें सेट पर पहुंचने से पहले 90 प्रतिशत तैयारी करके जाना होता था।

**■ आपका अभिनय कॅरियर किस प्रकार प्रारंभ हुआ था?**


ये एक मराठी थियेटर से प्रारंभ हुआ था। उस समय मैं सतीश कौशिक से मिला था और उसके बात फिर थियेटर में आगे बढ़ता गया। उसके बाद मैं मराठी सीरियल में काम करने लगा। चूंकि मेरा कोई गॉडफादर नहीं था तो मेरे काम से ही मुझे काम मिलता गया। आज मैं यहां हूं तो केवल उन लोगों के कारण जिनसे मैं काम के संदर्भ में मिला था। मैं आज भी उनका कृतज्ञ हूं।

**■ भविष्य को लेकर क्या योजनाएं हैं?**

मैं अभी दो शो में काम कर रहा हूं। पहला तो आपको पता ही है 'तेरा यार हूं मैं' और दूसरा है मेरे डैड की दुल्हन, जो सोनी एंटरटेन्मेंट चैनल पर चल रहा है। बीच में यदि मुझे कोई फिल्म मिल जाती है तो मैं उसे भी कर लूंगा। इसके अलावा मैं युवा निर्देशकों के साथ काम करना पसंद करता हूं। वेब सीरीज़ में अधिक समय नहीं लगता क्योंकि वे सीमित प्रकृति की होती हैं।



## मोहब्बतें के 20 साल पूरे होने पर फिल्म को मिले प्यार के लिए अमिताभ ने जताया आभार



**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन ने मंगलवार को फिल्मकार आदित्य चोपड़ा की फिल्म मोहब्बतें के 20 साल पूरे होने के मौके पर कहा कि वह फिल्म को मिलते रहे प्यार के लिए हमेशा शुक्रगुजार रहेंगे। मोहब्बतें 27 अक्टूबर, 2000 को रिलीज हुई थी और इसमें बच्चन और शाहरुख खान रुपहले पर्दे पर पहली बार साथ आए थे। इस फिल्म ने अमिताभ के कॅरियर को नई रफ्तार दी थी जो 1990 के दशक में थम सा गया था। फिल्म में अमिताभ ने गुरुकुल नाम के कॉलेज के सख्त प्राचार्य नारायण शंकर का किरदार निभाया था जो काफी मशहूर हुआ था। बच्चन ने ट्विटर पर फिल्म का एक मोंटाज डाला है जिसमें इसका प्रसिद्ध संवाद परंपरा, प्रतिष्ठा, अनुशासन भी है।

उन्होंने ट्वीट किया, मोहब्बतें कई वजहों से खास है। इस खूबसूरत प्रेम कहानी के बीस साल पूरे हुए, भावनाओं का उतार-चढ़ाव रहा। आप इस पर जो प्यार बरसाते रहे, उसके लिए हमेशा शुक्रगुजार रहूंगा। फिल्म में ऐश्वर्या राय, उदय चोपड़ा, शमिता शेट्टी, जुगल हंसराज, किम शर्मा, जिम्मी शेरगिल और प्रीति झंगियानी भी मुख्य भूमिकाओं में थे। यह उस साल की सर्वाधिक हिट फिल्मों में शुमार हुई। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की बहन शमिता ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का मूल टीजर साझा किया। उन्होंने लिखा, इसके साथ शुरुआत हुई थी। इस रचना के लिए मेरी मोहब्बतें। किम शर्मा ने कहा, मेरे लिए कितने सौभाग्य की बात थी। दुनियाभर में इस फिल्म के सभी प्रशंसक शानदार हैं। मोहब्बतें चोपड़ा की दूसरी निर्देशित फिल्म थी। इससे पहले वह सुपरहिट दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे से निर्देशन में कदम रख चुके थे।

## दिग्गज गुजराती अभिनेता नरेश कनोडिया का 77 वर्ष की आयु में निधन

**अहमदाबाद।** फिल्मों से राजनीति में आने वाले दिग्गज गुजराती अभिनेता नरेश कनोडिया का मंगलवार को अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज करा रहे थे। अस्पताल के सूत्रों ने यह जानकारी दी। स्थानीय चिकित्सा अधिकारी कौशिक बारोट ने कहा कि 77 वर्षीय अभिनेता ने यूएन मेहता हृदयरोग संस्थान एवं शोध केंद्र में मंगलवार को सुबह 9 बज कर करीब 17 मिनट पर अंतिम श्वांस ली। अधिकारी ने कहा कि 20 अक्टूबर को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद कनोडिया को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत गंभीर थी और उनकी बाइपास सर्जरी भी हुई। कनोडिया के निधन के दो दिन पहले उनके बड़े भाई और गुजराती गायक महेश कनोडिया का लंबी बीमारी के बाद गांधीनगर स्थित उनके घर में निधन हो गया था। गुजराती सिनेमा के सुपरस्टार नरेश कनोडिया ने अपने कई दशकों के फिल्मी करियर में 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था। वे बाद में राजनीति में आ गए थे और 2002 से 2007 तक कर्जन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रहे। अभिनेता के निधन के बाद कई मशहूर हस्तियों ने शोक संदेशों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, दिग्गज अभिनेता और पूर्व विधायक नरेश कनोडिया के निधन से दुखी हूं। मनोरंजन और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। परिवार के सदस्यों और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, दो दिन के अंतराल में हमने महेशभाई और नरेशभाई कनोडिया दोनों को खो दिया है। संस्कृति की दुनिया विशेष रूप से गुजराती गीत, संगीत और रंगमंच को लोकप्रिय बनाने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने समाज की सेवा और दलितों को सशक्त बनाने के लिए भी कड़ी मेहनत की थी।

## कला में संवेदनशीलता पैदा करने की ताकत है : शबाना

**नई दिल्ली।** सिने अभिनेत्री शबाना आजमी का कहना है कि वह आशावादी प्रकृति की हैं और उनका मानना है कि कला के जरिए संवेदनशीलता पैदा की जा सकती है और अंतत: यह सामाजिक बदलाव में मददगार होगा। अभिनेत्री ने कहा कि यही कारण है कि उन्होंने काली खुही में काम करने का निर्णय किया। यह एक हॉरर रोमांच फिल्म है जिसका निर्देशन टी समुन्द्र ने किया है। यह फिल्म कन्या भ्रूण हत्या के इर्द गिर्द है। यह एक ऐसी कुरीति है जो भारत में अब भी मौजूद है। अंकुर, मंडी, खंडहर, फायर, गॉडमदर जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय के लिए प्रसिद्ध शबाना आजमी की 2002 में आई हॉरर कमेडी मकड़ी के बाद यह उनकी दूसरी हॉरर फिल्म है। शबाना (70) ने कहा कि यह सरासर अपमानजनक है कि 21 सदी में भी देश में कन्या भ्रूणहत्या की कुप्रथा जारी है। इसका समाधान ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहला कदम होना चाहिए।



उन्होंने कहा कि कहा कि कन्या भ्रूण हत्या और शिशु हत्या हर तरफ मौजूद है और ऐसा महानगरों में भी हो रहा है और अब तक हमने इस तरफ उतना ध्यान नहीं दिया है जितना इस पर हमें ध्यान देना चाहिए था। उन्होंने पीटीआई भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, महिला सशक्तिकरण की शुरूआत कन्या भ्रूण हत्या पर प्रभावी रोक के साथ होनी चाहिए। जन्म लेने के अधिकार के साथ शुरूआत हो। कितना क्रूर, अन्याय एवं अस्वीकार्य काम है यह। हम पितृसत्तात्मक समाज में रहते हैं। हम जन्म से लड़के को पुरुष का अधिकार जताने की शिक्षा देते हैं जबकि लड़की से बहुत सारे भेदभाव करते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी अभिनेत्री ने कहा कि वह इस फिल्म में काम करने के लिए इसलिए तैयार हो गईं क्योंकि निर्देशक समुन्द्र ने पहली बार सही जगह पर अपना ध्यान लगाया था। उन्होंने बताया कि लघु फिल्मों एवं वृत्तचित्र का लेखन एवं निर्देशन करने वाले समुन्द्र ने बेहद रोमांचक अंदाज में इसकी कहानी सुनाई।

## मुंह के कैंसर की जांच के लिए हाथ में पकड़े जाने वाला उपकरण विकसित

**तिरुवनंतपुरम।** एक स्टार्टअप ने यहां ओरलस्कैन नाम का एक उपकरण स्वदेशी रूप से विकसित किया है जिसे हाथ में पकड़कर मुंह के कैंसर की जांच, पहचान और बायोप्सी (उत्तक की जांच) में में मदद के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक शहर स्थित श्री चित्रा तिरुनल चिकित्सा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर टाइम्ड द्वारा पोषित स्टार्टअप मेसर्स सैस्कैन मेडिटेक प्राइवेट लिमिडेट इस उपकरण को लेकर आ रहा है। ओरलस्कैन एक मेक इन इंडिया पहल है जिसके लिए मूल रूप से धन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हारनेसिंह इनोवेशंस (निधि) योजना के तहत दिया गया। इसे पूरी तरह भारत में तैयार किया गया है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री के के शैलजा बुधवार को यहां एक कार्यक्रम में ओरलस्कैन का उद्घाटन करेंगी।

## भारत में सिंचाई पर जोर देने से उमस वाली गर्मी से प्रभावित होने का बढ़ रहा जोखिम

**नई दिल्ली।** शोधकर्ताओं ने कहा है कि भारत में सिंचाई पर जोर देने से वातावरण में नमी का स्तर बढ़ रहा है और गर्मी की ऐसी स्थिति पैदा होने का जोखिम बढ़ रहा है जिसमें आसानी से लोगों के शरीर का तापमान कम नहीं होता है। जर्नल नेचर जियोसाइंस में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि भारत में पिछले दशकों में सिंचाई का क्षेत्र दोगुणा हो गया है और शरीर का तापमान बढ़ जाने और खुद से इसके कम नहीं होने का संबंध मृत्युदर से भी है। शोधकर्ताओं के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में तापमान और बढ़ने की आशंका है और इससे दक्षिण एशिया के करीब 4.6 करोड़ लोग खासकर घर के बाहर काम करने वाले लोग इससे प्रभावित हो सकते हैं। अध्ययन करने वाले इस दल में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर के विमल मिश्रा भी शामिल थे। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में लिखा है, जलवायु का गर्म होना और सिंचाई दोनों भारत के विभिन्न हिस्सों में उमस वाली गर्मी बढ़ाने में भूमिका निभाएगी। अध्ययन में मिश्रा और उनके सहयोगियों ने शुष्क और उमस वाली गर्मी पर सिंचाई के प्रभाव का विश्लेषण किया। शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया कि सिंचाई से जमीन की सतह तो ठंडी रहती है लेकिन इससे नमी का स्तर काफी बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि भारत में सिंचाई पद्धति पर जोर देने से उमस वाली गर्मी बढ़ जाती है और इसका संबंध स्थानीय क्षेत्र और पड़ोसी देशों -पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान में मानव स्वास्थ्य से जुड़े खतरे को बढ़ा देता है।

## चंद्रमा की सूर्य से प्रकाशित सतह पर पानी का पता चला

**वाशिंगटन( भाषा )।** वैज्ञानिकों ने पहली बार सूर्य से प्रकाशित चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी की पुष्टि की है। यह खोज इस ओर इशारा करती है कि चंद्रमा की सतह पर हर जगह पानी के अणु हो सकते हैं और ये केवल ठंडी तथा छायादार जगहों पर ही नहीं होते जैसा कि पहले समझा जाता था। अमेरिका के हवाई विश्वविद्यालय समेत अन्य संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं ने नासा की स्ट्रेटोस्फीयरिक ऑब्जर्वेटरी फॉर इन्फ्रारेड एस्ट्रोनोमी (सोफिया) के डेटा का इस्तेमाल करते हुए क्लेवियस क्रेटर में पानी के अणुओं (एच2ओ) का पता लगाया है। यह क्रेटर चंद्रमा पर स्थित सबसे बड़े गड्ढों में से एक है और उसके दक्षिणी गोलार्द्ध पर स्थित है। इसे पृथ्वी से देखा जा सकता है।



इससे पहले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चंद्रयान-1 मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह पर किए गए अध्ययन समेत अन्य अध्ययनों में हाइड्रोजन के एक प्रकार का पता लगाया गया था, वहीं नासा के वैज्ञानिकों का कहना था कि पानी और उसके करीबी रासायनिक संबंधी हाइड्रॉक्सिल (ओएच) के बीच फर्क स्पष्ट नहीं हो पाया है। पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित वर्तमान अध्ययन का ब्योरा से पता चलता है कि क्लेवियस क्रेटर क्षेत्र में 100 से 412 भाग प्रति दस लाख की सांद्रता वाला पानी है जो चंद्रमा की सतह पर फैली धूल के एक घन मीटर आयतन वाले क्षेत्र में है और करीब-करीब 12 औंस की पानी की एक बोतल के बराबर है। अनुसंधानकर्ताओं ने तुलना के तौर पर कहा है कि सोफिया ने चंद्रमा की सतह पर पानी की जितनी मात्रा का पता लगाया है, सहारा रेगिस्तान में उससे सौ गुना ज्यादा पानी है। हवाई यूनिवर्सिटी की प्रमुख अध्ययनकर्ता केसी होनीबॉल ने कहा, सोफिया के अध्ययन से पहले हम जातने थे कि एक प्रकार का हाइड्रेशन (जलयोजन) होता है। लेकिन हम यह नहीं जानते थे कि कितना होता है और उसमें उस पानी के कितने अणु हैं जो हम रोजाना पीते हैं। या फिर साफ-सफाई में इस्तेमाल होने जैसा पानी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पानी की बहुत कम मात्रा का पता चला है लेकिन यह खोज नए प्रश्न उत्पन्न करती है कि पानी का सृजन कैसे हुआ और यह बिना हवा वाली चंद्रमा की सतह पर कैसे रहता है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 28 अक्टूबर 2020



खुशखबरी

# ग्रामीण इलाकों में खुलेंगे 15 नए पीएचसी

## स्वास्थ्य सेवाओं में होगा सुधार

संवाददाता। सीतापुर



**आमजन को** बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की चिकित्सीय सेवाएं बेहतर बनाने की कवायद में जुटी है। इसी क्रम में जिले में 15 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) खोले जाने हैं। यह सभी पीएचसी ग्रामीण अंचलों में खोले जा रहे हैं। बता दें कि जिले में 60 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं। बावजूद इसके ग्रामीण इलाकों में बाशिंदों को स्वास्थ्य सेवाओं के दूर-दराज जाना होता था। जिसके चलते प्रदेश सरकार ने जिले में 15 नए पीएचसी खोलने की योजना बनाई है। यह सभी नए पीएचसी 6 बेड के होंगे और यहां पर महिलाओं व पुरूषों को भर्ती करने के लिए अलग-अलग वार्ड बनाए जाएंगे। यहां पर चौबीसों घंटे उपचार की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इन केंद्रों पर खून और मूत्र की जांच के साथ ही प्रसव की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा मरीजों व तीमारदारों के बैठने के लिए व्यवस्था होगी। बिजली न होने से पूरे पीएचसी पर जनरेटर से बिजली की आपूर्ति की जाएगी। इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भावस्था, शिशु जन्म देखभाल, नवजात एवं शिशु जन्म देखभाल, बाल स्वास्थ्य एवं किशोरावस्था स्वास्थ्य देखभाल, परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक सेवाएं, अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल, संचारी रोग का प्रबंधन, वृद्धावस्था में होने वाले रोगों की जांच और उपचार होगा।

**यहां खुलेंगे नए पीएचसी-** नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिसावां ब्लॉक के पाताबोझ, हरगांव ब्लॉक के सेलूमऊ, समैसा, परसेंडी, रामपुर मथुरा ब्लॉक के चांदपुर, पलिहा मुर्तजानगर, पारा रमनगरा, पहला ब्लॉक के बिलौली बाजार, बाबूपुर, महमूदाबाद क्षेत्र के पोखराकला, भुड़कुड़ा, किशुनपुर, अहिबरनपुर, लहरपुर ब्लॉक के फरीदपुर, अकैचन नगर गांव में खोले जाने हैं।

**क्या कहते हैं एसीएमओ-** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीके सिंह का कहना है कि सुदूर ग्रामीण अंचलों में आमजन तक राष्ट्रीय कार्यक्रमों को और बेहतर व आसानी से पहुंचाने के लिए इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन किया जाना है। इन पीएचसी के संचालन के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभी कार्यक्रम आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

# कोरोना के गंभीर मरीजों की बढ़ रही संख्या




**सीतापुर।** जिले में कोरोना की धीमी रतार थोड़ा सुकून दे रही है लेकिन बढ़ रहे गंभीर मरीजों की संख्या घातक होती जा रही है। जिले के 58 गंभीर मरीज लखनऊ के अलग-अलग एल-3 अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। अब तक 61 मरीजों की मौत हो चुकी है। ऐसे में त्योहारी सीजन कहीं भारी न पड़ जाए, इसलिए बच के रहिए और कोरोना प्रोटोकाल का पूरी तरह पालन करिए। जिले में मंगलवार को 13 नए मरीजों की पहचान की गई है। शहर के मिर्दही टोला व जिला जेल में 1-1 केस मिला है। मिश्रिख में 5 केस मिलने से हड़कम्प है। बिसवां व महोली में 2-2 और महमूदाबाद व सिधौली मे 1-1 केस की पहचान की गई है। इसी के साथ सीतापुर में कोरोना के कुल केस 4,191 हो गए हैं।

## जनपद में निकले 13 कोरोना पॉजिटिव, कुल केस 4191

क्विक न्यूज

## सिलेण्डर फटने से महिला की मौत, पति घायल

### धमाके से पड़ोसी की ढही दीवार, मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां कोतवाली का सांडा गांव मंगलवार शाम दहल गया। यहां के बशीरूद्दीन के घर में जोरदार धमाका हो गया। गृहस्वामी की 60 वर्षीया पत्नी सकीरा की आनस्पॉट मौत हो गई और बशीरूद्दीन का बेटा अख्तर घायल हो गया। घायल का इलाज सीएचसी बिसवां में चल रहा है। धमाका इतना तेज था कि पडोसी हसमत की पक्की दीवार ढह गई। देर रात तक पुलिस व फायर बिग्रेड की टीम स्थितियों को काबू करने में लगी हुई थी। घटना की असल वजह पता नहीं चल पाई है। सूत्रों की माने तो बशीरूद्दीन गोला पटाखा लाइसेंसी विक्रेता है।

## मांगे पूरी होने पर खत्म हुआ धरना

### अधिशासी अभियंता व एसडीएम ने मौके पर जाकर मांगे पूरी करने का दिलाया आश्वासन

**सीतापुर।** जर्जर तार बदलवाने की मांग के समर्थन में झरेखापुर उपकेन्द्र पर चल रहा पिछले तीन दिनों से धरना मंगलवार को खत्म हो गया। लखीमपुर रोड को जाम करने की तैयारी कर रहे किसानों ने एसडीएम सदर अमित भट्ट, अधिशासी अभियंता सुधीर भारती व सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह के समझाने बुझाने पर धरना खत्म कर दिया। जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह ने बताया कि अधिकारियों ने चरणबद्ध तरीके से समस्याओं का निस्तारण करने का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अंबुज श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री दिनेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शोभा लोधी, कोषाध्यक्ष डॉक्टर इस्लामुद्दीन अंसारी, जिला सचिव उत्तम मौर्य, जिला सचिव मासूम अली, बिसवां तहसील सचिव जसपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## मानदेय नहीं मिला तो होगा आन्दोलनः श्रवण कुमार

**सीतापुर।** आंगनबाडी कार्यकत्री, मिनी कार्यकत्री एवं सहायिका कर्मचारियो का विगत तीन माह से भुगतान नही किया गया जबकि शासन के आदेश है कि प्रतिमाह मानदेय का भुगतान किया जायें। उक्त बात उत्तर प्रदेश राज्य आंगनबाडी कर्मचारी संघ के जिला संयोजक श्रवण कुमार वर्मा ने बताया कि मानदेय का भुगतान एक सप्ताह में नही किया गया तो आंगनबाडी कार्यकत्री, मिनी कार्यकत्री एवं सहायिका कर्मचारी धरना प्रर्दशन देने के लिए बाध्य होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

## भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली क्षेत्र के किसान नलकूप विभाग की लापरवाही और धान खरीद में गड़बड़ झाला से परेषान हैं। भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता गुट के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह की अगुवाई में एसडीएम सिधौली संतोष कुमार राय को ज्ञापन देकर दोनों व्यवस्थाएं सही कराने की मांग की है। ममता सिंह अतुल सिंह, सत्यपाल सिंह, दीपू जयसवाल, धूम सिंह, जयनरायन सिंह, अर्जुन सिंह, देवेद्र यादव आदि ने बताया कि नलकूपों की नालियां टूटी पड़ी हैं, महंगा डीजल फूंककर सिंचाई करनी पड़ रही है, उधर सरकारी केन्द्रों पर धान की तौल भी नहीं हो रही है, दोनों समस्या का निदान न किया तो यूनियन के कार्यकर्ता 6 नवम्बर से तहसील परिसर में धरना देंगे।

## कवि सम्मेलन के साथ हुआ मेले का हुआ समापन

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां कस्बे का दशहरा मेला काव्य सम्मेलन के साथ खत्म हो गया है। वयोवृद्ध कवि हरिश्चंद्र गुप्त की अध्यक्षता में कवियत्री सुश्री लक्ष्मी शुक्ला, पद्म कांत शर्मा प्रभात, कवियत्री इंदु प्रभा, धर्मराज उपाध्याय, योगेश चौहान लखनऊ, रजनीश मिश्र, बिन्दु प्रभा, अरुण गंवार, घनश्याम शर्मा, आनन्द खत्री आदि ने काव्य पाठ किया। संचालन कमलेष मौर्य मृदु ने किया। ब्लाक प्रमुख बिसवां राकेश वर्मा, ब्लाक प्रमुख सकरन .ष्ण कुमार, अंकित शुक्ला, धीरेश अवस्थी, करुणेश मिश्रा, राजीव बाजपेई, दीपक शुक्ला, आशीष गुप्ता, नंदकिशोर अवस्थी, रोहित शुक्ला, निशांत वर्मा, मुन्ना लाल मौर्य, राजेश सिंह, विमलेश अवस्थी, रूपेश अवस्थी, आकाश मिश्रा सहित सैकड़ों लोग कवियों की महफिल का हिस्सा बने।

## रेस्टोरेंट का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा बिसवां मार्ग पर अमलोरा के पास इंडियन फैमिली रेस्टोरेन्ट खुल गया है। मंगलवार को पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू ने फीता काट कर उदघाटन किया। इस मौके पर रेस्टोरेंट संचालक अमरेन्द्र मिश्रा, रमेश यज्ञसैनी, राकेश यज्ञसैनी, विश्वपाल सिंह, मिथलेश पांडे, सेरू, विनय, धर्मेन्द्र पोरवाल, किशोरी गुप्ता, पवन रस्तोगी, पूजन गुप्ता, हिमांशु यज्ञसैनी, अमित पांडे आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को बांटी गई ड्रेस

**मछरेहटा सीतापुर।** मछरेहटा के प्राइमरी बरचंदपुर में डेऊस बांटी गई। बीईओ प्रभास कुंवर श्रीवास्तव ने अभिभावकों से बच्चों पर ध्यान देने का आह्वान किया। इस मौके पर विनीत अवस्थी, उमाशंकर अवस्थी, प्रधानध्यापक अनुराग अवस्थी शिक्षिका रीना साहू, शिक्षामित्र सविता श्रीवास्तव, सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

छह दिन से लापता

# युवक का शव रखकर गोला मार्ग पर ग्रामीणों का प्रदर्शन



कचनार-घटना स्थल पर मौजूद एसडीएम सदर अमित भट्ट, भाजपा नेता साकेत मिश्रा व ग्रामीण

## एसडीएम ने मौके पर पहुंच ग्रामीणों को समझाया

संवाददाता। कचनार सीतापुर

**छह दिन** पहले गायब हुए युवक का शव मिलने के बाद परिजनों ने किया हंगामा। थाना रामकोट इलाके दोस्तपुर का रहने वाला 18 वर्षीय दुर्गेश उर्फछोटू गुरूवार से था लापता। मंगलवार को उसका शव पड़ोस के गांव धनुवापुर में मिला। पोस्टमार्टम के लिए टैम्पो से जाते समय परिजनों व ग्रामीणों ने शव रोककर सीतापुर गोला मार्ग पर लगया जाम। समर्थन में भाजपा नेता साकेत मिश्रा भी पहुंचे। शहर कोतवाली, रामकोट व इमलिया सुल्तानपुर पुलिस पहुंची मौके पर। एसडीएम सदर अमित भट्ट से पिता मेवालाल ने बेटे के मौत की जांच कराए जाने की मांग रखी।

पहली नवम्बर तक किया जाएगा स्थलीय सत्यापन

# एनएलएम टीम ने की विकास भवन में अधिकारियों संग बैठक

## तीन नवम्बर को पुनः होगी मीटिंग, टीम भारत को प्रस्तुत करेगी रिपोर्ट

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-विकास भवन में बैठक करते अधिकारीगण

**जन कल्याणकारी** योजनाओं की हकीकत से अग एनएलएम की टीम कर रूबरू होगी। इसके लिए स्थलीय सत्यापन सांसद आदर्श ग्राम सहित पांच ब्लाकों की दस ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। नेशनल लेवल मानीटर से आए आ.एन.पी.सिंह ने विकास भवन सभागार में अधिकारियों संग बैठक की।

बैठक मे मनरेगा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीहवका कमशन विधवा, विकलांग, वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिचांई योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। सत्यापन का कार्य 27 अक्टूबर से पहली नवम्बर तक किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि सकरन ब्लाक के सांसद आदर्श ग्राम खानपुर, पिसावां का सांसद आदर्शग्राम सहिसापुर बिसवां का देवकलिया, मोच कला, सुखवा कला, हरगांव का बरखरेवा, कटियारपुर, परसेहरा शरीफ व मिश्रिख ब्लाक की ग्राम पंचायत बीकासूलग्रंट, जशरथपुर मे योजनाओं की हकीकत जांची जाएगी। बैठक मे पी.डी.आर.डी.ए.ए.के.सिंह समाज कल्याण अधिकारी, डी.पी.आर.ओ, डी.सी मनरेगा सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी अखिलानंद पांडेय व बीडीओ बिसवां, हरगांव, मिश्रिख, पिसावां, सकरन मौजूद रहे।

# ईको फ्रेंडली गौगोबर के दीये और मूर्तियां बनाएंगी महिलाओं को आत्मनिर्भर




मानपुर-प्रशिक्षण में मौजूद महिलाएं

## कृषि विज्ञान केंद्र कटिया के तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

संवाददाता। मानपुर सीतापुर

**कृषि विज्ञान** केंद्र-कटिया के तत्वाधान में ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वरोजगार में कौशल विकसित कर आत्मनिर्भर बनाने की ओर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ. सौरभ ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं कृषि के मेरुदण्ड गौ वंश और गोबर हैं। जिनका पालन अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी कम होता जा रहा है। ईंधन के लिए गोबर के उपलों पर निर्भरता भी खत्म हो रही है। जिससे गौ पालन का महत्व कम हो रहा है। परंतु जैसा की हम सभी जानते हैं कि उन्नत जैविक कृषि एवं परिवार के बेहतर पोषण व खाद्य-सुरक्षा के लिए प्रत्येक घर में गौ पालन अति आवश्यक है। इसलिए कृषि विज्ञान केंद्र का प्रयास है कि विभिन्न गौ गोबर आधारित उत्पाद जैसे इको फ्रेंडली दिए, लक्ष्मी-गणेश, कृष्ण जी की विभिन्न डिजाइन व आकार की मूर्तियां, लक्ष्मी जी के चरण, शुभ-लाभ, तोरण, वाल हैंगिंग, नाम प्लेट, सम्भरानी कप, गोबर व औषधियों (चंदन, गुग्गल, लोभान) का धूपबत्ती एवं अगरबत्ती निर्माण पर ग्रामीण महिलाओं, किशोरियों तथा विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मिर्जापुर सारियां, पुरैनी, मधवापुर, मोचखुर्द की ने प्रतिभागिता की। रंजना वर्मा, प्रतिभा त्रिवेदी, शीतल, सरला, दीपा, सुनीता वर्मा, शिवेन्द्री आदि का विशेष सहयोग रहा।

# खाद आयुक्त ने किया गल्ला मंडी का औचक निरीक्षण



सीतापुर-गल्ला मंडी का निरीक्षण करते आयुक्त

संवाददाता। सीतापुर

**आयुक्त खाद्य** एवं रसद मनीष चौहान चौहान ने मण्डी सीतापुर के सरकारी धान क्रय केन्द्रो का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से वार्ता की और डिप्टी आरएमओ अरविंद दुबे को आवक अधिक होने पर केन्द्रों पर 4 कांटा चलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने फर्जीवाड़ा करके धान बेचने वाले किसानों पर कार्यवाही करने का आदेश भी दिया। हालांकि किसान आयुक्त के दौरे से संतुष्ट नजर नहीं आए। मंडी से आयुक्त के चले जाने के बाद किसानों ने कहा कि आयुक्त को मंडी में बिक रहा हजार से 1200 के बीच धान क्यों नहीं दिखाई दिया। इस मौके पर एडीमए विनय पाठक, एसडीएम अमित भट्ट, मंडी सचिव ज्याति चौधरी, अभिषेक मिश्रा आदि मौजूद थे।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन



सीतापुर-प्रदर्शन करते अभ्यर्थी

## सीएम को सम्बोधित एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सरकार विरोधी नारे लगाए। ये दीवाली तक नियुक्ति पत्र जारी करने के मांग को लेकर मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाने के लिए ज्ञापन एसडीएम सदर अमित भट्ट को सौंपा और अभ्यर्थियों की बात सीएम तक पहुंचाने का भरोसा दिया। पिछली कई शिक्षक भर्तियों की तरह इस भर्ती में कोर्ट का लफड़ा लग गया है। इस मौके पर कुलदीप, नीरज तिवारी, रवी सिंह, वीर प्रताप, अंकिता मिश्रा, नरेन्द्र कुमार, आनन्द वर्मा, रवि सिंह, सतीश, नरेन्द्र कुमार मिश्रा, आनंद कुमार, रवि, वीर प्रताप, आदर्श, पूर्णिमा पाठक, मो, एखलाक, दृष्टि प्रसाद आदि कहना कि सरकार अदालत में उनका पक्ष मजबूती के साथ नहीं रख रही है।

**बालिका सुरक्षा की दिलाई गई शपथः** आचार्य नरेंद्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत ऑनलाइन बालिका सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मनसा वाचा कर्मणा के आधार पर महिलाओं का सम्मान करने की शपथ ली गई। बीएड प्रथम वर्ष के छात्र प्रशान्त मिश्र, द्वितीय वर्ष की छात्रा राजमाला ने साथी विद्यार्थियों को जागरूक किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ प्रनीता सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ दीपा अवस्थी, डॉ नितिन पांडेय, सुरभि अवस्थी, राजकीर्ति रस्तोगी, आलोक सिंह, विनय पांडे, उज्जवला ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

पीएम का सुना लाइव प्रसारण

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में बांटा गया ऋण

## नगर पालिका सीतापुर, महमूदाबाद, हरगांव में लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

संवाददाता। सीतापुर/महमूदाबाद/हरगांव, लहरपुर



सीतापुर-नगर पालिका में मौजूद प्रमाण पत्र पाने के बाद लाभार्थी

**प्रधानमंत्री** स्वनिधि योजना के अंतर्गत जिले में कई रेहड़ी संचालकों को ऋण बांटा गया। नगर पालिका परिसर सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम के सम्बोधन का लाइव प्रसारण हुआ। लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र दिए गए। डूडा के परियोजना अधिकारी सुधीर गिरी ने बताया कि जिले में 6,000 से ज्यादा लोग आवेदन कर चुके हैं, जिसमें 4800 लोगों का आवेदन मंजूर करते हुए तकरीबन 2,400 लोगो को 10-10 हजार का ऋण दिया जा चुका है। इस मौके पर ईओ जेपी पांडेय, भाजपा नेता रोहित सिंह, इन्दू सिंह चौहान, संजय मिश्रा आदि मौजूद थे। उधर पालिका परिषद महमूदाबाद में पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के लाभार्थियों से पीएम मोदी का वर्चुअल संवाद कराने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। लाभार्थियों को पालिका सभागार में एलईडी के माध्यम से पीएम का सम्बोधन सुनाया गया। मेराज, इब्राहीम, तारावती, सुरेन्द्र, विजय कुमार, संतोष, अब्दुलगनी, लकी नाग, अनीत राठौर, इकरम अली, सुरेश प्रकाश, मुन्ना, नूर मोहम्मद, वसी, राजू, दिनेश, इजहार, मुकेश, दिनेश सोनी, पप्पू खान, पप्पू हाशमी, रमेश कुमार, कामरान, इसरार, राजकुमार, एहसान अहमद को ऋण स्वीकृति पत्र दिए गए। नगर पालिका अध्यक्षा ममता सोनी ने पीएम की योजना की तारीफकी। इस दौरान भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य अम्ब्रीश गुप्त, ईओ शैलेन्द्र दुबे, वरिष्ठ सभासद चक्रसुदर्शन पाण्डेय, अनिल शुक्ल, प्रदीप मौर्य आदि उपस्थित रहे। हरगांव नगर पंचायत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष गफार खां, ईओ अरविन्द सिंह, सभासद अशोक कुमार मिश्रा, वसीक खां, सुभाष चंद्र जोशी, जगन्नाथ प्रसाद, संदीप कुमार, विमला सिंह, अहिबरन लाल, दीपक कुमार, सुशील कुमार, मो0 आसिफ मो0 समीम, अंजुम फातिमा आदि ने पीएम के सम्बोधन को सुना। लहरपुर नगर पालिका में भी प्रधानमंत्री वर्चुअल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मीटिंग हॉल में मोहम्मद शब्बीर, मुरली, रमेश, सूरज, रामपाल, हारून, मोहम्मद सिद्दीक, दिलशाद आदि 24 वेंडरों को प्रमाण पत्र दिए गए। अध्यक्ष मोहम्मद जासमीर अंसारी ने वेडरों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मोहम्मद सईद, वसीम अंसारी, अब्दुल रऊफ राजू सभासद, सुहेल खान, इस्लामुद्दीन अंसारी, कमलकिशोर, शत्रोहन लाल, अफसर अली आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# अराजक तत्वों ने किया तांडव तो डाक्टर व कर्मचारी गये हड़ताल पर

● हड़ताल के कारण मरीज हो रहे परेशान

● प्रांगण में लगी मरीजों की भीड़

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**जिला अस्पताल** की इमरजेंसी वार्ड में सोमवार की रात पहुंचे अराजक तत्वों ने जमकर हंगामा किया। बताया जाता है कि सभी शराब के नशे में धुत थे। डाक्टर व कर्मचारियों के साथ बदसलूकी दी गई जिससे नाराज डाक्टर और कर्मचारियों ने मंगलवार की सुबह से ही इमरजेंसी बंद कर हड़ताल शुरू कर दी है।

सोमवार की रात को जिला अस्पताल की इमरजेंसी में हुए अराजक तत्वों द्वारा बवाल के बाद से डाक्टर और कर्मचारी अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद नाराज हैं। इसके बाद जिला अस्पताल में सभी ने हड़ताल कर दिया। इमरजेंसी सेवाओं को भी रोक दिया है। इस कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौजूद डॉक्टर और कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा सांसद और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा के भतीजे ने साथियों संग मिलकर जिला अस्पताल में तांडव किया।

इमरजेंसी चिकित्सक और स्टाफ से की जमकर बदसलूकी भी की है। सभी शराब के नशे में धुत गुंडों ने जिला अस्पताल में की गुंडई की। इमरजेंसी में पड़े मरीजों को भी परेशान किया। रात 1 बजे शराब की बोतलें लेकर अस्पताल परिसर में हंगामा करते रहे। इससे पूर्व भी कई बार अस्पताल में हंगामा कर चुके हैं। अस्पताल परिसर में घूम-घूम कर चिकित्सकों और स्टाफ को शराब के नशे में गालियां देते रहे। इसके बाद मंगलवार की सुबह से ही जिला अस्पताल की ओपीडी सहित इमरजेंसी सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। डाक्टर और कर्मचारियों की मांग है कि जब तक इन गुंडों पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। तब तक वह काम पर वापस नहीं आएंगे। मामले को लेकर कोतवाली में तहरीर दे दी गई है।

### जिलाध्यक्ष ने कहा:सांसद से कोई मतलब नहीं

**लखीमपुर-खीरी।** इस संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा का कोई लेना-देना नहीं। जो भी दोषी हों उनके खिलाफ प्रशासन कार्रवाई करे।

## मंडल स्तरीय प्रशिक्षिण शिविरों का हुआ आयोजन






**सिंगाही-खीरी।** भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास के बारे में बताया। कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही नतीजा है कि आज बीजेपी विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है जिसको इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए बहुत के लोगों ने अपना अमूल्य योगदान दिया है। पार्टी नीति हमेशा से ही राष्ट्रीय एकता और देश को मजबूत बनाने की रही है। इसकी कार्यशैली में किसी साथ भेदभाव करना शामिल नहीं है। इसी सिद्धांत पर देश-प्रदेश की सरकारें हर योजना बिना के भेदभाव के संचालित कर रही हैं। इस दौरान चेयरमैन उत्तम मिश्र, त्रिलोकीनाथ देवड़िया, बीजेपी मंडल अध्यक्ष विकास मिश्र, प्रज्ञानंद श्रीवास्तव, सुनील बत्रा, पैकरमा गुप्ता, मधुराम कटियार, मोहित त्रिवेदी, लक्ष्मीनरायन वर्मा व सालिकराम मिश्र सहित बीजेपी के सभी पदाधिकारी इस प्रशिक्षण में मौजूद रहे।

मैगलगंज संवाददाता के अनुसार, मैगलगंज मंडल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिवस स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गीत सूचना और प्रस्तावना व पांच विषय 6 साल के अंत्योदय कार्य, आत्मनिर्भता राष्ट्रीय सुरक्षा, सोशल मीडिया का उपयोग, प्रदेश में भारत सरकार की उपलब्धियों पर प्रशिक्षु कार्यकर्ताओं को अपने उद्बोधन में मुख्य वक्ता व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक रामजी रस्तोगी द्वारा बताया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सन्तोष कुमारी द्वारा प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी पग्गु, पूर्व मंडल आलोक शुक्ला, रामकुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, धीरेंद्र मिश्रा, महामंत्री जगन्नाथ राठौर, राममोहन गुप्ता, कमलाकांत दीक्षित व मंत्री भारत सक्सेना आदि मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्ट्रीट वेण्डर्स योजना से पथ विक्रेताओं के लोन स्वीकृत

**फतेहपुर( सं. )।** कोरोना महामारी में रेहड़ी-ठेला-पटरी लगाने वाले विक्रेताओ को आजीविका से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को 01 जून को शुरू किया है। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि के अंतर्गत प्रदेश के पीएम-स्वनिधि लाभार्थियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी, लखनऊ एवं आगरा के लाभार्थियों से वीडियों कान्फ्रेन्सिंग करके वर्चुअल संवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा करने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध है। पटरी व्यवसायी आगे बढेंगे तो प्रदेश की अर्थ व्यवस्था मजबूत होंगी। इसके लिए उन्होने दिन-रात मेहनत करके योजना को सफल बनाने के लिए बैंक कर्मियों को बधाई दिया।

उन्होंने बताया कि इस योजना में उ0प्र0 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि पूरे भारत में 25 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स ने इस योजना में आनलाइन आवेदन किया। इसमें से 12 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत ऋण आवेदन पत्रों में से 6.50 लाख उ0प्र0 के है, जिसमें से 3.75 लाख का ऋण स्वीकृत हो गया है, जो कि एक रिकार्ड है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के मामलों में कमी आ रही है लेकिन हम लोगों को अभी भी पूरी सतर्कता बरतते हुए कार्य करना है। उन्होंने आने वाले त्यौहारों के लिए सभी को शुभकामनाए दी तथा दो गज की दूरी-मास्क है जरूरी का पालन करते हुए कार्य करने की हिदायत भी दी। लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया तथा बताया कि इस योजना में प्रदेश में 07 लाख से अधिक स्ट्रीट वेण्डर्स ने आवेदन किया है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि उनके मार्ग निर्देशन प्रदेश सभी योजनाओं को भली प्रकार से क्रियान्वयन किया जाएगा। इसी क्रम में सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी संजीव सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व पप्पू गुप्ता, एलडीएम, चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी रजा, परियोजना निदेशक डूडा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सदर एवं लाभार्थियों ने देखा।

## अंकित अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष व योगेश अवस्थी बने जिलाध्यक्ष

● पत्रकार एकता महासंघ का हुआ गठन

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**पत्रकार एकता** महासंघ को लेकर कफारा में एक बैठक की गई। इसमें सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष अंकित अवस्थी को चुना गया। महामंत्री के पद पर प्रदेश महामंत्री बुद्धेश पांडेय, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र अवस्थी, उपाध्यक्ष रणबीर सिंह व मंत्री घनश्याम एडवोकेट को नियुक्त किया गया। राहुल सिंह एडवोकेट को सचिव एवं विधिक सलाहकार बनाया गया। संगठन मंत्री सुरेश त्रिपाठी, महासचिव बृजेंद्र शुक्ला, सचिव अमित अवस्थी, मंत्री सुमेर श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष दीपू सहित कई पदाधिकारियों की घोषणा पत्रकार बंधुओं द्वारा सर्वसम्मति से की गई। इसके अतिरिक्त जनपद लखीमपुर की इकाई का भी गठन किया गया। इसमें योगेश अवस्थी को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मंत्री माधव को, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेंद्र मिश्रा, पुष्पेंद्र शुक्ला व सुंदरम सिंह, महामंत्री मनोज, सुंदरवल उपाध्यक्ष धीरज वर्मा , मंत्री मनोज मिश्रा, मंत्री राजेश मिश्रा राजू, सचिव संजय जयसवाल व राजू मिश्रा को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया।

तहसील धौरहरा के लिए संतोष पांडे को तहसील अध्यक्ष, ओपी यादव को सचिव, डा. रमाकांत को मंत्री मनोनीत किया गया। तहसील निघासन का अध्यक्ष नंदकिशोर आर्या, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. जयनरायण, उपाध्यक्ष विमल शुक्ला, राम सजीवन, महामंत्री मोहम्मद अनस, संगठन मंत्री राकेश लखाही, सचिव राम वर्मा, मोहम्मद आलम व मंत्री शाहनवाज अंसारी को नामित किया गया। नकहा ब्लाक इकाई से सद्दाम अंसारी को अध्यक्ष, बनाया गया। आगामी बैठक 22 नवंबर को लखीमपुर जिलाध्यक्ष योगेश अवस्थी की अध्यक्षता में बसढ़िया चौराहे पर निहित की गई है।

## पराली न जलाएं किसानः एसडीएम

**औरंगाबाद-खीरी।** आगामी त्योहारों को लेकर मैगलगंज थाना क्षेत्र के चौकी औरंगाबाद पर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन उपजिलाधिकारी मितौली एवं क्षेत्राधिकारी मितौली की अध्यक्षता में किया गया। एसडीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि आप सभी आने वाले त्योहारों को आपसी सहयोग से मनाएं। त्यौहारों में शराब का सेवन न करें। परिवार के साथ मिलकर त्यौहार मनायें। एसडीएम ने किसानों से पराली न जलाने की अपील की। साथ ही पराली से होने वाली हानियां भी बताईं। जुर्माने का भी हवाला दिया। सीओ मितौली ने कहा कि आप सभी कोरोना महामारी को देखते हुए मास्क का उपयोग करें। साथ ही उचित दूरी बनाये रखे। कोतवाली प्रभारी चंद्रकान्त सिंह ने कहा कि त्योहारों में अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## क्विक न्यूज

### सैनिकों की समस्याओं का निराकरण 29 को

**फतेहपुर।** ले0 कर्नल सलिल टण्डन (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि जनपद के भूतपूर्व सैनिकों/युद्ध वीरांगनाओं, आश्रितो को सूचित किया जाता है कि 29 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी संजीव सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी नामित सदस्यों से अपील की है कि अपने-अपने ब्लाक् के पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं को भूमि विवाद, पुलिस, बैंक, पेंशन, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक एवं सैनिको से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण आदि के निराकरण हेतु दो प्रतियो में प्रार्थना पत्र प्राप्त कर बैठक में निस्तारण कराये जाने हेतु प्रस्तुत करें।

### वृद्ध ने किया जान देने का प्रयास

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुचवापुर में मंगलवार की सुबह घरेलू कलह के चलते लगभग 55 वर्षीय एक वृद्ध ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मुचवापुर गांव निवासी इन्द्रपाल विश्वकर्मा का पुत्र नारायण विश्वकर्मा घरेलू कलह के चलते काफी दिनों से मानसिक तनाव में था। आज सुबह उसने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजनों ने उसे आनन-फानन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया।

### अनियंत्रित होकर बाइक गिरने से युवक घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिमौर में मंगलवार की सुबह अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से लगभग 20 वर्षीय एक युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सिमौर गांव निवासी अहमद हुसैन का पुत्र निसार अहमद आज सुबह मोटरसाइकिल लेकर किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह घर से कुछ दूर पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### वृद्ध ने खाया जहर

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुचवापुर में मंगलवार की सुबह घरेलू कलह के चलते लगभग 55 वर्षीय एक वृद्ध ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मुचवापुर गांव निवासी इन्द्रपाल विश्वकर्मा का पुत्र नारायण विश्वकर्मा घरेलू कलह के चलते काफी दिनों से मानसिक तनाव में था आज सुबह उसने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजनों ने उसे आनन-फानन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया।

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**ओयल-खीरी।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी के अंतर्गत सीतापुर लखीमपुर हाईवे निकट ओयल बस स्टाप हनुमान मंदिर के पास डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत हो गई। आज सुबह लगभग 7 बजे ओयल बस स्टाप निकट हनुमान मंदिर के पास लगे डिवाइडर से जोरदार टक्कर मारने से बाइक सवार की मौत हो गई। बाइक सवार की पहचान डालचंद निवासी शिव कॉलोनी लखीमपुर के रूप में हुई है। इस संबंध में वहां उपस्थित लोगों का कहना है कि बाइक सवार ने शराब पी रखी थी। वह कई लोगों से टकराते बचा लेकिन बाइक को नहीं संभाल पाया और टक्कर हो गई।

### 41 पर शांति भंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद के एक दर्जन थानों की पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में आतंक व अशांति फैलाने वाले तीन दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सदर कोतवाली प्रभारी ने छह, मलवां एक, बिन्दकी कोतवाली प्रभारी पांच, बकेवर एक, धाता दो, सुल्तानपुर घोष तीन, जाफरगंज सात, ललौली पांच, चांदपुर दो, थरियांव तीन, हथगाम चार तथा असोथर थानाध्यक्ष ने दो लोगों के विरूद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

### निर्माण श्रमिक एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अपना पंजीयन कराएं: उप श्रमायुक्त

**बरेली** । उप श्रमायुक्त, बरेली क्षेत्र श्री अनुपमा गौतम ने बताया कि जनप बरेली में 130906 निर्माण श्रमिक उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत हैं, जिनके सापेक्ष मात्र 53331 श्रमिकों द्वारा ही अपना नवीनीकरण कराया गया है। बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न हितकारी योजनाओं में लाभ प्राप्त कराये जाने हेतु श्रमिकों को नवीनीकरण होना आवश्यक है, नवीनीकरण न होने की स्थिति में श्रमिक हितलाभ से वंचित रह जाते है। वर्तमान में पंजीकृत श्रमिकों से कहा कि वह अपना नवीनीकरण कराते हुए विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो सकते है।

## समता महासभा ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन

संवाददाता। फतेहपुर

**अखिल भारतीय** लोधी, निषाद, बिंद, कश्यप एकता समता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक राम कुमार, प्रदेश अध्यक्ष कैलाश नाथ निषाद के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें 4 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया गया और कहा गया कि अनुसूचित जाति मझवार के साथ उसके समतुल्य नाम या पर्यायवाची जातिगत नाम मांझी, मल्लाह, केवट एवं गोंड, मझवार अनुसूचित जाति तुरैहा के साथ उसके समतुल्य नाम धीमर, अनुसूचित जाति पासी, तरमाली के साथ उसके समतुल्य नाम या पर्यायवाची या उपजाति भर अनुसूचित जाति जनजाति गोंण्ड की जनजातिय समूह की उपजातियां राजगोंड, कहार, गोड़िया, बाथम, धीमर, सोरहिया एवं रैकवार रखने की अधिसूचना एवं राजपत्र जारी करने के लिए संसदीय कार्यवाही पूर्ण करने की मांग की गई। इन लोगों ने बताया कि केंद्र सरकार को आदेशित किया जाए कि वह प्रदेश सरकार से निदेशक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश में लंबित सामाजिक आर्थिक शैक्षिक एवं नृजातीय सर्वेक्षण अध्ययन करा कर आख्या अभिमत सहित अद्यतन रिपोर्ट लगाकर अधिसूचना एवं राजपत्र जारी करने के लिए संसद की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु केंद्र सरकार को प्रेषित करें। इस अवसर पर तेज नारायण निषाद, रामखेलावन निषाद, गया प्रसाद निषाद, महेंद्र कुमार निषाद, सुरेश निषाद, मनोहर निषाद आदि मौजूद रहे।

### मरम्मत करते समय जैक हटने से मिस्त्री दबा, मौत

**हुसैनगंज ( फतेहपुर )।** देर शाम केले से लदी पिकअप को जैक लगाकर ठीक करते समय अचानक जैक हट जाने से अधेड़ मिस्त्री की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों ने कोहराम मच गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जमरावा गांव निवासी 45 वर्षीय मो0 कासिम पुत्र अब्दुल कय्यूम बारामील में वाहन मरम्मत की दुकान खोले हुए था। शाम केले से लदी पिकअप बारमील के निकट अचानक खराब हो गई। ड्राईवर मिस्त्री को वाहन ठीक करने के लिए बुलाकर लाया। मिस्त्री पीछे दो जैक लगाकर वाहन को ठीक कर ही रहा था कि अचानक जैक फिसल जाने से केले से लदा वाहन असंतुलित हो गया। जिससे मिस्त्री की वाहन के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों ने कोहराम मच गया।

### किसान को नहीं मिल रहा धान का सही दाम

**फतेहपुर।** संयुक्त विकास पार्टी के प्रदेश महासचिव छत्रपाल मौर्या ने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी और आलू, प्याज, टमाटर के रेट बढ़ते जा रहे हैं। सरकार अच्छे दिन यही दिखा रही है कि लोगों के थाली से आलू, प्याज ही छिन गया और कहा पेट्रोल, डीजल के बढ़ते दामों पर भी कोई बदलाव नहीं आ रहा है। किसान का धान सस्ते रेट पर बिक रहा है। जबकि डीएपी यूरिया के दाम इतने बड़े हुए हैं कि किसान की फसल की कीमत तक नहीं निकल पा रही है। क्या भाजपा सरकार इसी अच्छे दिन के लिए आई थी। उन्होंने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव 2022 में संयुक्त विकास पार्टी प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी और किसान, नौजवान को देखते हुए सभी के लिए रोजगार की व्यवस्था करेगी और किसानों के लागत व मजदूरी जोड़कर किसानों के अनाज की एक कीमत रखी जाएगी।

## पुलिस ने कोर्ट में किया पेश, छात्रा ने बिलाल के पक्ष में दिया बयान

**बरेली( सं. )** लव जिहाद मामले में आज छात्रा को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने छात्रा के कोर्ट में 164 के बयान करवाये। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच छात्रा को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में 164 के बयान देकर कड़ी सुरक्षा में बाहर आती यही वो छात्रा सौम्या मिश्रा है, दरअसल सौम्या को बिलाल घोसी अपने साथ अजमेर ले गया था। जिसको पुलिस ने अजमेर से होटल से बरामद कर लिया। 2 दिन पहले पुलिस ने बिलाल को कोर्ट में पेश किया गया था और आज छात्रा को कोर्ट में पेश किया गया। वही एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने बताया की छात्रा के आज कोर्ट में 164 के बयान करवाये गए थे जिसमे छात्रा ने बिलाल के पक्ष में बयान दिए है साथ ही छात्रा ने अपने मा बाप के साथ जाने की इ जताई। जिसके बाद कोर्ट ने छात्रा की इक्षानुशार मा बाप के साथ जाने के आदेश दिए है। रोहित सिंह सजवाण, एसएसपी बरेली ने कहा की सौम्या के पिता ने किला थाने में बिलाल के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसके बाद इस मामले में लव जिहाद को लेकर हिन्दू संगठनों, भाजपा और विहिप ने किला थाने में जमकर हंगामा किया था। पुलिस ने अजमेर से बिलाल और सौम्या मिश्रा को बरामद किया और बिलाल को बरेली कोर्ट में पेश करने पर कोर्ट ने उसे फर्जी आधार कार्ड और चोरी के रुपये मिलने के आरोप में जेल भेज दिया है।

### आधा दर्जन वांछित गिरफ्तार

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत जनपद के चार थानों की पुलिस ने वांछित चल रहे आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार जहानाबाद थानाध्यक्ष आज सुबह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहे आदित्य पुत्र मौजीलाल निवासी बद्री पुरवा मजरे चिल्ली को गिरफ्तार किया है।

## शिक्षकों ने किया प्रदर्शन डीएम को दिया ज्ञापन



**फतेहपुर।** शिक्षक भर्ती में कट ऑफ 60 से 65 प्रतिशत विषय पर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका रामशरण मौर्य बनाम उत्तर प्रदेश सरकार 24 जुलाई को आदेश सुरक्षित कर लिए जाने के 3 माह पूर्ण होने के पश्चात भी आदेश निर्गत ना किए जाने के चलते शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। इन लोगों का कहना था सुप्रीम कोर्ट द्वारा फैसला नहीं सुनाया गया है जबकि 3 माह पूरे हो चुके हैं। जिससे सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा में चयनित हुए 67867 पदों में से सरकार द्वारा 31661 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा चुका है। शेष 37339 प्रतीक्षारत चयनित शिक्षकों को अतिशीघ्र सुप्रीम कोर्ट से प्रार्थना करके आदेश करा कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाए। इनका कहना है कि अगर नियुक्ति पत्र नहीं मिलता है तो ये लोग सड़कों पर आ जाएंगे। हालांकि इन लोगों ने यह भी कहा कि 2 नवंबर को लखनऊ में भी पहुंच कर पूरे प्रदेश के शिक्षक भर्ती के छात्र अपनी आवाज बुलंद करेंगे और अपना नियुक्ति पत्र लेने की मांग करेंगे। इस अवसर पर जिला प्रभारी पुष्पराज पासवान, शिव शंकर सिंह, सपना पांडेय, राहुल कुमार, अश्वनी कुमार, मनीष शुक्ला, मोनिका सिंह, स्वाति सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सुशील सिंह, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## सम्राट अशोक का धम्म विजय दिवस समारोह संपन्न

संवाददाता। संडीला(हरदोई)



**सम्राट अशोक** का धम्म विजय दिवस परम्परागत हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव से संपन्न हुआ। इस अवसर पर एक समारोह का आयोजन भी किया गया। धम्म विजय दिवस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए नगर पालिका परिषद के चेयरमैन मो0 रईस अंसारी ने कहा कि सम्राट अशोक ने युद्ध में विजयी होने के बाद शस्त्र त्याग कर लोगों को मानवता से जीतने का मार्ग अपनाया क्योंकि सच्ची विजय दिलों को जीत कर ही प्राप्त की जा सकती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को पांच लाख लोगों के साथ बैद्ध धर्म अपनाया और भारतीय संविधान में दिए गए अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया। उन्होंनें कहा कि विश्व में भारत के संविधान को श्रेष्ठ संविधान की संज्ञा दी गयी है। विशिष्ट अतिथि लोचन मौर्य ने कहा कि 261 ईसा पूर्व में सम्राट अशोक ने कलिंग युद्ध जीतकर दस दिनों तक विजय दिवस मनाने की योजना बनाई लेकिन युद्ध स्थल पर भीषण नरसंहार देखकर सम्राट अशोक का मन द्रवित हो गया और इसके बाद उन्होंनें हिंसा पर अहिंसा की विजय का दस दिवसीय विजय पर्व मनाया। इस अवसर पर कमलेश मौर्य, सोहैल देव समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अर्कवंशी आदि ने भी अपने विचार रखे।

## भाजपा पूरी शक्ति से लड़ेगी पंचायत चुनावः राजकुमार अग्रवाल

**संडीला( हरदोई )।** पंचायत चुनाव भाजपा अपनी पूरी तैयारी के साथ लड़ेगी और पंचायत स्तर पर होने वाले भ्रष्टाचार को समाप्त करने का कार्य करेगी। यह उद्गार पंचायत चुनाव को लेकर आयोजित बैठक मे क्षेत्रीय विद्येयक राजकुमार अग्रवाल ने व्यक्त किए। ब्लाक सभागार में आयोजित इस कार्यकर्ता सम्मलेन में विद्येयक राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि वह पंचायत चुनाव लड़ने के इच्छुक भाजपा कार्यकर्ताओं की हर संभव सहायता करने का वचन देते हैं। वे गंभीरता से चुनाव लडें और सबसे निचले स्तर पर होने वाले भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का कार्य करें। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रभारी विशुनदयाल शुक्ला ने कहा कि चुनाव में किसी प्रकार की अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए तथा आपसी सौहार, प्रेम और भाइचारे से जनता का दिल जीनते की कोशिश करनी चाहिए। पंचायत चुनाव के जिलासंयोजक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रामबहादुर सिंह ने कहा कि आने वाला पंचायत चुनाव भाजपा पूरे दमखम के साथ लडेगी। उन्होंनें कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री द्वारा लागू कराई गई प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला समेत तमाम योजनओं की जनता को जानकारी दें। इसी अवसर पर ब्लाक प्रमुख कुंवर वीरेन्द्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, पंकज अवस्थी, विजय प्रताप सिंह आदि ने भी अपने विचार रखे।

# सबका साथ सबका विकास नारे को पूरा कर रही सरकार: योगी

● कांग्रेस के साथ सपा-बसपा को भी ललकारा, एक निशान एक प्रधानमंत्री के वादे को भी किया पूरा

● राम मंन्दिर भी बनने लगा, धारा 370 भी हुई खत्म





संवाददाता। घाटमपुर

**नगर** के मूसानगर रोड पर स्थित कैप्टन सुखबासी सिंह स्मारक जनता महाविद्यालय में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार सबका साथ सबका बिकास की भावना को लेकर काम कर रही है जबकि पिछली सरकारें परिवार वाद और भृष्टाचार को लेकर काम कर रहीं थी। मुख्य मंत्री आज यहाँ हो रहे उप चुनाव में पार्टी प्रत्याशी उपेंन्द्र पासवान के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्य मंत्री ने कहा विकास कैसे होता है ये बतानें की जरुरत नही होती, विकास काम करके दिखाने से होता है। उन्होने केंद्र सरकार की चर्चा करते हुए कहा प्रधान मंत्री नरेंन्द्र मोदी जी ने गरीबों का दर्द समझते है इसी के चलते गरीबों को उनके घरों में रोशनी करने के लिये मुफ्त में बिजली और गैस कनेक्शन देने का काम किया है यही नही हमारे प्रधान मंत्री ने पटरी दुकान दारों को 10-10 हजार रुपये कर्ज देकर आगे बढ़ाने का काम रहे है। मुख्य मंत्री ने पीएम आवास और स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों में शौचालय बनवा कर महिलाओं को शमिन्दा होने की जगह उनको स्वालंम्बी और आगे बढ़ाये जाने की वादा पूरी किया है। कोविड-19 की चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि गांव और शहर में कोई गरीबं भूख से न रहें इसी भावना के तहत उनकी व केंद्र सरकार राशन की दुकानों से प्रति माह प्रति सदस्य 5 किलो गेहू चावल फ्रीमें दे रही है। जन सभा उमड़ी भीड़ का जोश देख योगी ने कहा हमने तीन लाख युवाओं को नौकरी देने के साथ 1 लाख 35 हजार पुलिस कर्मियों की भर्ती कर युवाओं को रोजगार देने का काम किया है जबकि पिछली सरकारें नौकरियों में भृष्टाचार करती रहौ। मुख्य मंत्री ने आगे कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज है गुण्डे माफियों का सफाया किये जाने का अभियान भी जारी है। अब कोई माफिया गरीबों या सरकार की जमीन पर कब्जा कर पायेगा। अपने पौन घंटे के संवोधन में मुख्य मंत्री ने कमलरानी वरुण की निधन की भी चर्चा की और कहा कि वो घाटमपुर नही पुरे जिले की बिकास की चर्च करती रहती उनके अधूरे काम को उपेंन्द्र पासवान पूरा करेगे। इसके पहले जन सभा को प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंन्द्र सिंह, उच्य शिक्षा राज्य मंत्री एव चुनाव प्रभारी नीलिमा कटियार, क्षेत्रीय सासंद देवेंन्द्र सिंह भोले सहित कई पदाधिकारियों ने संवोधित किया।

# आरपीएफ ने कालिन्दी एक्सप्रेस की चेकिंग के दौरान बरामद की 50 बोतल अंग्रेजी शराब

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**आज** सुबह भिवानी से चलकर फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पहुँची 04724 कालिन्द्री एक्सप्रेस में आरपीएफ की चेकिंग के दौरान फुट ओवरब्रिज के पास प्लेटफार्म नम्बर 2 पर एक व्यक्ति को एक ट्राली बैग एंव पिट्ठू बैग के साथ सदिग्ध हालत में जाता देख उसे रोक कर पूँछ तांछ की तो वह हड़बड़ा गया। जिस पर पुलिस बल ने जब ट्राली बैग की तलाशी ली तो उसमें 50 बोतल अग्रेजी शराब बरामद हुई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मिली जानकारी के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में उपनिरीक्षक कुमारी रुवी साधएप्रधान आरक्षक हरवंश सिंह एंव आरक्षक ओमप्रकाश आज सुबह फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर भिवानी.कानपुर 04724 कालिन्द्री एक्सप्रेस के आने पर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 2 पर जॉच कर रहे थे। तभी उनकी नजर एक सदिग्ध व्यक्ति पर पड़ी जो एक ट्राली बैग एंव पिट्ठू बैग के साथ जा रहा था। पुलिस बल देखकर वह हड़बड़ा गया जिससे पुलिस का शक यकीन में बदल गया और पुलिस बल ने ट्राली बैग खोलने के लिये कहा तो उसमें 50 बोतल अंग्रेजी शराब मिली। जो प्रति 750 एमएल कुल 37.5 लीटर निकली।

आरोपी ने अपना नाम प्रदीप कुमार उम्र 25 वर्ष पुत्र राम रहीस निवासी सरिया परसपुर मकान नम्बर 385 थाना लोनाराए जनपद हरदोई बताया। पुलिस बल ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और इसकी सूचना आबकारी निरीक्षक नीरज तिवारी को दी। जो रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट फर्रुखाबाद पहुँचे जहाँ विधिक कार्यवाही पूरी करने के बाद सम्बन्धित विभाग के सुपुर्द कर दिया गया।

# ईओ ने बांटे स्ट्रीट वेंडरों को ऋण पीएम स्वनिधि के प्रमाण-पत्र



संवाददाता। फर्रूखाबाद

**प्रधानमंत्री** स्वनिधि योजना के अन्तर्गत नगर पालिका सदर में अधिशाषी अधिकारी रविन्द्र कुमार ने टाउनहाल के सभागार में कई ठेली वालों व खोमचा वालों को कई बैंकों के ऋण प्रमाण-पत्र वितरित किये।

सुबह अधिशाषी अधिकारी श्री कुमार ने 12 आवेदकों में मुन्नी देवी, पूरनलाल, रमेशचंद्र, गणेशचंद्र गुप्ता, सुमनलता मिश्रा, मोहम्मद नौशे सिद्दीकी, राकेश कुमार, शैलेन्द्र, दीपू, रमेश कुशवाहा, धनदेवी, आशा, श्रवण कुमार, नीरज कठेरिया व अमित रस्तोगी को विभिन्न बैंकों के ऋण के 10 हजार रूपये के प्रमाण पत्र वितरित किये। राजस्व निरीक्षक देवेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में 4034 आवेदनों के सापेक्ष 3515 ऋण स्वीकृत हुये जबकि सदर नगर पालिका में 2426 आवेदनों के सापेक्ष 1806 ऋण पत्र स्वीकृत हुये। सभी पात्रों को विभिन्न बैंकों के माध्यम से उनके बैंक खातों में 10 हजार रूपये ऋण स्वत: पहुँच गया हैं। वह इस ऋण से अपने काम धंधे को आगे बढ़ा सकते हैं। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक नसीम अहमद जाफरी, अमित सक्सेना, जितेन्द्र मिश्रा, हितेन्द्र कुमार, सभासद विश्वनाथ श्याम बाबू लल्ला ने अपनपा सहयोग दिया।

## जानवरों के झुंड से बाइक टकराई मौत

**जसवंतनगर।** बीती रात नेशनल हाईवे पर खेड़ा धौलपुर समीप बने फ्लाईओवर पर फिरोजाबाद की तरफ से इटावा की ओर आने वाला एक बाइक सवार युवक गोबंश के झुण्ड से वचने में अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिसने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। विवरण के अनुसार फिरोजाबाद जिले के थाना नगला खंगर के अंतर्गत ग्राम रुरिया निवासी राजेश कुमार पुत्र पेशकार सिंह देर शाम अपने गांव रुरिया से अपनी बाइक द्वारा इटावा आ रहा था कि जैसे ही वह फ्लाईओवर पर चढ़ा कि अचानक पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह अपनी बाइक समेत फ्लाईओवर की दीवार से जा टकराया और बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पर पहुंचे उपनिरीक्षक रमाशंकर उपाध्याय ने एंबुलेंस से भीमराव अंबेडकर जिला चिकित्सालय इटावा में भर्ती करायाए जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने ईओ के साथ पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को प्रदान किया ऋण

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात



**नगर** पंचायत कार्यालय में नगर पॅचायत अध्यक्षा रमा देवी ने इओ पवन किशोर मौर्य के साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत रेहडी, पटरी लगाने वाले लोगों को आत्मनिर्भर करने हेतु 10-10 हजार रूपये के ऋण प्रदान किये गये। इस मौके पर नगर पॅचायत कर्मचारी सहित सभासद भी मौजूद रहे।

सडक के किनारे फल, सब्जी सहित अन्य छोटे धन्धे करने वाले लोगों के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना का शुभारम्भ किया है। नगर पॅचायत कार्यालय में टीवी लगाकर प्रधानमंत्री के सीधे सॅवाद का प्रसारण किया गया। नगर पॅचायत अध्यक्षा श्रीमती रमा देवी पत्नी देवप्रताप सिंह(पूर्व चैयरमैन) ने अधिशासी अधिकारी पवन किशोर मौर्य व सभासद नवनीत शुक्ला के साथ इस योजना के लाभार्थियों को 10-10 हजार रूपये के ऋण प्रदान किये। इस मौके पर नगर पॅचायत अध्यक्षा ने बताया कि इससे समाज का छोटा तबका आत्मनिर्भर होगा, उसकी क्रयशक्ति बढने से विकास की गति तेजी से बढेगी। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी पवन किशोर मौर्य, वरिष्ठ लिपिक वीएन सिंह, डाटा कम्प्यूटर आपरेटर राजेश कुमार रावत, सैनूर अहमद, याद कुमार यादव, जीतू कनौजिया, शिवम सिंह, आकाश कुशवाहा सभासद नवनीत शुक्ला, अमित सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पेड़ से लटका मिला शव, हत्या की आशंका

**जसवंत नगर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनुआँ के मज़रा नगला हुलासी में आज सुबह 40 वर्षीय वीरेंद्र कुमार पुत्र वैजनाथ का शव घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर पेड़ पर लटका मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि हत्या करके शव को पेड़ पर लटकाया गया है। परिजनों ने बताया कि मृतक लगभग 10 वर्ष पहले घर छोड़कर साधु का भेष धारण करके गांव के ही पास कुटिया बनाकर रहने लगा था। बाबा की कुटिया के नजदीक स्थित निवास पर से किसी राउटर की चोरी का आरोप वीरेंद्र सिंह पर लगाया गया था। इसी के चलते चोरी का आरोप लगाने वालों ने 1 दिन पहले से उसे अगवा कर रखा था। तथा उसके साथ मारपीट की जा रही थी। मृतक के छोटे भाई रबिन्द्र ने बताया कि उसने उन लोगों से निवेदन भी किया कि यदि बीरेंद्र ने कुछ चोरी किया भी है तो वह उसका हर्जाना देने को तैयार हैं लेकिन बीरेंद्र के साथ किसी तरह से अमानवीय व्यवहार न किया जाए।

## नहर में मिली अधेड़ की लाश नहीं हो सकी शिनाख्त

**इटावा।** भरथना कोतवाली अन्तर्गत साम्हो पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम मल्हौसी नहर पुल के निकट गीली नहर में मंगलवार की सुबह एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का संदिग्ध अवस्था शव मिलने की सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। जबकि क्षेत्र में दहशत के साथ सनसनी फैल गई। मल्हौसी नहर पुल के नीचे गीली नहर में अज्ञात अधेड़ का शव पड़ा होने की खबर फैलते ही आस.पास के ग्रामीणों ने घटना स्थल की ओर दौड़ लगादी। लेकिन घटना स्थल पर ग्रामीणों की संख्या अधिक बढ़ती इससे पूर्व पुलिस ने मृतक के शव की शिनाख्ती कार्यवाही पूरी कर शव पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया। घटना स्थल पर पहुँचे कुछ ग्रामीणों की मानें तो मृतक के गले पर गला दबाब कर हत्या करने जैसे निशान अंकित थे। ग्रामीणों ने बताया हालांकि मृतक कहीं वाहर का हो सकता है और अज्ञात लोगों ने उसकी गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को उक्त स्थान पर फेंका गया है। पुलिस के अनुसार मृतक के शव की अभी शिनाख्त नही हो सकी है। फिल्हाल पोस्टमार्टम के बाद अज्ञात अधेड़ की मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# पंचायत घर में कंडे और भूसा देख भड़के सीडीओ, कराया खाली



संवाददाता। जसवंतनगर

**ग्राम** भैंसान में संकल्प अभियान के तहत प्रशासन चला गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी राजा गणपति भी अचानक पहुंच गए । पंचायत भवन के निरीक्षण के दौरान उन्हें परिसर में गोबर के कंडे भरे मिले इस पर उन्होंने पंचायत सचिव को लताड़ लगाई और अपने सामने ही पंचायत भवन परिसर को पूरा खाली कराया और उसे तुरंत रंगाई पुताई कर दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इस दौरान आई शिकायतों में विरासत की दो एचकरोड की दोए किसान सम्मान निधि की दो एपेंशन योजना की चार एविधवा पेंशन की एक आपूर्ति विभाग की 6 एपरिवार रजिस्टर की नकल 3ए मृत्यु पंजीकरण प्रमाण पत्र 3 ए जन्म पंजीकरण की दोए प्रधानमंत्री आवास एक व अन्य शिकायतों में स्कूल फार्म की भूमि की नीलामी आदि शिकायतें प्रस्तुत की गई इनमें से किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कई विकास कार्य व समस्याओं का निरीक्षण भी किया उन्होंने नगला गडरियान वाह मैदान के बीच सेंगर नदी पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया एवं संबंधित अभियंता को शीघ्र कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया ग्राम भैंसान मैं पंचायत घर के जीर्णोद्धार के कार्य का निरीक्षण किया इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों से उनकी समस्याएं भी जानी। इस दौरान तहसीलदार रामानुज क्षेत्रीय लेखपाल नागेंद्रए एडीओ पंचायतए एडीओ एम आई उपस्थित रहे तथा लेट पहुंचने पर तहसीलदार ने पंचायत सेक्रेट्री को चेतावनी दी तथा उनसे कहा कि सबसे ज्यादा शिकायतें तुम्हारी आ रही है है कि तुमने एक एक साल से अधिक समय से लोगों को ना तो जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र दिए हैं ना विरासतें पूरी की है।

## सड़क किनारे पड़ा मिला शराबी का शव

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली के लाल दरवाजे से कादरी गेट जाने वाले मार्ग पर गंगा नगर कालोनी में सड़क किनारे एक वृद्ध शराबी का शव पड़ा मिला। परिजनों नें कानूनी कार्यवाही कराने से इंकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस नें शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मंगलवार को सुबह स्थानीय लोगों नें शव पड़ा देखा तो भीड़ लग गयी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर आ गयी। पुलिस ने पड़ताल की। शव की शिनाख्त पक्का पुलिस निवासी जीतू पुत्र अशोक कुमार नें अपने ताऊ 65 वर्षीय रेवा सिंधी निवासी बजरिया हरलाल के रूप में की। जीतू नें अन्य परिजनों को सूचना दी। जीतू नें बताया कि रेवा अकेले रहते है। उनकी पत्नी और बेटे जोधपुर में रहते है। स्थानीय लोगों के मुताबिक रेवा शराब पीने का आदि था वह कादरी गेट की तरफशराब पीने के लिए अक्सर आता था। रेवा की मौत की खबर पर उसका भाई सुन्दर दास सिंधी आदि मौके पर आ गये। उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। जिसके बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। कादरी गेट चौकी इंचार्ज संदीप कुमार नें बताया कि परिजनों नें शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। जिसके बाद शव को उनके सुपुर्द कर दिया गया।

# नया व्यवसायिक टैक्स लगाने का सभी सभासदों ने किया विरोध

संवाददाता। कायमगंज/फर्रुखाबाद

**नगर** पालिका परिषद कायमगंज में पिछले कुछ समय से व्यवसायिक कर के रूप में नया टैक्स लगाए जाने का लगभग सभी सभासद पुरजोर विरोध कर रहे हैं। सभासदों ने इसी माह की 12 तारीख को एक पत्र अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीमा तोमर को सौंप कर नए कर को तत्काल समाप्त करने की पुरजोर मांग की थी।

किंतु अधिशाषी अधिकारी स्तर से सकारात्मक उत्तर न मिलने पर आज फिर एक बार सभासद मौजी लाल, बेबी खांन, अतुल जैन, सत्यपाल लोधी, नरेश शर्मा, विजय गुप्ता, गौरव गुप्ता, रेखा कौशल, आसिफ मंसूरी, रामप्रकाश, रूबी गिरी, आमिर खांन, पूजा शुक्ला, लक्ष्मी देवी यादव, सचिन यादव, मसूद अली खांन एवं नामित सभासद मंजू अग्रवाल अर्चना चौहान दरवेश कुमारी पूनम शाक्य ने एक पत्र अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर को सौंपा।

जिसमें कहा गया है कि कोरोना के चलते लगभग सभी व्यापारिक कार्य मंद पड़ गए हैं। आम आदमी आर्थिक कठिनाई से गुजर रहा है। शासन भी ऐसी स्थिति में लोगों की सहायता के लिए योजनाएं देकर मदद कर रहा है। किंतु नगर पालिका द्वारा नया व्यवसाय कर भारी भरकम रूप में लगाकर जन सामान्य के हितों के विपरीत कार्य किया जा रहा है। जब नगर के नागरिकों की आर्थिक स्थिति ही ठीक नहीं है तो ऐसे में बढ़े हुए कर की अदायगी कर पाना व्यापारियों दुकानदारों नागरिकों श्रमिकों फुटपाथ के सहारे दुकान लगाकर अपने परिवार की जीविका चलाने वाले किसी भी व्यक्ति के बस की बात नहीं है। इसलिए जनहित को ध्यान में रखते हुए इस बढ़े हुए कराधान को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। इस पर अधिशासी अधिकारी का कहना था कि यह कर उस समय लगाया जाना निश्चित हुआ था। जब नगर पालिका का बोर्ड अस्तित्व में नहीं था। इसलिए बे इस बढ़े हुए कर को अपने स्तर से वापस करने में असमर्थ हैं। इस पर सभी सभासदों ने बहुत से तर्क देते हुए अपनी मांग को उचित बताया और कहा कि वे इसका विरोध जारी रखेगी क्योंकि एक प्रकार से यह पत्र नगर पालिका परिषद के सभासदों द्वारा अनौपचारिक ही सही किंतु पूर्ण सहमति और बहुमत से पारित कर अधिशाषी अधिकारी को सौंपा गया है।

# डीएम ने धान क्रय केंद्र का किया औचक निरीक्षण

● सातनपुर, मोहम्मदाबाद और नीमकरोरी केंद्रों का किया दौरा

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिलाधिकारी** मानवेन्द्र सिंह ने धान क्रय केन्द्र मण्डी सातनपुर, मोहम्मदाबाद एवं नीमकरोरी का किया औचक निरीक्षण। केन्द्र प्रभारी नीमकरोरी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के दिए निर्देश।

भारतीय निगम धान क्रय केन्द्र सातनपुर पर अब तक की गई है 384.80 कुन्टल की खरीद। खाद्य एवं विपणन शाखा धान क्रय केन्द्र सातनपुर में अब त?क हुई 450 कुन्टल धान की खरीद। किसान द्वारा खाद्य एवं विपणन विभाग के सातनपुर केन्द्र पर धान न लेने की शिकायत की गई।इस पर जिलाधिकारी ने एमआई प्रदीप कुमार को लगाई जमकर फटकार। अच्छे मन से करें धान खरीद अन्यथा कराई जाएगी एफआई आर।

मण्डी मोहम्मदाबाद धान क्रय केन्द्र पर अब तक की गई 1500 कुन्टल धान की खरीद। उक्त केन्द्र पर 12 नवम्बर तक किसानों को बुकिंग डेट दी गई है। ज्ञात हुआ कि लगभग 02 किलो दूर संचालित धानक्रय क्रय केन्द्र नीमकरोरी में अच्छी खरीद न होने के कारण मोहम्मदाबाद मण्डी क्रय केन्द्र पर हो रही है किसानों की भीड़।

नीमकरोरी धानक्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी मुनेन्द्र सिंह मिले नदारद। नोडल लेखपाल प्रभात अग्निहोत्री भी पाए गए अनुपस्थित।केन्द्र प्रभारी मुनेन्द्र सिंह के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के साथ साथ लेखपाल प्रभात को प्रतिकूल प्रविष्ठि देने के दिए निर्देश। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि धान क्रय केन्द्र खरीद में लाए सुधार। धान खरीद में मिली गड़बड़ी तो बिना स्पष्टीकरण के सीधे केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कराई जाएगी एफआईआर।

## दबंग ने साथियों के साथ दिन दहाड़े की फायरिंग

**फर्रुखाबाद।** पुराने विवाद के चलते दबंग ने साथियों के साथ मिलकर दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिससे मोहल्ले में भगदड़ मच गयी। पुलिस ने मौके पर जाकर खोखे भी बरामद कर लिये।दरअसल शहर के नुनहाई निवासी हर्ष उर्फ हरशु तिवारी के छोटे भाई सूर्यांश का विवाद मोहल्ला खड़ियाई निवासी दबंग पंकज शुक्ला के पुत्र से हो गया था। हर्ष ने बताया कि मंगलवार दोपहर पंकज अपने साथी मयूर और लवी नाम के दो युवकों के साथ आये और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिससे दहशत फैल गयी। घटना के बाद आरोपी फायरिंग करते हुए फरार हो गये। घटना की सूचना मिलने पर तिकोना चौकी इंचार्ज फोर्स के साथ मौके पर पंहुचे और पड़ताल की। जिसमे उन्हें मौके से कारतूसों के खोखे भी मिले। जिसे पुलिस नें कब्जे में ले लिया। तिकोना चौकी इंचार्ज नें बताया कि पुराने विवाद में फायरिंग हुई है। पुलिस को खोखे नही मिले। जाँच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# मौत के साए में है खाकी

● सौ साल पुराना थाने का जर्जर भवन कभी बन सकता है बड़े हादसे का सबब

संवाददाता। कमालगंज फर्रुखाबाद

**बीते** लगभग 100 वर्ष पूर्व ब्रिटिश हुकूमत के दौरान 1919 में बनाया गया कमालगंज थाना अब जर्जर घोषित हो चुका है। थाने का कामकाज टिनसेड के नीचे चल रहा है। अधिकतर पुलिस कर्मी खस्ताहाल भवन होंने के चलते किराये पर कमरा लेकर रह रहें है। लेंकिन अभी तक शासन नें भवन निर्माण की तरफनजरें इनायत नही की।

विदित है कि 1995 में बरसात के दौरान थाने के भवन का मलबा टूटकर तत्कालीन थानाध्यक्ष सोमनाथ दुबे के साथ ही एक पुलिस कर्मी पर गिरा था। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग नें अधिकारियों के निर्देश पर जाँच की और मामला फाइलों में दब गया। इसके बाद तत्कालीन थाना प्रभारी ने आपसी और जन सहयोग से थाने के मालखाना, चालक आवास, गैरेज और ऑफिस, मैस का नवनिर्माण करा दिया। वर्ष 2001 में प्रांतीय लोक निर्माण विभाग ने थाने के इस भवन को निष्प्रयोज्य घोषित कर दिया। जिसके बाद आज तक वजट का ताला थाने के जर्जर भवन के गेट पर लटक रहा है। पुलिस कर्मी टिन के नीचे लोगों की जान-माल की सुरक्षा की जिम्मेदारी ले रहें है। तत्कालीन एसपी संतोष मिश्रा नें बरसात के दिनों में तत्काल व्यवस्था टीन शेट डलवाकर थाना कार्यालय व मालखाना के साथ ही एक बैरंग बनवाया था।

### पुलिस कर्मी किराने के मकानों में कर रहे निवास

थाना का हाल जर्जर है। जिसके चलते अधिकतर थाने के पुलिस कर्मी कस्बे में किराये के कमरों में रहने को मजबूर हैं। थाने में एक प्रभारी निरीक्षक, 9 दारोगा, 41 सिपाही, 6 महिला सिपाही है। कुल 57 पुलिस कर्मी हैं।

# जिलाधिकारी ने बीस लाभार्थियों को रोजगार के लिए दिया ऋण

संवाददाता। कानपुर देहात



**प्रधानमंत्री** ने प्रदेश के वाराणसी, आगरा, लखनऊ आदि जनपदों के लाभार्थियों से वीडियों कान्फ्रेसिंग के द्वारा वार्ता व योजना के बारे में जानकारी ली। इसी कार्यक्रम के तहत जिला नगरीय विकास अभिकरण, कानपुर देहात द्वारा माती कलेक्टेऊट सभागार कक्ष में पीएम स्ट्रीट वैन्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पी0एम0 स्वनिधि) योजना के तहत जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में अकबरपुर नगर पंचायत के पथ विक्रेताओं को रोजगार/पुन: रोजगार करने हेतु रूपये 10-10 हजार का ऋण का प्रमाण पत्र 20 लाभार्थियों को प्रदान किया गया।

पीओ डूडा ने बताया कि जनपद में 10-10 हजार रूपये के ऋण के लिए ऑनलाइन 3928 व्यक्तियों ने आवेदन किए हैं जिस के क्रम में आज 1496 जनपद के लोगों को 10-10 रूपये का ऋण वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित धनराशि लाभार्थी पाकर अपना रोजगार चलाकर परिवार का भरण पोषण कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने पीएम स्ट्रीट वैन्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पी0एम0 स्वनिधि) योजना के तहत अकबरपुर नगर पंचायत के पथ विक्रेता जिनमें मुन्ना मंसूरी, सन्तोषी, छोटेलाल, राधा, हाफिज शाह, करिश्मा, शबनम, सुजीत, दिनेश चन्द्र गुप्ता, खालिक, रमेश कुमार, कौशल, मो0 इस्लाम, फरजाना, नूर इस्लाम, किशनपाल निषाद, नफीस, चन्दन, मुजीब खां, विनोद कुमार गुप्ता को रोजगार स्थापित करने हेतु 10-10 हजार रूपये का ऋण प्रदान किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा भी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 1406 लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

● छोटे दुकानदारों को दिया गया लोन


ऋण वितरित करते जिलाधिकारी व नगर पालिका के चेयरमैन

**हमीरपुर।** मुख्यालय स्थित नगर पालिका के आंबेडकर पार्क समेत जिले के अन्य स्थानों में भी पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिले के कुल 1406 लाभार्थियों को ऋण प्रमाण पत्र बांटे गए और इसके तहत उन्हें एक करोड़ चालीस लाख साठ हजार रुपए का ऋण दिया गया। नपा के आंबेडकर पार्क में आयोजित ऋण प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम विनय प्रकाश श्रीवास्तव, नपा के चेयरमैन कुलदीप निषाद, ईओ व डिप्टी कलेक्टर संजीव शाक्य समेत परियोजना अधिकारी डूडा सुधीर कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से लाभार्थियों को ऋण प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उनको कई जानकारियां दी। अधिकारियों समेत सभी लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को देखा और उनकी बातों को भी सुना। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत जिले के सभी नगर निकाय शहरी पथ विक्रेताओं ऋण के लिए 2915 आनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए। बैंकों द्वारा 1804 आवेदन स्वीकृत किये गये। समस्त बैंकर्स द्वारा 1406 लाभार्थियों को एक करोड़ 40 लाख 60 हजार का ऋण वितरण किये गये। जिसमें 300 महिला पथ विक्रेताओं एवं 1106 पुरूष पथ विक्रेताओं को ऋण वितरण किये गये हैं। राठ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया ने बताया इस योजना के फार्म डूडा द्वारा जमा कराए गए थे। जिसका सर्वे करने के बाद बैंकों ने सड़क किनार दुकान लगाने वाले छोटे दुकानदारों को लोन दिया है। दो दर्जन से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। एसडीएम, विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, ईओ नपा कृष्ण कांत मिश्रा, सभासद शिवरतन विश्वकर्मा, मुनीम बाबू अग्रवाल, मनीष सोनी, बृजभूषण दाऊ, योगेश मामा आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रदूषण से हमीरपुर को बचाने के लिए शीघ्र ही स्थापित होगा एअर क्वालिटी माउटिंग स्टेशन

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के ठीक सीमा पर पर स्थापित हो रहे एशिया का सबसे बड़ा विद्युत पावर प्लांट से हमीरपुर जिले को वायु प्रदूषण से बचाने के लिये हमीरपुर मुख्यालय के चार किलोमीटर रेंज में एअर क्वालिटी माउन्टिंग स्टेशन की शीघ्र ही स्थापना की जायेगी। यह स्टेशन जिले में प्लांट की बजह से फैल रहे प्रदूषण की पल पल की खबर देगा। जिला प्रदूषण अधिकारी घनश्याम ने बताया कि इस समय शासन प्रदूषण को लेकर विशेष सावधानी व सख्त कानून बनाने का फैसला लिया है। हालाकि जिलेमें प्रदूषण जैसी खराब स्थिति नही है वाहनों से फैलने वाले प्रदूषण को रोकने के लिये उन्होने जिले के एआरटीओ को पत्र कई मर्तवा लिख चुके है और वाहनों की जांच कर प्रदूषण रोकना उनकी ही जिम्मेदारी है।इधर हमीरपुर जिले के लोगो को ठीक शहर के किनारे स्थापित पावर प्लांट के प्रदूषण को लेकर चिंता खाये जा रही थी इसके न्दिान के लिये कल कानपुर शहर से एक टीम हमीरपुर में सर्वे करने आयी थी क्योकि मुख्यालय के चार किलोमीटर की रेंज मे ही एअर क्वालिटी माउन्टिंग स्टेशन की स्थापना की जानी है इसके लिये चार पांच गांवों को चिंहित किया गया है जहा पर स्टेशन स्थापित किया जायेगा। इस स्टेशन से प्रदूषण को रोकने का काम किया जायेगा। वही एआरटीओ एम अहमद ने बताया कि शासन वायुप्रदूषण को लेकर बहुत ही सख्त है, जो वाहन प्रदूषण फेकते है उनके लिये दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाता है, समय समय पर वाहनों की जांच की जाती है। इसके लिये जिले में पांच इकाईया स्थापित की गयी है कोई भी यूनिट गलत सर्टीफिक्रेट न बना कर दे इसके लिये इकाईयों की जांच भी की जाती है इधर प्रदूषण युक्त वाहनों की संख्या लगातार बढती जा रही है छोटे वाहन सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण फैलाते है विभाग इन वाहनों की अनदेखी कर रहा है। प्रदूषण अधिकारी ने बताया कि जिले का एअर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) ठीक है मगर बढ़ते वाहनो के कारण इसकी स्थिति बढ़ जाती है।

# सदमा लगने से किसान की मौत

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)

**कोतवाली** के कुर्रा गांव में एक किसान के फसल कमजोर होने का ऐसा सदमा लगा कि खेत में ही उसकी मृत्यु हो गयी। गांव के दीनदयाल पुत्र परशुराम ने बताया कि उसके छोटे भाई परमलाल (47) के पास करीब ढाई बीघा जमीन थी। इस वर्ष उसके भाई खेत में उर्द, मूंग की फसल बोई थी। बताया कि कुछ हिस्से में उसका भाई कछवारा लगाये हुये थे। मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे वह कछवारे में बैंगन तोड़ रहा था। उसी दौरान वह बेहोश होकर जमीन में गिरा गया। आनन फानन में इलाज के लिये सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बताया फसल खराब और साहूकारों का कर्ज न चुकने से उसका भाई परेशान रहता था। जिससे वह सदमा बर्दास्त नहीं सके। बताया कि उसके भाई के तीन पुत्र है। पति की मौत पर पत्नी संतोषरानी का रो रोकर बुरा हाल है।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

**सरीला(हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। तीनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सोमवार की देर शाम कस्बा निवासी पन्नालाल साइकिल से पहरा गांव से वापस आ रहा था तभी छिबौली गांव के पास बाइक सवार छोट् से भिड़त आमने-सामने से हो गई। जिससे पन्ना लाल बुरी तरह घायल हो गया उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दूसरी घटना राठ चंदौत मार्ग पर करियारी गांव के पास हुयी। कस्बा निवासी दिनेश सिंह पुत्र रामस्वरूप (34) वर्षीय अपनी पत्नी को लेकर बाइक से कस्बा राठ रिश्ते दारी में जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने जा रहा था। करियारी गांव के पास बाइक सवार लल्लू (50) निवासी करियारी से आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों घायल हो गए। सूचना पर उन्हें सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### बाइक सवार युवक ने महिला को मारी टक्कर, मौत

**राठ(हमीरपुर)।** आज राठ क्षेत्र में एक बाइक सवार युवक ने महिला को टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गयी। आज सरसई गांव निवासी मुरलीधर की पत्नी शांतिबाई (60) खेत में उर्द काटने जा रही थी तभी गांव के तालाब के पास एक अज्ञात बाइक सवार युवक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गयी गैरो ही राठ सीएचसी में उसे भर्ती कराया इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।जानकारी होने पर पति ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बाइक सवार टक्कर मार फरार हो गया। महिला की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतका के पांच पुत्र व दो पुत्रियां है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### चाकू मार कर युवक को किया घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बा सुमेरपुर के इमिलिया बाड़ा मुहाल में शराब धुत चार लोगों ने एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया ष्ट्वघायल की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घायल युवक की पत्नी नीलम वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कस्बे के अमिलिया बाड़ा मुहल्ला निवासी मैयादीन व उसके पुत्र अजय, देशराज व राजकुमार ने शराब के नशे में धुत होकर उसके पति नरेंद्र कुमार को गाली गलौज करते हुए चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया ष्ट्व पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त चारों के चारों लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज करते हुए उपचार के लिए प्राथमिक प्राथमिक स्वास्थ्य सुमेरपुर भेजा वहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### पास्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा के एक व्यक्ति ने पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने व गाली गलौज करने की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज किया है। तहरीर देकर बताया कि मोहल्ला निवासी युवक द्वारा मेरी 16 वर्षीय पुत्री को आने जाने में युवक द्वारा अश्लील हरकतें की जा रही हैं। तथा काफी दिनों से परेशान किया जा रहा है। मना करने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। भरत शाह उर्फगोविन्दा के खिलाफछेड़ खानी, पास्को, के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### स्कूटी सवार युवती को झाड़ियों में खींच की अश्लीलता

**एट (जालौन)।** बीते रविवार शाम पिरौना से अपने गांव स्कूटी से जा रही एक युवती को रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे एक युवक ने रास्ता रोक उसे पास की झाड़ी में जबरन खींच कर अश्लील हरकत करने की कोशिश करने लगा लड़की के चिल्लाने पर वहां से गुजर रहे गांव के लोग वहां मौके पर पहुंच गए जिससे उक्त युवक भाग गया। परिजनों ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती पिरौना से बीते रविवार शाम 4 बजे स्कूटी से अपने गांव जा रही थी तभी रास्ते में नहर के पास ईगुई खुर्द निवासी मकसूद खान पुत्र महबूब खान ने रास्ता रोक उसे गाड़ी से पटक दिया और बाल पकड़कर पास की झाड़ियों में जबरन खींच ले गया तथा अश्लील हरकत करने लगा। युवती के चिल्लाने पर रास्ते से गुजर रहे गांव के लोग पहुंच गए जिससे उक्त युवक गालियां देते हुए भाग गया। युवती के भाई ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया पुलिस ने उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### छात्राओं को जागरूक कर बढ़ाया आत्मविश्वास

**चित्रकूट।** शहर के गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कालेज में नारी सुरक्षा के महा अभियान मिशन शक्ति के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एंटी रोमियो टीम ने गोष्ठी कर छात्राओं को जागरूक किया। मंगलवार को प्रदेश शासन के नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं महिला कल्याण व बाल विकास के जारी महा अभियान मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो टीम ने विभिन्न गांवों व कस्बे के बस स्टैण्ड, बाजार, कोचिंग सेन्टरों व स्कूलों में गोष्ठी की। गोष्ठी में महिला थाना की एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1075, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य व एम्बुलेंस सेवा 102 व 108 के बारे में जानकारी देकर अपने-अपने थाना के सीयूजी नम्बर दिये। महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास जागृत किया।

### कुएँ में गिरकर युवती घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बा सिसोलर में कुएँ में गिरने से एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई जिससे पुलिस ने मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। सिसोलर निवासी मलखान यादव की पुत्री गायत्री 17 सोमवार की शाम पड़ोस के एक कुएँ में अचानक गिर गई। पुलिस और ग्रामीणों की खासी मशक्कत के बाद युवती को कुएँ से बाहर निकाला जा सका। युवती की हालत गंभीर देख पुलिस ने उसे आनन फानन में मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। युवती के पिता ने बताया कि वह नवरात्रि का ब्रत थी अचानक कैसे कुएँ में पहुंच गयी पता ही नहीं चल पाया। वहीं युवती ने पुलिस को बताया कि उसे पता नहीं है कि वह कैसे कुएँ के अंदर गिर गई। लगभग अस्सी फुट कुएँ में गिरने के बाद भी युवती के हाथ पैर सही सलामत हैं सिर पर चोंट लगी है जिसमें टांके लगा दिये गए हैं। खतरे से बाहर बताया है।

### नदी में डूबने से बालक की मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव ढीहाडेरा में मित्रों के साथ नदी नहाने गये एक बालक की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव ढीहाडेरा निवासी कैलाश का दस वर्षीय पुत्र शिवांश आज सुबह अपने साथियों सहित गांव की चंद्रावल नदी में नहाने के लिए गया था। नहाते समय अचानक वह गहराई में चला गया और पानी में डूब गया।यह देख उसके साथियों ने शोर गुल मचाया जिसे सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने बड़ी ही मसक्कत से बालक को पानी से बाहर निकाला। बालक के परिजनों ने उसे आननफानन में मौदहा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहाँ डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

### रेल के इंजन से कटकर जान दी

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के सिजनौड़ा रेलवे पुल के समीप आज एक अधेड़ ने रेल के इंजन में कटकर जान दे दी है।अधेड़ की उम्र लगभग पैतालीस साल है। वह सफेद पट्टी लगा काले रंग का लोवर तथा स्लेटी रंग की टीशर्ट पहने है। शव के पास ही नीले रंग की हवाई चप्पलें तथा सफे रंग का गमछा बरामद हुआ है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

# बंडा गांव में डेंगू से एक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**सुमेरपुर ( हमीरपुर )।** कस्बा सुमेरपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू बुखार थमने का नाम नहीं ले रहा है, ग्राम बंडा में एक 18 वर्षीय युवक की कानपुर में उपचार दौरान मौत हो गई ष्ट्वजबकि वहां के 10 से लोग डेंगू से प्रभावित होकर विभिन्न अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं ष्ट्ववही कस्बा सुमेरपुर के वार्ड नंबर 15 तथा इमलिया थोक में भी डेंगू के मरीज पाए गए हैं।

डेंगू बुखार ग्राम मवईजार तथा खडेहीजार के बाद अब ग्राम बंडा पहुंच गया है, वहां के 10 लोग विभिन्न स्थानों में इलाज करा रहे हैं जबकि कानपुर में इलाज करा रहे 18 वर्षीय युवक सागर पुत्र अजय वर्मा की उपचार दौरान मंगलवार को मौत हो गई,युवक की मौत से गांव में हड़कंप मच गया है बताया गया है कि माया देवी पत्नी ओंकार सिंह 60 वर्ष, सोनम पुत्री जय किशन यादव 15 वर्ष, जगरूप सिंह पुत्र गोरेलाल 60, वर्ष कैलाश पंडित पुत्र रमाशंकर 40 वर्ष, राम जी पुत्र शीतल 17 वर्ष, नीलम पत्नी कमल सिंह, प्रतिष्ठा पुत्री कमल सिंह, अंजली पुत्र कमल सिंह, छत्रपाल का पुत्र, शीलू पत्नी पर किशोर 35 वर्ष सभी डेंगू से प्रभावित होकर विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं ग्राम प्रधान बंडा बद्री प्रसाद वर्मा ने बताया कि जो लोग डेंगू से प्रभावित बताए जा रहे हैं उनमे अधिकांश लोग बाहर रहते हैं ष्ट्वजो युवक मर गया है दिल्ली में रहता रहा है ष्ट्वउनका कहना था कि एन्टी लार्वा का छिड़काव गांव एक बार कराया जा चुका है ष्ट्ववही कस्बे के इमिलिया थोक के अजय मिश्रा की पत्नी सुमन मिश्रा, अनमोल पुत्र अजय मिश्रा तथा वॉर्ड नंबर 15 के अनमोल पुत्र गोविंद, संयोग पुत्र नीरज व प्रशांत पुत्र नीरज कुल 5 लोग डेंगू बुखार से प्रभावित होकर हमीरपुर में प्राइवेट इलाज करा रहे हैं।

# गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी पीएम स्वनिधि योजनाः डीएम

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के अन्तर्गत टाउन हॉल करबी में लाभार्थियों से वर्चुवल संवाद के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन डीएम शेषमणि पांडेय, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद प्रकाश खरे तथा सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर की उपस्थिति में हुआ। डीएम ने कहा कि मैं बैंकर्स के अधिकारियों तथा लाभार्थियों को इस योजना में लाभ देने व लाभान्वित होने पर बधाई देता हूं। पात्र लोगों को बैंकों द्वारा लाभ दिया गया यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जो छूटे हुए लाभार्थी हैं उनको भी इस योजना का लाभ दिया जाए। नगर निकायों, डूडा विभाग व बैंकों द्वारा जनपद में अच्छा कार्य किया गया है। जिसमें ऋण वितरण में प्रदेश में जनपद चित्रकूट को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह एक गौरव की बात है। इस योजना में 10 हजार रुपए का सिक्योरिटी फ्री लोन, नियमित भुगतान पर 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी, डिजिटल लेनदेन में साल में


पत्र बांटते डीएम शेषमणि पांडेय।

12 सौ रुपए तक कैश बैंक तथा समय से भुगतान पर अगली बार बड़ा लोन दिया जाएगा। पहले लोग बैंकों के चक्कर लगाते थे लेकिन अब बैंक आपके घर आकर लोन दे रहे हैं जिसमें आप लोग आत्मनिर्भर बनकर अपनी आमदनी को बढ़ाएं। कहा कि जनपद में अभी तक 17 16 लाभार्थियों के ऋण स्वीकृति के सापेक्ष 1613 लोगों को वितरित किया गया है। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि आप लोग इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेकर अपनी आय को बढ़ाएं तथा अपने परिवार का भरण पोषण करें।

भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने कहा कि मैं माननीय प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी को इस योजना में पटरी व्यवसायियों को लाभान्वित करने पर बधाई देता हूं। उन्होंने पटरी व्यवसायियों को लाभ देकर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है ठेला लगाने वाला गरीब व्यक्ति कभी सोचा नहीं था कि मुझे इस योजना का लाभ मिलेगा और मैं आत्मनिर्भर बनूंगा उन्होंने कहा कि बैंकों ने घर-घर जाकर जो लोन दिया है मैं जिला प्रशासन सहित बैंकों के अधिकारियों को बधाई देता हूं जिसमें प्रदेश में जनपद चित्रकूट को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि आप लोग इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी आय को दोगुनी करें मेरी यही सभी से अपील है।

डीएम सहित जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र,तथा अच्छे कार्य करने पर बैंकों के अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी नरेंद्र मोहन मिश्र, नगर पंचायत मानिकपुर राम आशीष वर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक इलाहाबाद बैंक आर के सोनी, भारतीय जनता पार्टी के अश्विनी कुमार अवस्थी, सुरेश अनुरागी, सभासद सुशील श्रीवास्तव,सीमा निगम एवं पुष्पा सोनी सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी तथा लाभार्थी मौजूद रहे।

# बाल्मीकि आश्रम में चल रहे पर्यटन विकास के कार्यों का मंडलायुक्त ने लिया जायजा

● सीएम योगी के संभावित कार्यक्रम को लेकर अलर्ट हुआ प्रशासन

**चित्रकूट।** सीएम योगी के धर्म नगरी चित्रकूट दौरे को लेकर अटकले तेज हो गई है। कयास लगाया जा रहा है कि आगामी 30 अक्टूबर को महर्षि बाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य पर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ चित्रकूट का दौरा करेगें। सीएम के संभावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन एलर्ट हो गया है। मंडलायुक्त ने डीआईजी के सत्यनारायण, डीएम शेषमणि पांडेय तथा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी आदि के साथ बाल्मीकि आश्रम लालापुर पहुंच कर चल रहे सुंदरीकरण के कार्य का औचक निरीक्षण किया।


सुन्दरीकरण के कार्य देखते कमिश्नर आदि।

मंडलायुक्त के निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी कैलाश प्रकाश ने बताया कि बाल्मीकि आश्रम के सुंदरीकरण में सीढ़ियों का निर्माण, बाउंड्री वाल, सड़क निर्माण, गेट निर्माण, शौचालय का निर्माण, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, अशावर माता जी का मंदिर, बाल्मीकि मंदिर का सुंदरीकरण आदि कार्य कराए जाने हैं। आयुक्त ने प्रभागीय वनाधिकारी तथा पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह को निर्देश दिए कि कार्यों पर तेजी लाई जाए। जो सीढ़ियां बनायें, वह राउंडवार बनायें। बाल्मीकि आश्रम में जो मूर्तियां रखी है उनको व्यवस्थित करके रखा जाए। अधिशासी अभियंता लोनिवि को निर्देश दिए की बाल्मीकि आश्रम में जो सुंदरीकरण का कार्य कराया जा रहा है, उसकी तकनीकी जांच भी कराई जाए। जो भी कार्य कराए जाएं शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता युक्त कराए जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिला पंचायत राज अधिकारी संजय कुमार पांडेय से कहा कि मंदिर के स्थान की साफ-सफाई अच्छी तरह से कराई जाए।

# नोडल अधिकारी ने रैन बसेरा का किया निरीक्षण, मचा हड़कंप

**कोंच( जालौन )।** नगर के बाहरी छोर पर महान्तनगर क्षेत्र में शासन की योजना के तहत जल निगम की शाखा सीएनडीएच द्वारा कुल 1 करोड़ 80 लाख 80 हजार रुपये की लागत से 50 बेड का बनबाये जा रहे रैन बसेरा का मंगलवार को जनपद के नोडल अधिकारी धर्मेन्द्र साहू ने डीएम डॉ अब्दुल मन्नान अख्तर, सीडीओ प्रशांत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य आलाधिकारियों के साथ मिलकर मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया।नोडल अधिकारी ने रेन बसेरा के कमरे, किचन, बाथरूम, शौंचालय, हॉल आदि का निरीक्षण करते हुए अपने सामने निर्माण की गुणवत्ता परखने के लिये कुछ जगह की खुदाई भी कराई। रेन बसेरा के कमरों के दरबाजे व खिड़कियों से लेकर बिजली की फिटिंग, पानी की व्यवस्था भी नोडल अधिकारी ने परखी और थोड़ी बहुत कमी को लेकर उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर आरआर कटियार को दिशा निर्देश दिये। इस दौरान डीपीआरओ अभय यादव, एसडीएम अशोक कुमार, सीओ राहुल पांडेय,प्रभारी निरीक्षक इमरान खान, प्रोजेक्ट एई मुहम्मद अबरार, बीडीओ शुभम बरनबाल, एडीओ नरेशचंद्र सहित आरटीओ विभाग, जिला चिकित्सा विभाग, लोक निर्माण विभाग के आलाधिकारी उपस्थित रहे।

## नोडल अधिकारी ने सड़क की देखी गुणवत्ता

**कोंच।** नोडल अधिकारी धर्मेन्द्र साहू ने जिलाधिकारी डॉ अब्दुल मन्नान अख्तर व सीडीओ प्रशांत कुमार श्रीवास्तव के साथ मिलकर क्षेत्र के ग्राम चंदुररा से लेकर चाँदनी तक हाल ही में बुंदेलखंड विकास राज्यांश निधि से निर्मित करायी गयी सड़क की गुणवत्ता परखने के लिये मौके पर पहुंचकर एक स्थान पर खुदाई करायी।

# गैंगेस्टर एक्ट के पांच आरोपियों को हुई सजा

**चित्रकूट।** गैंगेस्टर एक्ट के पांच आरोपियों को अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय ने छह-छह वर्ष के कारावास व दस-दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है। ज्ञात है कि मऊ थानाध्यक्ष ने वर्ष 2012 में गैंगेस्टर एक्ट में प्रेमनारायण कहार पुत्र तेजबलि कहार, मुन्ना उर्फ शहजाद अली निवासी हटवा, मुन्ना केवट पुत्र धर्मपाल केवट निवासी भिटरिया, रोहित केवट पुत्र रामदास केवट निवासी बम्बुरा व बबलू केवट पुत्र कदलू केवट निवासी मटियारा के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट लगाया था। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर मऊ थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र चौरसिया ने आरोपियों को सजा दिलाने को नियमित गवाहों को पेश कराया था। नतीजतन अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय ने पांचों आरोपियों को छह-छह वर्ष के कारावास व दस-दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है। जुर्माना न अदा करने पर दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

# जेठ-देवर ने मिलकर महिला से की मारपीट

संवाददाता। जालौन (उरई)

**घर में** निर्माण करा रही महिला को जेठ व देवर ने मिलकर गाली, गलौज करते हुए पीट दिया। पीड़ित महिला ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनौरा कलां निवासी उर्मिला पत्नी राजेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसके पति राजेंद्र व ससुर तिजोले अपने घर के अगले हिस्से में निर्माण कार्य करा रहे थे। तभी वहां जेठ रामप्रकाश व देवर भगवान सिंह आए और निर्माण से रोकने लगे। जब उसने कहा कि वह अपनी जगह में निर्माण करा रहे हैं तो उन्हें क्यों आपत्ति हो रही है। इस बात से नाराज होकर जेठ व देवर ने गाली, गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए पति के साथ भी मारपीट कर दी। जिसमें दोनों को चोट आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# आत्मनिर्भर स्वनिधि योजनांतर्गत पथ विक्रेताओं को बांटा गया ऋण

**उरई( जालौन )।** प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल संवाद का प्रसारण सुनने का कार्यक्रम विकास भवन सभागार उरई में आयोजित किया गया। योजनान्तर्गत कोविड-19 महामारी के संक्रमण को रोकने के दृष्टिगत लॉकडाउन के कारण शहरी पथ विक्रेताओं के व्यापार एवं जीवन पर पडे प्रतिकूल प्रभाव के दृष्टिगत सहायता पहुँचाने हेतु पथ विक्रेताओं को बैंक के माध्यम से दस हजार का लोन बिना गारण्टी के दिये जाने का प्रावधान है। जनपद के दस नगर निकायों में चिन्हित कुल 6295 पथ विक्रेताओं में से 3373 पथ विक्रेताओं के ऑनलाइन आवेदन विभिन्न बैंकों को प्रेषित किये गये जिनमे से 2216 का ऋण स्वीकृत कर 1421 पथ विक्रेताओं को ऋण प्रदान किया गया।

मंगलवार को उक्त योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री जी, का वर्चुअल संवाद सुनने एवं पथ विक्रेताओं को ऋण स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम,


प्रमाण पत्र देते सदर विधायक व डीएम।

सभागार कक्ष विकास भवन उरई में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 45 पथ विक्रेताओं द्वारा प्रसारण सुना गया। गौरी शंकर वर्मा विधायक सदर उरई, डीएम डॉ. मन्नान अख्तर, मुख्य विकास अधिकारी प्रशान्त कुमार श्रीवास्तव एवं अनिल बहुगुणा,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उरई द्वारा उपस्थित पथ विक्रेताओं को ऋण स्वीकृत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अनुपम गुप्ता प्रबन्धक, जिला अग्रणी बैंक, अखिलेशचन्द्र तिवारी परियोजना अधिकारी डूडा, अशोक कुमार सफाई निरीक्षक नगर पालिका परिषद उरई, विजय सिंह गौतम शहर मिशन प्रबन्धक डूडा, सुनील कुमार गुप्ता सीएलटीसी, अरूण कुमार श्रीवास्तव लेखाकार डूडा, योगेन्द्र सिंह समुदायिक आयोजक डूडा कार्यालय का अन्य स्टाफ गौरव, अपूर्व चन्द्र मिश्रा, अंकेश कुमार, उमेश कुमार, आलिम खॉ, शाहरूख मिर्जा, अजय चक्रवर्ती, सपना तिवारी एवं पथ विक्रेता, नरेश कुशवाहा, अनिल कुमार, पप्पू मंसूरी, उधम सिंह, भगवानदास, अय्यूब अली, इस्याक अली, राजकुमारी, आदि सहित कुल 45 पथ विक्रेता उपस्थित रहे।

# सांड के हमले में किसान की मौत

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** खेतों की रखवाली कर रहा किसान जब घर की ओर जा रहा था। उसी समय रास्ते में आवारा पशु ने किसान पर हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों व परिजनों द्वारा नगर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने रिफर कर दिया। पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद जाते समय घायल किसान ने रास्ते में दम तोड़ दिया। किसान की मौत के बाद जागे प्रशासन ने अधीनस्थों को निराश्रित पशुओं को पकड़ने के निर्देश जारी किए। क्षेत्र के ग्राम नैनापुर निवासी 55 वर्षीय श्री कृष्ण अपने खेत के रखवाली का कार्य करके घर वापस जा रहा था। रास्ते में आवारा पशुओं ने किसान पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़ा। घटना की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों व परिजनों ने गंभीर रूप से घायल किसान को इलाज के लिए नगर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिंताजनक हालत के चलते पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद रिफर कर दिया गया। परिजनों द्वारा फर्रुखाबाद ले जाते समय घायल किसान ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। किसान की मौत के बाद उप जिलाधिकारी छिबरामऊ ने आवारा पशुओं को पकड़ने के आदेश जारी कर निराश्रित पशुओं को पकड़वाने का काम शुरू करवा दिया।

# पालिका में प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद को पटरी दुकानदारों ने देखा

● पालिकाध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी ने लाभार्थियों को सौंपा प्रमाण पत्र

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)


पथ विक्रेताओं को प्रमाण पत्र सौपते पालिकाध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी।

**शासनादेश** के अनुपालन में नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित नगर पालिका परिषद में प्रधानमन्त्री के पटरी दुकानदारों को पालिका कर्मियों नें स्क्रीन के माध्यम से वर्चुअल संवाद को दिखाया व सुनाया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उत्साहवर्धन किया। मंगलवार को स्थानीय नगर पालिका में आयोजित प्रधानमंत्री के पटरी दुकानदारों के संवाद कार्यक्रम को पटरी दुकानदारों ने देखा व सुना। इसके पश्चात पालिकाध्यक्ष धीरेंद्र आर्य व अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह ने स्वरोजगार योजना के पॉच लाभार्थियों विकास पाठक, राजू, अंकित, साहिबे आलम, इमरान आलम को ऋण स्वीकृति का प्रमाण पत्र प्रदान करने के उपरांत कहा कि पथ विक्रेताओं को शासन द्वारा स्वनिधि योजना के तहत सहायता दिए जाने से व्यापार को बढ़ाने में सहायता करेगा। कहा कि कोरोना के कारण छोटे व्यापारियों के चौपट हुए व्यापार को यह स्वनिधि योजना काफी हद तक व्यापार को पुनः शुरू करने में मददगार होगा। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक अधीक्षक आरपी सिंह, प्रधान लिपिक अनिल प्रजापति, जिलेदार सिंह, जगदीश सिंह, अशोक शर्मा, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा, अभिलाष तिवारी सहित समस्त सभासद मौजूद रहे।

# आज का दिन खासः विधायक

## ● 581 पटरी दुकानदारों को ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र किया गया वितरित



संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा** केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर्स आत्म निर्भर निधि योजना के तहत मंगलवार को जिले के 581 पटरी दुकानदारों को ऋण स्वीकृति का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। भिनगा स्थित जानकी चित्र मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा इस योजना के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद किया गया तथा उन्हें सम्बोधित किया। प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन के उपरान्त विधायक श्रावस्ती राम फेरन पांडे पूर्व सांसद ददन मिश्रा एंव जिलाधिकारी टी के शिबु ने योजना के अन्तर्गत चयनित पथ विक्रेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

इस अवसर विधायक श्रावस्ती राम फेरन पांडे ने कहा कि आत्म निर्भर भारत के लिए आज का दिन सबसे महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा सबका साथ.सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ हर तबके के लोगों के विकास के लिए बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। उन्होंने लाभार्थी पथ विक्रेताओं से अपील किया कि वे लोग सरकार द्वारा दी गई आर्थिक सहायता से अपने उद्यम संचालित करें और लाभ कमाएं।

जिलाधिकारी टी0 के0 शिबु ने योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस योजना का लाभ सभी छोटे पथ विक्रेताओं को उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजना का लाभ सड़क के किनारे रेहड़ी पटरी दुकान वालों को प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स दस हजार रुपये तक की कार्यशील पूंजी ऋण का लाभ उठा सकते हैं जिसे वे एक वर्ष में मासिक किस्तों में चुका सकते हैं। इस लोन को समय पर चुकाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को सात फीसदी का वार्षिक ब्याज सब्सिडी के तौर पर उनके अकाउंट में सरकार की ओर से ट्रांसफर किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य 1673 के सापेक्ष शत.प्रतिशत से भी अधिक पथ विक्रेताओं को लाभान्वित किया जा रहा है। स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि के अंतर्गत रेहड़ी पटरी वालों को अपना काम दोबारा से शुरू करने के लिए सरकार द्वारा लोन मुहैया कराया जा रहा है जिससे इस योजना के जरिए रेहड़ी पटरी वाले आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकेगें तथा इस योजना के जरिये गरीबों की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन अपर जिलाधिकारी योगानंद पांडे ने किया वही कार्यक्रम में पधारने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ने लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी योगानन्द पाण्डेयए ईओ नगर पालिका भिनगा अवधेश कुमार एवम अधिकारी व लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी नहर की कटी पटरी

**ऊंचाहार,रायबरेली।** खेतों में तैयार पककर खड़ी फसल थोड़ी सी लापरवाही के कारण तबाह हो गई है । नहर की पटरी की मरम्मत न होने से पटरी कट गई और किसानों की गाढ़ी कमाई पर पानी फिर गया है । यह घटना क्षेत्र के गांव पूरे प्रताप के पास हुई है । यहां से एनटीपीसी में जलापूर्ति के लिए नहर बनाई गई है । नहर की पटरियां जर्जर है , जिनकी काफी अरसे से मरम्मत नहीं की गई है । इस समय एनटीपीसी को पानी की आपूर्ति के लिए नहर में पानी छोड़ा गया है । और पूरी नहर भरकर चल रही है । जब नहर में पानी चलता है ,तब एनटीपीसी द्वारा रात दिन पूरे नगर की पेट्रोलिंग की जाती है । इसके लिए श्रमिको की कई टीम लगाई जाती है । लेकिन हकीकत में पेट्रोलिंग के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है । जिसका खामियाजा यह हुआ कि सोमवार की रात में इस नहर की दाईं पटरी कट गई । और पूरी नहर का पानी खेतों में भरने लगा । एक के बाद दूसरे खेत को डुबोते हुए पानी सैकड़ों बीघे खेत में भर गया ।

## राप्ती नदी में डूबे युवक का चौथे दिन नदी में मिला शव



संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा** मुजेहना गांव के पास राप्ती नदी में तीन दिन पहले एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में डूब गया था। जिसकी तलाश गोताखोर टीम कर रही थी। उस युवक की लाश चौथे दिन घटना स्थल से कुछ दूर बरामद हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के मुजेहना गांव में तीन दिन पहले एक धार्मिक कार्क्रम का आयोजन हुआ था जिसमे बहराइच जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र के खजुरार निवासी 25 वर्सिये हिमांशु गुप्ता पुत्र परशुराम गुप्ता वाद्य यंत्र बजाने आया था। जिस दौरान युवक शुक्रवार को राप्ती में नहाने चला गया था जहां वह नदी में डूब गया। सूचना पर पहुंची भिनगा कोतवाली पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से युवक की तलाश कराई पर उसका कुछ नहीं पता चल सका था। राप्ती नदी में डूबे हिमांशु की लाश घटना के चौथे दिन घटना स्थल से कुछ दूर बरामद हुई है। पुलिस ने हिमांशु के शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में भिनगा कोतवाली प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## दर्जनों लोगों ने थामा सपा का दामन

**सुल्तानपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ और सुल्तानपुर में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के लिए होड़ लगी है। बड़ी संख्या में लगातार हर जाति बिरादरी के लोग सपा में शामिल हो रहे हैं और पार्टी की सदस्य पृथ्वीपाल यादव दिला रहे हैं। मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सैकड़ों की संख्या में अनुसूचित जाति एवं पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति आस्था एवं विश्वास रखते हुए जिला अध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव, महासचिव सलाहुद्दीन अहमद के समक्ष एवं पप्पू यादव विधानसभा महासचिव लंभुआ के सहयोग से समाजवादी पार्टी ज्वाइन किए। जिसमें सबसे ज्यादा संख्या रजक (कनौजिया) की रही। जिसमें मुख्य रूप से मुकेश कनौजिया, शकील अहमद, अहमद रजा, त्रिपुरेश विश्वकर्मा, साहब अब्दुल करार, जगदीश रजक, सुभाष रजक, श्रीकांत रजक, संदीप यादव, यशवंत साहू, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, राजेश कुमार रजक आदि मौजूद रहे।

# शादी से इंकार करने पर सिरफिरे आशिक ने माशूका को मारी गोली

संवाददाता। ऊंचाहार,रायबरेली

**आशिकी** में पागल एक आशिक ने अपनी माशूका द्वारा शादी से इंकार करने पर आपा खो दिया और साथी के साथ माशूका के घर पहुंचकर उसे गोली मार दी ।

घटना सोमवार रात्रि की है । क्षेत्र के गांव पूरे ठकुराइन मजरे उसरैना निवासी सैफ अली उर्फ नौसे पुत्र अब्दुल कलाम अपने गांव की एक सजातीय किशोरी से प्रेम करता था । दोनों में काफी समय से प्रेम संबंध चल रहा था । इधर नौसे अपनी माशूका से निकाह करना चाहता था । लेकिन गांव के ही युवक के साथ निकाह के लिए उसकी माशूका तैयार नहीं थी । जिसको लेकर दोनों के संबंधों में दरार आ गई थी । मामला काफी दिनों से चल रहा था । माशूका द्वारा निकाह से इंकार करने पर युवक ने गांव में इधर-उधर बात करना शुरू कर दिया था । जिससे पूरे गांव में यह बात फैल चुकी थी । गांव में बदनामी के बाद उसकी माशूका ने उससे पूरी तरह रिश्ता तोड़ लिया था । इसके बावजूद युवक किशोरी व उसके परिजनों को परेशान करता रहता था । इस बीच सोमवार की रात करीब 11 बजे युवक अपने साथी अंकुश साहू के साथ किशोरी के घर पहुंचा और किशोरी के परिजनों से निकाह के लिए दबाव बनाने लगा । जिसमे दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई । इस बात विवाद में किशोरी भी शामिल हो गई और उसने अपने आशिक को जमकर लताड़ लगाई । किशोरी ने किसी भी सूरत में युवक के साथ निकाह करने से इंकार कर दिया । किशोरी द्वारा स्पष्ट रूप से इंकार करने के बाद युवक ने अपना आपा खो दिया और 315 बोर के अवैध तमंचे से उसने किशोरी के सीने पर फायर कर दिया । जिससे किशोरी लहू लुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी । इस घटना के बाद परिजन किशोरी को उठाने लगे तो मौका पाकर युवक भाग निकला । गंभीर रूप से घायल किशोरी को सीएचसी लाया गया । जहां पर पहले उसे रायबरेली के जिला चिकित्सालय फिर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया । उधर सूचना पाकर गांव पहुंची पुलिस ने मुख्य आरोपित नौसे को गिरफ्तार कर लिया है । जबकि किशोरी लखनऊ के ट्रामा सेंटर में जिंदगी मौत के बीच लड़ रही है । कोतवाल पंकज तिवारी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज करके एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है । दूसरे की तलाश जारी है । वही मौके पर फॉरेंसिक टीम ने गांव पहुंचकर कुछ साक्ष्य संकलित किया है। फॉरेंसिक टीम के अधिकारी ने बताया कि परिजनों एवं ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है। मामले में जल्द ही अग्रिम कार्यवाही होगी ।

## गोकशी करने वाले गिरफ्तार

**बछरावां।** रायबरेली पुलिस अधीक्षक रायबरेली तथा अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली के कुशल नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी महाराजगंज के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई अंतर्गत आज रात बछरावां थाना क्षेत्र में पुलिस टीम को मुखबिर खास की सूचना पर बड़ी सफलता प्राप्त हुई है बछरावां पुलिस को उस वक्त कामयाबी मिली जब बछरावां पुलिस ने एक बछरावां थाना क्षेत्र में सुनसान जंगल में गोकशी हो रही थी बछरावां पुलिस ने तत्काल उमरपुर के पूरे जंगल की घेराबंदी कर ली घेराबंदी करने के बाद बछरावां पुलिस ने मौके से गोकशी करने वालों में से 4 लोगों को गिरफ्तार किया मोहम्मद सिराज पुत्र अब्दुल समद निवासी हुसैनाबाद जिला रायबरेली रवि तिवारी पुत्र सुरेश तिवारी निवासी बूढ़ा कॉलोनी जिला लखनऊ राहुल पुत्र राम सागर निवासी बोदी खेड़ा थाना शिवगढ़ जिला रायबरेली कलाम पुत्र नूर मोहम्मद अंजुमन टॉकीज बगिया थाना नक्काश रायबरेली को गिरफ्तार किया गया।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन



संवाददाता। ऊंचाहार

**एनटीपीसी** में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया कोविड-19 के मानकों को अपनाते हुए एनटीपीसी ऊंचाहार में इस कार्यक्रम का उद्घाटन संजय सिंह कार्यकारी निदेशक मानव संसाधन तथा भोलानाथ , मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी ऊंचाहार ने किया। एनटीपीसी ऊंचाहार ने सतर्कता के विषय आधारित सतर्क भारत समृद्ध भारत पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन बच्चों के बीच करने का भी कार्यक्रम रखा है इस अवसर पर संजय सिंह ने कहा दृभ्रष्टाचार एक जटिल समस्या है स जिसके लिए बहुआयामी कार्यवायी जरुरी है स इनमे से एक है प्रौद्योगिकी का प्रयोग, जिससे खुलापन और पारदर्शिता को बढावा देने में मदद मिल सकती है आधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग , सेवा सुपुर्दगी प्रणालियों में हस्तक्षेप को खतम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है स यह नागरिकों और सरकारी विभागों का सामूहिक उत्तरदायित्व है की वे ,अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए , भ्रष्टाचार से मुकाबला करने में प्रौद्योगिकी पहलों को अपनाये इस अवसर पर भोलानाथ ने कहा -यह सार्वजनिक कार्यालयों में सरकारी कर्मचारियों से पारदर्शिता और कुशल प्रशासन अत्यंत आवश्यक है स इसके साथ ही उन्होंने कहा की - हमारे समाज से भ्रष्टाचार का उन्मूलन एक कानूनी दायित्व है, बल्कि हर भारतीय का एक नैतिक कर्तव्य भी है सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिनमे ऑनलाइन व्याख्यान, ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं और भ्रष्टाचार से लड़ने के उपायों तथा स्लोगन लेखन आदि प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जाएगा।

## गरीबो के हितों के लिये सदैव रहूंगा तत्परः रामबाबू गुप्ता

**लालगंज रायबरेली।** कोरोना संक्रमण से बेहाल हुए पटरी दुकानदारो के कल्याण के लिये नगर पंचायत के सहयोग से विभिन्न बैंको के माध्यम से एक सैकडा से अधिक लाभार्थियों को एसडीएम व चेयरमैन ने दस लाख से अधिक की रकम वितरित की। नगर पंचायत परिसर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अर्न्तगत रेहणी, गुमटी व पटरी दुकानदारो से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किये गये वर्चुअल संवाद को एक बडे टेलीविजन के माध्यम से लाईव प्रसारण लाभार्थियो को दिखाया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जीतलाल सैनी व तहसीलदार ऋचा सिंह, चेयरमैन रामबाबू गुप्ता, अधिशाषी अधिकारी अनुराग शुक्ला ने कस्बे के विभिन्न बैंको के प्रमुखो के मध्य 104 लाभार्थियों को दस-दस हजार रकम की आर्थिक सहायता का ऋण दिया गया।

# भेदभाव रहित काम कर रही प्रदेश सरकारः बावन सिंह

## ● आत्म निर्भर निधि योजना से सशक्त बनेंगे पथ विक्रेताः डीएम

## ● पटरी दुकानदारों को मिला ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र



संवाददाता। गोंडा

**रेहड़ी** व पथ विक्रेताओं (छोटे सड़क विक्रेताओं) को अपना खुद का काम नए सिरे से शुरू करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर्स आत्म निर्भर निधि योजना के तहत मंगलवार को जिले के 1961 पटरी दुकानदारों को ऋण स्वीकृति का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। नगर के टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक कटरा बाजार बावन सिंह व जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने चयनित पथ विक्रेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया। वहीं योजना को मूर्तरूप देने में अहम भूमिका निभाने पर लीड बैंक प्रबन्धक दशरथी बेहरा, मिशन प्रबधक डूडा अखिलेश सिंह आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक कटरा श्री सिंह ने कहा कि आत्म निर्भर भारत के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ हर तबके के लोगों के विकास के लिए बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। उन्होंने लाभार्थी पथ विक्रेताओं से अपील किया कि वे लोग सरकार द्वारा दी गई आर्थिक सहायता से अपने उद्यम संचालित करें और लाभ कमाएं। जिलाधिकारी डा0 बंसल ने योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस योजना का लाभ सभी छोटे पथ विक्रेताओं को उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजना का लाभ सड़क के किनारे रेहड़ी पटरी दुकान वालों को प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स दस हजार रुपये तक की कार्यशील पूंजी ऋण का लाभ उठा सकते हैं। जिसे वे एक वर्ष में मासिक किस्तों में चुका सकते हैं। इस लोन को समय पर चुकाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को सात फीसदी का वार्षिक ब्याज सब्सिडी के तौर पर उनके अकाउंट में सरकार की ओर से ट्रांसफर किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य 1961 के सापेक्ष शत-प्रतिशत से भी अधिक पथ विक्रेताओं को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बैंकों द्वारा इस योजना में विशेष सहयोग प्रदान के करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी, पीओ डूडा विनोद सिंह, ईओ नगर पालिका विकास सेन, महामंत्री अनुपम प्रकाश मिश्र, राजा बाबू गुप्ता, सभासद फहीम सिद्दीकी, धर्मपाल सिंह, सुधीर मिश्रा सहित लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं ने बैठक कर बनाई

**करनैलगंज ( गोंडा )।** तहसील संघ भवन में अधिवक्ताओं की बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने व संचालन सुरेंद्र कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक में तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों की मनमानी पर विधिवत चर्चा हुई। अधिवक्ताओं ने अधिकारियों के बारे में अपने विचार रखे। साथ ही निर्णय लिया गया कि मांग पूरी न होने पर आगामी 29 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन प्रारम्भ किया जायेगा।

### पौधरोपण

**करनैलगंज ( गोंडा )।** सीएचसी के निकट हुजूरपुर मोड़ पर एक बड़े प्लाट में पौध रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोरोना काल मे त्योहार न होने की याद को बरकरार रखने व किसी भी महामारी को हल्के ढंग से न लेकर उससे लड़ने एवं समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक करने की बात कही गई।

# आरेडिका में सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रारम्भ



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2020 तक मनाया जा रहा हैं। सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर महाप्रबंधक/ आरेडिका विनय मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों द्वारा सतर्कता प्रतिज्ञा की शपथ ली गयी। कोविड.19 की वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सोशल डिस्टिंसिंग के साथ समस्त विभागाध्यक्षों द्वारा अपने.अपने कार्यालयों में भी सतर्कता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गयी। इस वर्ष आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य विषय श्सतर्क भारत समृद्ध भारतश् है । सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया जायेगा जिसमें मुख्य रूप से संगठन की नीतिध्प्रक्रियाओंए निवारक सतर्कता उपायों एवं कार्य निविदाध्सेवा निविदाध्भंडार निविदा पर जानकारी के प्रचार एवं प्रसार हेतु वेबिनारए ग्राहक विक्रेता/ ठेकेदार शिकायत निवारण शिविर, वाद.विवाद निबंध लेखन/ कार्टून/ पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आरेडिका के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सतर्कता प्रतिज्ञा को लेकर शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने का बीड़ा उठाया है।

## जानलेवा हमला करने के आरोप में आठ नामजद

संवाददाता। करनैलगंज (गोंडा)

**एक** मानसिक रोग से पीड़ित युवती को जबरन ब्रेनवाश कराकर धर्मांतरण कराने एवं सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने, धार्मिक उन्माद फैलाने के साथ-साथ जानलेवा हमला करने के आरोप में आठ नामजद सहित अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध कोतवाली करनैलगंज में बलवा, मारपीट, धर्मांतरण एवं धार्मिक उन्माद फैलाने का मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है।

कोतवाली करनैलगंज में सो पुलिस अधीक्षक ने मौके पर तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी मुन्ना उपाध्याय को जांच के लिए भेजा। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जांच की और युवती के परिजनों की तरफ से कोतवाली में आठ नामजद सहित अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

## डीएम के निर्देश पर बीओबी के मुख्य प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा

**सुल्तानपुर।** डीएम के निर्देश पर बीओबी के मुख्य प्रबंधक के खिलाफ कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शिकायतकर्ता ने ऋण के लिए बार-बार दौड़ाए जाने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की थी। गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर की लाभार्थी उर्मिला सिंह ने जिलाधिकारी रवीश गुप्ता से शिकायत करते हुए कहा कि बैंक आफ बडौदा के मुख्य प्रबंधक 10 हजार रुपए के स्वीकृत ऋण के लिए उन्हें बार-बार दौड़ा रहे हैं। पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने बीओबी के मुख्य प्रबंधक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए दिया। जिस पर उर्मिला सिंह के तहरीर पर कोतवाली नगर में प्राथमिकी दर्ज कर कर ली गई। डोडा की परियोजना अधिकारी सुनीता सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर कोतवाली में मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी को स्वीकृति के बाद यदि ऋण देने में बैंक हीलाहवाली की जाएगी तो अन्य के विरुद्ध भी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पथ विक्रेताओं को विधायक ने दिया ऋण प्रमाणपत्र

संवाददाता। सुलतानपुर



**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में पीएम स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम स्वनिधि योजना अन्तर्गत नगर पालिका परिषद के लाभार्थियों (पथ विक्रेताओं) से वर्चुअल संवाद किये जाने के पश्चात जनपद के चयनित पथ विक्रेताओं को ऋण प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सुलतानपुर सूर्यभान सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ0 आर0ए0 वर्मा, विशिष्ठ अतिथि नगर पालिका परिषद सुलतानपुर अध्यक्ष बबिता जायसवाल, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), पी0ओ0 डूडा द्वारा जिला मुख्यालय पर आयोजित पीएम स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात परियोजना अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा पुष्प देकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद प्रसारण समाप्त होने के उपरान्त विधायक सुलतानपुर श्री सिंह, जिला अध्यक्ष भाजपा डॉ0 वर्मा व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुलतानपुर बबिता जायसवाल द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को सम्बोधित किया गया तथा शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया गया। तत्पश्चात चयनित पथ विक्रेताओं को ऋण प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। सभागार में उपस्थित सभी स्ट्रीट वेण्डर्स, नगर पालिका परिषद के सभासद एवं डूडा विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा वर्चुअल संवाद का प्रसारण देखा गया। उन्होंने सम्बन्धित विभाग द्वारा लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण किये जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को अतिशीघ्र शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने अग्रणी बैंक प्रबन्ध को निर्देशित किया कि पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के स्वीकृत आवेदनों को शत-प्रतिशत संवितरित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी बैंक शाखा द्वारा इस योजना में लापरवाही न बरती जाय एवं अनावश्यक रूप से किसी भी लाभार्थी को परेशान न किया जाय। शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित प्रबन्धकों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। परियोजना अधिकारी डूडा ने पीएम स्वनिधि योजना के विषय में बताया कि कोविड-19 महामारी और लगातार बढ़ते हुए लाकडाउन से पथ विक्रेताओं की अजीविका पर बुरा प्रभाव पड़ा है। तत्पश्चात शहरी अजीविका मिशन योजनान्तर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण अन्तर्गत फैशन डिजाइन के प्रशिक्षणार्थियों को ड्रेस व किट वितरित किया गया। यह ट्रेनिंग मार्डन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के माध्यम से दे जा रही है। कार्यक्रम में 20 प्रशिक्षणार्थियों को मा0 विधायक सुलतानपुर सूर्यभान सिंह, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, परियोजना अधिकारी डूडा सुनीता सिंह ने ड्रेस व किट वितरित किया। इस मौके पर एमटीआई के निदेशक सरवर रहमान, संचालक एस0पी0 गुप्ता, कृपा शंकर गुप्ता, राजन सिंह रहे। बच्चियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय विद्रोही ने किया।

## ई-लोक अदालत में आधा दर्जन वादों का निपटारा

**सुल्तानपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश उमेश कुमार शर्मा के निर्देशानुसार एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश अनुसार जिला कारागार सुल्तानपुर में निरुद्ध बंदियों से संबंधित जनपद सुलतानपुर में ई-लोक अदालत का आयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश कुमार मगन की उपस्थिति में आशालिका पांडेय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा किया गया। लोक अदालत में कुल छह वादों को निस्तारित किया गया तथा वादों से संबंधित बंदियों को उनके द्वारा जिला कारागार सुल्तानपुर में बिताई गई अवधि को सजा मानते हुए उन्हें रिहा किया गया। यह जानकारी सतीश कुमार मगन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर ने दी। इसके अतिरिक्त जिला कारागार सुल्तानपुर में निरुद्ध बंदियों को विधिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही जिला कारागार में निरूद्ध महिलाओं के संबंध में चलाई जा रही विशेष योजना पर भी प्रकाश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर द्वारा डाला गया।

# सम्पूर्ण समाधान शिविर में जमा हुआ लाखों का विद्युत बिल

संवाददाता। मोतिगरपुर,सुल्तानपुर

**मंगलवार** को विद्युत विभाग ने मोतिगरपुर ब्लॉक परिसर व सेमरी बाजार में सम्पूर्ण समाधान शिविर लगाया और समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान उपभोक्ताओं ने करीब 4.36 लाख रुपये का बिल भी जमा किया गया। शिविर में दर्जनों उपभोक्ताओं के विद्युत बिल में सुधार किया गया। मीटर गड़बड़ी और कनेक्शन संबंधित समस्याओं का समाधान हुआ। विद्युत विभाग ने मंगलवार को मोतिगरपुर ब्लॉक परिसर में अधिशाषी अभियंता जयसिंहपुर गौरव तिवारी व जे.ई मनीष वर्मा, उपखंड अधिकारी आर.पी. यादव के नेतृत्वमें 12 उपभोक्ताओं के बिल में सुधार किया गया। तीन उपभोक्ताओं के खराब मीटर बदले गए। 20 उपभोक्ताओं की लाइन काटी गई, जिसमे से 12 उपभोक्ताओं का बिल जमा कर पुन: कनेक्शन जोड़ा गया। वही 26 उपभोक्ताओं से 1.34 लाख रुपये का बिल भी जमा कराया। सेमरी बाजार में लगे शिविर में 22 उपभोक्ताओं के बिल सही किये गए। 115 उपभोक्ताओं द्वारा 3.02 लाख रुपये राजस्व जमा किया गया। जयसिंहपुर अधिशाषी अभियंता गौरव तिवारी ने बताया कि, 'पॉवर कॉरपोरेशन के निर्देश पर बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से पूर्ण भुगतान न कर पाने की स्थिति में बकाये का प्रतिशत भुगतान कर अपनी लाइन कटने से बचाने की अपील भी की।

## चोर उठा ले गए सामान

**सुलतानपुर।** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के करौंदिया निवासी योगेन्द्र सिंह सुत ओंकर सिंह ने निराला नगर चौकी में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। दिए गए शिकायती पत्र में उन्होंने कहा है कि उनके घर से उनकी पर्स और काफी सामान चोरी हो गया है। जिसमें मोबाइल सिमकार्ड भी था।

# स्वनिधि योजना के तहत 1284 पथ विक्रेताओं का हुआ चयन

संवाददाता। सोनभद्र



**सोनभद्र** जिले के 1284 लाभार्थियों को पीएम स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश स्वनिधि की सौगात कलेक्ट्रेट सभागार में दिया गया। प्रधान मंत्री से पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों का संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हुआ। जिला मुख्यालय व सभी नगर निकायों में कार्यक्रम आयोजित हुआ वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में दिया गया। प्रधान मंत्री के वर्चूअल संवाद कार्यक्रम के सजीव प्रसारण में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र बहादुर सिंह बैंकों के अधिकारी डूडा व नगर निकाय के अधिकारीगण मौजूद रहें वर्चुअल सवांद के सजीव प्रसारण के बाद जिलाधिकारी व उनकी टीम ने पात्रों में रेहड़ी ठेला आदि लगाने वाले नागरिकों को 10-10 हजार रुपये का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। जिलाधिकारी पीएम स्ट्रीट वेन्डर्स को बधाई दी और बताया कि सोनभद्र जिले को शासन द्वारा 998 पथ पर बिक्री करने वाले विक्रेताओं का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष 1284 पथ विक्रेताओं का चयन कर 130 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। इस प्रकार पीएम स्ट्रीट वेन्डर्स आत्म निर्भर निधि योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश स्वनिधि योजना के तहत पथ बिक्रेताओं को प्रदेश में जो लोन वितरण किया गया, उसमें सोनभद्र का पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रधान मंत्री के वर्चुअल संवाद के सजीव प्रसारण व स्वीकृति-पत्र वितरण समारोह में जिलाधिकारी ने रेहड़ी के माध्यम से कारोबार करने वाले पुरूषों व महिलाओं से रोजी-रोजगार के बारे में जाना और हौसला आफ्जाई की।

## पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत 168 लोगों का चयन

घोरावल ( **सोनभद्र** )। स्थानीय नगर पंचायत सामुदायिक भवन पर पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत स्वीकृत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मंगलवार को आयोजित सभा को पीएम का उदबोधन भी सुनाया गया।नगर पंचायत सीमान्तर्गत 168 पथ विक्रेताओं का पंजीकरण किया गया, जिसमें से मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार ने 131 लोगों के खाते में हस्तांतरित करने सम्बन्धी प्रमाण पत्र वितरित किया गया। बताते चलें कि पथ विक्रेताओं को ऋण के रूप में 10 हजार रुपये सरकार की तरफ से दिए जा रहे हैं। जिससे कि कोरोना महामारी में प्रभावित गरीब पथ विक्रेताओं की दुकान की व्यवस्था सुचारू ढंग से संचालित हो सके। इस ऋण पर सवा आठ प्रतिशत की दर से ब्याज की व्यवस्था है। यदि लाभार्थी द्वारा समय पर ऋण चुकता कर दिया जाता है तो इस पर लगने वाला ब्याज दर मात्र डेढ़ प्रतिशत होगा इसके अलावा आगे के ऋण के लिए योग्य माने जाएंगे।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन




संवाददाता। सोनभद्र

**केन्द्रीय** सतर्कता आयोग भारत सरकार एवं केन्द्रीय सतर्कता कार्यालय एनटीपीसी लिमिटेड के निर्देशानुसार विंध्याचल परियोजना मे 27 अक्तूबर से दो नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 27 अक्तूबर को कार्यकारी निदेशक विंध्याचल द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से विंध्याचल के समस्त विभागो के कर्मचारियों को शपथ दिलाई गयी। साथ ही एनटीपीसी कर्मचारियों एवं संविदकर्मियों हेतु मुख्य सतर्कता आयोग के वैबसाइट एवं विंध्याचल के इंट्रानेट पेज़ के माध्यम से एनटीपीसी कर्मचारियों को शपथ दिलाई गयी। विंध्याचल परियोजना के अंतर्गत कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए सुझाव प्रतियोगिता, नारा प्रतियोगिता, वर्ग पहेली, ऑनलाइन क्विज प्रतियोगताए कराई जाएंगी। वेंडर एवं सप्लायरों हेतु 30 अक्तूबर को ऑनलाइन के माध्यम से वेंडर मीट का आयोजन कराया जाएगा। एनटीपीसी के कार्यपालक वर्ग के कर्मचारियो हेतु कार्यशाला का आयोजन 30 अक्तूबर को कराया जाएगा। दो नवम्बर को कायक्रम का समापन एवं प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## सांप के काटने से अधेड़ की मौत

**बीजपुर ( सोनभद्र )**। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जरहां के टोला राजो में सांप काटने से एक अधेड़ की सोमवार को मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 42 वर्षीय उज्जुल खान पुत्र करीमन खान निवासी ग्राम सभा जरहां टोला राजो अपने घर के समीप कार्य कर रहे थे उसी दौरान घास में छिपे एक सर्प ने उसे कांट लिया।

घबराए पीड़ित ने परिजनों को इस बात की जानकारी दी। परिजनों आननफानन में उसे इलाज के लिए एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के धंवन्तरि चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत गम्भीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया। परिजन पीड़ित को घर ले गए पैसे का जुगाड़ नही होने की वजह से विवश परिजन अन्यत्र नहीं ले जा सके पीड़ित की मौत सोमवार की अलसुबह में हो गई। असामयिक हुई मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट गया।

# प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों के साथ किया वर्चुअल संवाद

संवाददाता। मीरजापुर

**स्ट्रीट** वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल संवाद कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें नगरीय निकायों में पंजीकृत पथ विक्रेता जो लॉकडाउन से प्रभावित हो गये थे, उन्हे बैंकों द्वारा 10000 रुपये का ऋण उनके खाते में वितरित किया गया है। इस योजना में 10000 रुपये तक सिक्योरिटी फ्री लोन, नियमित भुगतान पर सात प्रतिशत ब्याज सब्सिडी, डिजिटल लेन-देन पर साल में 1200 तक कैशबैक तथा समय से भुगतान पर अगली बार बड़ा लोन आदि सुविधाओं को सम्मिलित किया गया है। समारोह में ऋण प्राप्त लाभार्थियों को वितरण प्रमाणपत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी( वि/रा), नगर मजिस्ट्रेट, आदि उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम डूडा एवं नगर पालिका के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। समारोह में उपस्थित लाभार्थियों को जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में योजना के विस्तृत दिशा निर्देश के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने बताया गया कि इस महत्वाकांक्षी योजना में डूडा, नगर पालिका एवं बैंकों के अथक प्रयास से शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को शत- प्रतिशत पूरा करते हुए आभी तक 2253 लाभार्थियों के खाते में ऋण वितरित किया गया है। महोदय द्वारा बताया गया कि 10000 रुपये का ऋण प्राप्तकर लाभार्थी अपने व्यापार लगाते हुए समयान्तर्गत बैंकों को ऋण वापस कर और अधिक ऋण प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि जो पथ विक्रेता पंजीकरण मे छूट गये हैं वह अपने निकाय में अपना पंजीकरण कराते हुए योजान्तर्गत ऋण प्रप्ति हेतु आवेदन कर सकते हैं।

# अपर मुख्य सचिव ने कोरोना संक्रमण रोकने को लेकर दिए कड़े निर्देश

## नोडल अफसर अनिल कुमार ने कोविड कन्ट्रोल रूम को जांचा

संवाददाता। संतकबीरनगर



**अपर** मुख्य सचिव व जनपद के नोडल अधिकारी अनिल कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में कोविड-19 की वर्तमान स्थिति एवं कोरोना संक्रमण को रोकने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, जिला पंचायती राज विभाग, एवं अन्य सम्बंधित विभागों द्वारा किये जा रहे प्रयासों एवं उसके परिणामों की समीक्षा की। इस दौरान नोडल अधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी आवश्यक निर्देश दिया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में अब तक कुल 159908 लोगों का कोविड टेस्ट कराया जा चुका है, जिसमें 2931 लोगों के पॉजिटिव पाये जाने के बाद उन्हें होम आईसोलेशन अथवा अस्पताल में रखने के उपरान्त अबतक 1472 लोग स्वस्थ्य हो चुके हैं। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा में बताया कि विगत एक अक्टूबर से चलाये जा रहे अभियान में आशाओं द्वारा घर-घर जाकर मॉनिटरिंग एवं बचाव हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता के साथ अभियान को संचालित कराय जा रहा है। जनपद के स्वच्छता अभियान की समीक्षा के दौरान डीपीआरओ द्वारा बताया कि कि जनपद में वेसलाइन सर्वे 2012 के अनुसार सभी को शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। जनपद के 651 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय बनाये जाने का कार्य चल रहा है, जिसमें 253 सामुदायिक शौचालय पूर्ण हो चुके है।

## जिला अस्पताल में शीघ्र खुलेगा कोविड पास्ट क्लीनिंग

**सोनभद्र**। जिला चिकित्सालय लोढी कैंपस में अब कोविड पोस्ट क्लीनिक खोलने का निर्णय लिया गया है। इस अस्पताल में कोविड-19 के स्वस्थ हो चुके मरीजों को अन्य बीमारियों से बचाने के लिए उनका उपचार किया जाएगा। इस क्लीनिक में जल्द से जल्द चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती कर दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसके उपाध्याय ने बताया कि जिला अस्पताल परिसर में पोस्ट क्लीनिक स्थापित किया जाएगा। इस क्लीनिक में कोविड-19 से स्वस्थ हो चुके मरीजों को अन्य रोगों से बचाव हेतु इलाज की सुविधा शुरू की जाएगी। इस अस्पताल में कोविड-19 से ठीक हुए रोगी न केवल चिकित्सक से निशुल्क परामर्श ले सकेंगे बल्कि जरूरत पड़ने पर जिला मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ की भी मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि कोरोना की चपेट में आए ऐसे लोग जो पहले से ही किसी गंभीर बीमारी के शिकार को कोमारविड कहा जाता है।

# स्ट्रीट वेंडर्स लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री के संवाद को सुना



संवाददाता। संतकबीरनगर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने वीडियों कार्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना के लाभार्थियों से सीधी बातचीत करके उनके कार्य करने का तौर तरीका जाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने जनपद एवं देश में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें प्रशासन एवं बैंककर्मियों को धन्यवाद देते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में छोटे-छोटे कारोबारियों के योगदान को सराहा। कलेक्ट्रेट सभागार में सदर विधायक दिग्विजय नारायण (जय चौबे) की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय सहित जनपद के प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों की उपस्थित में प्रधानमंत्री द्वारा स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से सीधे संवाद हुआ। इसके उपरान्त सदर विधायक जय चौबे ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास निति के तहत देश के सभी तबकों को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक उन्नत करने की दिशा में प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को उनके सफल कारोबार की शुभकामना दी और व्यवासायिक उन्नति हेतु प्रेरित किया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने लाभान्वित जनपद के सभी 1174 लाभार्थियों को उनके सफल कारोबार की दिशा में पूरी तरह से प्रशासनिक सहयोग का अश्वासन दिया।

# कार्रवाई की जद में आये दोनों निजी क्लीनिकों को मिली क्लीन चिट

## कोरोना के लक्षण बाद भी जांच नहीं कराने का था आरोप

## पुलिस इंस्पेक्टर की हुई थी मौत

संवाददाता। बस्ती

**कोविड**-19 में पुलिस इंस्पेक्टर दयाशंकर की मौत के बाद कार्रवाई के जद में आए मालवीय रोड स्थित डा. रवि प्रताप और रोडवेज तिराहा स्थित डा. अजीत त्रिपाठी के क्लीनिक को सीएमओ कार्यालय ने क्लीन चिट दे दिया।

प्रभारी सीएमओ डा. फखरेयार ने बताया कि दोनों को क्लीन चिट दे दिया गया है। अब इन दोनों के खिलाफ अब कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है। इंस्पेक्टर के परिजनों ने दोनों डाक्टरों को मौत के मामले में जिम्मेदार ठहराया गया था। इसके बाद क्लीनिक को बन्द करने की चेतावनी दी गई है। गोरखपुर के कैम्पियरगंज थाने में तैनात बस्ती जिले के बेदौला भानुपर निवासी इंस्पेक्टर दयाशंकर को खांसी बुखार, सांस लेने की तकलीफ होने पर मालवीय रोड स्थित डा. रवि प्रताप और रोडवेज तिराहा स्थित डा. अजीत त्रिपाठी के क्लीनिक पर इलाज किया गया।

इस दौरान दोनों क्लीनिक पर कोरोना संक्रमण के लक्षण की जांच नहीं कराई गई। जबकि उनमें कोरोना के पूर्ण लक्षण थे। प्रभारी सीएमओ डा. फखरेयार हुसैन ने जारी नोटिस में कहा है कि 13 और 15 अक्टूबर के बीच दोनों क्लीनिकों पर इंस्पेक्टर का इलाज किया गया, लेकिन कोरोना संक्रमण के लक्षण पाए जाने के बाद भी दोनों क्लीनिक के जिम्मेदार डाक्टरों ने न उनकी कोरोना जांच कराई और न ही उन्हे जांच के लिए अन्यत्र संदर्भित किया गया।

## तीसरी बार कोरोना संक्रमित हुए सीएमओ डा. एके गुप्त

बस्ती। सीएमओ डा. एके गुप्त कोविड-19 से बुरी तरह जूझ रहे है। इलाज के लिए कोविड अस्पताल में भर्ती सीएमओ 18 और 25 अक्टूबर 20 के बीच तीन बार जांच में पाजिटिव पाए गए। पहली बार 18 को दूसरी बार 22 को और तीसरी बार 25 अक्टूबर की जांच में उनकी रिर्पोट पाजिटिव आई।

# पहले सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों के स्टाफ को लगेगा वैक्सीन

संवाददाता। बस्ती

**देश** में कोरोना वैक्सीन लगाने की तैयारी सरकार ने शुरु कर दी है। सबसे पहले सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों के चपरासी से लेकर डाक्टर तक को टीका लगेगा। इसके लिए भारत सरकार सभी का डाटा मांगा है। एसीएमओ डा. सीएल कन्नौजिया ने बताया कि सोमवार को इसके लिए सभी 92 प्राइवेट अस्पतालों के संचालकों के साथ बैठक हो चुकी है। इन सभी को अपने-अपने अस्पतालों के मेडिकल स्टाफ का डाटा आनलाइन भेजने को कहा गया है। बताया कि इसके लिए एक फारमेट बनाया गया है। हालांकि अभी इसके दायरे में पैथालाजी, अल्टासांउड और एक्सरे वालों को शामिल नहीं किया गया, जबकि इन्हें भी प्राथमिकता वाली सूची में डालने की बात कही जा रही है।

**चोरी के जेवरात समेत पांच हजार का इनामियां गिरफ्तार**

**बस्ती**। गौर पुलिस और सर्विलांस सेल ने महिलाओं से धोखाधड़ी कर उनके जेवरात और सामान चोरी कर लेने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। नवीन सब्जी मंडी स्थल से गिरफ्तारी कर उसके पास से सोने के जेवर, पासबुक, पैन कार्ड, आल्टो कार, एक कट्टा व कारतूस, आदि की बरामदगी की है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए व्यक्ति की पहचान सीतापुर जनपद के सदरपुर थाना क्षेत्र के उमरहर के मूल निवासी और वर्तमान में गोण्डा जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र के चन्द्रदीप घाट में रह रहे शिवकुमार के रूप में हुई। शिवकुमार पांच हजार का इनामियां अपराधी है।

# 15 दिन से अधिक हो गए मगर कोई बयान दर्ज कराने नहीं आया

## बीडीओ हर्रैया के खिलाफ शिकायत का मामला

संवाददाता। बस्ती

**हर्रैया** के बीडीओ उमाशंकर सिंह के खिलाफ लामबंद होकर शिकायत करने वाले विधायक, ब्लॉक प्रमुख और 15 ग्राम प्रधानों को जब मजिस्टेट के समक्ष बयान दर्ज कराने की बारी आई तो गायब हो गए। मजिस्टेरिएल जांच के आदेश दिए 15 दिन हो गए, मगर एक भी बयान दर्ज कराने नहीं आया, जबकि बयान दर्ज कराने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया था। ब्लॉक के लोगों का कहना है कि साहब ने जब अनियमित कार्य करने और गलत भुगतान करने से मना कर दिया तो उन्हें हटाने के लिए साजिश के तहत सीएम और डीएम से शिकायत की गई, और जब यह लोग अपने मकसद में कामयाब हो गए तो शांत होकर घर बैठ गए। बीडीओ के हटते ही मानो ब्लॉक से भ्रष्टाचार समाप्त हो गया। कहते हैं कि इन लोगों का मकसद भ्रष्टाचार को मिटाना नहीं बल्कि बीडीओ को हटाकर भ्रष्टाचार बढ़ाना था। सवाल उस मजिस्टेटी जांच का क्या होगा, जिसके लिए इतनी हायतोबा मचाई गई थी।

दो दर्जन हर्रैया क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने जिस तरह बीडीओ के भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री सहित जनपद के आलाअधिकारियों से की थी, उससे जिले में एक तरह से भूचाल आ गया था। कारण पहली बार किसी माननीय, ब्लॉक प्रमुख और 15 ग्राम प्रधानों ने मिलकर बीडीओ के भ्रष्टाचार की कहानी बताते हुए उनके खिलाफ विशेष टीम से जांच कराने की मांग की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम आशुतोष निरंजन ने बिना देरी किए पहली बार भ्रष्टाचार के खिलाफ मजिस्टेरिएल जांच के आदेश दिए। जांच के आदेश देने की कुछ दिन तक जब बीडीओ को नहीं हटाया गया तो उन्हें हटाने के लिए दबाव बनाया गया। इसी बीच प्रभारी मंत्री के दौरे का कार्यक्रम आ गया। प्रभारी मंत्री के सामने मामला उठने से पहले बीडीओ को हटा दिया गया। जब तक बीडीओ नहीं हटे थे, तब तक प्रशासन पर अगुलियां उठती रही, मगर जैसे ही बीडीओ हट गए, सभी लोग शांत हो गए। बयान तक दर्ज कराने नहीं आए। नाम न छापने के शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना से प्रशासन की मजबूती तो उभर कर सामने आया, मगर जनप्रतिनिधि लोग कमजोर साबित हुए। एक तरह से उनकी कलई खुल गई।

## वृद्धा आश्रम में किया गया बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता। बस्ती

**आयकर** एवं जीएसटी के वरिष्ठ अधिवक्ता भाजपा नेता मनमोहन श्रीवास्तव काजू की ओर से वृद्धा आश्रम में नि:शुल्क मेडिकल कैंप लगाकर यहां रह रहे बुजुर्गो का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। उनमें नि:शुल्क दवा वितरित किया गया। भाजपा नेता काजू ने कहा कि पिछले कई दिनों से यहां वृद्ध माताओं, बुजुर्गों के लिए कोई भी मेडिकल कैंप नहीं लग पाया था, जिससे बुजुर्गों को स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों का पता नहीं चल पा रहा था और न ही उन्हे दवा मिल पा रही थी। बताया कि मेडिकल कैंप में 56 बुजुर्गो के स्वास्थ्य की डाक्टरों द्वारा जांच कर उन्हे दवाओं का वितरण किया गया। कहा कि हर मनुष्य का धर्म है कि वह समाज के असमर्थ लोगों की मदद करें।

# सीमा विस्तार मामले में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने की शिकायत सीएम से की

संवाददाता। बस्ती

**राजनैतिक** लाभ के लिए जिस तरह हर्रैया नगर पंचायत के सीमा विस्तार में भेदभावपूर्ण रर्वैया अपनाने को लेकर साधु संत से लेकर क्षेत्र के जनमानस में भारी अंसतोष है। इसकी शिकायत क्षेत्र के कई लोगों ने डीएम और एडीएम से मिलकर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद तपसीधाम कसैला के महंत जयबक्ष दास ने सीएम से की तो प्रशासन चौकन्ना हो गया। डीएम आशुतोष निरंजन ने प्रभारी स्थानीय निकाय को परीक्षण कर कार्रवाई करने को लिखा। शिकायत में राजेश सिंह विशेन, आंनद सिंह, राम प्रताप सिंह, विष्वनाथ सिंह, संदीप सिंह और रामनाथ सिंह ने कहा कि कि हर्रैया नगर पंचायत में सीमा विस्तार को लेकर भेदभाव बरता जार हा है। जिन क्षेत्रों से चेयरमैन को वोट नहीं मिलता, उन क्षेत्रों को जानबूझकर छोड़ दिया गया। तीन सौ मीटर वाले क्षेत्र राजस्व ग्राम एकडंगी खुर्द को छोड़ दिया गया, और चार से पांच किमी. दूर भदासी को शामिल कर लिया गया। इसी तरह खम्हरिया गंगाराम का आंशिक भाग व राजस्व ग्राम पूरे अवधी का सम्पूर्ण भाग शामिल कर लिया गया। इससे सटे तपसी धाम कसैला, तेनुआ, एकडंगी खुर्द, छपिया शुक्ल, खम्हरिया गंगाराम, राजस्व ग्राम एकडंगी खुर्द व एकडंगी लंगडी को जानबूझकर छोड़ दिया गया। उक्त ग्रामों को नगर पंचायत में शामिल करने की मांग की गई।

## डीजीसी व एडीजीसी की नियुक्ति के लिए मांगे आवेदन

संवाददाता। बस्ती

**जिला** शासकीय अधिवक्ता (सिविल) एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी व सिविल) तथा नामिका अधिवक्ता फौजदारी की नियुक्ति के लिए 12 नवम्बर को सायं पांच बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीएम आशुतोष निरंजन ने बताया कि यह नियुक्तियां सरकारी कर्मचारी से भिन्न होगी और राज्य सरकार के सरकारी कर्मचारियों की भॉति देय कोई सुविधा इन्हें अनुमन्य नहीं होगी। राज्य सरकार को किसी भी समय बिना कारण बताए आबद्धता समाप्त करने का अधिकार होगा। आवेदन के लिए आयु सीमा 60 वर्ष से कम, शैक्षिक योग्यता विधि स्नातक तथा विधि व्यवसाय की न्यूनतम अवधि डीजीसी के लिए 10 वर्ष, एडीजीसी के लिए सात वर्ष है।

# 1013 लाभार्थियों को दिया गया पीएम स्वनिधि योजना में 10 हजार का ऋण

संवाददाता। बस्ती

**टाउन** क्लब में ऋण वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में जिले के 1013 स्ट्रीट वेण्डर, पटरी व्यवसायी, खोमचे वालों को दस हजार रूपये का ऋण प्रदान किया गया। शीला, इन्साफ अली, अजय, संजय, विकास चन्द्र, राकेश, चन्द्रिका प्रसाद, सभापति, धर्मेन्द्र, मुकेश, संतोष, लक्ष्मण, काशी प्रसाद, मुन्नी देवी, सरस्वती देवी, कृष्ण, महेन्द्र आदि को ऋण की धनराशि खाते में जाने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त अनिल कुमार सागर ने कहा कि ऐसे ऋण प्रदान करने का उद्देश्य गरीब लोगों के जीवन में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाना है। डीएम आशुतोष निरंजन ने बताया कि जिले में इस योजना में 1309 स्वीकृत



आवेदन पत्रों के सापेक्ष 1013 स्ट्रीट वेण्डर को ऋण वितरित करके 88 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की गई है। शेष 2265 लाभार्थियों का शीघ्र ऋण वितरण कराने का निर्देश दिया। बताया कि नगर पंचायत हर्रैया में 102, बभनान में 134, रूधौली में 47,बनकटी मे 15 लाभार्थियों को ऋण दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष रूपम मिश्रा ने बताया कि पालिका द्वारा 715 स्ट्रीट वेण्डर को इस ऋण की सुविधा दी गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष महेश शुक्ल, सांसद प्रतिनिधि राजेश चौधरी, विधायक प्रतिनिधि राज कुमार शुक्ला, प्रदीप पाण्डेय, मोहन्ती दूबे, हरीश सिंह, एएसपी रविन्द्र सिंह, लीड बैंक मैनेजर अविनाश चन्द्रा, अधिशासी अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

## सैनिक बन्धु की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें अधिकारी: डीएम

**बस्ती**। सैनिक बन्धु की बैठक डीएम आशुतोष निरंजन की अध्यक्षता में हुई। भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक से ऋण , पेंशन, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक अनुदान एवं सैनिक से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में सैनिक बन्धु की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। कहा कि भूतपूर्व सैनिको के प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर उसका त्वरित निस्तारण किया जाय। प्रत्येक माह बैठक कराया जाय और सैनिक बन्धु की समस्याओं को वरीयता देते हुए प्रशासन इनका हरसम्भव सहयोग करें। बैठक में एसपी हेमराज मीणा, सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका, प्रभारी सीएमओ फखरेयार हुसैन, एसडीएम सदर आशाराम वर्मा आदि मौजूद थे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला आरक्षी हुई सम्मानित

**भनवापुर।** त्रिलोकपुर स्थित थाना परिसर में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के हाथो से नारी शक्ति अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला आरक्षी दिव्या सिंह को सम्मानित किया गया। महिलाओं की सुरक्षा एसशक्तिकरण व उनकी जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे अभियान नारी शक्तिष' में थाना त्रिलोकपुर पर नियुक्त महिला आरक्षी दिव्या सिंह द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला अधिकारी सिद्धार्थनगर व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के हाथों से प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया गया।

## तमंचा व कारतूस के साथ दो शातिर चढ़े पुलिस के हत्थे

**मऊ ।** पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के निर्देश पर जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत मंगलवार को दो विभिन्न स्थानों से पुलिस टीम ने दो शातिर अपराधियों को दो तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से पूरे दिन अफ्रा.तफ्री मचा रहा। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चिरैयाकोट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मिर्जापुर के पास से सूरज कुमार निवासी खोजापुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर लिया।

## पूर्व सूचना के आधार पर शपथ ग्रहण समारोह

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** पूर्व सूचना के आधार पर बड़ौदा यूपी बैंक बयारा में शाखा प्रबंधक श्री राम कृष्ण ने दिन में 11 बजे बैंक के सामने शपथ दिलाया। शपथ में मेरा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ा बाधा है मेरा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पंक्षो जैसे सरकार नागरिकों तथा निजी छेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है । मेरा मानना हैं कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा उसे ईमानदारी तथा संयनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति बचाकर होना चाहिए ।

## मोबाइल पर जानमाल की धमकी, पीड़िता ने की शिकायत

**जौनपुर।** मीरगंज थाना क्षेत्र के करियांव में भतीजे द्वारा चाचा को जान से मारने की धमकी चाची के ही मोबाइल फोन पर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद असलम अंसारी ने वर्षों पूर्व अपनी एक जमीन का सौदा 10 लाख रुपए में छोटे भाई अख्तर अंसारी को कर दिया था लेकिन इस समय उक्त जमीन की कीमत बढ़ जाने से मोहम्मद असलम के पुत्र मोहम्मद सैफ के अंदर लालच आ गया जिससे बेईमानी की नियत से उस जमीन को वह हथियाना चाह रहा है।

## पत्रकार समाज कल्याण समिति ने डा. मनीष को किया सम्मानित

**बदलापुर, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डाण् मनीष यादव एमडी फिजीशियन को पत्रकार समाज कल्याण समिति की तरफ से कोरोना वैश्विक महामारी में लगातार नियमित मरीजों का उपचार करने एवं उनके उत्साह को निरंतर बढ़ाने का कार्य करने के कारण कोरोना वारियर्स के प्रमाण पत्र से नवाजा गया।

## अंततः थानागद्दी चौकी प्रभारी पर गिर ही गयी गाज

**पराऊगंज, जौनपुर।** थानागद्दी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से एक विडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक को 3 पुलिसकर्मी खम्भे से पकड़े हुए हैं और एक पुलिसकर्मी उसे बेरहमी से पीट रहा है। युवक बचाने और न मारने की गुहार लगा रहा है लेकिन सब बेबस नजर आ रहा है। इस वायरल वीडियो को थानागद्दी चौकी का बताया जा रहा है जिसमें यह बताया जा रहा है कि युवक एक विशेष समुदाय का थानागद्दी बाजार निवासी है। आरोप है कि उक्त युवक रात को नशे में चौकी के सामने खड़े होकर पुलिसकर्मियों को गाली देने लगा।

## झाड़ी में मिली लावारिस मोटरसाइकिल

**धर्मापुर,जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को एक लावारिश बाइक मिलने से ग्रामीण सकते में आ गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उक्त बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाने चली गई। बता दें कि उक्त थाना क्षेत्र के इटैली गांव में स्थित नाले के पास झाड़ी में बिना नम्बर की एचएफ डीलक्स बाइक लावारिस स्थिति में पाई गई।

## श्रवण व दिनेश ने की अपील

**जौनपुर।** मल्हनी विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्रवण जायसवाल व अखिल भारतीय यादव महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश यादव की संयुक्त अगुवाई में करंजाकला ब्लाक के भटेवराए बसालतपुरए हम्जापुर सहित विभिन्न गांवों का पदयात्रा करके मतदाताओं से समाजवादी पार्टी को इस उपचुनाव में आशीर्वाद देने की अपील किया।आज इस उपचुनाव में आम मतदाताओं का जो विभिन्न जाति वर्ग के लोगों ने अखिलेश यादव के प्रति अपनी कृतज्ञता दर्शाएं।

# निर्वाचन को देवरिया तैयार, 3 को पड़ेंगे वोट

**3 लाख 36 हजार 5 सौ 65 मतदाता करेगें अपने मताधिकार का प्रयोग ,विस क्षेत्र को 8 जोन व 48 सेक्टर में विभक्त कर तैनात किये गये है मजिस्ट्रेट**

संवाददाता। देवरिया

337 देवरिया विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आगामी 3 नवंबर को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक वोट डाले जायेगें। इस विधानसभा क्षेत्र के 3 लाख 36 हजार 5 सौ 65 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगेंए जिसमें 182251 पुरुष मतदाता तथा 154302 महिला मतदाता एवं 12 अन्य मतदाता सम्मिलित है। चुनाव प्रक्रिया को शान्तिपूर्वक सकुशल व निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु 8 जोन व 48 सेक्टर में विभक्त कर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है तथा 33 माइक्रो आबजर्वर एवं 15 स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगाये गये है। यह जानकारी जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अमित किशोर ने देते हुए बताया है कि इस विधानसभा क्षेत्र में 184 मतदान केन्द्र तथा 487 बूथ बनाये गये है।

मतदेय स्थल पर बिजलीए पानीए शौचालय, रैम्प सहित सभी आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मतदान कार्य के निष्पादन हेतु रिजर्व सहित कुल 2144 मतदान कार्मिक लगाये गये है। इसके लिये 536 पोलिंग पार्टियां गठित की गयी है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी व 3 मतदान अधिकारी सहित कुल 4 कर्मी सम्मिलित किये गये है। मतदान स्थल 487 के सापेक्ष 682 इवीएम तथा 731 वीवीपैट की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है। जिलाधिकारी श्री किशोर ने निर्वाचन कार्य से जुडे सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे इस चुनाव को सकुशल शान्तिपूर्ण निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन करेगें। उन्हे हर हाल में अपनी निष्पक्षता को कायम रखनी होगी तथा आयोग के निर्देशो का अक्षरश: पालन कराते हुए चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराना होगा। उन्होने यह भी कहा कि अपने दायित्वों को पूरी सजगता व तत्परता से निर्वहन के साथ ही जिन्हे जो जिम्मेदारी दी गयी हैए उसे समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करेगेंए इसमें किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता नही बरतेगें। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर ने मतदाताओं से भी अपील करते हुए कहा कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में आगामी 3 नवंबर को अपने बूथो पर जाकर अवश्य ही मतदान करें। एक्एक मत अमूल्य हैए जो लोकतंत्र की मजबूती का आधार होता है। उन्होने मतदाताओं से यह भी कहा है कि वे बिना किसी के दबाव में आये निडर होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। सुरक्षा का पुख्ता इन्तजाम रहेगा। यदि कोई डराये,धमकाये या प्रलोभन दे, तो प्रशासन के संज्ञान में उसे लायेए ऐसे लोगो पर कठोरतम कार्यवाही की जायेगी।

### माइक्रो आब्जर्वर किये गये प्रशिक्षित



**देवरिया।** देवरिया सदर विधान सभा उप निर्वाचन को सकुशल शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु तैनात किये गये माइक्रो आब्जर्वर को जिला पंचायत सभागार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित प्रेक्षक डीडी कपाडिया की अध्यक्षता में उन्हे प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान प्रेक्षक श्री कपाडिया ने कहा कि निर्वाचन कार्य को सकुशल, निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने में आप सब की महत्ति भूमिका है। मतदान के दौरान सभी गतिविधियों पर नजर रखेगें और हर हाल में बिना भेदभाव व पक्षपात के मतदान कार्य को सम्पन्न कराने में अपनी भूमिका निभायेगें। मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जी एन ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिये सभी प्रक्रियाओं से आप सभी भलिभांति अवगत रहे, ताकि मौके पर यदि कोई कठिनायी आये तो उसका अनुश्रवण कर सकें। उन्होने माइक्रो आब्जर्वर से अपेक्षा करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी सौपी गयी हैए उसे आयोग के निर्देशों के अनुरुप सम्पन्न करायेगें। जिससे कि निर्वाचन का कार्य पारदर्शिता सहित सम्पन्न हो सके। मुख्य प्रशिक्षणकर्ता,उप निदेशक बचत विजय नाथ मिश्रा ने सैद्धान्तिक व प्रायोगिक रुप से इवीएम संचालन सहित मतदान की सभी प्रक्रियाओं की बारीकियों से अवगत कराया। एलडीएम राकेश कुमार श्रीवास्तव व तैनात माइक्रो आब्जर्वर गण उपस्थित रहे।

# सदर सांसद देवरिया ने भाजपा प्रत्याशी के लिए गांव-गांव भ्रमण कर मांगा वोट



**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व लोकसभा क्षेत्र देवरिया के सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने बैतालपुर मण्डल के ग्रामसभा धतूरा खास, बाकी, बोर्डिह तिवारी, बेलही, छोटी ललिया, विक्रमपुर में भ्रमण कर भाजपा प्रत्याशी के लिए गांव में घूम घूम कर वोट मांगा सरकार की उपलब्धियों को बताया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बेलही में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी राजनैतिक आंकाक्षाओं की पूर्ति के लिए विपक्षी दल देश की जनता को जातिए धर्ममजहब के नाम पर बांटकर सत्ता में वापसी के सपने देख रहा। पूर्ववर्ती सरकार नेए कांग्रेससपा और बसपा ने सत्ता में रहकर केवल उसका दुरूपयोग करते हुए अपना और अपने परिवार का मात्र विकास किया। लेकिन देशप्रदेश और जनता का विकास सिर्फ इनकी झूठी घोषणाओं तक ही सीमित रह गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हिंसा व अराजकता का वातावरण बनाने की कोशिश करने वाले लोग अपने मंसूबों में सफल नहीं होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद अपराध में कमी आई और भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति से विपक्षी दल परेशान है। वे किसी भी तरह राज्य में अस्थिरता पैदा करने चाहते है। लेकिन वे अपने मंसूबो मैं सफल नहीं होने पाएंगे। हिंसा, अराजकता और भ्रष्टाचार जिनकी सत्ता की पहंचान बन गई हो, उन्हें सुशासन और विकास रास नहीं आ रहा है। इसीलिए ऐसे लोग उत्तर प्रदेश में अराजकता फैलाकर हिंसा कराने की फिराक में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार देश व प्रदेश के विकास के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि देवरिया के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी डॉ सत्यप्रकाश मणि को विजय बनाना अत्यंत आवश्यक है अन्यथा डेढ़ वर्षो में जो देवरिया के विकास के लिए केंद्र व प्रदेश की योगी सरकार कार्य कर रही हैए वह शिथिल हो जाएगा। योजनाएं बाधित होंगीए विकास का पहिया रुक जाएगा। योगी सरकार में मुफ्त शिक्षाए मुफ्त दवाइयांए बेरोजगारों को रोजगारए कामगारों को कामए 24 घंटे विद्युत, किसान भाइयों के लिए खाद बीज के अनवरत सप्लाईए यह सभी इसका परिचायक है की उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बन चुका है।

# महिला सशक्तिकरण से सशक्त राष्ट्र का निर्माण : शाही

**बेटियां इस देश का भविष्य, प्रत्येक सेक्टर में इनकी सहभागिता**

संवाददाता। देवरिया



**विधानसभा** में विकास क्षेत्र बैतालपुर के स्वयं सहायता समूह के महिलाओं के ब्लाक स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि बेटियां इस देश का सुनहरा भविष्य हैए प्रत्येक सेक्टर में इनकी एक अच्छी सहभागिता है। हमारे देश की महिलाओं में वह सामर्थ है वह ताकत है जो स्वयं अपना उद्यम तैयार करए किसी भी क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। महिलाओं के सम्मान के लिए भारतीय जनता पार्टी कृत संकल्पित है। मोदी योगी द्वारा कई महत्वाकांक्षी योजनाएं महिलाओं के सम्मान में चलाई जा रही हैं। प्रसूता के समय पोषण के लिए ?6000 की मददए अस्पतालों में उनकी सुरक्षित मातृत्व की व्यवस्था सुनिश्चित है। बेटियों को मुफ्त शिक्षा, घरों में उज्जवला गैस योजना के माध्यम से मुफ्त में गैस कनेक्शन, घरघर , एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का महत्वपूर्ण अभियान क्रियान्वित है। आज देश की बेटियां, महिला, पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी माताओं बहनों की रक्षा सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए कृत संकल्पित है। कोई कल्पना नहीं कर सकता कि माताओं बहनों के बिना कोई भी कार्य हो सकेए चाहे वह घर का कार्य हो या खेती किसानी का मांगलिक कार्य हो, या फिर सांस्कृतिक। सभी जगह महिलाओं की उपस्थिति अनिवार्य है। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को भाजपा की सरकार ने गोरखपुर में मरीजों के इलाज के लिए एम्स, खाद कारखाना, देवरिया में मेडिकल कॉलेजए दिया

## जीवित प्रमाण पत्र को एप के माध्यम से भी किया जा सकता है प्रस्तुत : वरिष्ठ कोषाधिकारी

**देवरिया।** वरिष्ठ कोषाधिकारी कुलदीप सरोज ने बताया है कि पेंशनरोंध् पारिवारिक पेंशनरों को वर्ष में एक बार किसी भी माह में जीवन प्रमाण पत्र जमा किये जाने के निर्देश है। उन्होने कोविड.19 के संक्रमण को ध्यान में रखते अवगत कराया है कि पेंशनर अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र,जीवनप्रमाण डाट जीओवी डाट इन वेबसाइट के माध्यम से अपना बैंक खाता संख्या, पीपीओ संख्या एवं आधार नम्बर फीड कराकर जीवन प्रमाण एप्लीकेशन का प्रयोग करते हुए जीवित प्रमाण पत्र जमा कर सकते है। यह प्रमाण पत्र वर्ष में एक बार किसी भी माह में जमा किया जा सकता है। बायोमेट्रिक्स वेरिफिकेशन के साथ जमा किया जा सकता है।

## गाजे-बाजे के साथ माता जी का विसर्जन



**सिद्धार्थनगर।** बासी नगर पंचायत स्थित राप्ती नदी के घाट पर रविवार को शाम दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। नौ दिनों तक अलग अलग स्थानों पर विराजित भगवती दुर्गा की प्रतिमा का विधि विधान से विसर्जन किया गया। दोपहर से ही विसर्जन का दौर शुरू हुआए जो देर तक शाम तक चला। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने झांझमंजीरे व ढोलक के साथ ताली बजाते हुए माता की नौ दिनों तक आराधना के बाद उन्हें विदाई दी।प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष नगर पालिका बांसी स्थित नगर क्षेत्र में नवरात्रि पर्व को धूमधाम तथा शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।

## महुवारी पर सम्पन्न हुई नवरात्रि, मां को दी गयी विदाई

पराऊगंज, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के ग्रामसभा महुवारी के अति प्राचीन हनुमान मंदिर पर हवन पूजन और भक्तिमय गीतों के साथ नवरात्रि पूजा का समापन हुआ। विदित हो कि महुवारी ग्रामसभा के प्राचीन हनुमान मंदिर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की गयी जहां 9 दिन तक हर्षोल्लास के साथ मां की पूजा अर्चना की गई। नवमी के दिन हवनपूजन के साथ पूजा का समापन हुआ जहां बिरहा गायक बंश लाल यादव ने पचरा एवं खड़ी बिरहा गाकर लोगों का मन मोह लिया। दशहरा समाप्ति के बाद भ्रमण के पश्चात मूर्ति को विसर्जित कर दिया गया जिसके बाद शाम को आयोजित विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## जयघोष के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाएं शक्ति कुण्ड में विसर्जित



**जौनपुर।** श्री दुर्गा पूजा महासमिति के नेतृत्व में शारदीय नवरात्रि 2020 के मां दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन दुर्गा प्रतिमाओं को आदि गंगा गोमती के पावन तट पर बने शक्ति कुंड में विसर्जन के साथ भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो गया। कोरोना वायरस के रूप में पनपी महामारी को देखते हुये सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुये महासमिति के नेतृत्व में 125 पूजन समितियों ने प्रतिमाओं को शक्ति कुंड में विसर्जित किया। तमाम प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की देख.रेख में सम्पन्न हुये कार्यक्रम में नगर के नखास मोहल्ले के विसर्जन घाट पर बने नवदुर्गा शिव मंदिर से पूरे कार्यक्रम को ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से संचालन किया गया।

## दुर्गा प्रतिमाओं का सौहार्दपूर्ण विसर्जन हुआ

**रुद्रपुर,देवरिया ।** उपनगर में रखे गए दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन को लेकर के 24 घंटे पुलिस विभाग के आला अधिकारी और आरआर यफ़की टीम शांति सौहार्द बनाने मूर्ति विसर्जन को लेकर सक्रिय दिखी। उपनगर में रखे गए दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए नगर में गाजे बाजे के साथ घुमाया गया जहां उप जिलाधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी अंबिका राम, कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार मौर्य,की टीम नगर के विभिन्न चौराहों पर सौहार्द पूर्वक मूर्ति विसर्जन को लेकर सक्रिय दिखे। हालांकि कुछ मूर्तियां रविवार को ही विसर्जन हो गई जहां दूरदराज से आए तथा नगर के लोग मूर्ति के उठने के वजह से मेले का आनंद नहीं ले पाए।

# दिव्यांगों ने रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

संवाददाता। नौपेड़वा, जौनपुर

हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश सिंह के नेतृत्व में चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को सामान्य मतदाताओं व विशेषकर दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। रैली को स्वीप कोआर्डिनेटर मोहम्मद मुस्तफा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली हर्षिता इन्टरनेशनल दिव्यांग स्कूल एंव प्रशिक्षण केन्द्र बक्शा से प्रारम्भ होकर पूरे बक्शा बाजार का चक्कर लगाकर हर्षिता दिव्यांग स्कूल पर मतदाता जागरूकता संगोष्ठी में परिवर्तित हुई।

## प्रतिकूल परिस्थिति में भी शिक्षा का अलख जगा रहे युवाओं के हौंसले को सलाम : जगदीश राय



**धर्मापुर, जौनपुर।** दो युवकों द्वारा शिक्षा का अलख जगाकर गरीबो, मजदूरों, मजलूमों, वंचितों के घर तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने का वीणा उठाया है। बेहद प्रंशसनीय व अनुकरणीय है। उक्त विचार पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय ने बतौर मुख्य अतिथि धर्मापुर विकास खण्ड अन्तर्गत कौवापार गांव निवासी सपा नेता नितेश यादव व विशाल बनवासी द्वारा संचालित समाजवादी शिक्षण संस्थान संस्था में मेधावी बच्चों के सम्मान में आयोजित समारोह में व्यक्त किया।

# प्रेमी युगल ने कोतवाली परिसर में रचाई शादी

**युगल जोड़ों ने खुद पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपनी शादी की मांगी थी इजाजत**

संवाददाता। रुद्रपुर, देवरिया



कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम अक्टहिया टोला मटियारी निवासी युगल प्रेमी प्रेमिका जो विगत वर्षों से एक दूसरे से अथाह प्रेम करते थे। दोनों अपने मातापिता के राजी खुशी से रविवार को कोतवाली परिसर में माता पिता के मौजूदगी में शादी रचाई ।इस दौरान पुलिसकर्मियों ने मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया ।वही क्षेत्र में पुलिस की सराहना की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार । अक्टहिया टोला मटियरी गांव के एक ही जात के कुसुम निषाद उम्र 20 वर्ष पुत्री सुग्रीव निषाद। उसी गांव के संदीप उम्र 23 वर्ष पिता सदानंद निषाद जो विगत वर्षों से एक दूसरे को पसंद करते थे । गांव व समाज के डर से दोनों बाहर रहते थे। मामला रुद्रपुर कोतवाली पुलिस तक आने पर पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के सहयोग से पुलिस ने दोनों के बॉलिंग होने पर दोनों के मातापिता की रजामंदी पर दोनों ने पुलिस के समक्ष एक दूसरे को वरमाला पहना कर। ईश्वर को साक्षी मानकर सातों वचनों की कसमें खाई शादी रचाई । वही इन दोनों की शादी से उत्साहित महिला कांस्टेबल ने इन दोनों को मिठाई खिलाई । वहीं पुलिस स्टाफ पत्रकार समाज सेवी इससे साक्षी बने । इस बाबत क्षेत्राधिकारी अंबिका राम ने बताया कि दोनों अपने मर्जी से प्रार्थना पत्र देकर के परिवार और खुद के रजामंदी से एक दूसरे से शादी रचाई मौके पर दोनों के परिवार वाले तथा थानाध्यक्ष अरुण कुमार मौर्य, क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार टंडन, उप निरीक्षक रामजी सिंह, महिला कांस्टेबल, पुलिस स्टाफ आरआरएफ की टीमए पत्रकार और समाजसेवी मौजूद रहे ।

## 41.48 लाख रुपए की लागत से निर्मित विकास कार्य का हुआ लोकार्पण

**मऊ ।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित वार्ड नम्बर 40 मुहल्ला कासिमपुरा में खीरीबाग रोड पर जमशेद,इश्तेयाक के मकान से फिरोज़ चुंगी तक तथा तालीमुद्दीन के सामने तक लगभग 9.98 लाख रूपये की लागत से निर्मित नाली, इण्टरलाकिंग व तहसील परिसर में लगभग 4़66 लाख रुपये की लागत से निर्मित पार्क एवं तहसील गेट से लेखपाल संघ भवन होते हुए कानूनगों कोपागंज के कार्यालय तक लगभग 11.56 लाख रुपये की लागत से निर्मित इण्टरलाकिंग व वार्ड नम्बर छह परदहां में लाल जी के मकान से शिव मन्दिर से संजीव कुमार के मकान होते हुए स्वामीनाथ के मकान तक लगभग 15.28 लाख रुपये की लागत से निर्मित नाली, मिट्टी,खड़ंजा कार्यो का लोकार्पण क्षेत्रीय सभासदगण जावेद यार्नए खुशहाल सिंह बड़े, दिनेश कुमार सिंह, सभासद प्रतिनिधि सरवर ज़हीर ओसवाल एवं अवर अभियंता सीपी दुबे की उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष मुहम्मद तैय्यब पालकी के हाथों से सम्पन्न हुआ।

# सपा ने महंगाई का जताया विरोध

संवाददाता। मुगलसराय,चन्दौली



महंगाई के मुद्दे को लेकर मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं के लोगों ने आलू प्याज की माला गले मे लटका कर नगर मे रैली निकाल आक्रोश व्यक्त किया गया। इस दौरान सपा कार्यकर्ता विभिन्न नारे लगाते हुए सरकार को जमकर कोसते नजर आए। उक्त मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबूलाल यादव ने कहा कि मँहगाई चरम पर है सरकार विकास के हर मोर्चे पर फेल है।वर्तमान मे गरीब किसान मजदूरों की थाली से आलू और प्याज जैसी सब्जी गायब हो गयी है। जो सरकार की नाकामी को दर्शाता है। यदि शीघ्र मँहगाई पर सरकार द्वारा नियंत्रण नहीं किया जाता तो पुनरू हम बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों मे मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव,जलालुद्दीन प्रधान,अखिलेन्द्र बियार, लल्लू बियार,बंशराज पासवान, मुलायम सिंह यादव,प्रेमनाथ तिवारी, कमलेश यादव लालबहादुर,अजीत यादव अन्य मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के विभिन्न कार्यक्रमों का एडीजी जोन वाराणसी ने किया शुभारंभ

**चकिया,चन्दौली ।** अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी, जोन वाराणसी द्वारा थाना नौगढ जनपद चन्दौली पर मिशन शक्ति् कार्यक्रम के तरह महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा,सहायता हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 112 तत्काल पुलिस सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवाए 108 एम्बुलेंस सेवा व ट्वीटर सेवा सहित अन्य आनलाइन सेवाओं के बारें में विस्तार पूर्वक बताया गया। तत्पश्चात चन्दौली पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवको, युवतियों के रोजगार एवं कौशल विकास हेतु नि शुल्क संचालित लघु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम एस एस डी पी के नये बैच का शुभारम्भ किया किया गया। चन्दौली पुलिस द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत अब तक हजारों युवकोंध्युवतियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षण के उपरांत सभी को उनके द्वारा प्राप्त किये गये प्रशिक्षण विधा से सम्बन्धित सम्पूर्ण किट निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है जिससे वो कहीं रोजगार प्राप्त करने सहित स्वरोजगार कर अपना व अपने परिवार का जीवन यापन सम्मान पूर्वक कर सकें।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर अनुज छह दिनों से धरने पर

**धानापुर,चंदौली।** सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर रामगढ़ निवासी बीएड के छात्र अनुज सिंह रघुवंशी मंगलवार को कस्बा स्थित शहीद पार्क में छठे दिन भी एकल धरना पर बैठे रहे! बताते चलें कि अनुज सिंह रघुवंशी पिछले छ: दिनों से कस्बा स्थिति शहीद पार्क में सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एकल धरना पर बैठे हैं।

## आर टी ओ कार्यालय के बगल की दुकानों में छापा,चार गिरफ्तार

**मुगलसराय,चन्दौली ।**अलीनगर थाने की पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारकर आर टी ओ कार्यालय के समीप स्थित दुकानों से फर्जी दस्तावेज के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से लैपटॉप, प्रिंटर,स्टाम्प पेपर,फर्जी मोहर इंक पैठ के अलावा कुट रचित डी एल बरामद हुआ। आरोपितों को थाने लाकर,सम्बन्धित धाराओं में आवश्यक कार्रवाई की गई।

## श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को जन–जन तक पहुंचायें : शालिनी



**मुग़लसराय,चन्दौली।** भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को जन.जन तक पहुंचाने की जरूरत है। गीता में कर्म करने की महत्ता को जीवन में अपनाने की जरूरत है। यह कहना है पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं होवर्धन पूजा समिति की अध्यक्ष शालिनी यादव के। वे मंगलवार को स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में आयोजित समिति की प्रथम बैठक में मुख्य अतिथि के पद से बोल रही थीं। उन्होंने आगे कहा कि गोवर्धन पूजा को बेहतर बनाने के लिए समिति की वेबसाइटए फेसबुक आईडीए ट्विटर आदि को बनाकर विश्व भर के यदुवंशियों को सौगात दी गई है। आगामी 15 नवम्बर को कोविड.19 के मद्देनजर मात्र 18 लोगों की संचालन समिति के द्वारा योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा सम्पन्न कराई जाएगीए जिसमें सभी की सहभागिता अनिवार्य है। समिति के महामंत्री भाला यादव ने कहा कि यदुवंश गौरव श्रीकृष्ण भगवान की पूजा को बेहतर बनाने के लिए हम सभी कृत संकल्पित हैं।

## अहिप व राबद ने विजयदशमी पर किया शस्त्र पूजन

**जौनपुर।** अन्तरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत महामंत्री तरुण शुक्ल के पैतृक आवास हरबसपुर पर विजयदशमी को शस्त्र पूजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित जन को संबोधित करते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि आज अनीति पर नीति की विजयए अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति अपने व्यक्तित्व से समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करें और प्रभु राम के आदर्श एवं आचरण को शिरोधार्य कर संसार में अनिति, व्यभिचार, कपट, छलप्रपंच जो देश में अपना जाल बनाता जा रहा है। उसे जड़ से समाप्त करना है। यह तभी संभव है जब भारतवर्ष का प्रत्येक व्यक्ति स्वयं में प्रभु श्रीराम जैसा आदर्श स्थापित करें तथा जिस तरह से शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा ने महिषासुर राक्षस का वध किया। उसी तरह आसुरी प्रवृत्तियों का संहार करें।

# मरीजों की संख्या में गिरावट के बाद प्रशासन ने बंद करवाया कोविड अस्पताल

**संवाददाता।** सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)



**कोरोना** मरीजों की संख्या मे लगातार आ रही गिरावट के बाद प्रशासन द्वारा कोविड अस्पताल को बंद कर दिया गया है। 100 शैय्या युक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर एक-दो दिन बाद आम जनमानस के लिए चालू कर दिया जाएगा। इस चिकित्सालय में अब कोरोना पॉजिटिव के सभी मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं। सीएमओ ने पुरे चिकित्सालय को सैनिटाइज कराने के बाद चिकित्सालय को खोलने के निर्देश दिए हैं।

सिरौलीगौसपुर में स्थित 100 शैय्या चिकित्सालय को एक माह पूर्व जिला प्रशासन ने कोविड एल वन घोषित कर दिया था जिसमें सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के पश्चात करीब 65 मरीज यहां पर भर्ती कराए गए थे। वह सभी मरीज धीरे.धीरे ठीक होते गए । मौजूदा समय में इस चिकित्सालय में एक भी कोरोना का मरीज भर्ती नहीं है। धीरे धीरे कोरोना के मरीज कम हो रहे हैं और जो मरीज सामने आए हैं उन्हें होम आयसुलेशन किया जा रहा है ऐसी स्थिति में आम जनमानस को इस चिकित्सालय से जो सुविधाएं मिलती थी वह कई जगह स्थानांतरित होने के कारण सुचारू रूप से नहीं मिल पाती थी। सीएमओ के यहां से जारी एक पत्र में कहा गया है की कोरोना के मरीज न होने की दशा में चिकित्सालय को सेनीटाइज कराने के उपरांत वहां पर चिकित्सा सुविधा शुरू कर दी जाएं फिलहाल इमरजेंसी के लिए यह चिकित्सालय कोबिड एलवन रहेगा । सीएमओ के निर्देश के बाद इस चिकित्सालय से पूर्व में मिलने वाली सभी चिकित्सा सुविधाएं बहाल कर दी जाएगी इसके साथ ही सीएचसी में प्रसव की सुविधाएं भी प्रारंभ हो जाएंगी इस संबंध में चिकित्सालय के सीएमएस आरबी राम ने बताया कि अभी इमरजेंसी समय के लिए कोविड एल-वन रहेगा संभवत 30 अक्टूबर से ओपीडी तथा जरूरी जांचें चालू कर दी जाएगी।

# इस बार फिर पोस्ता काश्तकारों को जमा करना होगा अफीम

## नारकोटिक्स विभाग ने जारी किए दिशा निर्देश

### 29 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक बाँटे जाएगे अफीम के लाइसेंस

**संवाददाता।** बाराबंकी

**इस** बार नारकोटिक्स विभाग पोस्ता काश्तकारों से अफीम की जगह मार्फीन के औसत से जमा कराएगी अफीम विभाग में इसकी तैयारी भी शुरू हो जिससे है। जिला अफीम अधिकारी सीएस प्रसाद ने बताया कि पहले अफीम की औसत से खरीद होती थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा शासन से मिले निर्देश के बाद यह तय किया गया है। इस बार मार्फिन के औसत से खरीद की जाएगी। जिसका औसत चार फाइंड दो किलोग्राम होगा। इसी क्रम में पोस्ता काश्तकारों को लाइसेंस दिए जाने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी है, जो 29 अक्टूबर से 10 नवंबर तक चलेगी इनमें बाराबंकी के अलावा लखनऊ, फैजाबाद, रायबरेली, मऊ एवं गाजीपुर के काश्तकार शामिल होंगे। लगभग 2800 लोगों को लाइसेंस मिलने की संभावना है काश्तकारों को वरीयता के आधार पर लाइसेंस दिए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष मौसम के कहर ने पोस्ता काश्तकारों की कमर तोड़ दी थी कहना गलत न होगा कि बाराबंकी में अफीम की खेती पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी। मौसम ने शायद ऐसी तबाही कभी नहीं मचाई जिले के 94 किसानों ने अफीम कार्यालय में प्रार्थनापत्र देकर फसल जुनवानी की मांग कर डाली थी। अफीम विभाग के सर्वे में इसकी पुष्टि हो गई। जिला अफीम अधिकारी कार्यालय से पांच जिलों को अफीम के लाइसेंस जारी किए गए थे, विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अफीम विभाग द्वारा बाराबंकी के अलावा गाजीपुर, फैजाबाद, रायबरेली और लखनऊ के काश्तकारों को लाइसेंस जारी किए जाएंगे किंतु गत वर्ष की आपदा से किसान सहमा हुआ है।

जिसका खामियाजा भी नारकोटिक्स विभाग को भुगतना पड़ सकता है कारण साफहै कि पूर्व में साहूकारों से कर्जा आदि लेकर खेती करने वाले किसान अभी उबर ही नहीं पाए हैं।

# मरीजों का फीडबैक अवश्य लिया जाए: जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में की बैठक

**संवाददाता।** अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज सीएमओ कार्यालय में संचालित एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर में कोविड-19 के संबंध में चल रही समस्त कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान समस्त उपजिलाधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रतिदिन जांच हेतु भेजे जाने वाले सैंपल के संबंध में जानकारी ली तथा सर्विलांस टीम की सक्रियता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लक्षण युक्त सैंपल जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों की जांच अवश्य किया जाये तथा कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये। कोविड अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजनए नाश्ता की व्यवस्था एवं अस्पताल में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था रखी जाये। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये एवं मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाए।

कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक भोजन देने के साथ.साथ उनका देखभाल भी बेहतर ढंग से किया जाये ताकि मरीजों को कोई दिक्कत न होने पाए। जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद अमेठी में 130430 सैंपल जांच हेतु भेजे गए हैंए जिनमें से 2821 मरीज पॉजिटिव आए हैंए अब तक 2657 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किए गए हैंए वर्तमान में 138 एक्टिव केस हैं तथा अब तक जनपद में कुल 26 लोगों की कोरोना से मृत्यु हुई है।

# बाजार में हवाई फायरिंग से मची अफरातफरी

**संवाददाता।** लालगंज (प्रतापगढ़)

**कोतवाली** के भगौतीगंज बाजार मे सोमवार की देर रात अज्ञात युवक द्वारा फायरिंग किये जाने से अफररातफरी मच गई। फायरिंग की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। सूत्रों के मुताबिक ढ़िगवस के भगौतीगंज बाजार मे दशहरे का मेला लगा हुआ था। इस बीच देर रात एक युवक से कुछ लोगों के बीच कहासुनी हो गयी। कहासुनी के बीच युवक ने हवाई फायरिंग शुरू कर दी। इससे बाजार मे अफरातफरी व भगदड़ का माहौल बन गया।

बाजार मे तैनात पुलिसकर्मी भी आननफानन मे पहुंचे किन्तु तब तक माहौल शांत हो गया था। घटना को लेकर बाजार के लोग पुलिस के सामने कुछ भी कहने को तैयार नही थे। हालांकि पुलिस प्रयास के बावजूद युवक का पता नही चल सका। वहीं घटना के बाबत पुलिस को कोई तहरीर भी नही मिल सकी है। इस बाबत कोतवाली पुलिस का कहना है, जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**महिला ने गालीगलौज व धमकी की शिकायत एसडीएम से की**

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। महिला को घर से जबरिया निकालने को लेकर पीड़िता ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। कोतवाली के समापुर निवासी मतई कोरी की पत्नी अमरावती ने मंगलवार को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान है। पीडिता का कहना है कि माता-पिता की मृत्यु के बाद वह घर मे रह रही है। आरोप है कि विपक्षी उसे जबरिया घर से बेदखल करने के लिए गालीगलौज और धमकी दे रहे है।

## दिव्यांग जनों के लिए चलाई जा रही हैं कल्याणकारी योजनाएं

**ललितपुर।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जनपद ललितपुर के समस्त दिव्यांगजनों को लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त विकासखण्डों में चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 26-10-2020 को विकासखण्ड.बार के सामुदायिक भवन में एवं 27-10-2020 को विकासखण्ड. बिरधा के सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया गया। विकासखण्ड.बार में कुल 15 दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया जिसमें 03 दिव्यांगजनों के डॉक्टर की टीम द्वारा परीक्षणोपरान्त दिव्यांगता प्रमाण.पत्र जारी किये गये। 12.दिव्यांगजनों का ट्राईसाईकिल हेतु चिन्हांकन किया गया। विकासखण्ड. बिरधा में आयोजित किए गए शिविर में कुल.44 दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया।

# अलग-अलग हादसों में कई लोगों की मौत


**संवाददाता।** बाराबंकी

**मंगलवार** का दिन हादसों के नाम रहा अलग-अलग हादसों में आधा दर्जन लोगों को अपनी जान गवानी पड़ गई है प्राप्त विवरण के अनुसार सफदरगंज थाना अंतर्गत लखनऊ.अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर जान डियर ट्रैक्टर कम्पनी का ट्रैक्टर लेकर जा रहे कम्पनी के चालक रमेश कुमार अवस्थी पुत्र लल्लूराम अवस्थी की दर्दनाक मौत हो गई है। दूसरा मामला है थाना जहांगीराबाद थाना अंतर्गत बाराबंकी मार्ग का यहां पर बाइक सवार विजय कुमार (42 वर्ष) निवासी मुजफ्फरपुर थाना जहांगीराबाद के निवासी थे और मजदूरी करके अपने परिवार का जीवन यापन करते थे, किसी अज्ञात वाहन की उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे विजय गम्भीर रूप से घायल हो गया वहां मौजूद राहगीरों ने घायल विजय को जिला अस्पताल पंहुचाया जहां पर इलाज के दौरान विजय की मौत हो गई। फतेहपुर थाना अंतर्गत कस्बा नालापार दक्षिणी निवासी राजेश कुमार व राम गोपाल की बेटियां सुबह शौच के लिये जा रही थी। दोनो को वहां से गुजर रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे राजेश की पुत्री अलका(18 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई है और उसके साथ में रही रामगोपाल के पुत्री निशा गम्भीर रूप से घायल हो गई है। वहीं थाना रामनगर के अशोकपुर चाचू सरायं गांव के रहने वाले बब्लू शर्मा की बेटी पास के ही एक स्कूल में पांचवी कक्षा छात्रा नव्या शर्मा को एक जहरीले सर्प ने काट लिया इलाज के लिये सीएचसी रामनगर ले जाते समय नव्या की रास्ते मे मौत हो गई।

# अस्पतालों से रेबीज का इंजेक्शन नदारद, मरीज कर रहे सफर

**संवाददाता।** बाराबंकी

**अस्पतालों** में बीते एक सप्ताह से रेबीज का इंजेक्शन ना होने से मरीज सफर कर रहे हैं लेकिन विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिससे मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। कुत्ता बिल्ली एवं बंदर के काटने पर रैबीज इंजेक्शन लगाया जाता है। जिला अस्पताल में बाकायदा इसका एक वार्ड में बनाया गया है जिसमें जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से भी ग्रामीण इंजेक्शन लगवाने आते हैं, किंतु जिला अस्पताल में रैबीज इंजेक्शन नहीं है। जिसका अस्पताल प्रशासन ने बोर्ड भी लगा रखा है। सीएचसीएव पीएचसी के मरीज यहीं भेजे जाते है मरीजों के साथ-साथ तीमारदार भी आते हैं किंतु बोर्ड देखकर मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। बाजार में महंगे




कीमत पर मिल रहे इंजेक्शन से गरीब तबके के लोग नहीं लगवा पाते हैं जिससे उनको काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। समय से इंजेक्शन ना लगने पर मरीज की मौत भी हो सकती है, लेकिन अस्पताल प्रशासन कान में तेल डाल कर बैठा है। जिससे रेबीज इंजेक्शन को लेकर जिले में हाहाकार मचा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते 24 अक्टूबर से जिला अस्पताल में रेबीज का इंजेक्शन ही नहीं है, जबकि सूत्रों का कहना है कि खत्म होने से पूर्व स्टॉक आ जाना चाहिए, लेकिन अस्पताल प्रशासन द्वारा रुचि ना लेने से यह दिक्कत खड़ी हो गई है और रेबीज इंजेक्शन के लिए मरीज दर-दर भटक रहे हैं।

सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब जिला अस्पताल का यह हाल है तो जनपद के सुदूर ग्रामीण अंचलों में स्थापित स्वास्थ्य केंद्रों में रेबीज इंजेक्शन की क्या स्थिति होगी । इस संबंध में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके एस चौहान से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया वही जानकारी करने पर जिला अस्पताल के सीएमएस एस के सिंह ने कहा कि रैबीज का इंजेक्शन का स्टॉक खत्म हो गया है । शासन को डिमांड भेज दी गई है। आने पर इंजेक्शन लगाने का काम शुरू होगा।

# आत्मनिर्भर निधि योजना में लाभार्थियों को मिले ऋण



**संवाददाता।** बाराबंकी

**रविवार** को नगर पालिका नवाबगंज परिसर में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर आत्मनिर्भर निधि योजना के अन्तर्गत पथ विक्रेताओं को ऋण वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद द्वारा किया गया। इस योजना में प्रदेश में सर्वाधिक वेन्डर का रजिस्ट्रेशन व लोन स्वीकृत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुवल संवाद भी किया गया। जिलाधिकारी डा. आदर्श सिंह ने अवगत कराया कि इस महत्वपूर्ण योजना की समीक्षा की जा रही है। जनपद में शासन द्वारा 23 अक्टूबर 2020 तक के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 107 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर प्रदेश में 12वां स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि सभी पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ दिया जाएगा। कार्यक्रम अवसर पर श्रीमती शशी श्रीवास्तव, अभय कुमार पाण्डेय, उपजिलाधिकारी सदर, लीड बैंक मैनेजर एसके. सिंह, विकास भवन कर्मचारी के अध्यक्ष मुस्तफा खान एवं डूडा के अन्य कर्मचारी शामिल हुए।

## जनपद में 1114 पटरी दुकानदारों को ऋण प्रदान किया: डीएम

**प्रतापगढ़।** एनआईसी के सभागार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगरा, वाराणसी, लखनऊ के रेहड़ी, ठेला व पटरी दुकानदारों से सीधा वर्चुअल संवाद किया। इस दौरान पटरी दुकानदार (रेहड़ी, ठेला, खोमचा) का प्रधानमंत्री से वर्चुअल संवाद होने पर वे अपने आपको ऊर्जावान व गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। संवाद के दौरान पटरी दुकानदारों ने बताया कि आज तक ऐसा कभी सपने में भी नही सोचा था कि देश के प्रधानमंत्री पटरी दुकानदारों से सीधा संवाद करेगें। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शत्रोहन वैश्य, उपजिलाधिकारी सदर मोहन लाल गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा देखा गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के अन्तर्गत आनलाइन आवेदन पत्र भरे जाते है और लाभार्थियों को 10 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत पटरी दुकानदार (रेहड़ी, ठेला, खोमचा) को लाभान्वित किया जाता है। इस धनराशि पर कोई भी जमानत की आवश्यकता नही होती। प्रदेश सरकार द्वारा स्टाम्प की ड्यि़ूटी से भी इस योजना को मुक्त रखा गया है। प्रतिमाह ऋण की किस्त का नियमित भुगतान करने पर सरकार द्वारा 7 प्रतिशत की सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत डिजिटल लेन-देन करने पर लाभार्थी को प्रतिमाह 100 रूपये की धनराशि उनके खाते में उपलब्ध करायी जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पटरी दुकानदार द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के आनलाइन भरे गये आवेदन 2926 है और बैंकों द्वारा 1581 आवेदन स्वीकृत किये गये है जिनमें से बैंकों द्वारा 1114 लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया गया है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ के 473, नगर पंचायत रानीगंज के 209, नगर पंचायत लालगंज के 96, नगर पंचायत कटरामेंदनीगंज 11, नगर पंचायत अन्तू 27, नगर पंचायत पट्टी 57, नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी 34, नगर पंचायत मानिकपुर 84 व नगर पंचायत कुण्डा 123 लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा की शुरू की गयी प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर आत्म निर्भर योजना निधि के तहत पटरी दुकानदार (रेहड़ी, ठेला, खोमचा) को अपना खुद का काम नये सिरे से शुरू करने के लिये इस योजना शुरूआत जून 2020 से की गयी जिससे की कोई भी पटरी दुकानदार अपना छोटा-मोटा व्यापार चलाना चाहता है वह स्वनिधि योजना का लाभ ले सकता है और अपने परिवार में खुशहाली ला सकता है। उन्होने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पटरी दुकानदार आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकेगें तथा इस योजना के जरिये पटरी दुकानदारों की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार अवश्य होगा।

इसी प्रकार पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बेल्हा एवं नगर पंचायतों में भी पटरी दुकानदारों को भी प्रधानमंत्री के सजीव प्रसारण का कार्यक्रम दिखाया गया। नगर पालिका परिषद बेल्हा में नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने पटरी दुकानदारों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इसी प्रकार नगर पंचायतों में पटरी दुकानदारों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

## सही क्रियान्वयन से लाभार्थियों को मिलेगी आत्मनिर्भरता

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। पीएम स्टीम बेंडर्स आत्मनिर्भर निधि के तहत मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वनिधि लाभार्थियों के साथ लाइव परिचर्चा को देखने सुनने के लिए सभासदों तथा नगर के व्यापारियों व लाभार्थी महिलाओं मे उत्साह देखा गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी व एसडीएम राम नारायण व प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से स्वनिधि से लाभान्वित लाभार्थी महिलाओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया। चेयरपर्सन अनीता ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम शक्ति तथा इच्छाशक्ति व ईमानदारी से स्वनिधि योजना का लाभ आत्मनिर्भरता को सफलता प्रदान कर सकेगा।

## शहरी पथ विक्रेताओं को दिए गए प्रमाणपत्र



**अमेठी।** रेहड़ी और पथ विक्रेताओं (छोटे सड़क विक्रेताओं) को अपना खुद का काम नए सिरे से शुरू करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर्स आत्म निर्भर निधि योजना के तहत मंगलवार को जिले के 1099 पटरी दुकानदारों को ऋण स्वीकृति का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योजना के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद किया तथा उन्हें सम्बोधित किया। प्रधानमंत्री के उदबोधन के उपरान्त जिलाधिकारी अरुण कुमार व अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने योजना के अन्तर्गत चयनित पथ विक्रेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस योजना का लाभ सभी छोटे पथ विक्रेताओं, सड़क के किनारे रेहड़ी, पटरी दुकान वालों को प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स 10000 रुपये रुपये तक की कार्यशील पूंजी ऋण का लाभ उठा सकते हैं, जिसे वे एक वर्ष में मासिक किस्तों में चुका सकते हैं। इस लोन को समय पर चुकाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को सात प्रतिशत का वार्षिक ब्याज सब्सिडी के तौर पर उनके अकाउंट में सरकार की ओर से ट्रांसफर किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य 2035 के सापेक्ष 1436 लाभार्थियों का ऋण स्वीकृत करते हुए आज 1099 पथ विक्रेताओं को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि रेहड़ी-पटरी वालों और ठेले पर सामान बेचने वाले अपना जीवन यापन करने के लिए काम नहीं कर पा रहे थे, उनकी समस्या को देखते हुए केंद्र सरकार ने इस योजना की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन से प्रभावित शहरी पथ विक्रेताओं हेतु प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि के अंतर्गत रेहड़ीए पटरी वालों को अपना काम दोबारा से शुरू करने के लिए सरकार द्वारा ऋण मुहैया कराया जा रहा है जिससे इस योजना के जरिए रेहड़ी, पटरी वाले आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकेगें तथा इस योजना के जरिये गरीबों की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार होगा।

## चिकित्सक भगवान का दूसरा रूप होता है : सुरेश

शुकुल बाजार (**अमेठी**)। चिकित्सक भगवान का दूसरा रूप होता है उक्त बातें राज्य मंत्री सुरेश पासी ने सांई आभा मैटरनिटी सेन्टर के उदघाटन समारोह के दौरान शुकुल बाजार में कही। उद्घाटन के दौरान सुरेश पासी ने कहा कि चिकित्सक भगवान का दूसरा रूप होता है जो मौजूदा समय में कोरोना महामारी की विषम परिस्थितियों में चिकित्सकों ने इसे और अधिक सार्थक किया है जो दिन रात चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करने वाले चिकित्सक मरीजों का ईलाज करके उनको नई जिन्दगी दे रहे है वहीं पण्डित केपी त्रिपाठी स्मारक चिकित्सालय की डॉक्टर प्रज्ञा बाजपेयी ने कहा कि शारीरिक फिटनेस स्वस्थ्य होने का मात्र एक आधार नहीं है बल्कि स्वस्थ्य होने का मतलब मानसिक और भावनात्मक रूप से फिट होना है और स्वस्थ्य रहना आपकी समग्र जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए ।

# समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है: डॉ. संजीव शर्मा

**संवाददाता।** ललितपुर

**प्रदेश** सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मुस्कुराएगा इंडिया पहल के संयुक्त तत्वाधान में नेहरू महाविद्यालय के मनोविज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं मुस्कुराएगा इंडिया काउंसलर डॉ संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण में समाज की भूमिका बहुत महत्त्वपूर्ण है। देश की समग्र प्रगति तब तक नहीं हो सकतीए जब तक उस देश की राजनीति से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में वहां की महिलाएं सशक्त बन कर न उभरी हों। तमाम प्रभावी नीतियों और योजनाओं के बावजूद हकीकत यह है कि महिलाएं व्यावहारिकता में अब भी तरह-तरह की सामाजिक और आर्थिक समस्याओं से जूझ रही हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से निर्भर बनाने की आवश्यकता है। समाजशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर सुभाष चंद्र जैन ने कहा असमान लिंग अनुपातए भेदभावए हिंसा, कुपोषण और महिलाओं में बीमारियों की अधिकता जैसे कई सवाल महिलाओं के जीवन को प्रभावित करते हैं। खेतीए उद्योगए खनन और अन्य से जुड़े कार्यों में महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा बेहद कम पारिश्रमिक मिलता है। बड़ी विडंबना है कि महिलाएं जो अपने घर.परिवार में खेती-बाड़ी, पशुपालन और अन्य घरेलू कामों में दिन-रात लगी रहती हैंए उनके इस परिश्रम की कोई भी कीमत नहीं आंकी जाती और न ही उन्हें इस काम का श्रेय मिलता है। जब तक परिवार और समाज सकारात्मक सोच के साथ आगे नहीं बढ़ेगा, तब तक महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण की बातें करना महज एक कल्पना ही होगी।

# दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाएं अधिकारी: सांसद

## 'दिशा' बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं की, हुई समीक्षा

**संवाददाता।** बाराबंकी




**सांसद** उपेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण स्थित गांधी सभागार में आयोजित हुई। बैठक के दौरान दीनदयाल अन्त्योदय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, समेकित विद्युत विकास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, उज्ज्वला योजना, दिव्यांगजन पेंशन योजना, रोजगार सृजन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, डिजिटल इण्डिया पब्लिक एक्सेस प्रोग्राम प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामान्य सेवा केन्द्र सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जनपद में संचालित विभिन्न विकास कार्यक्रमों एवं दिशा बैठक से सम्बन्धित योजनाओं की समीक्षा की गयी। सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि योजनाओं का कार्यान्वयन करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है और यदि कोई चूक होती है, या लोगों तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुँचता है, तो इसके लिए वे जवाबदेह भी होंगे। इसलिए वे अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निभायें। उन्होंने राष्ट्रीय पेयजल योजना के तहत निर्माणाधीन पेयजल टंकियों को प्राथमिकता के साथ पूरा किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह प्रयास होना चाहिए कि जो भी योजनाएं संचालित है, उसका क्रियान्वयन पारदर्शिता व वास्तविकता के साथ हो।